आषाढ़ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 19 जुलाई 2024
वर्ष 34, अंक 172, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

बाइडन फिर कोविड-19 से संक्रमित हुए : व्हाइट हाउस 16

रेस 4 में दिखेंगे सलमान और सैफ 2

गोंडा में रेल हादसा, दो की मौत, 34 घायल

चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन की 8 बोगियां पलटीं, मुख्यमंत्री ने हादसे का लिया संज्ञान, रेलवे ने बैठाई जांच

संवाददाता, गोंडा

अमृत विचार: चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन गुरुवार दोपहर ढाई बजे मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप अचानक डिरेल हो गई। ट्रेन के एसी कोच के तीन डिब्बे पलट गए, जबकि 5 अन्य बोगियां पटरी से उतर गईं।

हादसे में दो यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 34 यात्री घायल हो गए। घायलों में 11 यात्रियों की हालत गंभीर है। 9 घायल जिले के मेडिकल कॉलेज में भर्ती है, जबकि तीन घायलों को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया गया है। रेलवे ने घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है।

रेलवे के अनुसार एक्सप्रेस ट्रेन बुधवार की शाम को चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जाने के लिए निकली थी। ट्रेन करीब 2:15 बजे गोंडा स्टेशन पहुंची ही थी और 2:25 बजे गोंडा स्टेशन से गोरखपुर के लिए रवाना हुई थी। गोंडा गोरखपुर रेल खंड पर मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप करीब 2:40 बजे अचानक ट्रेन डिरेल हो गई। इंजन के पीछे लगी एसी की तीन बोगियां पटरी से उतरकर ट्रैक के किनारे खेतों में जाकर पलट गई। जबकि ट्रेन की पांच अन्य बोगी पटरी से उतर गई। हादसे के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए राहत व बचाव कार्य शुरू किया और ट्रेन में फंसे यात्रियों को बाहर निकाल कर उन्हें अस्पताल पहुंचाया। हादसे में दो यात्रियों की मौके पर मौत हुई है, जबकि 34 यात्री घायल हुए हैं। घायलों में 11 यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। 9 यात्रियों को जिले के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है जबकि तीन घायलों को लखनऊ रेफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलने पर देवीपाटन मंडल के कमिश्नर शशि भूषण लाल श्रीवास्तव, डीएम नेहा शर्मा, पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल व पूर्वोत्तर रेलवे की डीआरएम सौम्या माथुर की घटनास्थल पर पहुंची और हादसे की जानकारी ली।

दर्दनाक घायलों में 11 की हालत गंभीर

मनकापुर-गोंडा के बीच पिकौरा गांव के पास बेपटरी हुई चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस। ● एजेंसी

यूं हुआ घटनाक्रम

- ट्रेन नंबर 15904
- दोपहर 2 : 40 बजे हुआ हादसा
- अपराह्न 3 :30 बजे दुर्घटना यान पहुंचा
- शाम 6 :30 बजे डीआरएम सौम्या माथुर पहुंची
- 22 बोगियों में दो पूरी तरह पलट गईं, पांच पटरी से उतर गईं

आर्थिक मदद की घोषणा

पूर्वोत्तर रेलवे के संरक्षा आयुक्त की ओर से मृतकों को दस लाख, गंभीर घायलों को ढाई लाख तथा कम घायलों को 50 हजार देने की घोषणा की है। हादसे के बाद सीआरएस की हाई लेवल मीटिंग में यह आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है।

डीएम बोलीं- राहत व बचाव कार्य जारी

डीएम नेहा शर्मा ने हादसे में दो यात्रियों के मौत की पुष्टि की है। डीएम ने बताया कि इस हादसे में ट्रेन के आठ डिब्बे डिरेलमेंट का शिकार हुए हैं। हादसे में पांच यात्री घायल हुए हैं। घायलों को फर्स्ट एड देकर उनका इलाज कराया जा रहा है। मौके पर राहत व बचाव कार्य पूरा कर लिया गया है। यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए रोडवेज के बसें लगाई गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार मौके पर चार लोगों की मौत हुई है। रेल प्रशासन ने अभी तक घायलों व मरने वालों की सूची जारी नहीं की है। जबकि जिला प्रशासन ने दो लोगों के मृत्यु की पुष्टि की है।

> हादसे में दो लोगों की मौत हुई है। कई लोगों के घायल होने की भी सूचना है। जानकारी जुटाई जा रही है। मामले में उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं। मृतकों के परिवार को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को 2 .5 लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा रेलवे की तरफ से की गई है।
> – **पंकज कुमार सिंह**, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर

सेंसेक्स पहली बार 81,000 अंक के पार

मुंबई। शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी का सिलसिला गुरुवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 627 अंक उछलकर पहली बार 81,343 अंक के ऊपर बंद हुआ। निफ्टी भी 24,800 अंक के नये शिखर पर पहुंच गया। आईटी, तेल एवं गैस तथा दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। बाजार में शुरुआत कमजोर रही और एक समय यह 80,390.37 अंक के निचले स्तर तक आ गया था। हालांकि आईटी शेयरों तथा सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली कंपनी में लिवाली से सूचकांक नुकसान से उबर गया।

● सेंसेक्स 627 अंक ऊपर चढ़ा, निफ्टी 24,800 अंक के नये शिखर पर

विवादित ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की मां गिरफ्तार

पुणे। विवादित ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को ग्रामीण पुलिस ने कथित तौर पर बंदूक दिखाकर किसानों को धमकाने के आरोप में गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। मनोरमा के खिलाफ किसानों को धमकाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। मनोरमा को रायगढ़ जिले के महाड स्थित एक होटल से गिरफ्तार किया गया। पुलिस पिछले काफी समय से मनोरमा की तलाश कर रही थी।

एक नजर

केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति घोटाला मामलों में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर बृहस्पतिवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अपने वकीलों के साथ दो अतिरिक्त बैठकों की अनुमति दिये जाने का अनुरोध किया है। ईडी और तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने इस कदम का विरोध किया और कहा कि कानून सभी के लिए समान है।

बब्बर खालसा के सदस्य हथियारों सहित गिरफ्तार

अमृतसर। पंजाब पुलिस ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल समर्थित आतंकी मॉड्यूल के एक सदस्य को हाथियार सहित गिरफ्तार किया है। डीजीपी ने गुरुवार को बताया कि अमृतसर के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल ने अमेरिका स्थित आतंकवादी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया और इटली स्थित उसके सहयोगी रेशम को गिरफ्तार किया है।

नक्सलियों ने सुरंग को उड़ाया, दो जवान शहीद

बीजापुर, एजेंसी

● गंभीर रूप से घायल चार जवानों को रायपुर अस्पताल भेजा

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया, जिससे विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के दो जवानों की जान चली गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना में विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के दो आरक्षक-भरत साहू और सत्येर सिंह कांगे की मौत हो गई, जबकि चार अन्य जवानों के घायल होने की खबर है। अधिकारियों ने बताया कि बीजापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सलियों के नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी।

इसके बाद 16 जुलाई को इन जिलों से एसटीएफ, डीआरजी और सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया। अधिकारियों के मुताबिक, संयुक्त दल जब अभियान पूरा कर लौट रहा था, तभी बुधवार देर रात बीजापुर जिले के तर्रेम क्षेत्र में नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया।

शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी : विष्णु देव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा माओवाद के खात्मे के लिए हमारी सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान से नक्सली विचलित हैं और कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं। जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। माओवाद के खात्मे तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी।

सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश की नाकाम दो आतंकवादी ढेर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने गुरुवार को नियंत्रण रेखा से घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी और दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों को खुफिया सूचना मिली थी कि आतंकवादी उत्तरी कश्मीर जिले के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा से घाटी में घुसपैठ करने की कोशिश कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सतर्क सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की हरकत को देखा और उन्हें ललकारा तथा इस दौरान हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान जारी है। पिछले चार दिन में केरन सेक्टर में यह दूसरी मुठभेड़ है। इससे पहले 14 जुलाई को केरन सेक्टर में तीन विदेशी आतंकवादी मारे गये थे, जब वे घाटी में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे।

नीट-यूजी के केंद्रवार नतीजे हों जारी : कोर्ट

अभ्यर्थियों की पहचान जाहिर न करने के दिए निर्देश, 20 जुलाई को परिणाम घोषित करने के आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को अभ्यर्थियों की पहचान गुप्त रखते हुए 20 जुलाई की दोपहर 12 बजे तक नीट-यूजी 2024 के केंद्र और शहर-वार परिणाम घोषित करने का निर्देश दिया है। परीक्षा के संचालन में गड़बड़ी के आरोपों का समाधान करने का प्रयास करते हुए प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इसे नए सिरे से आयोजित करने का कोई भी आदेश इस ठोस निष्कर्ष पर आधारित होना चाहिए कि पूरी प्रक्रिया की शुचिता प्रभावित हुई है।

शीर्ष अदालत 5 मई को आयोजित प्रतिष्ठित परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के आरोपों के मद्देनजर परीक्षा को रद करने, दोबारा परीक्षा कराने और अदालत की निगरानी में जांच की मांग करने वाली याचिकाओं पर 22 जुलाई को फिर से सुनवाई शुरू करेगी। दिन भर चली सुनवाई के दौरान पीठ ने अभ्यर्थियों के वकीलों से परीक्षा के आयोजन में व्यापक उन अनियमितताओं के बारे में अपना दावा साबित करने को कहा, जिसमें प्रश्नपत्र लीक होना भी शामिल है, जिसके कारण परीक्षा रद कर दोबारा कराने की आवश्यकता हो। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि प्रश्नपत्र लीक की घटना पटना और हजारीबाग तक ही सीमित थी तथा गुजरात के गोधरा में इस तरह की कोई घटना नहीं हुई है। पटना और हजारीबाग में प्रश्नपत्र कथित तौर पर लीक हो गए, जबकि गोधरा में दावा किया गया कि परीक्षा आयोजित कराने वाले एक व्यक्ति ने कुछ अभ्यर्थियों की ओएमआर शीट भरने के लिए पैसे लिए।

पटना एम्स के चार छात्रों को सीबीआई ने गिरफ्तार किया

नई दिल्ली। सीबीआई ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में गुरुवार को पटना एम्स में पढ़ने वाले एमबीबीएस के चार छात्रों को गिरफ्तार किया है। एम्स पटना के निदेशक जीके पॉल ने बताया, सीबीआई पटना एम्स के चार छात्रों को अपने साथ ले गई है। इनमें चंदन सिंह, राहुल अनंत और कुमार शानू तीसरे वर्ष के छात्र हैं जबकि करण जैन दूसरे वर्ष का छात्र है। आरोप है कि कुमार ने हजारीबाग में एनटीए के ट्रंक से नीट-यूजी का प्रश्नपत्र चुराया था। सीबीआई ने राजू सिंह नामक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है, जिसने कथित तौर पर प्रश्नपत्र चुराने में कुमार की मदद की थी।

पुनः परीक्षा के लिए ठोस आधार जरूरी : सीजेआई

सीजेआई ने कहा पुन : परीक्षा कराने के लिए यह ठोस आधार होना चहिए कि पूरी परीक्षा की शुचिता पर असर पड़ा है। इस मामले की जारी जांच के मुद्दे पर पीठ ने कहा सीबीआई जांच कर रही है। सीबीआई ने हमें जो बताया है अगर उसका खुलासा कर दिया जाता है तो इससे जांच पर असर पड़ेगा। उच्चतम न्यायालय 40 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है।

मकान खरीदारों को सुप्रीम राहत

नई दिल्ली, एजेंसी

● सुप्रीम कोर्ट ने बैंक और बिल्डर को एनसीआर में जबरिया कार्रवाई नहीं करने का दिया निर्देश

उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में अपने फ्लैट का कब्जा न मिलने से परेशान घर खरीदारों को बड़ी राहत देते हुए निर्देश दिया है कि मासिक किस्त (ईएमआई) भुगतान को लेकर बैंक, वित्तीय संस्थान या बिल्डर उनके खिलाफ कोई जबरिया कार्रवाई नहीं करेंगे।

उनके खिलाफ चेक बाउंस का भी कोई मामला नहीं चलेगा। शीर्ष अदालत दिल्ली उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कई मकान खरीदारों की याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था। याचिकाओं में अनुरोध किया गया था कि बैंकों तथा वित्तीय संस्थानों को निर्देश दिया जाए कि वे रियल एस्टेट डेवलपर द्वारा उनके फ्लैट का कब्जा दिए जाने तक ईएमआई न लें। उच्च न्यायालय के याचिकाएं खारिज करने के बाद मकान खरीदारों ने शीर्ष अदालत का रुख किया था। शीर्ष अदालत ने इस मुद्दे की जांच करने पर सहमति व्यक्त की तथा संबंधित पक्षों से जवाब मांगा है।

अगली सुनवाई की तारीख 27 सितंबर तय की

शीर्ष अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख 27 सितंबर तय की है। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में इस आधार पर रिट याचिकाओं पर विचार करने से इनकार कर दिया था कि याचिकाकर्ताओं के पास उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता तथा रियल एस्टेट विनियमन व विकास अधिनियम जैसे विभिन्न कानूनों के तहत वैकल्पिक उपाय मौजूद हैं।

डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में स्थापित होगा परीक्षण केंद्र

लखनऊ। मिधानि समूह यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड में परीक्षण केंद्र स्थापित करेगा। इसमें रक्षा विभाग से जुड़े उत्पादों का परीक्षण होगा। गुरुवार को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की उपस्थिति में यूपीडा और मिधानि समूह के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। कॉरिडोर के लखनऊ नोड में डिफेंस टेस्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने के लिए इसे एडवांस मैटेरियल (डिफेंस) टेस्टिंग फाउंडेशन नाम दिया गया है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश रक्षा विनिर्माण व इनोवेशन का वैश्विक हब बनने के साथ ही देश के डिफेंस इंडस्ट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। लखनऊ नोड डिफेंस कॉरिडोर का महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्रदेश में पहला व देश में दूसरी बार डिफेंस टेस्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण से आत्मनिर्भर भारत अभियान को गति मिलेगी। मैकेनिकल, सामग्री परीक्षण सुविधा न केवल भारत के रक्षा विनिर्माण बुनियादी ढांचे के निर्माण और नवाचार को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, बल्कि उत्तर प्रदेश को रक्षा के केंद्र के रूप में भी आगे बढ़ाएगा।

हाईटेंशन लाइन से छू गया ताजिया, एक की मौत

● 18 झुलसे, 15 गंभीर घायलों को जिला अस्पताल शाहजहांपुर में भर्ती कराया

संवाददाता, अमीरनगर (लखीमपुर खीरी)

अमृत विचार : मोहर्रम जुलूस के दौरान गुरुवार दोपहर कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के गांव गरदहा में बड़ा हादसा हो गया। करीब 50 फुट ऊंचे ताजिए का जुलूस निकालते समय ऊपर से निकली हाइटेंशन लाइन में छू गया। इस हादसे में एक की मौत हो गई जबकि 18 लोग झुलस गए। हालत गंभीर होने के कारण 15 लोगों को शाहजहांपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अन्य झुलसे लोगों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में ले जाया गया है।

पुलिस चौकी अमीर नगर क्षेत्र में मोहर्रम के दूसरे दिन मुस्लिम समुदाय के लोग बड़ी संख्या में ताजिया कर्बला लेकर जा रहे थे। जिनमें गांव गरदहा का भी ताजिया शामिल था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार करीब 50 फुट ऊंचा ताजिया हाईटेंशन लाइन से छू गया, जल उठा। करंट की चपेट में आने से एक की मौत हो गई व 18 लोग झुलस गए। जिसमें से 15 लोगों को सीएचसी मोहम्मदी में, जबकि चार लोगों को निजी अस्पतालों में ले जाया गया। एसडीएम मोहम्मदी डा. अवनीश कुमार ने बताया कि इस हादसे में 20 वर्षीय हसीब की जान चली गई।

कासगंज में ताजिया दफनाने के दौरान बवाल

● पुलिस के लाठीचार्ज करने से भड़के ताजियेदारों ने लगाया जाम, धरना देकर कई घंटे किया हंगामा

गंजडुण्डवारा (कासगंज), अमृत विचार : मोहर्रम पर बुधवार की रात गंजडुंडवारा में ताजिया दफनाने के दौरान बवाल हो गया। पुलिस के लाठीचार्ज करने पर भड़के ताजियेदारों ने जाम लगा दिया और कई घंटे प्रदर्शन व हंगामा करते रहे। गुरुवार सुबह गंडडुंडवारा का बाजार बंद रहा। गंगडुंडवारा में बुधवार की रात करीब तीन बजे ताजिया दफनाने के लिए कर्बला ले जाया जा रहा था। इस दौरान वहां सैकड़ों लोग मौजूद थे। कोतवाली पुलिस ने ताजिया जल्द दफनाने को कहा। अचानक दो पुलिस कर्मियों ने लाठी चार्ज कर दिया। लाठीचार्ज से भगदड़ मच गई जिससे ताजिया टूट गया और कई लोग घायल हो गए। इसके बाद भड़के लोगों ने पुलिस के विरोध में नारेबाजी शुरू कर दी। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी पहुंच गए। उन्होंने सीओ विजय कुमार राना एवं कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार से लाठी चार्ज को लेकर तीखी नाराजगी जाहिर की।

100 जोड़े हुए तो डीएम कराएंगे सामूहिक विवाह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने दिए निर्देश

अमृत विचार : मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अगर 100 से ज्यादा जोड़े हुए तो जिलाधिकारी स्वयं उपस्थित होकर सामूहिक विवाह कराएंगे। समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने इस सिलसिले में सभी जिला समाज कल्याण अधिकारियों को निर्देश जारी किया है। राज्यमंत्री ने विभाग की ओर से जारी मानक परिचालन प्रक्रिया एसओपी का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है। राज्यमंत्री की ओर से बीती 17 जुलाई को जारी निर्देश में कहा गया है कि सामूहिक विवाह में विवाह योग्य जोड़ों की संख्या 100 के अंदर रखी जाए। अगर संख्या 100 से ऊपर हो तो जिलाधिकारी स्वयं उपस्थित रहकर कार्यक्रम को व्यवस्थित कराएं। समाज कल्याण अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जाकर स्थानीय जनप्रतिनिधि सांसद, विधायक, ब्लॉक प्रमुख आदि को इन कार्यक्रमों में शामिल कराने के लिए आमंत्रित करें। सांसद व विधायक से पूछकर ही विवाह कार्यक्रम की तारीख तय की जाए। समाज कल्याण निदेशक की ओर से जारी एसओपी का सख्ती से पालन कराया जाए।

विंडस्क्रीन पर फास्टैग नहीं, तो भी लगेगा दोगुना टोल टैक्स

नई दिल्ली। सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर जानबूझकर वाहन के अगले शीशे पर फास्टैग नहीं लगाने वालों के लिए कड़ा रुख अपनाते हुए सभी टोल प्लाजा को दिशानिर्देश जारी करके कहा है कि शीशे पर अंदर से फास्टैग चिपकाए बिना टोल प्लाजा की लेन में आने वाले वाहनों से दोगुना टोल टैक्स वसूला जाएगा। सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि कुछ लोग जानबूझकर विंडस्क्रीन पर फास्टैग नहीं लगाते हैं और टोल प्लाजा की लेन में आ जाते हैं जिससे अनावश्यक देरी होती है।

सपा प्रमुख ने कहा-100 लाओ, सरकार बनाओ

अंदरूनी कलह के चलते अखिलेश यादव ने भाजपा विधायकों को दिया मानसून ऑफर

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश की भाजपा सरकार में चल रही अंदरूनी उथल-पुथल के बीच समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर भाजपा नेताओं को मानसून ऑफर देकर चर्चा का बाजार और गर्म कर दिया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए नेताओं से कहा, 100 लाओ और सरकार बनाओ।

सपा प्रमुख ने एक्स पोस्ट के माध्यम से भाजपा खेमें में धड़कनें बढ़ाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा का कोई भी नेता 100 विधायकों को लेकर उनके पास आता है तो समाजवादी पार्टी उसे मुख्यमंत्री बनाने के लिए समर्थन दे सकती है। इतना ही नहीं, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दिल्ली से लखनऊ आने के बाद अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए तंज भी कसा। कहा कि लौट के बुद्धू घर को आए। मालूम हो कि केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को एक्स पर अखिलेश यादव को सपा बहादुर की संज्ञा दी थी। उन्होंने कहा था कि उप्र. और केंद्र में मजबूत सरकार है।

साल 2017 की तरह 2027 में भी हम उप्र. में अपनी सरकार बनाएंगे। केशव ने सपा के पीडीए को धोखा बताते हुए यह भी कहा कि प्रदेश में सपा के गुंडाराज की वापसी असंभव है। इसके पहले सोमवार को भाजपा की कार्यसमिति और अगले दिन दिल्ली में आलाकमान के साथ बैठक के उपरांत केशव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करके राजनैतिक गलियारों में हलचल बढ़ा दी थी। चर्चा को लौ देने में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी को दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा तलब करना भी है। जिसके बाद सत्ता के अंदर उलट फेर की बातें शुरू हो गई थीं।

समाज में भाईचारा बिगाड़ रही भाजपा

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सामाजिक भाईचारा बिगाड़ने को अमादा दिख रही है। मुजफ्फरनगर में ठेले-ढाबे सहित सभी दुकानदारों को अपना नाम ठेले पर लिखने का आदेश पुलिस द्वारा दिया गया है। यह कतई उचित नहीं है, सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाला है। इसके पीछे सरकार की मंशा अल्पसंख्यक वर्ग को समाज से अलग बांटने और उन्हें शक के दायरे में लाने की है। अखिलेश ने आगे कहा कि भाजपा की ऐसी ही विभाजनकारी नीतियों के चलते प्रदेश का सामाजिक वातावरण प्रदूषित हो रहा है।

इंग्लैंड ने 4.2 ओवर में सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड बनाया

नॉटिंघम, एजेंसी

● वेस्टइंडीज के खिलाफ ओली पोप का शतक, इंग्लैंड ने चाय तक चार विकेट पर बनाए 259 रन

इंग्लैंड ने अपना आक्रामक रवैया जारी रखते हुए गुरुवार को यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन वेस्टइंडीज के खिलाफ सिर्फ 4.2 ओवर में सबसे तेज टीम अर्धशतक का रिकॉर्ड बनाया।

सलामी बल्लेबाज बेन डकेट और ओली पोप ने मिलकर इंग्लैंड ने 1994 में द ओवल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4.3 ओवर में अर्धशतक के अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। सबसे तेज टीम अर्धशतक की सूची में पहले तीन स्थान पर इंग्लैंड काबिज है। ओली पोप के शतक की बदौलत दूसरे टेस्ट में वेस्टइंडीज के खिलाफ चाय तक चार विकेट पर 259 रन बना लिए। चाय ब्रेक तक पोप 115 रन और बेन स्टोक्स 15 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर इंग्लैंड को बल्लेबाजी का न्योता दिया। जाक क्राउले खाता भी नहीं खोल सके और अल्जारी जोसफ का शिकार हो गये। फिर पोप और बेन डकेट (71 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 105 रन की शतकीय साझेदारी निभाई। शमार जोसफ ने डकेट को आउट कर इंग्लैंड को दूसरा झटका दिया। जो रूट (14) ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक सके जबकि हैरी ब्रुक ने 36 रन की पारी खेली। पोप ने 143 गेंद में 14 चौके और एक छक्के की मदद से अपना शतक पूरा किया।

भारत फीफा रैंकिंग में 124वें स्थान पर, अर्जेंटीना ने शीर्ष पर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय फुटबॉल टीम गुरुवार को जारी फीफा पुरुष रैंकिंग में 124वें स्थान पर बरकरार है जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन और कोपा अमेरिका विजेता अर्जेंटीना ने अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया। जून में जारी फीफा रैंकिंग में भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम सूची में तीन पायदान खिसक गई थी। ऐसा उसके कतर और अफगानिस्तान से 2026 विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर के लिए क्वालीफाई करने में विफल होने के कारण हुआ था।

पिछले साल दिसंबर से भारत का रैंकिंग में खिसकना जारी है। भारतीय टीम पिछले साल शीर्ष 100 में पहुंची थी जिसमें उसकी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 99 रही थी, लेकिन इसके बाद से उसका खिसकना जारी है। एशिया में भारत 22वें स्थान पर बरकरार है जिसमें वह लेबनान, फलस्तीन और वियतनाम से पीछे है। अर्जेंटीना ने सफलतापूर्वक कोपा अमेरिका खिताब बरकरार रखने के बाद रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पकड़ मजबूत कर ली है।

फ्रांस (दूसरी रैंकिंग) यूरो 2024 के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद दूसरे स्थान पर है। हाल में यूरोपीय चैंपियन बनी स्पेन पांच पायदान के फायदे से तीसरी रैंकिंग पर पहुंची। वहीं उससे हारने वाली इंग्लैंड एक पायदान ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गयी और उसने ब्राजील को पछाड़ दिया जो एक पायदान खिसककर पांचवें स्थान पर पहुंची। बेल्जियम रैंकिंग में छठे, नीदरलैंड सातवें, पुर्तगाल आठवें और कोलंबिया नौंवे स्थान पर काबिज हैं।

परिवार और गांव का अधूरा सपना सच करेंगे गाजीपुर के राजकुमार

नई दिल्ली, एजेंसी

● करमपुर के मेघबरन स्टेडियम पर हॉकी का ककहरा सीखकर ओलंपिक तक पहुंचना था सपना

करीब तीन हजार की आबादी वाले करमपुर गांव से हॉकी स्टिक थामकर सैकड़ों लड़कों ने ओलंपिक खेलने का सपना देखा लेकिन इसे पूरा करने का मौका सिर्फ राजकुमार पाल को मिला है और 'गाजीपुर के राजकुमार' के नाम से मशहूर मिडफील्डर की ख्वाहिश पेरिस में अच्छा प्रदर्शन करके हर एक अधूरे सपने को पूरा करने की है।

वाराणसी से करीब 40 किलोमीटर दूर गाजीपुर के गांव करमपुर के मेघबरन स्टेडियम पर हॉकी का ककहरा सीखने वाले बच्चों के प्रेरणास्रोत बन गए हैं राजकुमार। एक ऐसा गांव जहां से 400 से अधिक लड़कों को हॉकी के जरिए रोजगार तो मिला लेकिन भारत की नुमाइंदगी का मौका नहीं। इनमें राजकुमार के दोनों भाई जोखन और राजू भी शामिल हैं जो देश के लिये नहीं खेल पाए। राजकुमार ने अपने पहले ओलंपिक के लिए रवाना होने से पहले कहा हम तीनों भाई हॉकी खेलते हैं। बीच वाले भाई भारतीय टीम के शिविर में रह चुके हैं और बड़े भाई राष्ट्रीय स्तर पर खेले हैं। दोनों भारत के लिए नहीं खेल सके और अब एक रेलवे से और एक सेना से खेलते हैं। अभावों के बीच अपने कोच तेज बहादुर सिंह की मदद से हॉकी के शौक को परवान चढाने वाले 26 वर्ष के इस मिडफील्डर ने कहा मेरे गांव के मैदान से 400 से ज्यादा लड़कों को हॉकी के जरिये नौकरी मिल गई लेकिन इस स्तर पर कोई नहीं खेला। मेरे गांव के लोगों की नजरें मुझ पर है और मैं अपने भाइयों और उन सभी के अधूरे सपने पूरे करने के लिए पेरिस में कोई कोर कसर नहीं छोडूंगा।

10 वर्ष की उम्र में करमपुर के मेघबरन स्टेडियम से हॉकी के अपने सफर की शुरूआत करने वाले राजकुमार ने 2018 में बेल्जियम में पांच देशों के अंडर 23 टूर्नामेंट में खेला और 2020 में भारतीय टीम में पदार्पण किया।

खेल डायरी

विश्व जूनियर में अगुआई करेंगे बावा और अनाहत

नई दिल्ली। शौर्य बावा और अनाहत सिंह ह्यूस्टन में विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में क्रमशः लड़कों और लड़कियों की टीम स्पर्धाओं में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। बावा ने एकल में कांस्य पदक जीता था, वह युवराज वाधवानी, अयान वाजिराल्ली और अरिहंत केएस के साथ गुरुवार से शुरू होने वाली लड़कों की स्पर्धा में हिस्सा लेंगे। एकल में क्वार्टरफाइनल तक पहुंची राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत फिर महिलाओं की टीम स्पर्धा में उन्नति त्रिपाठी, निरूपमा दुबे और शमीना रियाज के साथ मिलकर चुनौती पेश करेंगी। भारतीय लड़कों का सामना पहले दौर में कुवैत से होगा जबकि लड़कियां पहले दौर में चीनी ताइपे से भिड़ेंगी।

विश्व सुपरबाइक चैंपियनशिप में पहले भारतीय क्विंटल

चेन्नई। राइडर केविन क्विंटल विश्व एसबीके एसएसपी300 प्रतियोगिता में ऐतिहासिक पदार्पण करने को तैयार हैं जिससे वह विश्व सुपरबाइक चैंपियनशिप में भाग लेने वाले पहले भारतीय राइडर बन जाएंगे। आयरिश टीम 109 रेट्रो ट्रैफिक कावासाकी और इसकी प्रबंधन कंपनी गामन रेसिंग ग्लोबल सर्विस ने क्विंटल को यह मौका मुहैया कराया जिससे उनकी एसएसपी प्रतियोगिता में चौथे दौर के लिए प्रविष्टि स्वीकार ली गयी। यह एसएसपी स्पर्धा शुक्रवार को चेक गणराज्य के मोस्ट में शुरू होगी। चेन्नई के 19 साल के स्टार क्विंटल आयरलैंड की टीम के मुख्य राइडर स्पेन के डेनियल मोगेडा की जगह लेंगे जिन्हें सुपरस्पोर्ट 300 क्लास के बाद एक दुर्घटना में चोट लग गई थी। इसके बाद ही आयरिश टीम ने भारतीय राइडर को शामिल किया। क्विंटल इस समय यूरोपीय स्टॉक चैम्पियनशिप और एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

एचसीएल साइक्लोथॉन का दूसरा संस्करण अक्टूबर में

चेन्नई। एचसीएल साइक्लोथॉन का दूसरा संस्करण छह अक्टूबर को यहां आयोजित किया जाएगा। एचसीएल समूह ने गुरुवार को साइक्लोथॉन चेन्नई 2024 के दूसरे संस्करण के शुभारंभ की घोषणा की। नोएडा में दो सफल संस्करणों और चेन्नई में 5000 से अधिक साइकिल चालकों की भागीदारी के बाद, एचसीएल साइक्लोथॉन चेन्नई के ईसीआर पर छह अक्टूबर से शुरू होगा। तमिलनाडु के खेल विकास प्राधिकरण (एसडीएटी) द्वारा संचालित और भारतीय साइकिलिंग महासंघ के तत्वावधान में इस आयोजन में 33 लाख रुपये का पुरस्कार पूल है। पंजीकरण 22 सितंबर तक खुले हैं। तमिलनाडु के खेल विकास प्राधिकरण के सदस्य सचिव मेघनाथ रेड्डी ने गुरुवार को कहा कि इस संस्करण का विषय चेंज योर गियर है, जो साइकिल चलाने की शक्ति और व्यक्तिगत कल्याण और पर्यावरणीय स्थिरता पर इसके सकारात्मक प्रभाव पर जोर देता है।

शिखर धवन बने मोटोजीपी के ब्रांड एंबेसडर

मुंबई। यूरोस्पोर्ट इंडिया ने भारत में मोटोजीपी के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में भारतीय क्रिकेट आइकन शिखर धवन की नियुक्ति की आज घोषणा की। धवन यूरोस्पोर्ट इंडिया के अभियान फेस कर रेस कर के जरिए रेसिंग के प्रति अपने जुनून का प्रदर्शन करेंगे। धवन ने कहा प्रतिष्ठित मोटोजीपी के साथ इसके भारत के राजदूत के रूप में साझेदारी करना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारत में मोटोजीपी को लेकर बढ़ता उत्साह वास्तव में रोमांचकारी है, और यह मेरे लिए एक पूर्ण-चक्र क्षण जैसा है, खासकर जब मैं अपने गृहनगर, दिल्ली की सड़कों पर अपनी पसंदीदा बाइक की सवारी करने के अपने दिनों को याद करते हुए सोचता हूं। इस जीवंत शहर में जन्मे और पले-बढ़े एक क्रिकेटर के रूप में मेरी यात्रा यूरोस्पोर्ट इंडिया के माध्यम से इस नई भूमिका के साथ एक व्यक्तिगत संबंध जोड़ेगी। 2024 मोटोजीपी सीजन में अब तक नौ रेस हो चुकी हैं।

स्वर्ण के लिए सर्वश्रेष्ठ करूंगी : सिंधू

अपने तीसरे ओलंपिक में अतीत के अनुभव का फायदा उठाएंगी बैडमिंटन खिलाड़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने कहा कि वह पेरिस में तीसरा व्यक्तिगत ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगी जिसके लिए वह अतीत के अनुभव से फायदा उठाना चाहेंगी।

सिंधू की निगाहें आगामी ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने पर लगी हैं जिससे वह इतिहास रच सकती हैं क्योंकि उन्होंने 2016 रियो ओलंपिक में रजत और 2020 तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। जियो सिनेमा के द ड्रीमर्स पर बातचीत के दौरान सिंधू ने पेरिस में इतिहास रचने पर ध्यान लगाने के बारे में बात की। हालांकि इस भारतीय स्टार के लिए यह काफी मुश्किल होगा। सिंधू ने कहा पेरिस में तीसरा पदक जीतने के बारे में सोचने की बात निश्चित रूप से मुझे प्रेरित करती है और मैं स्वर्ण पदक जीतने के लिए अथक प्रयास करूंगी। मेरे लिए ओलंपिक ऐसे खेल हैं जिसमें मैं अपना 200 प्रतिशत देती हूं। उन्होंने कहा यह यात्रा 2016 में और 2020 में शानदार रही है जिसमें काफी अथक प्रयास रहे और ऐसे पल रहे जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता। पेरिस 2024 के लिए तैयारी नई शुरूआत है और कुछ भी हो, मुझे अपना शत प्रतिशत देना होगा। विश्व रैंकिंग की शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल सिंधू ने कहा ओलंपिक में पिछले प्रदर्शन का काफी अनुभव मेरे पास है जिससे मैं पेरिस 2024 में मदद लूंगी लेकिन मैं पदकों के बारे में सोच सोचकर अतिआत्मविश्वासी नहीं होना चाहती।

उन्होंने कहा मुझे उम्मीद है कि मैं देश की उम्मीदों को पूरा कर सकती हूं और तीसरा पदक जीत सकती हूं क्योंकि लगातार तीन पदक जीतना हंसी मजाक का खेल नहीं है। मेरी सोच स्वर्ण पदक जीतने पर लगी है जिससे मेरा मनोबल बढ़ा हुआ है। सिंधू ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक चलने वाले ओलंपिक की तैयारियों के बारे में लंबी बातचीत की।

उन्होंने कहा मेरे तैयारियां कड़ी मेहनत करने पर लगी हैं। ओलंपिक में काफी कड़ी प्रतिस्पर्धा होती है और सभी खिलाड़ी अपने शिखर पर होते हैं। दुनिया की शीर्ष 10 से 15 खिलाड़ियों का स्तर समान ही होता है जिसमें आन से यंग, अकाने यामागुची, कैरोलिना मारिन और ताई जु यिंग शामिल हैं। सिंधू ने कहा ओलंपिक में कोई भी अंक आराम से नहीं मिलता जिससे हर अंक के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा होती है। ओलंपिक में कुछ भी हो सकता है, एक छोटी सी गलती सबकुछ बदल सकती है।

तैराक श्रीहरि नटराज की नजरें ओलंपिक सेमीफाइनल पर

नई दिल्ली, एजेंसी

ओलंपिक 7 दिन शेष

पिछले साल राष्ट्रीय खेलों में आठ स्वर्ण समेत दस पदक जीतने वाले भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज 2017 से लगातार खेल रहे हैं और कड़े अभ्यास से थककर आखिर उन्हें कुछ समय का ब्रेक लेना पड़ा।

नटराज ने कहा मुझे आराम की जरूरत थी क्योंकि 2023 सत्र काफी व्यस्त था जिसमें इतने सारे टूर्नामेंट थे। मुझे लगा कि अगर ब्रेक नहीं लिया तो शरीर टूट जाएगा। इससे चोट का भी डर रहता या अभ्यास की इच्छा ही मर जाती। शरीर पर काफी दबाव था लिहाजा मैने कुछ समय का ब्रेक ले लिया। ब्रेक के बाद तरोताजा होकर 23 बरस के नटराज दूसरा ओलंपिक खेलने को तैयार हैं जिसमें वह सौ मीटर बैकस्ट्रोक में भाग लेंगे। यूनिवर्सिलिटी कोटा से ओलंपिक जा रहे नटराज ने तोक्यो ओलंपिक के लिये सरधे क्वालीफाई किया था। यूनिवर्सिलिटी कोटा के तहत जिस देश के तैराक सीधे क्वालीफाई नहीं कर सके हों, उनके सर्वोच्च रैंकिंग वाले दो तैराकों को ओलंपिक खेलने का मौका मिलता है। यह निराशाजनक था कि मैं सीधे क्वालीफाई नहीं कर सका लेकिन इसे लेकर चिंतित नहीं हूं। मुझे कोटा मिल गया है और अब या तो मैं अपने अभ्यास पर फोकस कर सकता हूं या इसका दुख मना सकता हूं कि मुझे सीधे क्वालीफिकेशन नहीं मिला। ब्रेक से लौटने के बाद उन्होंने स्पेन और फ्रांस में मेयर नोस्ट्रम मीट में दो रजत पदक जीते।

हमारे पास अगले ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की हैं योजनाएं : मनिंदर

चेन्नई। भारतीय साइकिलिंग महासंघ (सीएफआई) के महासचिव मनिंदर पाल सिंह ने गुरुवार को कहा कि कोविड -19 महामारी ने भारतीय खिलाड़ियों के पेरिस ओलंपिक में भाग लेने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया, लेकिन उनके पास 2028 लॉस एंजिल्स खेलों के लिए योजनाएं है। भारत ने एशियाई खेलों में साइकिलिंग में तीन पदक जीते हैं लेकिन अभी तक ओलंपिक में किसी खिलाड़ी को प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। मनिंदर कहा कि साइकिलिंग में ओलंपिक क्वालीफिकेशन दूसरे खेलों से काफी अलग है। हम अगले ओलंपिक (लॉस एंजिल्स में) में जगह बनाने की राह पर हैं। हमारी योजनाएं सही हैं और हम पहली बार क्वालीफाई करने को लेकर आशान्वित और आश्वस्त हैं।

उद्घाटन समारोह से पहले सीन नदी को किया सील

पेरिस। सीन नदी के किनारे ओलंपिक आतंकवादी विरोधी इंतजामों की शुरुआत के साथ गुरुवार को मध्य पेरिस में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी गई जिसके चलते पहले से पास के लिए आवेदन नहीं करने वाले पेरिसवासियों और पर्यटकों के लिए कई किलोमीटर लंबा क्षेत्र सील कर दिया गया। कई लोगों की जुबान पर क्यूआर कोड शब्द थे।

यह वह पास है जो 26 जुलाई को होने वाले ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह की सुरक्षा के लिए स्थापित सुरक्षा घेरे में लगाए गए धातु अवरोधों के पार जाने की स्वीकृति देता है। जिन लोगों के पास फोन पर या कागज के टुकड़ों पर यह कीमती कोड था वे धातु अवरोधों के बीच विभिन्न अंतराल पर बनी पुलिस चौकियों से आसानी से गुजर गए। अपवाद के रूप में पेरिस ने पिछले मेजबान शहरों की तरह स्टेडियम के बजाय नदी पर उद्घाटन समारोह करने का फैसला किया है। बाद में नदी के आस-पास अधिकांश सुरक्षा उपाय हटा दिए जाएंगे।

सूर्या होंगे श्रीलंका दौरे में टी-20 टीम के नए कप्तान, शुभमन बने उपकप्तान

मुबंई, एजेंसी

श्रीलंका के दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान गुरुवार को कर दिया है। भारत की टी-20 टीम की कमान सूर्य कुमार यादव को सौंपी है जबकि वनडे टीम की कप्तानी रोहित शर्मा के पास ही रहेगी। भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने विज्ञप्ति के जरिए यह जानकारी साझा की। भारतीय टीम श्रीलंका दौरे में तीन टी20 और तीन एक दिवसीय मैच खेलेगी। गौतम गंभीर को टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है।

कप्तान की रेस में हार्दिक पांड्या और सूर्य कुमार यादव का नाम आगे चल रहा था जिसमें सूर्य कुमार को नए कोच गौतम गंभीर की पसंद माना जा रहा था। शाह ने बताया कि टी-20 टीम के उपकप्तान शुभमन गिल होंगे। टीम के अन्य सदस्यों में यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अर्शदीप, खलील अहमद और सिराज शामिल हैं। एक दिवसीय टीम में भी उपकप्तान की भूमिका में शुभमन गिल होंगे। टीम के अन्य सदस्यों में विराट, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ (विकेटकीपर), श्रेयस, शिवम दुबे, कुलदीप, सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रियान पराग, अक्षर पटेल, खलील अहमद और हर्षित राणा को शामिल है। शाह ने कहा कि आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र, 2024-25 में खिलाड़ियों की उपलब्धता और भागीदारी पर नजर रखना जारी रखेगा।

बॉलीवुड हलचल

रेस 4 में काम करेंगे सलमान और सैफ

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और सैफ अली खान रेस 4 में काम करते नजर आ सकते हैं। रेस एक एक्शन-क्राइम थ्रिलर फिल्म है। इसके अभी तक 3 पार्ट आ चुके हैं। फिल्म के पहले दो पार्ट में सैफ अली खान ने लीड रोल निभाया था और रेस 3 में सलमान खान नजर आए थे। अब इसके चौथे पार्ट यानी रेस 4 पर काम किया जा रहा है। कुछ दिनों पहले फिल्म के निर्माता रमेश तौरानी ने रेस 4 की शूटिंग और अन्य जानकारी शेयर की थी। कहा जा रहा है कि रेस 4 में सलमान खान और सैफ अली खान नजर आ सकते हैं। दोनों कलाकार इस फिल्म में एक साथ काम करने के लिए तैयार हैं, लेकिन अभी उन्होंने स्क्रिप्ट पर मंजूरी नहीं दी है। यदि इस फिल्म में दोनों एक्टर्स ऑफिशियल तौर पर काम करने के लिए तैयार हो जाते हैं तो ऐसा पहली बार होगा जब बॉलीवुड के ये दोनों सितारे रेस फ्रेंचाइजी में साथ दिखाई देंगे। निखिल आडवाणी रेस 4 को निर्देशित करेंगे।

आसान नहीं है दर्शकों को हंसाना: विक्की कौशल

लखनऊ। उरी : द सर्जिकल स्ट्राइक, मसान और सैम बहादुर जैसी सुपरहिट फिल्मों में अपने किरदार का लोहा मनमाने वाले बालीवुड स्टार विक्की कौशल का मानना है कि अपने अभिनय से दर्शकों को हंसाना और गुदगुदाना आसान काम नहीं है। अपनी अगली फिल्म 'बैड न्यूज' के प्रमोशन के सिलसिले में नवाब नगरी पहुंचे विक्की ने गुरुवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा अभी तक जितनी भी फिल्में की हैं, उनसे 'बैड न्यूज' काफी अलग है, क्योंकि इसमें मुझे कॉमेडी करने का मौका मिला है। हालांकि कॉमेडी करना इतना आसान नहीं होता है, लेकिन मैंने इसे स्वीकार करते हुए अपने आपको थोड़ा चेंज करने की कोशिश की है। विक्की पिछले साल सैम बहादुर फिल्म में नजर आये थे। इस फिल्म में उनके अभिनय की खूब तारीफ हुयी थी। विक्की ने साल 2015 में फिल्म 'मसान' से बतौर लीड एक्टर बॉलीवुड डेब्यू किया था। उनके फिल्मी करियर को नौ साल हो गए हैं। इस दौरान उन्होंने 10 फिल्में दी हैं जिनमें तीन हिट और एक ब्लॉकबस्टर फिल्म रही है। आनंद तिवारी के निर्देशन में बनी बैड न्यूज में विक्की के साथ एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी और एमि विर्क लीड रोल्स में है।

महिला एशिया कप | पहला मुकाबला आज शाम 7 बजे से, आठ टीमें खिताब के लिए करेंगी प्रतिभा का प्रदर्शन

पाकिस्तान के खिलाफ जीतने उतरेगा भारत

दांबुला, एजेंसी

महिला एशिया कप 2024 के आगाज से पहले प्रेसवार्ता में पहुंचीं सभी टीमों की कप्तान। ● एजेंसी

कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय महिला टीम शुक्रवार को अपने चिरप्रतिद्वंदी पाकिस्तान को हरा कर अपने महिला एशिया कप 2024 अभियान का आगाज करेगी। महिला एशिया कप 2024 के बहुप्रतीक्षित मुकाबला टूर्नामेंट के पहले दिन ही दांबुला में खेला जाएगा। ग्रुप ए में भारत के अलावा पाकिस्तान, यूएई, नेपाल की टीमें शामिल है जबकि ग्रुप बी में मेजबान श्रीलंका के अलावा बांग्लादेश, मलेशिया और थाईलैंड की टीमें रखी गई हैं। दोनो टीमों के बीच मुकाबला भारतीय समयानुसार आज शाम 7 बजे से शुरु होगा।

आंकड़ों के लिहाज से भारतीय टीम पाकिस्तान की तुलना में काफी भारी है। एशिया कप में भी भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ छह में से मैच जीते हैं, हालांकि भारत को पाकिस्तान के खिलाफ हार भी पिछले एशिया कप के दौरान ही मिली थी। अब तक दोनों टीमों के बीच 14 मैच खेले गए हैं, जिसमें भारत को 11 में जीत मिली है। टी-20 विश्व कप 2016 में दिल्ली में खेले गए मैच में भारत को पाकिस्तान से दो रनों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। यह उन तीन मैचों में से एक मैच था जब भारत को पाकिस्तान के हाथों हार झेलनी पड़ी थी। यह इकलौता ऐसा मैच भी जो इन दोनों टीमों ने एक दूसरे के देश में अब तक खेला है। स्मृति मांधना और शेफाली वर्मा के रूप में भारत के पास एक विध्वंसक सलामी जोड़ी है। मांधना ने टी20 में 28.13 की औसत और 121.83 के स्ट्राइक रेट से 3320 रन बनाए हैं। जबकि शेफाली ने 129.48 के स्ट्राइक रेट और 24.27 की औसत से 1748 रन बनाए हैं। भारत पर अगर पाकिस्तान को दबाव बनाना है तो उसे इन दोनों को ही जल्दी पवेलियन भेजना होगा।

पाकिस्तान के लिए सबसे अहम खिलाड़ी खुद उनकी कप्तान निदा डार साबित हो सकती हैं। हरफनमौला डार गेंदबाजी के दौरान अधिकांश समय विकेट निकाल पाने में सफल होती हैं और अपनी टीम के लिए प्रायः उपयोगी रन भी बनाती हैं। सिदरा अमीन इस समय क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में बेहतरीन लय में हैं। उन्होंने अपनी पिछली आठ टी20 पारियों में 205 रन बनाए हैं। हरमनप्रीत कौर की टीम ने पिछले एक साल में 17 टी-20 मुकाबले खेले हैं जिनमे से दस में उनके हाथ जीत लगी है जबकि पांच में उसे हार का सामना करना पड़ा है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

पुलिस व प्रशासन के अफसर सजग होते तो न होता हादसा

50 फुट ऊंची हाईटेंशन लाइन, फिर भी जुलूस में शामिल करा दिए बड़े ताजिये, निरीक्षक, एसआई समेत लगाए गए थे 128 पुलिसकर्मी

संवाददाता, अमीरनगर (लखीमपुर खीरी)

अमृत विचार: कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के गांव गरदहा में मोहर्रम के जुलूस के दौरान यदि पुलिस और प्रशासन के अधिकारी सजग होते तो शायद वह दुर्घटना नहीं होती। बताते हैं कि जिस जगह हादसा हुआ। उस स्थान पर पुलिस मौजूद नहीं थी। कहने को मार्ग, मेलास्थल आदि जगहों को मिलाकर निरीक्षक, एसआई समेत 128 पुलिस लगाए गए थे, लेकिन जब ताजिया गांव गरदहा से निकला तो सभी ने उसकी 50 फुट की ऊंचाई को नजर अंदाज किया। यही लापरवाही ताजिएदारों पर भारी पड़ गई और वीभत्स हादसा हो गया।

मेले की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद होने का दावा बुधवार से पुलिस और प्रशासनिक अफसर कर रहे थे। साथ ही कई थानों की पुलिस को भी मेले समेत रूटों पर सुरक्षा व्यवस्था में लगा दिया गया। ग्रामीण बतातें हैं कि अमीरनगर पुलिस चौकी के गांव गरदहा से ताजिएदार जुलूस लेकर आ रहे थे। बताया जाता है कि तमाम ताजिए आगे निकल गए थे। गरदहा का करीब 50 फुट लंबा ताजिया था, जो सबसे पीछे चल रहा था। बड़ी संख्या में लोगों ने उसे कंधे पर रखा था। इसके अलावा कुछ लोग सहारे के लिए भी उसे पकड़कर चल रहे थे।

इसी सड़क को 33 हजार की हाईटेंशन लाइन भी क्रास कर रही थी, लेकिन पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों और जवान इसका अंदाजा नहीं लगा सके कि ताजिया सड़क को क्रास करते समय हाईटेंशन लाइन से छू जाएगा। पुलिस सड़क पर तो थी, लेकिन हादसे स्थल से काफी दूर आगे चल रही थी। पुलिस की यही लापरवाही ताजिएदारों पर भारी पड़ गई। हाईटेंशन लाइन में ताजिया छूने से 19 लोग झुलस गए, जिसमें एक की युवक की मौत हो गई, जबकि 18 लोग लखीमपुर से लेकर शाहजहांपुर अस्पताल तक जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं।

जिला अस्पताल में भर्ती झुलसे लोग : गांव गरदहा निवासी नफीस (18) हाशिम (20), अजीम (19), फुरकान (36) शेर मोहम्मद (50) आमिर (25) अरबाज (24) इश्तियाक (26) शब्बीर (25) और फैजान सहित 15 लोगों को जिला अस्पताल शाहजहांपुर में भर्ती कराया गया है।

मौके पर पड़ी चप्पलें वीभत्स हादसे की दे रहीं थी गवाही : हाईटेंशन लाइन से छूने पर हुए हादसे के बाद ताजिया और उसके आसपास दर्जनों चप्पलें पड़ीं थीं, जो हादसे की वीभत्सता को स्वयं बयां कर रहीं थीं। लोग मौके पर पड़ी चप्पलों को देखकर अपने घर के सदस्य की पहचान कर रहे थे।

झुलसे लोगों को मिट्टी में दबाया : हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का मौहल हो गया। लोग भागने लगे, लेकिन जब ताजिया जल गया। तब लोग मौके पर पहुंचे और झुलसे कई लोगों को उठाकर मिट्टी के नीचे दबाया। उनकी हथेली और तलवे को सहलाकर जान बचाने की पूरी कोशिश की। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

मोहम्मदी के गांव गरदहा में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने के बाद ताजिया।

हाईटेंशन लाइन के छूने के बाद धू-धू कर जलता ताजिया।

ताजियादारों से जानकारी लेते सांसद उत्कर्ष वर्मा और पूर्व सांसद जफरअली नकवी।

जिला अस्पताल शाहजहांपुर में मौजूद राजनीति दलों के लोग।

हादसा काफी दुखद है। सभी घायलों को त्वरित उपचार के लिए एंबुलेंस और सरकारी अन्य वाहनों की मदद से अस्पताल भेजा गया। झुलसे लोगों की हालत ठीक है। सभी का उपचार चल रहा है।
-डॉ. अवनीश कुमार, एसडीएम, गोला

मैं खुद घटना से काफी आहत हूं। मौके पर गया था। झुलसे लोगों से भी बातचीत की है। पुलिस और प्रशासन ने सतर्कता के साथ बचाव कार्य किया है। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक व्यक्ति की हादसे में मौत हुई है।
-गणेश प्रसाद साहा, एसपी

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने जाना पीड़ितों का हालचाल

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार : कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने अपने साथियों संग मोहम्मदी अस्पताल पहुंचकर पीड़ितों का हाल जानकर उन्हें ढांढ़स बंधाया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने अपनी टीम के साथ मोहम्मदी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कर हालचाल जानने के बाद सिंह हॉस्पिटल 'गुलौली रोड मोहम्मदी में भर्ती गरदहा और मुजहा के डॉ कमरुद्दीन, शादाब खान, कमाल खान, तोएब खान, फाजिल आदि को हिम्मत बंधाई। जिलाध्यक्ष के साथ जिला महासचिव प्रेम कुमार वर्मा, जिला सचिव अनिल गुप्ता, नवी शेर खान, इस्माइल खान आदि मौजूद रहे।

अमीरनगर हादसे के लिए भेजी गईं छह एंबुलेंस

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार : एंबुलेंस सेवा के प्रोग्राम मैनेजर शिवेंद्र मिश्र ने बताया कि अमीरनगर हादसे की सूचना पाकर तत्काल मोहम्मदी की चार और पसगंवां की दो एंबुलेंस भेजी गईं। जिन्होंने झुलसे लोगों को शाहजहांपुर अस्पताल पहुंचाकर उनकी सेवा की है।

ताजिया हादसे में घायलों से मिले बीजेपी नेता धर्मेन्द्र गिरि मोंटी

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार : गोला विधायक अमन गिरि के चाचा बीजेपी नेता धर्मेंद्र गिरि मोंटी ने मोहम्मदी सीएचसी पहुंचकर अमीरनगर के ताजिया हादसे में घायलों से मुलाकात कर उनका हाल जाना और उन्हें हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। विधायक के चाचा भाजपा नेता धर्मेंद्र गिरि मोंटी हादसे की खबर पाकर उनका हाल जानने मोहम्मदी सीएचसी और मेडिकल कालेज शाहजहांपुर भी पहुंचे और घायलों के अच्छे इलाज हेतु डॉक्टरों से मुलाकात की। गोला एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता ने अपनी गाड़ी से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। सचिन सिंह, अजीत पांडे, राहुल भारती व जुबेर खान आदि मौजूद रहे।

झुलसे लोगों को हाल जानने अस्पताल पहुंचे विधायक अमन के चाचा मोंटी गिरि।

इमामबाड़े पर ताला डालने पर थाने पहुंचीं महिलाएं

▸▸ जताया विरोध, पूर्व में डाले गए ताले को प्रशासन ने था खुलवाया

▸▸ आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग

संवाददाता, खीरी टाउन

अमृत विचार: कस्बा खीरी स्थित मुगली टोला स्थित इमामबाड़ा के गेट में कुछ लोगों ने दोबारा फिर ताला डाल दिया। इससे लोग आक्रोशित हो गए। बड़ी संख्या में महिलाएं थाना खीरी पहुंची और आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर ताला खुलवाने की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना पर मौजूद मोहल्ला मुगली टोला स्थित इमामबाड़ा आगा असगर अली परिसर की रहने वाली तमाम महिलाओं ने बताया कि मोहर्रम के पवित्र माह में कई वर्षों से मजलिस मातम व अजादारी करते चले आए हैं। पूर्व में कस्बे के ही दो लोगों ने इमामबाड़े के गेट में ताला आदि डाल दिया था। जिसकी शिकायत करने पर प्रशासन ने गेट गेट के ताले खुलवा दिये थे। जिसमें हम सब अजादार मजलिस मातम आदि करते चले आ रहे थे, लेकिन आरोपियों ने गुरुवार को फिर दोनों गेट में यह कहते हुए जबरन ताला डाल दिया कि यह हमारी संपत्ति है। जब तक हम चाहेगें। तब तक इसमें लोगों को मजलिस मातम करनें देंगे। जबकि मोहर्रम सवा दो महीने तक चलता है। इन्होंनें मात्र 10 दिन के लिए गेट खोला। गेट बंद होने से कारण अजादारों को आने जाने, मजलिस मातम करने व अलम आने जाने में दिक्कत होती है। आरोपियों ने उनके घर पर एक कैमरा लगा दिया है, जिससे बहू बेटियों का निकलना मुश्किल हो गया है। इमामबाड़े के अंदर एक कैमरा लगा दिया है, जबकि उसमें हमारी बहू बेटी जब मजलिस मातम करती हैं तो आरोपी अपने घर पर लगी स्क्रीन पर सभी को देखते हैं। महिलाओं ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गेट खुलवाने और कैमरे हटवाने की मांग की है। एसओ अजीत कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

थाना खीरी में मौजूद पीड़ित महिलाएं। अमृत विचार

मोहर्रम के बहाने रात और दिन बंद रहा फीडर नंबर दो

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचार: नगर में ताजियों का जुलूस निकलने के बहाने बुधवार रात और गुरुवार दिन भर फीडर नंबर दो बंद रहा, जिससे विद्युत उपभोक्ता भीषण गर्मी में उबलते रहे।

पावर कारपोरेशन के वर्तमान अधिकारियों की मनमानी से नगर के विद्युत उपभोक्ता तंग आ गए है। अर्जुननगर कालोनी में लाइन में मामूली फाल्ट से दो दिन बिजली आपूर्ति ठप रही। गुरुवार को दोपहर जब कनेक्शन धारक जब हाइडिल गए तब भी उन्हें संतोषजनक जबाब नहीं दिया गया। एसडीओ और एक्शियन लोकल फाल्ट का बहाना बताते रहे लेकिन दो दिन में लोकल फाल्ट भी ठीक न हो सकी। मोहर्रम का जुलूस निकलने के लिए बुधवार शाम ताजिए सड़क पर आ गए थे, जिन्हें अशोक चौराहा होकर मोहम्मदी मार्ग से मिल डायवर्जन मार्ग, विकास चौराहा होते हुए वीरेंद्रनगर कालोनी कर्बला में जाना था। इससे बुधवार रात से ही विद्युतापूर्ति बंद कर दी गई, जो फीडर नंबर दो पर दूसरे दिन भी जारी रही। शाम को कर्बला में ताजिए दफन हो गए लेकिन रात आठ बजे तक बिजली आपूर्ति बहाल न हो सकी।

कांवड़ यात्रा को लेकर स्वास्थ्य महकमा सजग

▸▸ 108 एंबुलेंस से लेकर सीएचसी, पीएचसी अधीक्षकों को किया गया अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: सावन माह की शुरुआत में सिर्फ चंद दिन शेष हैं। सावन माह में छोटी काशी का कांवड़ मेला शुरू होगा। जिले भर की सड़कों पर कांवड़ियों के जत्थे निकलेंगे। इनको आपात स्थिति में चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग सजग हो गया है। सीएमओ ने 108 एंबुलेंस के डीपीएम से लेकर सीएचसी पीएचसी के अधीक्षकों को दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि सावन माह में आस पास के जिलों से तमाम शिव भक्त कांवड़ लेकर गोला शिव मंदिर आते हैं। सावन माह में गोला जाने वाले मुख्य मार्गों पर, जिसमें रिलायंस पेट्रोल पंप, कंजा चौक, मंदिर परिसर पार्किंग में एक-एक 108 एम्बुलेंस खड़ी रहने के साथ चिकित्सा दल मौजूद रहेगा। इसमें आवश्यक उपकरण, जीवन रक्षक दवाएं, फर्स्ट एड बॉक्स किट आदि मौजूद रहेगी। इसकी नियमित निगरानी सीएचसी अधीक्षक से लेकर जनपदीय नोडल अधिकारी करेगें।

कृषक समाज की छात्रा 12 सेकेंड में दौड़ी 100 मीटर

इंडो नेपाल खेलो भारत यूथ गेम्स में हासिल किया गोल्ड मेडल, कॉलेज में भी हुआ सम्मान

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।

अमृत विचार: कृषक समाज इंटर कॉलेज की छात्रा राधा देवी ने इंडो नेपाल खेलो भारत यूथ गेम्स इंटरनेशनल सीरीज 2024 में अंडर 17 वर्ग की 100 मीटर दौड़ 12 सेकेंड में पूरी करने से स्वर्ण पदक जीतकर जनपद का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया, जिसे कालेज में पुनः सम्मानित किया गया है।

गोल्ड मेडल जीतकर छात्रा के कॉलेज आने पर प्रबंधक एवं पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा जिस दिन आपके अंदर मैं कर सकता हूं, मैं करूंगा जागृत हो जाएगा उस दिन आप अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करोगे। लक्ष्य कोई भी बड़ा नहीं होता बस एक दृढ़ संकल्प की आवश्यकता होती है।

कालेज के प्रधानाचार्य एपी सरोज ने बताया कि छात्र राधा देवी ने 26 जून 2024 को नेपाल के रंगशाला स्टेडियम पोखरा में खेलो भारत यूथ गेम्स फेडरेशन के तत्वाधान में आयोजित स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय खेल संघ के तत्वावधान में हरदयाल टेक्निकल कैंपस मथुरा में विगत 11 मई 2024 को आयोजित 14वीं राष्ट्रीय चौंपियनशिप में भी राधा देवी ने जूनियर वर्ग की 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने राधा देवी को फोन पर बधाई दी है। उन्होंने छात्रा से कहा कि वह इसी प्रकार आगे बढ़े, विभाग उसकी हर संभव मदद करेगा। संचालन स्काउट मास्टर देवेंद्र सिंह ने किया। प्रबंध समिति के उप मंत्री विनोद चंद्र मिश्र, श्याममूर्ति शुक्ला, लखपत भारती, डॉ अनिल कुमार, पीटीआई सरोज कुमार वर्मा, मकसूद अली सहित शिक्षक, शिक्षिकाएं और विद्यार्थी मौजूद रहे।

कृषक समाज में छात्रा को सममानित करते प्रबंधक। अमृत विचार

मृतका के भाइयों से मिले विधायक

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: बाढ़ की विभीषिका से लाचार भाइयों को अपनी बहन की लाश को पांच किलोमीटर तक अपने कंधे पर लादकर ले जाना पड़ा था। वायरल वीडियो से हर कोई द्रवित हुआ, वहीं भाजपा विधायक रोमी साहनी ने गुरुवार को उनके गांव एलनगंज महाराजगंज पहुंचकर न सिर्फ परिजनों को ढाढस बंधाया, बल्कि 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद भी की। विधायक के इस कार्य की सोशल मीडिया पर सराहना हो रही है।

बता दें कि 10 जुलाई को थाना मैलानी के गांव एलनगंज महाराजनगर निवासी कक्षा 12 की छात्रा शिवानी को बुखार आने के बाद उसकी हालत बिगड़ती चली गई थी। इलाज मिलने से पहले ही शिवानी की मौत हो गई थी। दोनों भाइयों ने बारी-बारी से शव कंधे पर रखकर करीब पांच किलोमीटर पैदल सफर तय कर शव को अपने गांव लेकर पहुंचे थे। 12 जुलाई को यह वीडियो वायरल होने पर हर किसी ने इस पर शोक संवेदना व्यक्त की थी। प्रशासन ने भी बयान जारी कर बताया था कि उनसे मदद मांगी जाती तो वह मदद करते। भाजपा विधायक ने भी दुख जताया था और बाढ़ थमने पर गांव जाकर मदद करने की भी बात कही थी। गुरुवार को विधायक पीड़ित भाइयों के गांव पहुंचे और उन्हें 50 हजार रुपये की नकद धनराशि देकर मदद की। साथ ही एक बार फिर दुख जताया।

▸▸ परिजनों को दिए 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद, बंधाया ढांढस

पीड़ित परिवार को अपने पास से 50 हजार की मदद देते विधायक रोमी साहनी।

पौराणिक टेढ़ेनाथ धाम परिसर में रोपण के लिये पौधे लिये खड़े पदाधिकारी।

टीम द फन डोज ने किया पौधरोपण

संवाददाता, बग्घून। अमृत विचार : सोशल मीडिया पर अपने कामेडी वीडियो के माध्यम मशहूर टीम द फन डोज ने पौराणिक टेढेनाथ धाम परिसर में छायादान, फलदार औषधीय पौधों का रोपण किया है। संगठन के पदाधिकारी 1100 पौधे लेकर पौराणिक बाबा टेढ़े नाथ मंदिर परिसर पहुंचे, जहां अर्जुन, अमरूद, आम, नीम, कैथा, चांदनी सहित छायादार, फलदार और औषधीय किस्म के 50 पौधे रोपित किए हैं। टीम के सदस्य उत्पल बाजपेयी ने बताया कि पौधे ऐसी जगह लगाने का लक्ष्य है जहां इनको संरक्षित किया जा सके। मुहिम के तहत पिछले दो मंगलवार तक टीम 100 पौधे अभी तक लगा चुकी है। उन्होंने बताया कि टीएफडी टीम का उद्देश्य ज्यादातर वनों को बढ़ावा देना, भूनिर्माण और भूमि सुधार है। इस दौरान विशाल शुक्ला, मनु यादव, शोभित मिश्र, पल्लव बाजपेई, अवनीश तिवारी, रजनीश तिवारी, अनुज मिश्रा, रिचिन, अनुराग बाजपेयी, अभिषेक बाजपेई तथा मंदिर की समिति के मुख्य पुजारी व अन्य सदस्सय मौजूद रहे।

विधायक-वकील में हुआ वीडियो वॉर

▸▸ एक-दूसरे पर लगा रहे आरोप-प्रत्यारोप, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: भाजपा विधायक रोमी साहनी पर खनन कराने के आरोप और विधायक प्रतिनिधि द्वारा वकील पर रिपोर्ट दर्ज करने के बाद गुरुवार को विधायक और वकील के बीच आरोप-प्रत्यारोप के वीडियो वायरल करने का दौर चला।

बता दें कि पलिया के विधायक रोमी साहनी पर रामचंद्र गौतम एडवोकेट ने खनन कराने के गंभीर आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किया था। उसी दिन विधायक प्रतिनिधि ने वकील रामचंद्र गौतम पर जनप्रतिनिधि को बदनाम करने आदि की संगीत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर दी थी। गुरुवार को विधायक रोमी साहनी का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने बताया कि रामचंद्र गौतम एडवोकेट पर पलिया थाने में लूट, डकैती और हत्या के प्रयास जैसे अनेक संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। विधायक ने अपने ऊपर लगाए गए गंभीर आरोपों की बाबत कहा है कि वह समाज सेवा के कार्यों में लगे रहते हैं। उन्होंने अपने वेतन के करोड़ों रुपये समाजसेवा में ही लगा दिए और अपने ऊपर या परिवार पर इस्तेमाल नहीं किया। वह रिश्वत, भ्रष्टाचार या अवैध खनन जैसे कृत्य को अधर्म और पाप समझते हैं। इसका पैसा खाना गौ मांस खाने के समान है। इस वीडियो के वायरल होते ही रामचंद्र गौतम एडवोकेट का एक और वीडियो आ गया, जिसमें उन्होंने भाजपा विधायक पर फिर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि खनन का काम विधायक के चेले-चपेटे कर रहे। उन्होंने विधायक पर अवैध रूप से फार्म हाउस बनाने और 100 एकड़ जमीन पर खेती करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने भी सवाल किया कि सैकड़ो ट्रैक्टर बालू डंप है। आखिर वह किसकी है। इस सवाल के बाद सोशल मीडिया पर राज कांटेक्टर के सप्लायर विनीत पांडे का वीडियो आ गया, जिसमें अधिवक्ता पर गंदी राजनीति करने का आरोप लगाया। कहा कि बालू का भंडारण मेरा है, जो वैध है। कोई भी प्रपत्र देख सकता है। इस तरह आरोप-प्रत्यारोप के एक के बाद एक वीडियो वायरल होने से मामला चर्चा का केंद्र बना रहा।

सार-संक्षेप

एसीएमओ डॉ. रवींद्र शर्मा को सम्मानित करतीं राज्यपाल। अमृत विचार

रेडक्रास: सभापति को राज्यपाल ने किया सम्मानित

संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार : इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी शाखा लखीमपुर के सभापति एवं रिटायर्ड एसीएमओ डॉ. रवींद्र शर्मा को राज्यपाल आनंदीबेन ने सम्मानित किया है। यह पुरस्कार उन्हें 2023 तक किए गए बेहतर सामाजिक कार्यों के लिए मिला है। बता दें कि डॉ. रवींद्र शर्मा लखीमपुर में एसीएमओ के पद से 2022 में रिटायर हुए हैं। रेडक्रॉस से जुड़े डॉ. रवींद्र शर्मा को इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी लखीमपुर का सभापति बनाया गया। रेडक्रास के बैनर तले वह निरंतर स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। बाढ़ से लेकर सूखा और आग से पीड़ित लोगों की सहायता कर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ एसएसबी, एआरटीओ सहित अन्य विभाग के लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते रहे हैं। साल 2023 तक किए गए सामाजिक कार्यों के लिए राज्यपाल ने एक्सीलेंस अवार्ड (सर्वोत्तम कार्य पुरस्कार) से नवाजा है। रिटायर्ड एसीएमओ डॉ. रवींद्र शर्मा ने बताया कि सूबे के 72 जिलों में से 20 लोगों का चयन किया गया, जिसमें लखीमपुर से उनका नाम शामिल रहा। इस मौके पर डिप्टी सीएम, स्वास्थ्य मंत्री एवं सभापति इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी बृजेश पाठक सहित राज्य महासचिव यूपी डॉ. हेमा बिंदु नायक मौजूद रहे।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता, बेहजम। अमृत विचार : नीमगांव थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी बेहजम के मोहल्ला भीठ निवासी रिंकू ने गले में गमछे का फंदा कस लिया और पेड़ से लटकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कॉलेज में किया पौधरोपण

संवाददाता, बेहजम। अमृत विचार : अल्लीपुर ग्राम पंचायत में लक्ष्मण प्रसाद राज इंटर एवं डिग्री कालेज में ब्लाक प्रमुख बीना राज ने वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों के साथ वृक्षारोपण कर पृथ्वी को हरा भरा रखने का संकल्प लिया। आम, पीपल, पकरिया सागौन आदि विभिन्न प्रजातियों के वृक्ष लगाए गए. उनके रखरखाव और संरक्षण पर जोर दिया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य रामशंकर राज रामू, वन विभाग के अधिकारी रविकांत वर्मा, वन दरोगा उमेश वर्मा, श्रीकृष्ण राज, कामिल खां, समीम खां सहित विद्यालय के अध्यापक और बच्चे मौजूद रहे।

किसान दिवस : समय पर हो समस्याओं का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार : कलेक्ट्रेट सभागार में बृहस्पतिवार को किसान दिवस मना। इसमें डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारियों को किसानों की समस्याओं का समय पर सही तरीके से निस्तारण कराने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि किसानों की समस्याओं का निदान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए किसानों की समस्याओं को तत्काल समाधान कराएं। किसान दिवस इनकी समस्याओं के निस्तारण के लिए एक बेहतर मंच है। डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्रा एवं बीमा कंपनी के प्रतिनिधि ने फसलों को प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए फसल बीमा के बारे में विस्तृत जानकारी देकर इसे कराने के लिए प्रेरित किया। जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी, डीसीओ वेद प्रकाश सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, डीएचओ मृत्युंजय सिंह आदि मौजूद रहे।

एसएसबी व एपीएफ के बीच हुई बैठक

संवाददाता, सम्पूर्णानगर। अमृत विचार : 49 वीं वाहिनी पीलीभीत की संपूर्णानगर क्षेत्र स्थित चौकी बसही में एसएसबी व एपीएफ नेपाल के जवानों की आपसी बैठक हुई। बैठक में सीमा सुरक्षा एवं गैर गतिविधियों सहित अनेक बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक एसएसबी चौकी बसही प्रभारी निरीक्षक गोपाल दास खटीक की अध्यक्षता में हुई। नेपाल एपीएफ के निरीक्षक आशीष रावत के बीच कई बिंदुओ पर सहमति बनीं। इसमें सीमा पार आने-जाने वालों की सघन तलाशी लेने व पड़ोसी राष्ट्र के साथ अवैध गतिविधि के बारे में समीक्षा करने, सीमा पर संयुक्त गश्त करने, सीमावर्ती क्षेत्र में रहने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने सहित सूचनाओं का आदान-प्रदान करने एवं आपसी तालमेल के साथ अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते रहने की सहमति बनी।

डीएम ने पौधरोपण कार्यक्रम का किया उद्घाटन, रोपे पौधे

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार : नगर पालिका परिषद, पर्यावरण मित्र समूह एवं वन विभाग ने संयुक्त रूप से शहर में पौधरोपण अभियान शुरू किया। इसका शुभारंभ डीएम ने पौधा रोपकर किया। डीएम ने एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए लोगों से अपील कर पर्यावरण मित्र समूह को प्लांटेशन मेक सस्टेनेबिलिटी टैग लाइन दी। उन्होंने कहा कि सभी लोग पेड़ो के योगदान को पहचाने, इसके लिए जितना हो सके उतना योगदान करें। यदि हर एक व्यक्ति एक-एक पेड़ अपनी मां के नाम पर लगाकर उसकी सुरक्षा और देखभाल करे तो पर्यावरण संरक्षण एवं ग्लोबल वार्मिंग को कम किया जा सकता है। पर्यावरण मित्र समूह संयोजक विशाल सेठ ने बताया कि ट्रीगार्ड पॉलिमर के हैं, शत प्रतिशत यूवी प्रोटेक्टेड, पूर्णतया बायोडिग्रेडेबल हैं। पर्यावरण मित्र समूह सदस्य राम मोहन गुप्त, ईओ संजय कुमार, वनाधिकारी दक्षिण संजय बिस्वाल सहित सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज के छात्र मौजूद रहे।

भक्ति का मार्ग सबसे उत्तम: प.लक्ष्मीकांत मिश्र

संवाददाता, बिझौली। अमृत विचार : गांव के पश्चिम स्थित पौराणिक देवी मंदिर परिसर पर ग्रामीणों की अगुवाई में विधि विधान से हवन, यज्ञ, कन्या भोज श्रीगौरी गणेश पूजा के साथ हुआ। पंडित लक्ष्मीकांत मिश्रा ने कहा कि परमात्मा के बिना इंसान का ज्ञान अधूरा है। परमात्मा की प्राप्ति के लिए प्रभु की शरण में आना होगा। भक्ति का मार्ग सबसे उत्तम, सरल है। महिलाओं ने मां की महिमा, माता के भजनों का गुणगान किया। हवन यज्ञ के बाद कन्या भोज, भंडारा किया गया। आयोजक, मुख्य पुजारी निमिष सिंह ने बताया कि आषाढी से पहले गांव में ग्रामीणों के सहयोग से ग्राम देवता, दुर्गा भगवती का हवन पूजन कराया गया। हवन में आहुतियां डालने के लिए आदित्य कुमार सिंह, रामकुमार सिंह, रामऔतार सिंह, रणवीर सिंह, राकेश श्रीवास्तव, चन्दन सिंह, बबली, विपिन सिंह, महेंद्र वर्मा, चंद्रिका वर्मा, रामाधार राज़, रामचन्द्र, सिंघा, बलबीर, नीरज राज, राकेश राज, गुमानी, ब्रजेश जोशी, आशीष कश्यप, अनुप्रिया सिंह आदि रहे।

बिझौली के हवन में आहुतियां डालते ग्रामीण।

जमीन विवाद में दो भाइयों में मारपीट, एक की मौत

तीन लोग घायल, जिला अस्पताल में हो रहा इलाज, शारदा नगर थाना क्षेत्र के दुअन्नी गांव में हुई वारदात

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचारः थाना शारदा नगर क्षेत्र में दो सगे भाईयों के बीच कई दिनों से जमीन बंटवारे को लेकर विवाद गुरुवार को फिर उपज गया। दोनों के बीच पहले जमकर गाली गलौज हुई। बाद में दोनों पक्ष आमने सामने आ गए और दोनों के बीच जमकर लाठी डंडे चलने लगे। खूनी संघर्ष में दोनों भाईयो समेत चार लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को सीएचसी लाई, जहां से हालत गंभीर होने पर दोनों भाइयों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां एक भाई ने दम तोड दिया।

पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के परिजन। अमृत विचार

गांव दुअन्नी मंजरा मकसोहा निवासी रामू पाल पुत्र रामविलास और हीरालाल पुत्र रामबिलास सगे भाई हैं। दोनों अपना घर बनवाकर अलग अलग रहते हैं। दोनों के बीच घर के पड़ोस पड़ी पुश्तैनी जमीन के बटवारे को लेकर कई दिनों से विवाद होता रहता था। कई बार गांव में पंचायत भी हुई। लोगों ने मामले को आपस में बातचीत कराकर सुलह कराने की भी कोशिश की गई, लेकिन दोनों भाई अपनी जिद पर अड़े रहे। इससे मामले का निपटारा नहीं हो सका। परिजनों ने बताया कि गुरुवार की सुबह बंटवारे को लेकर फिर दोनों भाईयों में तकरार होने लगी। इस बीच दोनों पक्षों के घर के लोग भी आमने सामने आ गए। दोनों के बीच तकरार इतनी बढ़ गई कि दोनों के बीच बाहे तन गई। गाली गलौज सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और दोनों को समझाने की कोशिश की। ग्राम प्रधान और थाना प्रभारी ने मौके पर आकर ग्रामीणों के साथ समझा बुझाकर समस्या का निस्तारण कर दिया। इसके बाद चले गए, लेकिन कुछ देर बाद आपस में झगड़ा फिर शुरू हो गया। दोनों पक्ष के दूसरे पर हमलावर हो गए और लाठी डंडे निकल आए। दोनो तरफ से खूब लाठियां चली, जिसमें रामू पुत्र रामबिलास (55) को ज्यादा चोटें आईं। वही उसका पुत्र अवधेश और पुत्र वधू प्रेमा और दूसरे पक्ष के हीरालाल को भी गंभीर चोट लगी।सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फूलबेहड़ भेजा गया, जहां से रामू की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया, जहां की मौत हो गई। शारदा नगर थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार मौर्य ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। प्राप्त तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

मृतकों के परिजनों को विधायक ने दी आर्थिक सहायता

भानपुर। अमृत विचारः पलिया विधायक रोमी साहनी थाना भीरा के गांव ढकिया पहुंचे। उन्होंने नदी में डूबे युवक और बाढ़ के दौरान इलाज के अभाव में दम तोड़ने वाली बिटिया के परिवार वालों को आर्थिक मदद दी। गुरुवार को पलिया विधायक रोमी साहनी मृतक राजेन्द्र के घर पहुंचे। परिवारों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। बीस हजार रुपये की आर्थिक मदद दी। वहीं इसी गांव के करोड़ी के लड़के की तबियत खराब होने की खबर पर करोड़ी के घर गए। पांच हजार रुपये की आर्थिक मदद की। इस दौरान विश्राम सागर, राममिलन, जय कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

आज बटेंगे आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में स्मार्टफोन

संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार : भगवानदीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को स्मार्टफोन वितरण होगा। प्राचार्य प्रोफेसर गीता शुक्ला ने बताया कि स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 19 जुलाई यानि आज मेधावी छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित होंगे। इसके लिए छात्राओं के प्रपत्रों का सत्यापन बृहस्पतिवार को हो गया है।

बीएमडी जांच के साथ स्वस्थ रहने के दिये टिप्स

गोला के शिविर में जांच करने के लिये मौजूद डॉक्टर और क्लब के पदाधिकारी।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार : लायंस क्लब द्वारा नि :शुल्क बीएमडी जांच शिविर लगाकर 102 लाभार्थियों का परीक्षण कर उन्हें स्वास्थ्य लाभ हित परामर्श दिया गया। लखीमपुर रोड स्थित संजीवनी हॉस्पिटल में लायंस क्लब के अध्यक्ष व सर्जन लॉयन डॉ. आशुतोष गुप्ता के प्रयास से आयोजित किए गए नि :शुल्क बोन मिनरल डेंसिटी टेस्ट (बीएमडी) शिविर में 102 लाभार्थियों की टोरेंट कंपनी के टेक्नीशियन पदम सिंह मीणा द्वारा जांच परीक्षण कर उन्हें स्वस्थ्य रहने के गुर सिखाए गए। लायंस क्लब सचिव कपिल पुरवार, जोन चेयरपर्सन रंजीत सिंह, राजेश पांडे, अतुल अग्रवाल, मनोज शुक्ला, नीरज गुप्ता, विनोद गोयल, वीरेंद्र मेहरोत्रा, राममोहन गुप्त आदि सपरिवार मौजूद रहे।

31 जुलाई तक पंजीकरण करा सकते हैं किसान

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार : प्रदेश सरकार ने ट्यूबवेल वाले किसान उपभोक्ताओं को एक अप्रैल 2023 से 140 यूनिट प्रति किलोवाट प्रतिमाह की मुफ्त विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के लिए योजना लागू की थी। योजना का लाभ लेने के लिए किसान उपभोक्ताओं को पंजीकरण कराते हुए 31 मार्च 2023 तक के बकाया विद्युत बिल का एकमुश्त अथवा अधिकतम छह किश्तों में पूर्ण भुगतान कराने के लिए छूट की समय सीमा को 15 जुलाई 2024 से बढ़ाकर 31 जुलाई 2024 कर दी है। विद्युत वितरण खंड द्वितीय के अधिशासी अभियंता पंकज कुमार गुप्ता ने किसानों से पंजीकरण कराकर छूट का फायदा उठाने की अपील की है।

खेत से सोलर पैनल चोरी युवक से छीना मोबाइल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचारः थाना खीरी की पुलिस चौकी ओयल के गांव डिम्हौरा निवासी राकेश कुमार वर्मा ने बताया कि उन्होंने दो वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत दो एचपी सिचाई सोलर पम्प लगवाए थे। बुधवार की रात करीब 10 बजे तक वह खुद खेत पर रहे। सुबह पांच बजे खेत जाने पर पता चला कि 335 वाट के छह सोलर पैनल में से पांच पैनल चोरी हो गए। मौके पर चौपहिया गाड़ी के टायरों के निशान मिले है। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि चोर किसी चार पहिया वाहन से आए थे। थाना खीरी पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है।

उधर, चोरों के साथ टप्पे बाजों के भी हौंसले बुलंद हैं। हेयर कटिंग सैलून की दुकान से बालकटिंग कराकर गांव सुन्सी निवासी आशीष कुमार तिवारी बुधवार की शाम करीब छह बजे पैदल घर वापस जा रहा था। लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन मार्ग पर रोडवेज बस स्टैंड से पैदल अपने गांव जा रहा था। तभी उसके मोबाइल पर कॉल आई और वह बातचीत करने लगा। इसी बीच पीछे से आई बाइक पर सवार तीन लोगों ने युवक से उसका कीमती मोबाइल छीनकर भाग निकले। पीड़ित ने घटना की तहरीर चौकी पुलिस को दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। लगातार चौकी क्षेत्र में हो रही घटनाओं से लोग दहशत में हैं। मरखापुर और आसपास के गांवों में चोरी की वारदातों के बाद लोगों में इस कदर डर भरा हुआ है कि वह रात भर जागकर अपने घरों की निगरानी कर रहे हैं।

बिजली कटौती से परेशान नगरवासी, डीएम आवास घेरा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- 33केवीए लाइन खराब होने से कलेक्ट्रेट पावर के मोहल्लों की बिजली रही गुल
- प्रदर्शन से हरकत में आए अधिकारियों ने वैकल्पिक व्यवस्था से शुरू की आपूर्ति

अमृत विचारः 33केवीए की केबिल खराब होने से बुधवार को कलेक्ट्रेट पॉवर हाउस से जुड़े एक दर्जन से अधिक मोहल्लों की बिजली गुल गई। देर रात तक सप्लाई न शुरू होने से विद्युत उपभोक्ताओं के सब्र का बांध टूट गया। तमाम मोहल्लेवासी पहले कलेक्ट्रेट पॉवर हाउस पहुंचे और फिर डीएम आवास पहुंचकर प्रदर्शन करने लगे। इसकी सूचना लगते ही विभागीय लोगों की हाथ पांव फूल गए। जिम्मेदारों ने आनन फानन में वैकल्पिक इंतजाम कर आपूर्ति शुरू कराई।

नगर से लेकर जिलेवासियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति मुहैया कराने के लिए बिजली विभाग तरह तरह के जतन कर रहा है। बावजूद इसके आए दिन हो रही फॉल्ट की वजह से लोगों को बिजली आपूर्ति मिलने में बाधा पहुंच रही है। बुधवार को

डीएम आवास के बाहर प्रदर्शन करते विद्युत उपभोक्ता। अमृत विचार

33 केवीए लाइन खराब होने से कलेक्ट्रेट पॉवर हाउस से जुड़े सिकटिया, डीसी रोड, काशीनगर, आवास विकास, स्वरूप नगर सहित एक दर्जन से अधिक मोहल्लों की दोपहर में बिजली गुल गई। जो देर रात तक बहाल न हो सकी। काफी देर तक बिजली न आने से आम और खास मोहल्लों में रहने वाले लोगों को उमस वाली गर्मी ने बेहाल कर दिया। इससे बिजली उपभोक्ताओं का सब्र जवाब दे गया। तमाम उपभोक्ता इसकी जानकारी करने के लिए कलेक्ट्रेट पॉवर हाउस पहुंचे। मगर, संतोषजनक जवाब न मिलने से नाराज मोहल्लेवासियों ने डीएम आवास के बाहर प्रदर्शन करने लगे। इसकी सूचना लगते ही बिजली अधिकारियों में खलबली मच गई। बताते हैं कि बिजली अधिकारियों ने आपूर्ति बहाल करने के लिए वैकल्पिक इंतजाम किया, तब जाकर कहीं रात 12 बजे कलेक्ट्रेट पॉवर हाउस रोशन हुआ। तब जाकर कहीं लोग चैन की नींद सो सके।

> 33केवीए लाइन में फॉल्ट आने से कलेक्ट्रेट पॉवर हाउस से जुड़े मोहल्लों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। केबिल को खुदवाने और फिर ठीक कराने में काफी समय लगता। इसलिए वैकल्पिक इंतजाम कर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई। बृहस्पतिवार रात में केबिल ठीक कराई जाएगी।
>
> **–शैलेंद्र कुमार, एक्सईएन, विद्युत वितरण खंड प्रथम**

आवश्यकता है

अमृत विचार, बरेली व लखनऊ को

अकाउंटेंट की (विज्ञापन विभाग में)

अनुभवः– न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

वेतन :- योग्यता अनुसार

इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:–

advt.amritvicharbly@gmail.com 8791613133

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

पिटाई से नाराज ताजियादारों ने कोतवाली घेरी

संवाददाता, धौरहरा

अमृत विचारः नगर पंचायत धौरहरा के मोहल्ला घोसियाना बाजार वार्ड से निकले जुलूस में ब्लॉक मस्जिद के निकट कुछ अराजकतत्वों से तजियादारों की हाथापाई हो गयी, जिसके बाद तजियादार कोतवाली पहुंचे और नामजद तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने हीलाहवाली की और मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। इससे ताजियादार भड़क गए। गुरुवार को बड़ी संख्या में ताजियादारों ने कोतवाली पहुंचकर घेराव किया और प्रदर्शन करने लगे। वह नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। आक्रोष को देख पुलिस बैक फुट पर आ गई।

कोतवाली का घेराव कर प्रदर्शन करते ताजिएदार। अमृत विचार

प्रभारी निरीक्वाषक ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस पर भीड़ शांत हुई। मोहल्ला बाजार वार्ड के तजियादार शोएब पुत्र रफीक, गुड्डू पुत्र मुन्ने आदि लोगों ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि जुलूस के दौरान मोहल्ला पठान वार्ड निवासी कुछ युवक मिल गए और औरतों की भीड़ में घुसने की कोशिश करने लगे। जिसका विरोध करने आरोपियों ने ताजिया पर लात मार दी और क्षतिग्रस्त करने की कोशिश की और मारपीट करने लगे। सैकड़ों की संख्या में आक्रोषित ताजियादार गुरुवार को कोतवाली पहुंच गए और घेराव कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। भीड़ देखकर कोतवाली पुलिस के हांथ पांव फूल गए। कोतवाल सहित अन्य स्टाफ ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया।

शपथ ग्रहण 21 को : गोला गोकर्णनाथ। भारतीय जीवन बीमा निगम अभिकर्ता यूनियन का शपथ ग्रहण समारोह 21 जुलाई को पूर्वान्ह 11 बजे शाखा कार्यालय पर होगा। यूनियन के नव निर्वाचित अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद वर्मा ने बताया कि शाखा प्रबंधक राजकुमार की अध्यक्षता में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में एलआईसी के जोनल और डिवीजन स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?

SINCE 2006

जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!

कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें

VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?

उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?

उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?

उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?

उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?

उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?

उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?

उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?

उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?

उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?

उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है

डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –

7080239313

7570060266

आलमबाग

पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी

परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया

पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस

परामर्श समय- सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

चोरों ने दुकान का ताला तोड़ उड़ाया माल

संवाददाता, भानपुर

अमृत विचारः लखीमपुर-भीरा स्टेट हाईवे पर पुलिस रात गश्त करती रही। उधर चोरों ने पुलिस सहायता केंद्र से महज चार सौ मीटर की दूरी पर स्थित किराना दुकान में नकब लगा दी और हजारों रुपये का सामान उड़ा ले गए।

कस्बा पडरिया तुला निवासी सुशांत हलदर की मेन चौराहा पर किराने की दुकान है। बुधवार की रात चोरों ने दुकान की पीछे से दीवार में नकब लगा दी। तेल, साबुन, दाल व चीनी की कट्टी एवं अन्य छुटपुट कीमती सामान के अलावा गल्ले में रखी हुई 1100 रुपये की नगदी चोरी कर ले गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया है। कुछ संदिग्ध युवकों को हिरासत में भी लिया है, जिनसे पूछताछ कर रही है। इस घटना से हाईवे की गश्त व्यवस्था की पोल भी खुलकर सामने आ गई है।

सूचना

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र जितेंद्र कुमार उर्फ मीनू व उसकी पत्नी चित्रा देवी निवासी ग्राम ढकवा थाना मो. पुरखाला तहसील फतेहपुर जिला बाराबंकी को उनके गलत चल चलन व व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वो दोनो स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरे व मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। जगदीश प्रसाद पुत्र हनोमान निवासी ग्राम ढकवा परगना मोहम्मदपुर थाना मो. पुरखाला तहसील फतेहपुर जिला बाराबंकी

भाजपा मंडल उपाध्यक्ष को पीटने वाले छह गिरफ्तार

धौरहरा, अमृत विचारः कस्बा सिसैया में ताजिया का मेला देख कर लौट रहे भाजपा मंडल उपाध्यक्ष पर गांव के ही दूसरे समुदाय के लोगों ने हमला बोल दिया। इससे मंडल उपाध्यक्ष को गंभीर चोटे आई हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने छह नामजद सहित 50 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही छह आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है।

- 50 अज्ञात लोगों की शुरू हुई तलाश

सिसैया कस्बा निवासी भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सिसैया सुनील निगम ने बताया कि ताजिया मेला देखने के बाद बुधवार देर शाम घर वापस जा रहे थे। तभी घर के पास खड़े गांव के ही हारून, मुन्ना, फकरू, आसिफ, टन्ना, सलीम सहित करीब 50 अज्ञात लोगों ने गालीगलौज कर हमला बोल दिया। सुनील निगम ने बताया कि किसी तरह इन लोगों के चंगुल से छूटकर जान बचाने के लिए अपने घर घुस गया। बचाने आए पिता कन्हैया लाल, चाचा संतोष निगम, भाई दिपांशु को भी मारा पीटा। इसकी सूचना मिलते ही भाजपाईयों में आक्रोश फैल गया। देर रात भाजपा पदाधिकारियों के साथ मंडल उपाध्यक्ष ने कोतवाली पहुंचकर छह लोगों को नामजद करते हुए 50 अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नें बताया कि गांव में विशेष समुदाय की 70 प्रतिशत आबादी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने नामजद छह लोगों को गिरफ्तार कर 50 अज्ञात की तलाश शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया नामजद सभी छह आरोपी गिरफ्तार है। शेष अज्ञात लोगों की तलाश की जा रही है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

सूचित हो कि मैं **अभिलाषा कुमारी पुत्री संजय कुमार, निवासिनी–1/6, आवासीय परिसर सी0आई0एस0एच0 रायबरेली रोड, तेलीबाग, लखनऊ।** मेरा सही नाम अभिलाषा कुमारी है। जबकि मेरे हाई स्कूल व इण्टरमीडिएट अंकपत्र व प्रमाण पत्र में कुमारी अभिलाषा लिखा है। मुझे कुमारी अभिलाषा के स्थन पर अभिलाषा कुमारी ही समझा, पढ़ा व जाना जाये।

सूचना

सूचित हो कि मेरा भारतीय जीवन बीमा निगम पॉलिसी नंबर– 229 289 131 का पॉलिसी बांड वास्तव में खो गया है। खोजबीन के बावजूद मिला नहीं है। मैं **राजकुमार यादव पुत्र लाला यादव, निवासी–वार्ड नंबर–1, डोमाही, कृष्णानगर लालगंज, रायबरेली।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र प्रवीन कुमार को उसकी आवारागर्दी एवं गलत चाल–चलन के कारण अपनी संपूर्ण चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत कार्य, लेन देन से मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **–सत्यराम सिंह पुत्र सूबेदार, निवासी– ग्राम नगला सदारी, मौजा करमुल्लापुर, परगना व तहसील छिबरामऊ, जनपद कन्नौज।**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित हो कि मैं **बृजेश कुमार तिवारी पुत्र करूना शंकर तिवारी, नि. ग्राम–पूरे कलंदर मजरे हरिहरपुर पो. मानापुर, तह. गौरीगंज, जनपद–अमेठी** का निवासी हूं मैं भारतीय थल सेना में हवलदार के पद पर कार्यरत हूं मेरी पत्नी का सर्विस के समस्त अभिलेखों में त्रुटिवश नाम RINA व जन्म तिथि 01.07.1982 हो गया है जबकि मेरी पत्नी का सही नाम REENA TIWARI व जन्म तिथि 12.04.1984 जो सही है।

सूचना

सूचित हो कि मै **लाल पुत्र शिवदीन, निवासी–ग्राम–हरीरामपुरवा खण्ड चन्द्रपुरा थाना बिल्हौर तहसील बिल्हौर कानपुर नगर।** मेरा पुत्र बालकिशन पुत्र दरगाही लाल व मेरी बहू बिटोल पत्नी बालकिशन का चालो–चलन व कार्य व्यवहार ठीक नही है। अपने पुत्र के कार्य व्यवहार से आजिज आकर अपने व अपने परिवार के सभी सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है उनका मुझसे व मेरे परिवार से कोई वास्ता सारोकार नही होगा। तथा मैं अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। यदि पुत्र द्वारा कही भी कोई लेन देन व उचित अनुचित कृत्य व्यवहार करता है तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सूचना

श्री शिवम शर्मा पुत्र सुभाष शर्मा निवासी ग्राम पलौखरा तहसील करहल जनपद मैनपुरी मैनपुरी के द्वारा इस न्यायालय में दिनांक 11.07.2024 को मोटर साइकिल संख्या – UP-84 AP-0227 चेसिस सं0 MBLHAW283 P4E05393 इंजन संख्या HF11ECP4E39852 का अपने पक्ष में रिलीज करने हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है। यदि उक्त के सम्बन्ध में किती व्यक्ति/वाहन स्वामी को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 23.07.2024 से पूर्व दाखिल/ प्रस्तुत कर सकता है। **(दीपशिखा सिंह) उप जिला मजिस्ट्रेट, सैफई।**

एक नजर

नहर की सफाई के चलते नहीं हो पा रही पर्याप्त आपूर्ति

हरदोई। अधिशाषी अभियंता अखिलेश गौतम ने बताया है कि पहाड़ों पर हो रही अत्यधिक वर्षा के कारण शारदा नदी में आ रहे अत्यधिक कूड़े-करकट एवं सिल्ट (गाद) की वजह से एवं टनकपुर बैराज द्वारा की जा रही फ्लशिंग से शारदा मुख्य नहर के हैड की ट्रेस रैक बार-बार चोक हो रही है। जिसके कारण शारदा मुख्य नहर कम डिस्चार्ज से चल पा रहीं है। नहर की ट्रेस रैक की सफाई की जा रही है। जिस कारण हरदोई शाखा/ शारदा नहर को सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। पानी की उपलब्धता के अनुसार लखनऊ शाखा को संचालित किया गया है।

इंजन चोरी का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

मल्लावां, हरदोई। पुलिस ने चोरी के इंजन के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मल्लावां पुलिस ने बताया कि वासुदेव ढाबा तेरवकुल्ली से बृजेश राजपूत निवासी रामेश्वरपुर मजरा परसौली थाना बिलग्राम को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर चोरी का फिल्ड मार्शल इंजन बरामद किया गया है।

पत्नी की साड़ी से फंदा बना युवक ने लगाई फांसी

हरदोई। युवक ने शादी के 11वें महीने में कमरे के अंदर पत्नी की साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामला कोतवाली शहर के रद्धेपुरवा का बताया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली शहर के रद्धेपुरवा निवासी 20 वर्षीय गौरव खेती-बाड़ी करता था। चार भाइयों में दो बड़े और एक उससे छोटा है। उसकी शादी के 11 महीने हुए थे। बुधवार शाम उसने कमरे के अंदर पत्नी सिद्धी की साड़ी से फंदा बनाकर फांसी लगाकर ली।

पेड़ पर फंदे से लटका मिला अधेड़ का शव

हरदोई। अधेड़ का शव पेड़ पर फांसी पर लटका मिला। कोतवाली शहर के धन्नूपुरवा निवासी मुख्तार (50) कबाड़ बीन कर गुज़ारा करता था। वह शराब का लती था। गुरुवार की सुबह उसका शव गांव के किनारे खड़े पेड़ पर फांसी पर लटका देखा गया।

बाढ़ जैसी आपदा के बीच तैयार कर रहे चुनावी मैदान

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। आपदा में अवसर तलाशने की भारत में पुरानी परंपरा है। कोरोना जैसी महामारी के वक्त भी लोगों ने अवसर तलाश लिया। कारोबारी और तमाम अधिकारी और कर्मचारी मालामाल हो गए। ठीक इसी तरह से शाहाबाद तहसील क्षेत्र में बाढ़ क्या आई अवसर की तलाश में बैठे लोग सक्रिय हो गए और सरकारी माल से अपनी जमीन बनाने में जुट गए। "माल लुटे सरकारी, मिर्जा खेल रहे होली" की कहावत चरितार्थ करते हुए विधानसभा शाहाबाद में मौका परस्तों ने वर्तमान में आयी बाढ़ का भी राजनीति करण करने में सफलता हासिल कर ली।

बाढ़ग्रस्त गांव परेली में जहां एक पूर्व प्रधान ने आपदा में अवसर ढूंढ कर सरकारी बाढ़ राहत को सत्ता की हनक में हथियाकर स्वयं बांट दिया, वहीं वर्तमान प्रधान सुधीर पाल अधिकारियों से गिड़गिड़ाते रहे, लेकिन उनकी नहीं सुनी गई। सत्तारूढ़ दल की एक मंत्री के आसपास घूमने वाली टोली के कारण जिला प्रशासन व तहसील प्रशासन इन लोगों के आगे पूरी तरह बेबस नजर आया। इन लोगों द्वारा प्रधानी चुनाव की गणित के चक्कर में अपनों को राहत तो भर-भर दिलाई, जबकि जरूरत मंद अपना मुंह ताकते रह गये। सबसे हास्यास्पद बात तो यह है कि यह लोग न तो शासन में पदाधिकारी है, न ही चुने गये जन प्रतिनिधि हैं। ऐसी स्थिति में सरकारी राहत सामग्री इन लोगों को कैसे मुहैया हो रही है। परेली में ग्राम प्रधान सुधीर पाल को भी इन कार्यों से दूर रखा जा रहा है, जबकि सरकारी राहत सामग्री अन्य लोग हासिल कर जनता में बांट रहे हैं और अपनी चुनावी पिच तैयार कर रहे हैं।

परेली गांव के वर्तमान प्रधान सुधीर पाल का कहना है कि वह मजबूरी बस कुछ नहीं बोल पा रहे हैं, लेकिन जो हो रहा है निहार थी गलत हो रहा है अधिकारी और तहसील के कर्मचारी बाढ़ से संबंधित सारे दिशा निर्देश मुझे देते रहे और जब राहत सामग्री बांटने की बात आती है तो दूसरों के यहां पहुंचा दी जाती है और दूसरों के हाथों से बनती जा रही है। प्रधान ने बताया कि इस सिलसिले में उनकी कुछ अधिकारियों से बहस भी हुई। सरकारी बाढ़ राहत सामग्री डीएम, एसडीएम, खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार या फिर नायब तहसीलदार जैसे अधिकारी वितरित कर सकते हैं या फिर कोई क्षेत्रीय विधायक या मंत्री हो सकता है। गांव के प्रधान का बाढ़ राहत कार्य में सहयोग लिया जा रहा है लेकिन बाढ़ राहत सामग्री वितरित करवाने में दूसरे लोगों को चुनावी जमीन तैयार करने का मौका दिया जा रहा है।

गौर तलब है कि स्वघोषित भाजपा नेता प्रधानी का चुनाव हारने के बाद विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के पीछे लग गये। चुनाव जीतने के बाद यह खासमखास बन गये। जबकि कि इससे पूर्व यह लोग अन्य दलों के विधायकों के खासमखास थे, लेकिन सत्ता जाते ही अपने जादुई करामात से सत्तारूढ़ दल के खासमखास हो गये। सूत्रों के अनुसार यह लोग नेता विशेष के आसपास ऐसा घेरा बनाये रखते हैं जिसके कारण आम लोग वहां तक पहुंच नहीं पाते। गत महीनों शाहाबाद नगरपालिका चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की हार के लिए यही टोली जिम्मेदार मानी गई थी। इतना ही नही अभी हाल में सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव में भी विधानसभा में भाजपा की हार इसी टोली की वजह से हुई, लेकिन पता नहीं ऐसा क्या है कि इस टोली की सत्ता किसी भी हाल में कमतर होती दिखाई नहीं दे रही हैं।

लंच पैकेट वितरित करतीं बीईओ सपना रावत। अमृत विचार

शिक्षकों ने बाढ़ प्रभावित गांवों में बांटे लंच पैकेट

हरदोई, अमृत विचार। सांडी के ब्लाक संसाधन केंद्र पर ड्यूटी दे रहे बाढ़ पीड़ित गांव के शिक्षकों ने गुरुवार को बाढ़ पीड़ित गांव में जाकर लंच पैकेट बांटे। शिक्षकों के साथ खंड शिक्षा अधिकारी सपना रावत भी उपस्थित रहीं। सुश्री रावत ने शिक्षको के इस मुहिम को सराहा। बीईओ एवं शिक्षकों ने ग्राम रसूलपुर एमा, भगहर, रौरा, मानीमऊ, सढियामऊ व चौधकपुर गांव में आठ सौ लंच पैकेट वितरित किये गए। इस अवसर पर अनवारुल हक, अजीत शुक्ल, प्रभाकर मिश्रा, दुर्गेश तिवारी, मो. अफजाल, संजय शुक्ल, रामौतार सुमन, शशांक अग्निहोत्री, अनुराग तिवारी, शिवम सिंह, शाहीन अख्तर, नीलम रश्मि मिश्रा आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

बाढ़ प्रभावित इलाकों में चलेगा विशेष सफाई अभियान

जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारियों को क्षेत्र में भ्रमण कर राहत व बचाव कार्यों का जायजा लेने का दिया निर्देश

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि जनपद में गर्रा नदी की बाढ़ से प्रभावित तहसील सवायजपुर के 04, शाहाबाद के 25 तथा सदर के 21 गांवों में पानी निकल गया है और बाढ़ प्रभावित ग्रामों की नालियों की सिल्ट सफाई, एंटी लार्वा छिड़काव एवं यूना गिराने आदि की कार्यवाही के लिए तीन दिवसीय विशेष अभियान सुनिश्चित कराया जाए। जल जनित बीमारियों के बचाव के के लिए तहसील सवायजपुर में परियोजना निदेशक डीआरडीए, शाहाबाद में जिला विकास अधिकारी तथा सदर में उपायुक्त श्रम रोजगार को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारियों को निर्देश दिये है कि अपने स्तर से ब्लाक, ग्राम, मजरा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण करे और तीन दिवसीय अभियान चाकर खण्ड विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी व प्रभारी चिकित्सा अधिकारी से समन्वय बनाकर प्रभावी मॉनीटरिंग करें तथा की गयी कार्यवाही की आख्या प्रतिदिन निर्धारित प्रारूप पर प्रतिदिन सायं 05 तक उन्हें उपलब्ध करायें।

बाढ़ प्रभावित तहसीलों में बनाए गए नोडल और प्रभारी अधिकारी

हरदोई, अमृत विचार। मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोहताश कुमार ने बताया है कि जनपद के ब्लॉक साण्डी, बावन, हरपालपुर, बिलग्राम, भरखनी और शाहाबाद के लगभग 97 ग्राम बाढ़ प्रभावित हैं। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद के निर्देश पर गांवों में फैलने वाले संक्रामक रोगों की रोकथाम तथा अन्य स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए गुरुवार को प्रभावित तहसील भरखनी, बावन और शाहाबाद में नोडल अधिकारी और प्रभारी अधिकारी को नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त गांवों में बाढ़ का पानी कम हो गया है ऐसे में यहाँ पर संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका है। नामित अधिकारी इन बाढ़ प्रभावित गांवों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करवाना, एंटी लार्वा स्प्रे का छिड़काव करवाने, क्लोरिन टैबलेट का डेमो करवाकर उसका उपयोग करवाना, डायरिया एवं बुखार के मरीजों को समुचित उपचार देना सुनिश्चित करेंगे। हर गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाकर आवश्यक दवाओं की उपलब्ध करायेंगे। इसके साथ ही जनसमुदाय को साफ सफाई सम्बन्धित स्वास्थ्य शिक्षा देना सुनिश्चित करेंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने नामित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्बन्धित गांवों में माइक्रोप्लान बनायें और हर गांव में सीएचओ, आशा कार्यकर्ता और एएनएम की एक-एक टीम गठित कर उपरोक्त कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जिला मलेरिया अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्राम प्रधान से समन्वय बनाते हुए आवश्यकतानुसार छिड़काव एवं फोगिंग आदि की कार्यवाही तत्परता से की जाये। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता न बरती जाये।

निष्पक्ष व पारदर्शी हो चयन प्रक्रिया : डीएम

हरदोई, अमृत विचार। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में मनरेगा योजनान्तर्गत रिक्त पदों को भरने के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया को तय सीमा में पूर्ण कराये और एजेंसी चयन की प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करायें तथा सेवा प्रदाता एजेंसी के चयन में शासनादेशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी अनुराग द्विवेदी, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार, डीसी मनरेगा रवि प्रकाश व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बाढ़ कंट्रोल रूम में काम करते कर्मचारी। अमृत विचार

बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए कंट्रोल रूम सक्रिय

हरदोई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के निर्देश पर जनपद स्तरीय बाढ़ कंट्रोल रूम लगातार 24 घंटे कार्यरत है। कुल तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। तहसीलों से बेहतर समन्वय हेतु तीन उप जिलाधिकारीयों विनोद कुमार, संजय अग्रहरि व माधव उपाध्याय को पर्यावेक्षण हेतु लगाया गया है। बाढ़ का पानी उतरने के बाद क्षति के आंकलन का कार्य जारी है। क्षति की सूचना कंट्रोल रूम के माध्यम से तहसीलों से प्राप्त की जा रही है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पात्रों को सहायता पहुंचाने में देरी न की जाये। उनके द्वारा कंट्रोल रूम के माध्यम से नियमित रूप से स्थिति की जानकारी ली जा रही है। बाढ़ पीड़ित सीधे किसी भी सहायता के लिए कंट्रोल रूम नंबर 05852-299155, 299156, 299157 (लैंडलाइन) तथा 9454416606 (मोबाइल) पर कॉल कर सकते हैं।

गर्रा नदी में एक और महिला ने लगाई छलांग

हरदोई, अमृत विचार। पति के साथ कचहरी से वापस लौट रही पत्नी ने पुल पर पहुंचते ही गर्रा नदी में छलांग लगा दी। शनिवार से गुरुवार के बीच बीते छह दिनों में ऐसा तीसरी बार फिर हुआ, जिसे ले कर लोगों के बीच बहस छिड़ी हुई है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को सवायजपुर कोतवाली के बडौरा निवासी राजू अपनी पत्नी रिंकी को साथ ले कर कचहरी से वापस घर जा रहा था। राजू की बाइक गर्रा नदी पर पहुंची, उसी बीच रिंकी ने नदी में पैसे डालने के लिए उसे रोका, उसके रुकते ही रिंकी ने गर्रा नदी में छलांग लगा दी। राजू समझ ही नहीं पाया कि क्या हो गया। रिंकी की तलाश के लिए आपरेशन रेस्क्यू शुरु कर दिया गया, लेकिन खबर लिखे जाने तक उसका कुछ पता नहीं चल सका था। बताते चलें कि शनिवार को लोनार थाने के बरवन निवासी जगदीश की पत्नी रेशमा देवी और उसके दूसरे ही दिन रविवार को उसी थाने के बाज़पुर नकटौरा निवासी अनुज की पत्नी पप्पी इसी तरह गर्रा नदी में छलांग लगा चुकी है।

विधायक ने बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री

सवायजपुर, हरदोई, अमृत विचार। विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने क्षेत्र के बाढ़ग्रस्त इलाकों का दौरा करते हुए चंद्रमपुर व टपुआ में पीड़ितों की समस्याएं सुनी। बीरमपुर के आठ और ललुआपुर गांव के पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की। कहा कि सरकार दु:ख की इस घड़ी में उनके साथ हर तरह से खड़ी है। सभी फसलों के नुकसान का सर्वे कराया जा रहा है और जल्द ही मुआवजा दिलाया जाएगा। बाढ़ग्रस्त घरों को लेखपाल के माध्यम से चिन्हित कराकर आवश्यक खाद्य सामग्री एवं शासन स्तर से उपलब्ध किट का वितरण भी सुनिश्चित किया जा रहा है। जिनके कच्चे मकान गिर गए उनको मुख्यमंत्री आवास योजना के नए मकान दिलाये जायेंगे। ग्रामीणों ने विधायक से गांव के क्षतिग्रस्त बेझा मंझा मार्ग और पुलिया के निर्माण की मांग की।

बीएसए का तबादला सिफारिश पर निरस्त

हरदोई, अमृत विचार। निदेशक राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद उ.प्र. लखनऊ के कार्यालय आदेश संख्या रा.शै./10157-71/2024-25 दिनांक 30 जून 2024 को बीएसए विजय प्रताप सिंह का तबादला राज्यपाल की सिफारिश पर निरस्त कर दिया गया है। उप सचिव शैलेश कुमार तिवारी ने जारी आदेश में कहा है कि विजय प्रताप सिंह तत्काल बीएसए हरदोई का कार्यभार ग्रहण करें। शासन ने विजय प्रताप सिंह का तबादला निरस्त होने के बाद बीएसए रतन कीर्ति को एमडीएम प्राधिकरण का सहायक उप निदेशक बनाया है।

एचआईवी पाजिटिव बताई गई प्रसूता कर रही आत्महत्या करने की कोशिश

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। पत्नी की एचआईवी पाज़िटिव की गलत रिपोर्ट आने के बाद से छुन्ने लाल अजीब उलझन में उलझा हुआ है। उसने सीएमओ ऑफिस पहुंच कर अपनी बेबसी बयां करते हुए कहा कि निजी लैब से पत्नी की गलत रिपोर्ट का खुलासा होने के बाद जो उसके अपने थे, सभी दूरी बना रहे हैं। काम-धंधा चौपट हो गया है। उसी सदमे के चलते पत्नी बार-बार आत्महत्या करने की कोशिश कर रही है। उधर लैब संचालक शिकायत वापस लेने के लिए धमकी दे रहा है।

निराशा

▸▸ **महिला के पति ने सीएमओ ऑफिस पहुंचकर बताया दर्द**

बताते चलें कि पाली थाने के भरखनी निवासी छुन्ने लाल ने पाली के एक निजी हास्पिटल के डाक्टर के कहने पर वहीं की निजी लैब में पत्नी की जांच कराई थी। रिपोर्ट में पत्नी को एचआईवी पाज़िटिव बताया गया था, ऐसी रिपोर्ट आने पर डाक्टर ने एचआईवी का डर दिखाकर उससे 55 हज़ार रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित ने जब दूसरी जगह से जांच कराई तो उसमें एचआईवी निगेटिव आया। उसके बाद उसने निजी हास्पिटल और निजी लैब की शिकायत की थी। सीएमओ ऑफिस पहुंचे छुन्ने लाल का कहना है कि ऐसी गलत रिपोर्ट से उसके अपने उससे मिलना-जुलना छोड़ दिया। निराशा में पत्नी सुमन बार-बार सुसाइड करने की कोशिश करती है। उसने सीएमओ से मांग की है कि समाज के सामने उसके परिवार को गलत ठहराने वाले लैब संचालक और 55 हज़ार रुपये ऐठने वाले डाक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

सार-संक्षेप

तय तिथियों में पूरी करें छात्रवृत्ति वितरण की कार्यवाही

हरदोई, अमृत विचार। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया है कि शैक्षिक सत्र-2024-25 में अल्पसंख्यक वर्ग हेतु दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत सम्बन्धित विद्यालयों/मदरसों को मास्टर डाटा बेस में शामिल होने वाले छात्रों द्वारा आनलाइन आवेदनों से छात्रवृत्ति वितरण तक की समस्त कार्यवाही निर्धारित तिथियों मे पूर्ण की जायेगी। बताया कि 10 जुलाई से 5 दिसम्बर तक शिक्षण संस्थान द्वारा मास्टर डाटा तैयार करने की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। 12 जुलाई से 10 दिसम्बर तक विश्वविद्यालय/एफिलेयेटिंग एजेन्सी/जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा फीस आदि का सत्यापन किया जायेगा। 12 जुलाई से 16 दिसम्बर तक छात्रों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किये जायेगें। 18 नवम्बर तक छात्र द्वारा फाइनल प्रिन्टआउट निकालना व त्रुटियों को सुधार करने आदि की कार्यवाही की जायेगी। 20 नवम्बर तक हार्डकापी छात्र/छात्राओं द्वारा वांछित संलग्नकों सहित शिक्षण संस्था मे जमा किया जायेगा, तथा 25 नवम्बर तक शिक्षण संस्थान द्वारा आवेदन पत्र को आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। उन्होंने समस्त शिक्षण संस्थाओं से कहा है कि उपरोक्त समय सारिणी के अनुसार दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ती से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों का मास्टर डाटा तैयार करना, सत्यापन, लॉक करना एवं पात्र छात्रों को छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन कराना सुनिश्चित करें।

बालिका के अपहरण में सुनाई गई कैद की सजा

हरदोई, अमृत विचार। अपर सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार सिंह ने एक फैसले में एक बालिका को बहला फुसलाकर उसका अपहरण करने के मामले में आरोपी को जुर्म साबित होने पर पांच साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई है। जज ने आरोपी पर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। शासकीय अधिवक्ता अमलेंद्र सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र बघौली के जासू गांव के निवासी श्यामा कुमार ने चार मार्च 2013 को एक बालिका को बहला फुसलाकर उसका अपहरण कर लिया। इस मामले की रिपोर्ट बालिका के पिता ने दर्ज कराई। न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों की दलीलों को सुनकर आरोपी पर जुर्म साबित पाया।

अश्लील हरकतें करने का आरोपी भेजा गया जेल

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। परचून की दुकान पर दवा लेने गयी बालिका के साथ वृद्ध ने अश्लील हरकतें की। पीड़ित बालिका के पिता की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध पास्को अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसकी पांच वर्षीय पुत्री बुधवार को गांव में ही परचून की दुकान चलाने वाले ओमप्रकाश उर्फ नन्हा दुकानदार की दुकान पर बुखार की टेबलेट लेने गयी थी। दुकानदार ने पुत्री को अंदर बुलाकर उसके साथ अश्लील हरकतें की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी व्यक्ति के विरुद्ध रात में ही अश्लील हरकतें करने व पास्को अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाल अनिल सैनी ने बताया कि आरोपी को गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान तेज, दो सीज

मुंशीगंज, अमेठी। पिछले एक महीने के भीतर हुई सड़क दुघर्टनाओं को शासन ने गंभीरता से लिया है। शासन के निर्देश पर पीटीओ मनोज कुमार शुक्ल और एआरएम काशी प्रसाद ने डग्गामार वाहनों के विरुद्ध संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया है। दो दिन के भीतर अभियान के दौरान दो वाहनों को सीज किया गया है। चार वाहनों का चालान किया गया है। जिले के सभी मार्गों पर डग्गामारी तेज है। डग्गामार वाहन रोडवेज को रोज लाखों रुपए का चूना लगा रहे हैं। डग्गामार वाहनों के चालक अधिक सवारियां भरते हैं और कमाई करने के लिए ओवर लोडिंग करते हैं।

स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप : हरदोई को मिले नौ मेडल

संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार

लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित हुई ताइक्वांडो स्टेट चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने अपने-अपने भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल कर जिले का नाम गौरवान्वित में किया। जीत कर वापस लौटने पर सभी खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत हुआ।

ताइक्वांडो कोच गुफरान ने बताया कि लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 40वीं सब जूनियर, 8वीं कैडेट, 42जूनियर और 41वीं सीनियर क्योरु और 8वीं पमसे चैंपियनशिप का आयोजन हुआ था। जिसमें जिले से सब जूनियर बालक वर्ग में अंडर 25 किलो भार वर्ग में साजेव ने गोल्ड मेडल, 27 किलो भार वर्ग में किशन मिश्रा ने बालिका वर्ग में ब्रांड मेडल, 24 किलो भार वर्ग में भूमिका और 37किलो भार वर्ग में रक्षिता, 29किलो भार वर्ग में आध्विक राज और 41किलो भार वर्ग में प्रिशू ने ब्रांज मेडल हासिल किया। बालिका 42 किलो भार वर्ग में दिव्यांशी श्रीवास्तव में गोल्ड मेडल हासिल किया। कार्तिकेय गुप्ता ने जूनियर बालक वर्ग में 59 किलो भार वर्ग में ब्रांज मेडल हासिल किया। कैडेट में बालक वर्ग में 45 किलो भार वर्ग में अक्षत सिंह ने सिल्वर मेडल हासिल किया। सभी विजेताओं का एलओसी हिल्स पब्लिक स्कूल में जोर स्वागत हुआ।

कार्यक्रम कृषक सभागार में तिलहन मेला, किसान दिवस व भूमि संरक्षण समिति की बैठक का हुआ आयोजन

बाढ़ से प्रभावित हर पीड़ित को मिलेगी सरकारी मदद

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। कृषक सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती की अध्यक्षता में तिलहन मेला, किसान दिवस व भूमि संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती व जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने हाल में हुए सड़क हादसों को लेकर कहा कि कोई भी सड़क के किनारे न सोये। साथ ही उन्होंने किसानों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए कहा।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सरकार की योजनाओं का किसान बंधु लाभ उठायें। बाढ़ के दौरान हर प्रभावित की नियमानुसार सहायता के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। फसल बीमा योजना व किसान समृद्धि योजना जैसी योजनाओं से किसानों को मजबूती मिली है। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिन्हित नालों की मनरेगा योजना के अंतर्गत साफ कराया जाये। कृषि विकास योजना के अंतर्गत खेत तालाब को प्रोत्साहन दिया जाये। एफएसएसआई लाइसेंस के लिए कम से कम एक दर्जन एफपीओ को आवेदन कराया जाये। एफपीओ को कम ब्याज पर ऋण देकर व्यवसाय को प्रोत्साहित किया जाये। मंच पर शीर्ष 10 एफपीओ से जुड़े किसानों को सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से सरकार की किसान परक योजनाओं की जानकारी किसानों को मिलती है। उन्होंने कहा कि बाढ़ से प्रभावित प्रत्येक किसान के खेत का सर्वे कराया जायेगा। बोये गए क्षेत्रफल के अनुसार अधिक से अधिक लाभ दिलाया जायेगा। जिनका मकान गिरा होगा उन्हें मकान दिया जायेगा। बाढ़ की समस्या में शासन व प्रशासन लोगों के साथ है।

पौधरोपण करतीं अध्यक्ष जिला पंचायत प्रेमावती। अमृत विचार

भाई की बरात गई बहन की सड़क हादसे में मौत

हरदोई, अमृत विचार। भाई की बरात में शामिल होने के साथ पति के साथ बाइक से वापस लौट रही बहन की सड़क हादसे में मौत हो गई। लोनार थाने के बगदाद (बावन) निवासी भीमराव की ससुराल उसी थाने के दुलारपुर में है। 12 जुलाई को उसके साले प्रेमराज की बरात थी। प्रेमराज अपनी 28 वर्षीय पत्नी रेखा के साथ दुलारपुर गया था। रेखा गुरुवार की दोपहर पति प्रेमराज के साथ बाइक से वापस घर लौट रही थी। उसी बीच लोनार थाने के गर्रा नदी पुल पर पीछे से आ रही दूसरी बाइक प्रेमराज की बाइक में टक्कर मार दी, हादसे में गंभीर रूप से घायल रेखा की मौत हो गई। रेखा के तीन बेटे और दो बेटियां हैं।

बैठक करते पेंशनर्स कल्याण संस्था के पदाधिकारी। अमृत विचार

नर्सिंग होम ने पेंशनर का इलाज करने से किया मना

हरदोई, अमृत विचार। पेंशनर्स के हितों के रक्षार्थ उपरोक्त संस्था की मासिक बैठक कोषांगार में गुरुवार को हुई। बैठक में प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश्वर पाण्डेय व जनपद सीतापुर के अध्यक्ष विश्वनाथ दीक्षित, रामसगर मिश्र व अशोक पटेल मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष बुद्धिसागर शुक्ला एवं मंत्री डॉ कमलकांत बाजपेई, संयुक्त मंत्री रामनरेश द्विवेदी व अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का शाल ओढ़कर माल्यार्पण किया। उसके बाद संस्था में पेंशनर बैठक में आये पदाधिकारियों ने इन सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। नवीन सदस्यों में राकेश मिश्रा स्टेनो जिलाधिकारी, शिवप्रसाद श्रीवास्तव सेवा निवृत आबकारी विभाग, नरेश आयुर्वेद विभाग व लज्जावती आदि ने सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की गई।

एक नजर

रूपापुर में एक मकान में शार्ट सर्किट से लगी आग

पाली, हरदोई। सवायजपुर थाना क्षेत्र के रूपापुर में बुधवार रात को शार्ट सर्किट से एक घर में आग लग गई, सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। फर्रुखाबाद जिले के राजेपुर थाना क्षेत्र के डबड़ी गांव निवासी सत्येंद्र रूपापुर में किराए के मकान में रहता है। बुधवार रात उसके मकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई। सत्येंद्र की सूचना पर रूपापुर चौकी पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई। आग से कुछ घरेलू सामान जल गया। चौकी इंचार्ज ने बताया कि कोई भी जनहानि नहीं हुई है और आग शार्ट सर्किट से लगी थी।

पुलिस ने छह जुआरियों को हिरासत में लिया

पाली, हरदोई। थाना पुलिस ने कस्बा निवासी 6 युवकों को हिरासत में लिया है। बताते चलें कि पाली कस्बे में जुआं हो रहा था, जिसका किसी ने वीडियो बनाकर गुरुवार को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो का स्थानीय पुलिस ने संज्ञान लिया और सभी छह जुआरियों को हिरासत में लिया है। जिनके नाम जगदीश, मंजेश उर्फ पतलू, रमी, विष्णु, संजय उर्फ छंगा, अनुज निवासीगण मोहल्ला पटियानीम हैं।

श्रीकृष्ण जन्म महोत्सव का किया वर्णन

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। शीतला देवी माता मंदिर नवीनगर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में श्री वृन्दावन धाम से आए हुए कथा व्यास अखिलेश महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा में प्रभु श्री राम चरित्र और श्रीकृष्ण जन्म महोत्सव का सुंदर वर्णन किया। व्यास ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा और उनके अनुकरणीय चरित्र की अमृत वर्षा करते हुए श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

अच्छा एक्स-रे कराने को पड़ेंगे ज्यादा रुपये

मेडिकल कॉलेज की एक्स-रे यूनिट में हुआ हंगामा, चौकीदार के हाथ ली जा रही रिश्वत

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। मेडिकल कालेज की एक्स-रे यूनिट में अच्छा एक्स-रे करने के नाम पर रिश्वत लिए जाने का मामला सामने आया है, जिसके बाद वहां हंमामा भी हुआ। मेडिकल के लिए भेजे गए मरीज के साथ आए चौकीदार को रुपये के लिए इशारा किया गया, वहां रुपये देते हुए उसी मरीज के रिश्तेदारों ने देख लिया और इस पर हंगामा खड़ा हो गया। बताते हैं कि चाहे एमएलपीसी (पुलिस केस) हो या एमएलवीसी (प्राइवेट) हर एक्स-रे में इसी तरह से रिश्वत ली जाती है, फिर भी मेडिकल कालेज प्रशासन चुप है।

एक्स-रे यूनिट में होती नोकझोंक व मौजूद पुलिस।

पिहानी कोतवाली के कल्याणी निवासी बुजुर्ग रामशरण पुत्र मेवाराम की उसी गांव के कुनेन्द्र ने पुरानी रंजिश के चलते पिटाई कर दी थी। रामशरण ने पुलिस को तहरीर दी, जिस पर उसका मेडिकल कराया गया और गुरुवार को उसे एक्स-रे के लिए मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। मजरूब रामशरण के साथ आए चौकीदार बलवीर ने बताया कि एक्स-रे यूनिट के अंदर उसे रुपये के लिए इशारा किया गया, मजरूब को बताया गया कि एक हज़ार रुपये देने पर उसका अच्छे से एक्स-रे होगा। घूसखोरी को लेकर मशरण के रिश्तेदारों और एक्स-रे यूनिट में काम कर रहे लोगों के बीच देर तक काफी तीखी बहस होती रही। लोगों का कहना है कि ऐसा हर बार होता है, लेकिन मेडिकल कालेज प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है।

शिकायत न करने के लिए बनाया दबाव

मेडिकल कालेज की एक्स-रे यूनिट में रिश्वत लिए जाने की शिकायत न हो, इसके लिए काफी दबाव बनाया गया। रामशरण का कहना है कि वह सीएमएस से शिकायत करने के लिए बढ़ा, उसी बीच उसे रास्ते में रोक कर उस पर शिकायत न करने का दबाव बनाया, साथ ही कहा कि कोई पैसे नहीं मांगेगा और एक्स-रे भी अच्छा होगा।

रुपये लेकर स्वास्थ्यकर्मी को दिए

बकौल चौकीदार मजरूब ने उसे एक हज़ार रुपये दिए और वही रुपये उसने एक्स-रे करने वाले को जमा दिए। कुछ रिश्तेदारों ने उसे रुपये देते हुए देख लिया और सरकारी केस में रिश्वत लिए जाने पर वहां हंगामा होने लगा। रा

मां के लिए खाना बना रहे किशोर को सर्प ने डसा, मौत

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। 12 साल का बेटा अपनी लकवा पीड़ित मां के लिए खाना बना रहा था। उसी बीच उसे सांप ने डंस लिया। पिता और उसका बड़ा भाई निमंत्रण से वापस आये तो पता चला। उसे मेडिकल कालेज ले जाया गया, जहां मौत हो गई।

सुरसा थाने के दलेलपुर निवासी लज्जाराम की पत्नी रामलली लकवा पीड़ित है। उसके तीन बेटों में बड़ा बेटा बाहर है। 15 वर्षीय बेटा हिमांशु और 12 वर्षीय प्रांशू घर में रहकर घरेलू कामकाज में हाथ निपटाते हैं। बुधवार की सुबह लज्जाराम बड़े बेटे हिमांशु के साथ अपने मामा के घर न्यौते में आदमपुर गया था। शाम को प्रांशू मां के लिए खाना बना रहा था, उसी बीच उसे सांप ने डंस लिया। लज्जाराम वापस लौटा और प्रांशू की गंभीर हालत देखकर उसे मेडिकल कालेज ले गया, लेकिन उसी बीच प्रांशू की मौत हो गई।

छत पर सो रहे युवक को सांप ने डसा, मौत

हरदोई, अमृत विचार। मकान छत पर सो रहे युवक को सांप ने डस लिया। मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पिहानी कोतवाली के हिंदू नगर निवासी विजय पाल के 20 वर्षीय पुत्र कमलेश राठौर को मंगलवार की देर रात सांप ने डंस लिया था।

नहर में डूबे युवक का शव 15 घंटे बाद हुआ बरामद

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। शारदा नदी में नहा रहा युवक अचानक पानी में डूब गया। युवक की तलाश के लिए गोताखोरों को लगाया गया। 15 घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान गुरुवार की सुबह शव बरामद किया जा सका। जिसे पुलिस ने अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। बताया गया है कि बुधवार की शाम हरियावां के कछुआपुर निवासी मोहन का 19 वर्षीय पुत्र गोविन्द गांव के पास से निकली शारदा नहर में नहाने गया था। नहाने के दौरान वह एका-एक गहराई में जाने से डूब गया था। गोविन्द अपने माता पिता का इकलौता बेटा था, उसकी एक बहन है। हादसे की खबर सुनते ही उसके घर में को कोहराम बरपा हो गया।

खेती-बाड़ी करने वाले मोहन का इकलौता पुत्र गोविन्द 10 वीं की पढ़ाई पूरी कर चुका था। वह आगे भी पढ़ना चाहता था, इसके लिए उसने कुछ स्कूलों में पहुंच कर वहां बात कर रखी थी। मोहन ने बताया कि उसके पुत्र को पढ़ने का काफी शौक था, पढ़ाई के साथ वह खेती-बाड़ी में भी ध्यान देता था।

पांच दिनों से उमरौली और मढ़िया गांव की बत्ती गुल

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। पिछले लगभग 5 दिनों हो रही बिजली की समस्या से दो गांवों के सैकड़ों लोगों परेशान हैं। जब उनका सब्र जवाब दे गया तो दर्जनों लोग पावर हाउस जा पहुंचे। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों के समक्ष समस्या रखी। विभाग के अधिकारी ने जेई व अन्य कर्मचारियों को फटकार लगाई और तुरंत समस्या दूर करने के निर्देश दिए।

बताते चलें कि ग्राम सभा महोलिया शिवपार के मजरा मढ़िया और उमरौली में पिछले 5 दिनों से बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है। बताया जाता है कि रविवार को ट्रांसफार्मर फुंका था तब से लेकर आज तक बिजली आपूर्ति बाधित है। जिससे दोनों गांव के लोगों को बड़ी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। रात अंधेरे में गुजरनी पड़ रही है। बरसात की रात में लोगों को कीड़े मकोड़ों का भी भय बना बना रहता है। इसके साथ ही दिन में हो रही भीषण गर्मी भी लोगों के लिए परेशानी का सबक बनी हुई है। लोगों ने जेई से बड़ा ट्रांसफार्मर रखने की बात की। बात नही बनीं तो लोगों का सब्र जवाब दे गया। मढ़िया और उमरौली के लगभग 40 से 50 लोग साण्डी रोड स्थित पॉवर हाउस जा पहुंचे जहां उन्होंने एक्सियन के समक्ष अपनी समस्या रखी। एक्सियन ने एसडीओ और जेई से पूछा। उन्होंने जेई व लाइनमैन सहित अन्य कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए तुरंत नया ट्रांसफार्मर रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर सुशील यादव, पप्पू, राहुल, नदीम, चमन, रमन, हसीन, अनमोल, शिव सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



गांव में 100 केवी का ट्रांसफॉर्मर रखने की मांग

मढ़िया और उमरौली गांव को पिछले लगभग 20 सालों से एक ही ट्रांसफार्मर से बिजली के सप्लाई होती चली आ रही है। 63 केवी का ट्रांसफार्मर रखा है। जिससे बिजली की सप्लाई हो रही है। धीरे-धीरे उपभोक्ता भी बढ़ गए लेकिन ट्रांसफार्मर नहीं बदला। ट्रांसफार्मर आज भी वही चल रहा है। लोड अधिक होने के कारण आए दिन ट्रांसफार्मर फुक जाता है और लोगों को बिजली की समस्या से जूझना पड़ता है। इस संबंध में गांव वालों ने कई बार विभागीय अधिकारियों से 100 केवी ट्रांसफॉर्मर रखे जाने की मांग की। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अगर बड़ा ट्रांसफार्मर न रख पाए तो दोनों गांव के अलग-अलग ट्रांसफार्मर रख दिए जाएं ताकि बार-बार ट्रांसफार्मर फुंकने की समस्या से लोगों को बिजली के संकट से न जूझना पड़े लेकिन आज तक इस संबंध में कोई कार्य नहीं हुआ।

जेई ने दी सफाई

मढ़िया और उमरौली गांव में आ रही बिजली समस्या के संबंध में जब जेई पूछा गया तो जेई ने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण बिजली नहीं आ रही थी। ट्रांसफार्मर बदल दिया गया। शाम तक बिजली चालू हो जाएगी। उन्होंने बताया कि दो गांव को बिजली एक ट्रांसफार्मर से सप्लाई होने के कारण ट्रांसफार्मर बार-बार फुंक जाता है। ओवरलोड होने के कारण यह समस्या हो रही है।

बर्खास्त कर्मचारी पोस्टमार्टम हाउस के अंदर घूमता मिला

संवाददाता, हरदोई,

फॉलोअप

अमृत विचार। पोस्टमार्टम हाउस में डेड बाडी से लूट करने का आरोपी बर्खास्त कर्मी आखिर किसके इशारे पर पोस्टमार्टम हाउस के अंदर दाखिल हुआ। इसके अलावा और भी कई सवाल है, लेकिन कोई भी उन सवालों का जवाब नहीं दे पा रहा है। इस बारे में कुछ चौका देने वाली बातें सामने आ रही है। एक तो पहले वह डाक्टर कक्ष में न सिर्फ पहुंचा, बल्कि वहां रुका भी। कम्प्यूटर पर अभिलेख फीड कर रहे आपरेटर से वार्ता की। माना जा रहा है कि बर्खास्त कर्मी का वहां पहुंचने के पीछे कोई तो मकसद रहा होगा, लेकिन ज़िम्मेदार ऐसा कुछ नहीं कहकर पल्ला झाड़ रहे हैं। बताते चलें कि पोस्टमार्टम हाउस में डेड बाडी से लूट मामले में सीएमओ डा. रोहिताश्व ने आउट सोर्सिंग कर्मी रूपेश पटेल, वाहिद और अवधेश कुमार को बर्खास्त करते हुए फार्मासिस्ट पंकज सचान व अरुण कुमार का तबादला कर दिया था। रूपेश पटेल व वाहिद के खिलाफ कोतवाली शहर में केस भी दर्ज कराया गया था। पुलिस जांच कर रही है, उसी बीच रविवार को बर्खास्त कर्मी वाहिद पोस्टमार्टम हाउस के अंदर न सिर्फ पहुंचा, बल्कि वहां 30 से 35 मिनट तक रुका रहा।

शराब बनाने व बेचने के खिलाफ चलेगा अभियान

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। जिलाधिकारी/जिला मजिस्टेट मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी रोकने के दृष्टिगत रखते हुए अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री तथा तस्करी पर अंकुश लगाये जाने हेतु प्रभावी प्रवर्तन कार्य किया जाना आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि उक्त टीम अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त माफियाओं/तस्करों की जो सूची तैयार उपलब्ध कराई गई है, उनके विरूद्व आवश्यकतानुसार गैगस्टर/गुण्डा एक्ट की कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

उन्होंने कहा कि संदिग्ध वाहनों की सघनता एवं सूक्षमता से चेकिंग कराई जाये। प्रदेश स्तर पर संचालित टोल फ्री नम्बर 14405 तथा व्हाट्सप नम्बर 9454466019 का प्रचार-प्रसार किया जाये ताकि आम जनता बिना किसी भय के इन नम्बरों पर अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री की सूचना दी जा सके। जिन आबकारी दुकानों पर उक्त नम्बरों को अंकित नहीं कराया गया है, तत्काल उन दुकानों पर उक्त नम्बरों का अंकन सुनिश्चित किया जाये। किसी भी दशा में अवैध मदिरा की तस्करी न होने पाये। उन्होंने कहा कि उक्त टीमें प्रत्येक दिवस दबिश करेगी। प्रभावी कार्य हेतु उपरोक्त गठित टीमें सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन, राज्य कर अधिकारी, प्रभागीय वन अधिकारी, क्षेत्रीय प्रबन्धन परिवहन निगम अधिकारी से भी समन्वय स्थापित करते हुए प्रवर्तन कार्य मे यथावश्यक सहयोग प्राप्त करेंगे। सभी टीमें पूर्ण मनोयोग से सम्बन्धित थाने के पुलिस बल का सहयोग लेते हुए विशेष प्रर्वतन कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी पर रोक लगाने हेतु 17 से 26 जुलाई 2024 तक विशेष प्रर्वतन अभियान चलाये जाने हेतु आबकारी, पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीमों का गठन किया जाता है।

गठित की गईं टीमें

टीम 01 में प्रशासन की ओर से उप जिलाधिकारी सदर/तहसीलदार सदर, आबकारी निरीक्षक सदर एवं समस्त स्टाफ तथा क्षेत्राधिकारी सदर/सम्बन्धित थानाध्यक्ष टीम के सदस्य होगे। इसी प्रकार टीम 02 में उप जिलाधिकारी शाहाबाद/तहसीलदार शाहाबाद, आबकारी निरीक्षक शाहाबाद एवं समस्त स्टाफ तथा क्षेत्राधिकारी शाहाबाद/सम्बन्धित थानाध्यक्ष टीम के सदस्य होंगे। टीम 03 में उप जिलाधिकारी सण्डीला/तहसीलदार सण्डीला, आबकारी निरीक्षक सण्डीला एवं समस्त स्टाफ तथा क्षेत्राधिकारी सण्डीला/सम्बन्धित थानाध्यक्ष टीम के सदस्य होगे। टीम 04 में उप जिलाधिकारी बिलग्राम/तहसीलदार बिलग्राम, आबकारी निरीक्षक बिलग्राम एवं समस्त स्टाफ तथा क्षेत्राधिकारी बिलग्राम/सम्बन्धित थानाध्यक्ष टीम के सदस्य है, तथा टीम 05 में उप जिलाधिकारी सवायजपुर/तहसीलदार सवायजपुर, आबकारी निरीक्षक सवायजपुर एवं समस्त स्टाफ क्षेत्राधिकारी सवायजपुर/सम्बन्धित थानाध्यक्ष टीम के सदस्य होगे।

अनाथ व गरीब बच्चों को स्टेशनरी उपलब्ध कराना ही मकसद

स्टेशनरी के साथ छात्र-छात्राएं व शिक्षक सत्य प्रकाश सिंह। अमृत विचार

संवाददाता, कमलापुर, सीतापुर

अमृत विचार। पार्वती विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल कसमंडा में स्थापित श्री ओम प्रकाश सिंह स्टेशनरी बैंक ने छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी उपलब्ध कराई। विद्यालय के शिक्षक सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि स्टेशनरी बैंक का उद्देश्य ऐसे छात्रों को निःशुल्क कॉपी पेन पेंसिल रबड़ आदि सामग्री उपलब्ध कराना है जो गरीब परिवारों के रहने वाले हैं या जिनके माता-पिता नहीं है। प्रधानाध्यापक अमरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया विद्यालय में शिक्षक सत्य प्रकाश सिंह के द्वारा स्टेशनरी बैंक की स्थापना की गई है जिसमें वह स्वयं अपने वेतन से कॉपी पेन पेंसिल रबर आदि स्टेशनरी खरीद में समाज के सुविधा संपन्न लोगों से मदद ली जाती है।

समारोह में जनप्रतिनिधियों के न आने से कार्यकर्ता मायूस

संवाददाता, हरगांव, सीतापुर

अमृत विचार। धौरहरा के हरगांव विधान सभा में गुरुवार को भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के आदेशानुसार मतदाता अभिनंदन समारोह का कार्यक्रम कल्यानपुर गांव मे सुमित्रा सिंह गया सिंह चौहान महाविद्यालय मे भाजपा जिलाध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक कारगार राज्यमंत्री की गैर मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। जनप्रतिनिधियों के कार्यक्रम में उपस्थित न होने से कार्यकर्ता मायूस दिखे।

कार्यक्रम मे पहुंचे जिला उपाध्यक्ष सुधाकर शुक्ल ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की कविता क्या हार में क्या जीत में, किचिंत नहीं भयभीत मैं। मार्ग में जो कुछ मिला वह भी सही ये भी सही सुनाकर जोश भरने का काम किया।

मतदाता अभिनंदन समारोह में मौजूद अतिथि। अमृत विचार

झरेखापुर मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह ने कहा कि हार का मुख्य कारण पार्टी के कार्यकर्ताओं की उपेक्षा रही। कार्यकर्ताओं के ऊपर विपत्ति आने पर पार्टी के नेता व जनप्रतिनिधि कतई उनकी सुधि लेने को तैयार नही होते है। जिससे कार्यकर्ता मायूस हो जाता है। मंडल अध्यक्ष हरगांव संजय जायसवाल ने कहा कि मैं कार्यकर्ताओं के लिए हमेशा कमर कस कर कार्य करने के लिए तैयार रहता हूं। बीते चुनाव में कुछ कमियां रहीं जिनके कारण चुनाव परिणाम संतोषजनक नहीं रहे। उन कमियों को समय रहते सुधार कर लिया जायेगा। समारोह को मंडल अध्यक्ष गोपाल शास्त्री, नैमिष रत्न तिवारी, जिला मंत्री सुनील मिश्र आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन संजय दीक्षित ने किया। इस अवसर पर नगर पंचायत हरगांव अध्यक्ष गफ्फार खान, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश वर्मा, जिलाध्यक्ष प्रधान संगठन कुलदीप सिंह तोमर, अवनीश सिंह, अनुराग मिश्र, प्रदीप मिश्र, बृजेंद्र सिंह, अनुज शुक्ल, धर्मेन्द्र शुक्ल, त्रिभुवन वर्मा, धर्मेन्द्र यादव, बंटन प्रधान, रामू मिश्र, आदि भारी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

किसान दिवस | सीडीओ ने अनुबंध के आधार पर कमल की खेती की दी जानकारी

किसानों की शिकायत के निस्तारण में न बरतें लापरवाही

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को जनपदस्तरीय किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं को सुनकर उनका प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन किसानों की शिकायत के निस्तारण के प्रति सरकार अत्यन्त गंभीर है। उन्होंने निर्देश दिया कि किसानों की शिकायतों के निस्तारण में अधिकारी लापरवाही न बरतें।

क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर समय से बदलवाये जाने के निर्देश देते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि स्टोर से भेजे जाने के पूर्व ट्रांसफार्मरों की जांच अवश्य करा ली जाये, जिससे अनावश्यक विलम्ब न हो। किसानों की मांग पर जिलाधिकारी ने कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसानों को कृषि की उन्नत तकनीकी के विषय में जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान करें। सीडीओ निधि बंसल ने किसानों को अनुबंध के आधार पर कमल की खेती कराये जाने जाने के विषय में जानकारी दी। किसान दिवस के दौरान जिला कृषि अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत आदि थे।

सभागार में किसानों की समस्याएं सुनते डीएम अभिषेक आनंद। अमृत विचार

पराविधिक स्वयंसेवकों को दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। जनपद न्यायालय परिसर में स्थित नवीन सभागार में समस्त नवनियुक्त पराविधिक स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण 16 व 18 जुलाई को कराया गया। उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में सुजीत बाजपेई, डिप्टी चीफ, लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम व शुभॉशी तिवारी, असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम तथा विमल मोहन मिश्रा, मध्यस्थ अधिवक्ता ने प्रशिक्षण प्रदान किया। साथ उक्त प्रशिक्षण में कुछ पुराने पी.एल.वी. ने भी अपने विचार प्रकट किये गये व जानकारी को साझा किया गया। प्रशिक्षण के समापन के दौरान अपर जिला जज प्रथम ज्ञान प्रकाश तृतीय, व अपर जिला जज स्पेशल पाक्सो कोर्ट संख्या-14, भगीरथ वर्मा तथा अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, निशा झा, अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, अंशु शुक्ला अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम, स्वरांगी शुक्ला, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय ने उपस्थित समस्त पीएलवी को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व पी.एल.वी. के कार्यो के बारें में जानकारी प्रदान की।

सार-संक्षेप

बैठक को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन।

एक पेड़ मां के नाम अभियान को लेकर की बैठक

हरदोई, अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन की अध्यक्षता में वृक्षारोपण "एक पेड़ मां के नाम" अभियान हेतु बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि एमएलसी अवनीश कुमार मौजूद रहे। एमएलसी अवनीश कुमार ने डीसीबी अध्यक्ष अशोक सिंह के हवाले से बताया कि जिले में संचालित 65 सहकारी संघों के माध्यम से प्रत्येक संघ के द्वारा 10 वृक्ष लगाए जाएंगे। जिन सूचीबद्ध सहकारी संघ के सदस्य द्वारा लगाए गए पेड़ विकास के पैमाने पर खरे पाए जाएंगे, उन्हें एमएलसी अवनीश कुमार अपनी ओर से सम्मानित भी करेंगे। इसके साथ ही पूरे जिले में भारतीय जनता पार्टी के सभी मंडलों में वृक्षारोपण अभियान की समीक्षा भी की गई तथा आगे के कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा डीसीबी अध्यक्ष अशोक सिंह जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह गुड्डू महामंत्री सत्येंद्र राजपूत जिला मंत्री अविनाश पांडे मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक सह मीडिया प्रभारी सत्यम शुक्ला मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने लूट के आरोपियों को दौड़ा कर पकड़ा

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। दनियापुर रेलवे फाटक के पास से कोतवाली पुलिस ने लूट के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिनके पास से अवैध असलहा बरामद हुए। दोनों को डाक्टरी परीक्षण के बाद जेल भेजा गया। शाहाबाद कोतवाली पुलिस दनियापुर रेलवे पाठक के पास चेकिंग कर रही थी। तभी संदिग्ध अवस्था में जा रहे दो युवकों को रोका गया। पकड़े गये अभियुक्तों ने अपने नाम सोनू उर्फ सुन्ना विहिगवां थाना बेहटा गोकुल तथा गुड्डन मिश्रा निवासी नवरोजपुर नगरिया थाना शाहाबाद बताया। दोनों ने ओवरब्रिज पर शराब सेल्समैन के साथ लूटपाट के प्रयास की बात स्वीकार की। मोहल्ला खलील निवासी शराब सेल्समैन नीरज गुप्ता एवं उसका साथी विमलेश गुप्ता निवासी बरुआ बाजार दोनों 1 जून को रात्रि में तकरीबन 10 :30 बजे शराब की दुकान बंद करके आ रहे थे। ओवर ब्रिज के ऊपर पीछे से बाइक पर आए बदमाशों ने हमला करके झोला छीन लिया था। घटना की रिपोर्ट शाहाबाद कोतवाली में दर्ज कराई गई। पुलिस इस प्रकरण में दो अभियुक्तों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

बहन की मौत पर भाई ने लगाया हत्या का आरोप

हरदोई, अमृत विचार। बहन की हालत में मौत होने पर उसके भाई ने हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। बुधवार की शाम को पाली थाने के गदरिया गांव निवासी प्रदीप की 30 वर्षीय पत्नी नीरज की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उसके भाई राम सुरेश निवासी पृथ्वीपुर थाना मिर्ज़ापुर ज़िला शाहजहांपुर ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि बुधवार को पति प्रदीप के अलावा ससुराली रामप्रताप, उमा, कृपाशंकर व मदनपाल ने पहले तो उसकी बहन की लाठी-डंडो से पिटाई कर दी, जब वह अधमरी हो गई तो उसे फांसी पर लटका दिया। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सीएपीएफ परीक्षा में मो. फैजान को मिली 64वीं रैंक



मो. फैजान का स्वागत करते सामाजिक कार्यकर्ता। अमृत विचार

लहरपुर सीतापुर, अमृत विचार। यूपीएससी की सीएपीएफ 2023 की परीक्षा में पूरे भारत में 64वीं रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन करने वाले मोहम्मद फैजान अंसारी का अपने गृह जनपद के प्रथम आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी ने मोहम्मद फैजान को शाल पहनाकर बुके दिया और मेडल देकर सम्मानित किया। मोहम्मद फैजान अंसारी के माता-पिता को भी अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मोहम्मद फैजान ने अपने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता तथा गुरुजनों को दिया और नई युवा पीढ़ी को एक पैगाम देते हुए बताया अगर आप किताबों से मोहब्बत कर लेंगे और यह बात अपने मन और मस्तिष्क में अच्छी तरह से बिठा लेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी।

एक नजर

बिजली बिल समय से जमा करें उपभोक्ता

महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार। गुरुवार दोपहर महमूदाबाद के नवागत विद्युत उपखंड अधिकारी पवन मिश्रा ने बिजली उपभोक्ताओं को जागरूक करते हुए कहा कि सभी बिजली उपभोक्ता अपना बिल समय से जमा करें। उन्होंने बताया कि जिन लोगों को बिल संबंधी समस्याएं हों, वे उपखंड कार्यालय पर पहुंच कर समाधान करा लें।

नहर में बहता हुआ दिखा अज्ञात शव

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर के निकट प्रसिद्ध सूर्यकुंड मंदिर के निकट शारदा सहायक नहर में अज्ञात शव बहते हुए देखे जाने पर किसी ग्रामीण ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि जांच की जा रही है कोई भी शव नहर से बरामद नहीं हुआ है, शायद बहकर आगे निकल गया है।

बाढ़ के बाद अब कीचड़ व जलभराव से संक्रामक रोग फैलने का खतरा

मुसीबत

संवाददाता, रामपुर मथुरा, सीतापुर

अमृत विचार। रामपुर मथुरा विकास क्षेत्र में बहने वाली सरयू (घाघरा) का जलस्तर स्थिर बना हुआ है। बाढ़ जैसे हालात नहीं है पूर्व में अत्यधिक पानी डिस्चार्ज किए जाने के कारण कई गांव में जिसमें मुख्य रूप से बगस्ती, शुकुलपुरवा, कनरखी, अटौरा अंगरौरा, अखरी में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए थे। अब इन गांवों में कीचड़ व जलभराव से संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा हुआ है। हालांकि संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जा रहा है। जिन किसानों की फसलें बाढ़ की चपेट में आ गई थीं वह धूप से सूख गई हैं। शंकर पुरवा के पास कटान शुरू हो गयी है। अखरी निवासी छोटेलाल, अंजली देवी, देवराज का कहना है कि अगर दो ठोकरें और बन गई होतीं तो कटान पूर्ण रूप से बंद हो जाती। प्यारे पुरवा, बाबा कुटी, अखरी के लोगों का कहना है कि जो भी अधिकारी आता है उससे यही मांग होती है कि दो ठोकर और बनवा दी जाएं।

मिर्च के खेत में भरा बाढ़ का पानी। अमृत विचार

बाढ़ के पानी से कटा प्यारेपुरवा जाने वाला रास्ता।

अखरी में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करता कर्मचारी।

ब्लीचिंग पाउडर का कराया जा रहा छिड़काव: एडीओ

एडीओ पंचायत ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया जा रहा है। अन्य समस्याओं का भी जल्द ही निराकरण किया जाएगा।

तीन टीमें बनाकर बांटी जा रहीं दवाएं: अधीक्षक

सीएचसी अधीक्षक डॉ .सुशील कुमार ने बताया कि डॉक्टरों की तीन टीमें बनाकर प्रभावित गांवों में बीमार लोगों को दवा वितरित की जा रही है। इसमें मुख्य रूप से उल्टी, दस्त, बुखार तथा क्लोरीन की गोली व ओआरएस के पैकेट दिए जा रहे हैं। आशा बहुओं द्वारा संक्रामक बीमारी न फैले इसके लिए टेमी फास दवा व एंटी लार्वा की दवा दी जा रही है।

तीन टीमें बनाकर बांटी जा रहीं दवाएं: अधीक्षक

सीएचसी अधीक्षक डॉ .सुशील कुमार ने बताया कि डॉक्टरों की तीन टीमें बनाकर प्रभावित गांवों में बीमार लोगों को दवा वितरित की जा रही है। इसमें मुख्य रूप से उल्टी, दस्त, बुखार तथा क्लोरीन की गोली व ओआरएस के पैकेट दिए जा रहे हैं। आशा बहुओं द्वारा संक्रामक बीमारी न फैले इसके लिए टेमी फास दवा व एंटी लार्वा की दवा दी जा रही है।

18 हजार पशुओं को लगाया गया टीका : डॉ. राकेश

पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश मालिक ने बताया कि बाढ़ग्रस्त व अन्य गांवों में अब तक 18 हजार पशुओं का टीकाकरण किया गया है। सरकार द्वारा निर्धारित फीस भी माफ कर दी गयी है। अब पशुपालक को टीकाकरण या अन्य दवा की फीस नहीं देनी होगी। बाढ़ग्रस्त एरिया में कैंप लगाकर पशुओं को दवाओं का वितरण जल्द ही शुरू किया जाएगा।

जलभराव से खराब हो रहा बिसवां-सांडा मार्ग

संवाददाता, सांडा, सीतापुर

अमृत विचार। बिसवां से भोलागंज होते हुए सांडा आने वाली टू लेन सड़क की मरम्मत अभी 6 माह पूर्व ही हुई थी। भोलागंज में जलभराव की समस्या लगातार बने रहने से खराब सड़क खराब हो रही है।

क्षेत्रवासी विनोद तिवारी, कृष्णकांत गुप्ता, अजय वर्मा, मनोज दीक्षित, दिनेश वर्मा, पुष्पेंद्र वर्मा, सुरेश यादव, मनोज सैनी, प्रभाकर श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, गौरव गुप्ता, रमेश गुप्ता, बबलू वर्मा आदि ने बताया कि गोलागंज गांव में सड़क के दोनों ओर जल निकासी की व्यवस्था न होने से करोड़ों की लागत से बनी टू लेन डामरीकृत सड़क जलभराव से बर्बाद हो रही है। उनका कहना था कि गांव की सीमा में डामरीकृत सड़क की जगह यदि इंटरलॉकिंग या आरसीसी की सड़क बनवाई गई होती तो यह सड़क जल भराव से बर्बाद होने से बच जाती।

जलभराव से गुजरता वाहन।

बाढ़ से बचाव की परियोजनाओं में लायी जा रही है प्रगति : स्वतंत्रदेव

जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मुसियाना में बाढ़ परियोजना का किया निरीक्षण

संवाददाता, लहरपुर सीतापुर

अमृत विचार। ग्राम मुसियाना में बाढ़ परियोजना का निरीक्षण करने जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह गुरुवार को दोपहर में अपने तय कार्यक्रम से थोड़ा देर से पहुंचे। मंत्री ने बाढ़ से बचाव की परियोजना का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बाढ़ से बचाव की परियोजनाओं में प्रगति लायी जा रही है।

गांव के लोगों द्वारा बाढ़ परियोजना की लंबाई बढ़ाने की मांग की तो मंत्री ने कहा कि जल्द ही इसे बढ़वा देंगे। जलशक्ति मंत्री ने कहा कि बाढ़ से गांव सुरक्षित रहें। इसलिए बचाव कार्य कराए जा रहे हैं। सरकार बाढ़ की चपेट में आने वाले पीलीभीत, खीरी, सीतापुर, श्रावस्ती सहित अन्य जो भी जनपद आते हैं। उन क्षेत्रों में सरकार गंभीरता से बचाव के लिए तत्पर है। धीरे-धीरे नदी के सीमावर्ती गांव में बाढ़ की परियोजनाओं में प्रगति हो रही है। सरकार की कोशिश है कि कोई भी जनहानि न हो। मंत्री ने मुसियाना बाढ़ परियोजना के साथ कुरियन पुरवा बरेती में चल रही बाढ़ परियोजना का निरीक्षण किया। बाढ़ परियोजना के निरीक्षण के बाद उन्होंने लहरपुर में ग्राम नयागांव बेहटी में आदर्श नलकूप नंबर 6 का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों को सम्मानित किया। जल संचयन के लिए सभी को शपथ दिलाई। इस अवसर मंत्री सुरेश राही, विधायक ज्ञान तिवारी, आशा मौर्य, निवर्तमान विधायक सुनील वर्मा, जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा आदि मौजूद रहे।

जल संचयन की शपथ दिलाते जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह। अमृत विचार

51 किलो की माला पहनाकर जलशक्ति मंत्री का किया गया स्वागत

संवाददाता, तालगांव सीतापुर। लहरपुर तहसील इलाके में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह जायजा लेने जा रहे थे। रास्ते में कसरैला चौराहे पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला, पूर्व विधायक सुनील वर्मा आदि ने 51 किलो की माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर उमाशंकर वर्मा ब्लॉक प्रमुख लहरपुर, राजेंद्र राजवंशी ब्लॉक प्रमुख परसेंडी, अनूप श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष, मनोज कुमार त्रिवेदी, संजय वर्मा, सुरेश गुप्ता जिला संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ, प्रेमचंद लोधी, प्रधान ओमप्रकाश शुक्ल, प्रधान अनूप सिंह, प्रधान चेतराम प्रधान, अखिलेश मिश्रा, संजय शुक्ला, अखिलेश दीक्षित, मुन्ना पाल, विरेश मिश्रा, विकास त्रिवेदी, छोटेलाल भार्गव, श्रवण लोधी प्रधान सहित भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का माला पहनाकर स्वागत करते पूर्व विधायक।

पैसेंजर ट्रेन से कटा सांड़, दो घंटे थमे रहे पहिये

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। गोंडा से सीतापुर आ रही पैसेंजर ट्रेन से एक सांड़ कट गया। तीसरे बोगी के पहियों में सांड़ फंस गया। रेलवे कर्मियों ने करीब 2 घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद उसके अवशेष बाहर निकाले। इसके बाद ट्रेन आगे रवाना हो सकी।

ट्रेन संख्या 05091 गोंडा से चलकर सीतापुर आने वाली ट्रेन बड़े हादसे का शिकार होने से बच गई। गुरुवार की दोपहर करीब 5 बजे ट्रेन टप्पा खजुरिया स्टेशन से निकलकर सीतापुर स्टेशन पहुंचनी थी। ट्रेन में सवार यात्रियों ने बताया कि ट्रेन में अचानक झटका लगा और ट्रेन कुछ दूर चलने के बाद अचानक रुक गई। यात्रियों ने जब उतरकर देखा तो एक सांड़ ट्रेन की पटरियों के बीच मृत पड़ा था। यात्रियों ने बताया कि करीब दो घण्टे तक ट्रेन लखीमपुर-सीतापुर क्रासिंग के समीप मदनापुर गांव के पास खड़ी रही। यात्रियों ने बताया कि गनीमत रही कि चलती ट्रेन के नीचे सांड़ के आने से ट्रेन की बोगियां पलटी नहीं, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। यात्रियों ने बताया कि रेलवे कर्मियों ने बांके की मदद से अवशेष पटरियों से हटाये। इसके बाद ट्रेन आगे रवाना हो सकी। सीतापुर स्टेशन अधीक्षक सीएम. सोनकर ने बताया कि वह 5 बजे स्टेशन से चले आये। ट्रेन के रुकने की उन्हें जानकारी नही है। पूर्वोत्तर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी महेश गुप्ता ने बताया कि चलती ट्रेन के सामने सांड़ आने से गाड़ी एक घण्टे से अधिक समय तक रुकी थी।

मदनापुर गांव के पास खड़ी गोंडा-सीतापुर पैसेंजर ट्रेन। अमृत विचार

चोरों ने घर से पार किये 12 लाख रुपये के जेवर

संवाददाता, कमलापुर, सीतापुर

अमृत विचार। स्थानीय थाना क्षेत्र के कस्बे में बुधवार की रात एक घर में घुसे चोर ऑलमारी का ताला ताड़कर लगभग 12 लाख के जेवर उठा ले गए। गुरुवार की सुबह जब घरवाले सोकर उठे तो कमरे की कुंडी टूटी देखकर अंदर गये। जहां अलमारी से बाहर सामान बिखरा पड़ा मिला। दीप कुमार सिंह जानकीपुरम, लखनऊ में काम करता है। वह शाम को पांच बजे घर आया। काफी गर्मी और बिजली की आवाजाही से परेशान होकर वह पिछले चार दिनों से छत पर ही परिवार सहित सो रहा था। बुधवार रात भी वह छत पर ही सोया था। उसने बताया कि 12 लाख के जेवर चोरी हुए हैं। थाना प्रभारी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि फोरेंसिक टीम को जांच के लिए भेजा गया है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

नमूने एकत्र करती फॉरेंसिक टीम।

सार-संक्षेप

हाईस्कूल-इंटर कीइम्प्रूवमेण्ट-कम्पार्टमेण्ट परीक्षा कल

सीतापुर, अमृत विचार। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह ने बताया कि 20 जुलाई को प्रथम पाली सुबह आठ बजे से 11 .15 बजे एवं द्वितीय पाली 2 से 5 .15 बजे तक राजकीय इण्टर कॉलेज, सीतापुर में इम्प्रूवमेण्ट/कम्पार्टमेण्ट परीक्षा आयोजित की जायेगी। हाईस्कूल इम्प्रूवमेण्ट/कम्पार्टमेण्ट परीक्षा 20 जुलाई को सुबह पाली में आठ बजे से 11 .15 बजे तक तथा इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेण्ट परीक्षा 20 जुलाई को सांयं पाली दो से 5 .15 बजे तक आयोजित की जायेगी। उन्होंने सम्बन्धित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि परीक्षार्थियों को सूचित कर दें कि राजकीय इण्टर कॉलेज, सीतापुर से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाचार्य से प्रतिहस्ताक्षरित कराकर निर्धारित तिथि पर परीक्षा प्रारम्भ होने के 45 मिनट पूर्व केन्द्र पर अवश्य पहुंच जायें।

जेठ व ननद ने पीटकर महिला को भगाया, चार पर केस

सकरन, सीतापुर, अमृत विचार। थाना क्षेत्र की एक महिला ने अपने पति जेठ व ननद पर मारपीट कर घर से भगाये जाने का आरोप लगाया है पुलिस ने मामले में चार लोगों के बिरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। सकरन थाना क्षेत्र के भिठमनी गांव की एनमबानो उर्फ लक्ष्मी आर्या ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया है कि उसने रूपकिशोर के साथ वर्ष 2019 में आर्य मंदिर में शादी की थी शादी के बाद पति पत्नी की तरह दोनो रहते थे इसी बीच एक लडकी का जन्म हो गया आरोप है कि 25 मई को पति रूपकिशोर जेठ विशनू ननद गुड्डी व खुशबू ने मिलकर उसे मारा पीटा उसके बाद घर से भगा दिया। ससुराल से भगाये जाने के बाद लक्ष्मी आर्या अपनी रिश्देदारी चली गयी वहां से वापस आने के बाद सकरन थाने में पति समेत चार लोगों के विरुद्ध तहरीर दी जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसओ कृष्ण कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर पर चार लोगों केविरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

जमीन के विवाद में दबंगों ने पीटा

सकरन, सीतापुर, अमृत विचार। जमीनी विवाद के चलते दबंगों ने एक व्यक्ति की लाठी डंडों से पिटाई कर दी मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। सकरन थाना क्षेत्र के जालिमनगर गांव निवासी श्रीकेशन व कमलेश के बीच जमीनी विवाद चल रहा है। इसे लेकर बुधवार को दोनो पक्षों में गाली गलौज होने लगा। विवाद बढने पर कमलेश, राजेश, बृजलाल उसके रिश्तेदार रामशरन निवासी बडकेपुरवा थाना बिसवां लाठी डंडा लेकर आ गये और श्रीकेशन को मारने लगे चीख पुकार सुनकर मौके पर आये ग्रामीणों को देख दबंग भाग गये। श्रीकेशन ने चारों लोगों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी है पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसओ कृष्ण कुमार ने बताया मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

नवोदय विद्यालय में चयनित होने पर छात्र सम्मानित

तालगांव सीतापुर, अमृत विचार। तालगांव कस्बे के भैरव प्रसाद मेमोरियल राजश्री कान्वेंट स्कूल के एक छात्र का चयन नवोदय विद्यालय सीतापुर द्वितीय में हुआ। विद्यालय के अध्यापक, छात्र-छात्राओं ने उसे सम्मानित किया। उलकपुर निवासी किसान ज्ञानेंद्र कुमार का बेटा आदित्य कुमार का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। प्रधानाचार्य राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया इससे पूर्व मे भी कई छात्र छात्राओं का नवोदय विद्यालय में चयन हो चुका है। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य ओमप्रकाश सिंह, नजमुद्दीन अंसारी, कृष्णपाल सिंह, नैय्यरजा, बराती लाल, सुरेश गुप्ता, मोनू कटियार, रमेश गुप्ता, शिवकुमार श्रीवास्तव आदि लोगों ने चयनित छात्र को आशीर्वाद देते हुए प्रधानाचार्य को शुभकामनाएं दी।

छात्र को माला पहनाते बीडीसी ओमप्रकाश सिंह।

कार्यकर्ताओं ने गौशाला में गोकशी का लगाया आरोप

हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार। विकास खण्ड हरगांव की ग्राम पंचायत रीछिन मे बनी गौशाला मे ग्राम वासियों एवं विधान सभा हरगांव के सभी भाजपा मंडल अध्यक्षों व भाजपा कार्यकर्ताओ ने गोकशी का आरोप लगाकर क्षेत्रीय विधायक राज्य कारागार मंत्री सुरेश राही व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला को प्रार्थनापत्र देकर संलिप्त लोगों पर कार्रवाई किये जाने की मांग की। दिये गये प्रार्थना पत्र मे भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रधान प्रतिनिधि वसीम व प्रधान पति इसराइल गौशाला मे मांस निकलवा रहे थे। मौके पर जब ग्रामीण पहुंचे और वीडियो बनाने लगे तो विपक्षी लोग हमलावर हो गये ।सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंच गयी और मृत गोवंशो को गौशाला के अंदर ही जेसीबी से दफनाया गया और ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि मृत गोवंशो का पोस्टमार्टम कराकर कार्रवाई की जायेगी। ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पुलिस प्रशासन, चिकित्सक व क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा सारे मामले मे विपक्षियों को बचाने का काम किया गया है। आरोपियों के खिलफ कोई भी कार्रवाई नहीं की गयी है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी आत्म प्रकाश रस्तोगी ने बताया कि सारे मामले की जांच तहसील प्रशासन द्वारा हो चुकी है। ऐसा कोई मामला नही है। ग्राम पंचायत मे गौशाला की जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा है।

तार में छूने से ताजिये में लगी आग

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। ग्राम नवीनगर में बुधवार रात ताजिया 11 हजार बिजली के तारों से छू गया। इसके कारण उसमें आग लग गयी। ताजिया में आग लगते ही जुलूस में आए लोगों में भगदड़ मच गई। तत्काल ताजिया को नीचे किया गया और आग बुझायी गयी जिसके चलते हादसा टल गया। नवीनगर से मोहर्रम के जुलूस के साथ ताजियादार ताजिया लेकर दफनाने के लिए कर्बला के लिए निकले। लहरपुर से लखीमपुर मार्ग पर निकली 11 हजार बिजली के लाइन के तारों से ताजिया छू जाने से उसमें आग लग गई। ताजियादारों ने आग बुझायी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा मौके पर पहुंचे और छानबीन की।

दूध भरे दहल में सुपुर्दे खाक किया गया बावन डंडे का ताजिया

संवाददाता, खैराबाद, सीतापुर

अमृत विचार। जिले की हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक ऐतिहासिक बावन डंडे के ताजिए का गुरुवार को अकीदतमन्दों ने दर्शन किया और दूध के दहल में सुपुर्दे खाक किया। फूल, अलम, पन्जे और शरबत से भरी गागरों पर नजर-नियाज की ।मन्नत-मुरादें मांगी और अलविदा कहकर मैदाने करबला से वापसी की।

खैराबाद का ऐतिहासिक बावन डण्डे का ताजिया पूरे भारत में अपनी अलग पहचान रखता है ।इस ताजिये को नौमोहर्रम को यूसुफ खान गाजी साहब की दरगाह में चौक पर रखा गया था, जो 10वीं मोहर्रम को पांच बजे पुरानी बाजार से डाकखाना होते हुए शेख सरायं स्थित मकबूल मियां दरगाह वाली चौक पर रात लगभग 12 बजे लाया गया। 11वीं मोहर्रम की सुबह दस बजे ताजिए को शेख सरायं, मिया सरायं, भूलनपुर की चौकोंपर ताजिया को रखकर फातिहा व कुरानख्वानी की गयी। अकीदतमन्दों ने फूल रेवड़ी, अलम, पंजे व दूध चढ़ाया। इसके बाद ताजिया करबला की तरफ रुख कर गया और मैदान ए करबला में देर शाम मातम और गम के साथ दूध से भरे कदीमी दहल में सुपुर्दे खाक किया गया। इस दौरान प्रशासन पूरी तरह सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद दिखा। थाना अध्यथ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि इस मेले में किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। लोगों ने यहा गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की। क्षेत्र की कई समाजसेवी संस्थाओं ने मेले में आये लोगों के लिये पेयजल की व्यवस्था की। वहीं नगर पालिका प्रशासन ने भी जगह-जगह पेयजल की व्यवस्था की।

थाना अध्यक्ष ने हटवाया जाम : ऐतिहासिक बावन डंडे के ताजिया को सुपुर्दे खाक होने वाले मेले मे खैराबाद थाना अनिल कुमार सिंह खुद जाम हटवाते नजर आये। वहीं मेले में आये लोगों ने थाना अध्यक्ष की सराहना की।

मेला मैदान से गुजरता ऐतिहासिक बावन डंडे का ताजिया। अमृत विचार

ताजिये को दफन करने वाले स्थान में भरा दूध। अमृत विचार

11वीं मोहर्रम | मुरली वाले बाबा की मजार पर हजरत इमाम हुसैन की याद में मजलिस आयोजित

जुल्म के सामने खड़े रहना इमाम हुसैन से सच्ची अकीदत

संवाददाता, लहरपुर देहात, सीतापुर

अमृत विचार। मोहल्ला गांधीनगर स्थित मशहूर खानकाह हजरत रमजान अली शाह मुरली वाले बाबा की मजार पर 11वीं मोहर्रम के मौके पर हजरत इमाम हुसैन की याद में मजलिस एवं नजर व नियाज का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी तादाद में अकीदतमंद शरीक हुए। मजार शरीफ पर गुलपासी फातिहा और नजर नियाज दरगाह कमेटी के सेक्रेटरी हाजी सोहराब अली कादरी व मुतवल्ली हाजी मुन्नन अली की सरपरस्ती में पेश की गई। इस मौके पर तबर्रूक और लंगर भी तकसीम किया गया। मजलिस में शामिल लोगों को खिताब करते हुए दरगाह कमेटी के सेक्रेटरी हाजी सोहराब अली कादरी ने कहा कि शहीद ए कर्बला ने अपनी जान कुर्बान करके इस्लाम और सच्चाई की राह पर मजबूती से कायम रहने संदेश दिया है। आज के दौर में इमाम हुसैन के बताए हुए उसूल से सारे आलम में अमन और सलामती कायम होगी। सच्चाई की खातिर जुल्म के सामने मजबूती से खड़े रहना ही इमाम हुसैन से सच्ची अकीदत है। मुतवल्ली हाजी मुन्नन अली ने कहा कि अल्लाह के वली सभी के होते हैं। इस मौकके पर पालिका चेयरमैन हाजी जावेद अहमद, शायर अनवर बिसवानी, डॉ. जर्रार अली, अधिवक्ता जेड आर रहमानी, अरफात अली, मास्टर जुबेर वारिस, मोहम्मद उमर, डॉ. अफजल लहरपुरी, अब्दूल रशीद, इबादत अली, मोहम्मद यूनुस, अकबाल अहमद, समीर राईन आदि मौजूद थे। महफिल का समापन दुरूद व सलाम के साथ हुआ।

दरगाह पर दुआ करते हाजी सोहराब अली कादरी व मुतवल्ली हाजी मुन्नन व अन्य।

दुकानदार ने महिला को दिया सौ रुपये का नकली नोट

संवाददाता, सदरपुर, सीतापुर

अमृत विचार। कॉस्मेटिक की दुकान पर सामान लेने गई महिला को दुकानदार ने सौ रुपये का नकली नोट लौटाया। इसका पता चलने पर वह नोट वापस करने गई तो दुकानदार ने उससे अभद्रता की और धक्के मारकर भगा दिया।

सदरपुर के शेखपुर निवासिनी सानिया पुत्री लुकमान मंगलवार की दोपहर सामान लेने इकरार की कॉस्मेटिक की दुकान पर गई थी। जहां उसने 296 रुपये का सामान खरीदा और पांच सौ रुपये का नोट दिया। दुकानदार ने उसे 204 रुपए लौटा दिये। घर आकर उसने देखा कि दुकानदार ने सौ रुपये का एक नोट नकली लौटाया है। इसे वापस करने वह दुकान पर गई तो दुकानदार ने उससे अभद्रता की और दुकान से धक्के मार कर भगा दिया। पीड़िता ने उक्त दुकानदार के विरुद्ध थाना सदरपुर में शिकायती पत्र दिया है। थाना प्रभारी राकेश सिंह ने बताया है कि तहरीर मिली है। दुकानदार को थाने बुलाया गया है, जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

दुकानदार द्वारा दिया गया नकली नोट।

क्षेत्र पंचायत की बैठक में एक करोड़ 70 लाख के प्रस्ताव पर लगी मुहर

ब्लॉक प्रमुख संगीता देवी की अध्यक्षता में हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक

संवाददाता, परशदेपुर, रायबरेली।

अमृत विचार। छतोह में गुरुवार को ब्लॉक प्रमुख संगीता देवी की अध्यक्षता में हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक में एक करोड़ 70 लाख के विकास कार्य पास हुए हैं। साथ ही नहरों में पानी न छोड़े जाने, बिजली की कटौती और त्रुटिपूर्ण बिल, जल जीवन मिशन के पाइप लाइन कार्य से रास्तों की बर्बादी पर सदस्यों ने रोष भी व्यक्त किया।

बैठक की शुरुवात करते हुए खण्ड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी ने बताया कि पौधरोपण अभियान के अंतर्गत क्षेत्र की 44 ग्राम पंचायतों में 96 हजार 823 पौधे लगाए जाने हैं। इन्हें अधिक से अधिक गौशालाओं और अमृत सरोवरों के परिसर में लगाया जाना है और इसके लिए ट्री गार्ड की व्यवस्था भी की जानी है। बीडीओ ने बताया कि ब्लाक परिसर में सोलर प्लांट लगवाया जाएगा। पेयजल के लिए सबमर्सिबल व वाटर कूलर तथा प्रशासनिक भवन के जीर्णोद्धार का निर्णय भी लिया गया है।

छतोह में क्षेत्र पंचायत की बैठक को संबोधित करते बीडीओ। अमृत विचार

बैठक में सवा दो करोड़ के प्रस्तावों के सापेक्ष एक करोड़ 70 लाख के प्रस्ताव मंजूर किए गए। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह ने कहा कि सभी लोग पौधरोपण में सहयोग करें। उन्होंने क्षेत्र में हो रही बिजली कटौती पर आक्रोश व्यक्त किया। सीएचसी प्रभारी डॉ. आशीष कुमार ने आयुष्मान कार्ड के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बारा गांव के प्रधान प्रतिनिधि देवेश प्रताप सिंह ने क्षेत्र में हो रही बिजली कटौती की शिकायत की। चतुरपुर के क्षेत्र पंचायत सदस्य श्रीनाथ ने बताया कि सलोन-जायस मार्ग से प्राथमिक विद्यालय तक जाने वाली सड़क पूरी तरह खराब हो गई है। लोगों को पैदल चलना भी मुश्किल है।

बैठक में पशु चिकित्साधिकारी डॉ. धनंजय सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश, एडीओ (पं.) नागेश कुमार, अवर अभियंता (ल.सि.) आलोक सिंह, एडीओ राकेश सोनी, मुख्य सेविका बाल विकास परियोजना सुमित्रा देवी, जान मोहम्मद, सत्यदेव सिंह, अंकेश सिंह, अमरनाथ, कमलेश कुमार, राम समुझ पांडेय सहित काफी लोग मौजूद रहे।

भाजपा नेता दिलीप यादव बने पूर्वी यूपी के अध्यक्ष

लालगंज, रायबरेली। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष और क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव को पार्टी के प्रति निष्ठा और लगाव को देखते हुए उन्हें सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की तरफ से पूर्वी यूपी का चेयरमैन चुना गया। बोर्ड में 6 अन्य लोगों का भी चयन हुआ है। पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे, सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट अजय अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी, सुरेंद्र बहादुर सिंह दाढ़ी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, भाजपा सरेनी विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला, भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला, भाजपा नेता अनूप पांडे, लालगंज के पूर्व प्रभारी जेपी सिंह, डलमऊ नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़, विवेक शुक्ला, पुष्पेंद्र सिंह, शरद सिंह, विशाल पांडे, गोविंद सविता, महेंद्र पटेल आदि ने स्वागत किया है।

भाजपा नेता दिलीप यादव।

ग्रामीणों से मिले किसान नेता बोले- चांदनी को दिलाएंगे न्याय

चुरुवा गांव में चांदनी को न्याय दिलाने के लिए चर्चा करते किसान नेता। अमृत विचार

संवाददाता, बछरावां, रायबरेली।

अमृत विचार। बीते शनिवार को चुरुवा गांव में हुए चांदनी हत्याकांड का जायजा लेने पहुंचे किसान नेता रमेश बहादुर सिंह के साथ करणी सेना के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र प्रताप सिंह एवं भारतीय किसान यूनियन के मंडल प्रभारी आकाश मिश्रा अपने कार्यकर्ताओं के साथ चुरूवा गांव पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर चांदनी को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर किसान नेता रमेश बहादुर सिंह ने बताया कि जिस तरह से चुरूवा गांव में घटित हुई। इसी संदर्भ में करणी सेना के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि चुरुवा गांव में महिला के अंतिम संस्कार में पेट्रोल व डीजल का इस्तेमाल करने के साथ-साथ रात में जो अंतिम संस्कार किया गया वह कहीं न कहीं सनातन संस्कृति का पूर्ण रूप से अपमान है।

भारतीय किसान यूनियन के मंडल प्रभारी आकाश मिश्रा ने चांदनी हत्याकांड में ग्रामीणों से बातचीत करते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन की कार्यवाही से नाराजगी जताते हुए एक बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। इस मौके पर ग्रामीण सहित करणी सेना एवं भारतीय किसान यूनियन के सैकड़ो पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

लोगों ने निकाला कैंडल मार्च, कोतवाल को हटाने की मांग

बछरावां में प्रदर्शन करते आक्रोशित लोग। अमृत विचार

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार। बछरावां थाना क्षेत्र के चुरुआ गांव में हुा चांदनी हत्याकांड अब आंदोलन का रूप लेता जा रहा है। महराजगंज कस्बे में भी लोगों ने सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया। इसके अलावा स्थानीय थाना बछरावां में लगातार लोग कैंडल मार्च निकाल कर चांदनी को इंसाफ व बछरावां कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र शर्मा को हटाने की मांग कर रहे हैं। वही गुरुवार को महराजगंज तहसील के अधिवक्ताओं में भी चांदनी हत्या काण्ड के विरोध में आक्रोश देखने को मिला। सैकड़ों अधिवक्ताओ ने तहसील परिसर में सीओ कार्यालय व एसडीएम कार्यालय सहित चौराहों पर क्षेत्राधिकारी व बछरावां कोतवाल के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए कोतवाल को हटाए जाने की मांग की। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने कहा कि जिस तरीके से बछरावां थाना क्षेत्र के चुरुआ गांव में एक हैवान पति ने अपने दोस्तो संग मिलकर पत्नी की हत्या की है। बावजूद इसके बछरावां पुलिस द्वारा रात में ही चांदनी के शव को डीजल व पेट्रोल डालकर जबरन अंतिम संस्कार कराने से साफ जाहिर होता है कि पुलिस तथ्यों को छिपाना चाहती थी।

डीएम के न मिलने पर धरने पर बैठे अध्यक्ष व सभासद

धरने पर बैठे नपा अध्यक्ष व सभासद को समझाते एडीएम। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली।

अमृत विचार। नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष और अधिषाशी अधिकारी के बीच चल रही खींचतान अब कमरे से निकल कर बाहर आ गई है। हाल ही में अध्यक्ष ने एक वीडियो के माध्ययम से ऐसा आरोप लगाते हुए अपनी बात बताई थी।

गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर सभासदों के साथ डीएम कार्यालय गए थे, लेकिन डीएम के ना मिलने के कारण उन्हे एडीएम प्रशासन से मिलने के लिए कहा गया। वहां पर जाने के बाद भी जब कोई अधिकारी नहीं मिला तो वापस वह डीएम कार्यालय आ गए और अध्यक्ष ने सभासदों के साथ अपनी बात रखने की मांग की। जिस पर जिला अधिकारी के अर्दली द्वारा कहा गया कि अभी मैडम नहीं है, एडीएम से बात कर लो। इसी से नाराज नगर पालिका अध्यक्ष सभासदों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। इस दौरान उन्होंने स्थानीय प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए उन्होंने कहा कि शहर की सड़के बदहाल हैं, सीवर लाइन चोक है उन्होने कहा कि जनता ने उनको चुनकर भेजा है, लेकिन अधिकारी उनकी सुन नही रहे है, अधिकारियों से मिलने आओ तो वह बहाना बनाते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष और सभासदों के धरना प्रदर्शन सूचना की पर एडीएम प्रशासन प्रफुल्ल त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और अध्यक्ष और सभासदों की बात सुन जांच का अश्वासन दिया है।

▸▸ एडीएम के समझाने पर समाप्त हुआ धरना

नए खंड विकास अधिकारी का किया गया स्वागत

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली।

अमृत विचार। जिला प्रशासन ने लालगंज ब्लॉक में नए खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह की नियुक्ति कर दी है।

लालगंज प्रधान संघ अध्यक्ष राजेश बहादुर सिंह ने ब्लॉक पहुंचकर नए खंड विकास अधिकारी का स्वागत किया है। राजेश सिंह ने अपने साथियों के साथ वीडीओ गगनदीप सिंह को अंग वस्त्र ओढ़ाकर स्वागत करते हुए हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया है। वीडीओ ने कहा कि वह भी प्रधानों के साथ मिलकर गांव का विकास करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखेंगे। खंड विकास अधिकारी सपना अवस्थी का स्थानांतरण हो गया है जिसके चलते नए खंड विकास अधिकारी की नियुक्ति हुई है। इस अवसर पर प्रधान घनश्याम सिंह, अखिलेश यादव, अमित कुमार, बच्चा लाल आदि प्रधान मौजूद रहे।

बीडियो गगनदीप सिंह का स्वागत करते प्रधान संघ अध्यक्ष राजेश सिंह।

आंबेडकर प्रतिमा की नयी मूर्ति की हुई स्थापना

▸▸ आंबेडकर प्रतिमा तोड़े जाने से दलित समाज में आक्रोश, प्रशासन ने कराया शांत

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली।

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के भीरा गोविंदपुर में स्थापित डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को बुधवार की रात अराजक तत्वों द्वारा तोड़े जाने से दलित समुदाय में आक्रोश है। सुबह मूर्ति तोड़ने की सूचना मिलते ही लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई।

ग्राम प्रधान की सूचना पर एसडीएम मनोज कुमार सिंह, सीओ अनिल कुमार सिंह, नायब तहसीलदार शिवम राठौड़, प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार, चौकी इंचार्ज विवेक तिवारी मौके पर पहुंचे। एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने दलित बिरादरी के लोगों की नाराजगी को देखते हुए कर्मचारियों को रायबरेली भेजकर श्रीराम मूर्ति कला केंद्र से 22 हजार रुपए की डॉ अंबेडकर की नई मूर्ति मंगवाई और उसी स्थान पर मूर्ति की स्थापना कर पासी समाज के लोगों की नाराजगी दूर की।

एसडीएम मनोज सिंह ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने डॉ अंबेडकर की मूर्ति का सर तोड़कर धड़ से अलग कर दिया था। नई मूर्ति बड़े ही सम्मान के साथ लगा दी गई है।

एसडीएम व अन्य अधिकारियों ने डॉ आंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण भी किया। इस मौके पर बहुजन समाज पार्टी के नेता भी पहुंचे थे, लेकिन प्रशासन ने उन्हें भी समझा-बुझाकर शांत करा दिया। वहीं अमर शहीद बीरा पासी सामाजिक संस्थान के अध्यक्ष धीरज पासी, सुरेश, मनोज, बिंदादीन ने बताया कि डॉ अंबेडकर की मूर्ति तोड़ने की यह घटना तीसरी बार हुई है। तीन वर्ष पूर्व भी दो बार मूर्ति थोड़ी गई थी। प्रशासन को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए कि कोई भी व्यक्ति डॉ अंबेडकर का अपमान ना कर सके। प्रशासन ने सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने की बात कही है।

डॉ आंबेडकर की मूर्ति पर मालार्पण करते लोग। अमृत विचार

पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए करें पौधरोपण : राजकुमार सिंह

राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज गोविंदपुर में पौधरोपण करते लोग। अमृत विचार

संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली।

अमृत विचार। क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोविंदपुर स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज गोविंदपुर बछरावां में प्राचार्य रामरतन व प्रधान संघ संरक्षक एवं गोविन्दपुर ग्राम प्रधान राजकुमार सिंह ने कालेज में पेड़ लगाकर वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की।

प्राचार्य रामरतन ने बताया कि राजकीय पॉलिटेक्निक परिसर में चार हजार पेड़ लगाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि पॉलिटेक्निक कॉलेज को एक गुरुकुल की भांति हरा-भरा एवं पेड़ पौधों से सुसज्जित बनाकर यहां के वातावरण को प्राणियों की अनुकूल बनाना है। उन्होंने कहा कि जिस तरह तेजी से पर्यावरण असंतुलन अपने पांव पसार रहा है वह हम सभी के लिए चिंता का विषय है। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए हम सभी को मिलकर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना होगा। ग्राम प्रधान राजकुमार सिंह ने कहा कि पृथ्वी पर पेड़ों के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि विलुप्त होते जंगलों एवं अंधाधुंध हो रही पेड़ों की कटान का खामियाजा हम सभी भुगत रहे हैं। बारिश का समय चल रहा है सभी से अपील है कि कम से कम पांच पेड़ लगाकर तीन वर्षों तक उनकी देखभाल करें, ताकि आने वाले भविष्य में आपको समाज और राष्ट्र को शीतल छाया और प्रदूषण मुक्त वायु प्राप्त हो सके।

भावी पीढ़ी में एक हरित व स्वस्थ वातावरण के लिए जागरूकता जरूरी

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली।

अमृत विचार। नगर के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत एक सामूहिक पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आगामी पीढ़ियों के लिए एक हरित और स्वस्थ वातावरण का निर्माण करना था।

इस अभियान की शुरुआत एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीक्षा शर्मा के नेतृत्व में की गई। डॉ. शर्मा ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सभी स्वयंसेवियों को पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता और पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पेड़ न केवल हमारे जीवन के लिए आवश्यक हैं, बल्कि ये जलवायु परिवर्तन से निपटने में भी सहायक होते हैं। उनकी बातों ने सभी को इस अभियान के प्रति प्रेरित किया और प्रत्येक स्वयंसेवी ने इसमें सक्रिय रूप से भाग लिया।

इस अभियान में स्वयंसेवियों की एक समर्पित टोली ने मिलकर कुल 700 पौधों का रोपण किया। इस टोली में प्रमुख भूमिका निभाते हुए स्वयंसेवक प्राची शुक्ला, अनामिका निरमल, अंजू और आलेमा ने अपनी पूरी लगन और मेहनत के साथ इस अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया। आज के अभियान के दौरान 100 पौधों का रोपण किया गया, जबकि बाकी 600 पौधों का रोपण भविष्य में किया जाएगा। इस अभियान के तहत स्वयंसेवियों ने न केवल पौधे लगाए बल्कि उनकी सही तरीके से देखभाल करने के लिए भी संकल्प लिया। इसके अलावा डॉ. दीक्षा शर्मा ने स्वयंसेवियों को पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न पहलुओं के बारे में भी जानकारी दी और हर एक को इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवियों ने एक सामूहिक संकल्प लिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में भी इस तरह के पौधरोपण अभियानों को फैलाएंगे और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाएंगे। यह पौधरोपण अभियान महाविद्यालय में एक सकारात्मक संदेश लेकर आया और सभी ने मिलकर यह सिद्ध कर दिया कि एक छोटा सा प्रयास भी बड़ा परिवर्तन ला सकता है। इस सफल अभियान ने सभी को यह सिखाया कि पर्यावरण की रक्षा में हम सभी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके लिए निरंतर प्रयास आवश्यक है। यह पौधरोपण अभियान न केवल एक शिक्षाप्रद अनुभव था, बल्कि यह भविष्य में पर्यावरण संरक्षण के लिए किए गए प्रयासों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित हुआ।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पौधरोपण करते राष्ट्रीय सेवा योजना के पदाधिकारी। अमृत विचार

आयोजन पूर्व छात्रों को किया गया श्री बरखण्डी विद्यारत्न से सम्मानित

हर्षोल्लास से मनाया गया विद्यापीठ में स्थापना दिवस

संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली।

अमृत विचार। क्षेत्र के प्रतिष्ठित कालेज श्री बरखण्डी विद्यापीठ इण्टर कॉलेज का 80वां स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि यूको बैंक शिवगढ़ के शाखा प्रबंधक संदीप कुमार, विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलन से किया। विद्यापीठ के पूर्व छात्रों को श्री बरखण्डी विद्यारत्न सम्मान देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज के स्थापना दिवस पर श्री बरखण्डी विद्यारत्न से अलंकृत विद्यापीठ के पूर्व छात्रों में रामकिशोर रावत (जिला कृषि अधिकारी कन्नौज) डॉ. प्रवीण गुप्ता (असिस्टेंट प्रोफेसर फिरोज गांधी कॉलेज रायबरेली), डॉ. गंगा प्रसाद (प्रभारी प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कॉलेज), रामसुरेश (कृषि तकनीकी सहायक सीतापुर), अनुराग सिंह (सहायक विकास अधिकारी), शिक्षक जय प्रकाश साहू आदि शामिल रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार गुप्ता ने यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 के 10वीं व 12वीं के टॉप 5 कॉलेज टॉपर मेधावियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। हर साल की तरह कॉलेज के स्थापना दिवस पर विद्यालय के प्रधानाचार्य गुप्ता तथा सेवानिवृत्ति शिक्षक हरि बहादुर सिंह, रामनरेश मेहता तथा छात्रों द्वारा विद्यालय की पत्रिका 'अर्चना' का विमोचन किया गया। पूर्व छात्र के रूप में उपस्थित कन्नौज के जिला कृषि अधिकारी रामकिशोर रावत ने कहा कि पूर्व में विद्या के इस पावन विद्यापीठ मन्दिर में शिक्षा ग्रहण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और आज गुरुजनों के कर कमलों से विद्यारत्न की प्राप्ति हुई है। इस मौके पर शिक्षक लक्ष्मी नरायण, अभय राज सरोज, भूपेंद्र कुमार, अभिषेक मिश्रा, डॉ. बृजेश सिंह, सुशील शुक्ला, ओम प्रकाश सिंह, जगत बहादुर सिंह, अविनाश सोनकर, सत्येंद्र, आनंद, योगेश, दिग्विजय सिंह, राम सजीवन पटेल, सीताराम, कुलदीप, जयजीत, पवन सिंह, राजेश, विजय सिंह, अजय सिंह, विकास वर्मा, विजय कुमार, अरविंद शुक्ला, प्रधान लिपिक राजबहादुर सिंह, अरुण त्रिवेदी आदि शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

श्री बरखण्डी विद्यापीठ इण्टर कॉलेज में सम्मानित किये गये मेधावी व मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

एक नजर

54 घंटे बाद मिला संगीता का शव

राही, रायबरेली, अमृत विचार। शारदा नहर में छलांग लगाने वाले दोनों प्रेमी-प्रेमिका का शव पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस ने 26 घंटे बाद अमन की लाश को शारदा नहर से बरामद कर लिया था। 54 घंटे बाद शारदा नहर में लापता संगीता पत्नी संतोष की लाश जमालपुर के निकट नहर में उतराती मिली। ग्रामीणों की सूचना पर भदोखर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत पांडेय ने बताया कि संगीता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

झटका मशीन की चपेट में आकर झुलसी महिला, भर्ती

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। खेत में धान की रोपाई करने जा रही महिला दूसरे खेत में लगे झटका मसीन की चपेट में आकर करंट से झुलस गई है। आसपास के किसानों ने महिला को दौड़कर उठाया और उसे तत्काल सीएचसी पहुंचाया, जहां महिला का इलाज किया जा रहा है।

सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार की मौत

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। लालगंज बाजार से घरेलू सामान खरीद कर वापस अपने घर दाउदपुर रामनगर जा रहे साइकिल सवार राम मनोहर (48) पुत्र रामखेलावन को गुरुबक्शगंज रोड पर बड़े नहर के पास एक बोलेरो जीप ने कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में मौत के चलते सड़क पर जाम लग गया। दुर्घटना और जाम की सूचना मिलते ही दुर्घटना स्थल पहुंचे एसडीएम नवदीप शुक्ला, सीओ अनिल कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने लोगों को समझा-बुझाकर सड़क खाली कराया और मृतक के शव को कब्जे में लिया। क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटना में राम मनोहर लोधी की मौत हुई है। शव को पीएम के लिए भेजा जा रहा है। दुर्घटना करने वाले वाहन की खोजबीन की जा रही है। मृतक अपने पीछे पत्नी किरन तीन पुत्र अर्जुन, भीम और नकुल को छोड़ गया है।

ट्रेन से गिरकर 20 वर्षीय युवक की मौत

परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार। नसीराबाद थाना क्षेत्र के परैया नमकसार निवासी 20 वर्षीय जितेंद्र कुमार तिवारी पुत्र नरेंद्र कुमार प्रतापगढ़ से पूना जाते समय ललितपुर के पास ट्रेन से नीचे गिर गया। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज झांसी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर परिजन पोस्टमार्टम के बाद शव को घर ले आए। जितेन्द्र की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है वहीं गांव में भी दु:ख का माहौल है। गुरुवार को गोकना घाट पर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

तहसील परिसर से बाइक चोरी

डलमऊ, रायबरेली। डलमऊ तहसील परिसर में सीओ ऑफिस के सामने खड़ी हुई बाइक चोरी हो गई चोरों ने बड़े ही शातिराना ढंग से क्षेत्राधिकारी कार्यालय की परवाह किए बिना बाइक गायब कर दी कुछ देर बाद जानकारी हुई तो तहसील परिसर में हड़कंप मच गया। डलमऊ कस्बे के शेरंजादपुर निवासी विकास कुमार द्विवेदी अपने पिता के साथ गुरुवार दोपहर को तहसील आए थे और सीओ ऑफिस के सामने बाइक खड़ी करके अपने काम में लग गए कुछ देर बाद जब वापस आए तो देखा बाइक नहीं थी। काफी खोजबीन की लेकिन मोटरसाइकिल का पता नहीं चला। मामले की तहरीर विकास कुमार ने डलमऊ चौकी में दी है लेकिन बाइक चोरी का मुकदमा तक पंजीकृत नहीं किया गया। तहसील परिसर से बाइक चोरी होना सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़ा कर रहा है कोतवाल डलमऊ ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

यह अस्पताल है या बूचड़खाना : ब्रजेश पाठक

निरीक्षण के दौरान सीएचसी में गंदगी मिलने पर भड़के उप मुख्यमंत्री, अधीक्षक को लगाई फटकार

संवाददाता, बछरावां, रायबरेली।

सीएचसी बछरावां में अभिलेख में खामियां ढूंढते डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बछरावां का निरीक्षण करते डिप्टी सीएम बृजेश पाठक।

अमृत विचार। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें चारों तरफ गंदगी देखने को मिली जिससे उनका पारा चढ़ गया। उन्होंने अधीक्षक को जमकर फटकार लगाते हुए कहा कि यह अस्पताल है या बूचड़खाना। उन्होंने कहा कि तत्काल इसकी व्यवस्था दूर करने परिसर के सख्त निर्देश दिए।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक गुरुवार की सुबह 8:01 पर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे तो वहां पर ओपीडी में चिकित्सक नदारद थे। लापरवाही की भेंट चढ़े इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सकों की मनमानी लगातार जारी है। मरीजों की शिकायत पर उन्होंने अधीक्षक को जमकर फटकार लगाई और उन्होंने कहा कि शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ब्रजेश पाठक ने जब उपस्थित रजिस्टर को उठाकर देखा तो वहां पर 11 कर्मचारी मौके पर नदारद थे। इस पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जब समय से डॉक्टर और कर्मचारी नहीं पहुंचेंगे तो उनका इलाज कैसे होगा। गैर हाजिर कर्मचारियों का उन्होंने वेतन काटने का भी निर्देश दिया।

इस दौरान जब वह डेंटल सर्जन के कक्ष में पहुंचे तो पता चला कि वहां डॉ. शिखा गौतम बीते 6 महीने से ज्यादा बिना कारण बताए अनुपस्थित हैं। इस पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। डिप्टी सीएम ने उक्त चिकित्सा के विरुद्ध जांच के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि यदि जांच में कारण सही नहीं पाया गया तो चिकित्सक को बर्खास्त किया जाएगा। अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारी व चिकित्सकों का एक दिन का वेतन काटने के साथ ही उन्होंने विभागीय जांच के भी आदेश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्हें वाटर कूलर के पास गंदगी और चारों तरफ बड़ी-बड़ी घास देखने को मिली इससे उनका पारा चढ़ गया। उन्होंने अधीक्षक अनिल कुमार जयसर को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि यह अस्पताल है या बूचड़खाना। सफाई व्यवस्था को तुरंत दुरुस्त करो, अस्पताल में खड़ी अवैध लोगों की गाड़ियों को लेकर उन्होंने कहा कि इन गाड़ियों को यहां पर किसने खड़ा किया है। अगर अवैध गाड़ियां है तो उनके विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराकर इनको वहां जमा करा दो।

जन औषधि केंद्र में निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि वहां पर बाहर की दवाइयां रखी हैं। इस पर उन्होंने फटकार लगाते हुए कहा कि सरकार की यह सोच है कि लोगों को सस्ती दवाई उपलब्ध की जाए, परंतु यहां पर महंगी-महंगी दवाई रखे होने से यह संकेत मिल रहा है कि यहां पर मरीजों को महंगे दामों पर दवाई बेची जा रही है। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जन औषधि केंद्र में बाहर की दवाएं मिलती हुई पाई गई और उन तक शिकायत पहुंचेगी तो कड़े कदम उठाएंगे और केंद्र के लाइसेंस को निरस्त कर किसी नए व्यक्ति को आवंटित कर दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जो भी कर्मचारी गायब थे उनको जब पता चला कि सख्त कार्रवाई होने वाली है तो उनके होश उड़ गए। लगभग 20 मिनट के निरीक्षण के दौरान डिप्टी सीएम ने प्रत्येक बिंदुओं को बारीकी से परखा। उनके चले जाने के बाद कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।

कार्रवाई

▸▸ **निरीक्षण में नदारद मिले स्वास्थ्य कर्मी, डीप्टी सीएम ने दिए वेतन काटने के निर्देश**

वीडीओ निलंबित, चार पर केस, दो गिरफ्तार

फर्जी जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए जाने के मामले को लेकर सीडीओ ने की कार्रवाई

संवाददाता, सलोन, रायबरेली।

अमृत विचार। विकास खंड क्षेत्र में ग्राम विकास अधिकारी के जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र की सरकारी आईडी का फर्जी व कूटराचित तरीके से दूसरे प्रांत के नागरिकों के बड़ी संख्या में जन्म प्रमाण पत्र बनाए जाने के मामले में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अर्पित उपाध्याय ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वीडीओ को निलंबित कर मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने कहा कि ग्राम वीडीओ द्वारा लापरवाही बरती गई है, और उसकी आईडी से सीएससी संचालक द्वारा गैर प्रान्त के लोगों के जन्म व मृत्यु प्रमाण बनाए गए है। वहीं, प्रमाण पत्रों की जांच के लिए अलग से टीम बनाई गई है।

इन ग्राम पंचायतों से जारी हुए प्रमाण पत्र

ग्राम सभा सिरसिरा से ऑनलाइन माध्यम से 2829 जन्म प्रमाण पत्र तथा ऑफलाइन माध्यम से 56 जन्म प्रमाण पत्र, ग्राम सभा लहूरेपुर से ऑनलाइन माध्यम से 3841 जन्म प्रमाण पत्र तथा ऑफलाइन माध्यम से 61 जन्म प्रमाण पत्र, ग्राम सभा नुरुद्दीनपुर से ऑनलाइन माध्यम से 10275 जन्म प्रमाण पत्र तथा ऑफलाइन माध्यम से 124 जन्म प्रमाण पत्र, ग्राम सभा गोपालपुर उर्फ अनंतपुर से ऑनलाइन माध्यम से 234 जन्म प्रमाण पत्र तथा ऑफलाइन माध्यम से 09 जन्म प्रमाणपत्र, ग्राम सभा गढ़ी इस्लाम नगर से ऑनलाइन माध्यम से 2472 जन्म प्रमाण पत्र तथा ऑफलाइन माध्यम से 217 जन्म प्रमाण पत्र कुल 19184 दूसरे प्रांत के लोगों के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी हुए है। इतनी बड़ी संख्या में देश के बाहरी नागरिकों का जन्म प्रमाण पत्र जारी होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

दूसरी ओर, मामले को लेकर एसपी के फटकार के बाद पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है। पुलिस ने सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) जितेंद्र सिंह यादव की तहरीर पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ। भाजपा नेता के हस्तक्षेप और योगी सरकार की सख्ती के बाद हरकत में आई कोतवाली पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त टीम ने ग्राहक सेवा केंद्र संचालक व मुख्य आरोपी जिशान खान पुत्र रियाज खान व सुहैल खान को गिरफ्तार किया है। वहीं, इतनी बड़ी कार्यवाही करने के बाद भी मीडिया कर्मी से मामले को पुलिस दबाने के प्रयास में जुटी हुई है। वहीं, मामले में लापवाही बरतने पर कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह को जमकर फटकार लगाई है।

19184
दूसरे प्रांत के नागरिकों के जारी हुए फर्जी प्रमाण पत्र

"कोतवाली में एडीओ पंचायत की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है, कुछ की गिरफ्तारी हो गई है अन्य की तलाश के लिये टीमे लगातार छापेमारी कर रही है। दोषियो के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

–अभिषेक अग्रवाल, एसपी रायबरेली"

खेत में मिला किसान का शव, जांच में जुटी पुलिस

ऊंचाहार, रायबरेली। धान के खेत में सिंचाई करने गए किसान का शव संदिग्ध अवस्था में खेत में पड़ा हुआ मिला है। शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। किसान की मौत की वजह स्पष्ट नहीं है। मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव खपटिहा मजरे कोटरा बहादुर गंज का है। गांव के निवासी दिनेश कुमार यादव बुधवार की देर रात अपने घर से खेत में पानी की सिंचाई करने के लिए गए थे। बुधवार की रात जब वह खेत गए तो फिर वापस नहीं लौटे। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मृतक को पहले दो बार दिल का दौड़ा पड़ चुका था। अनुमान लगाया जाता है कि खेत में सिंचाई करते समय उसे तीसरी बार दौड़ा पड़ा है, जिससे उसकी मौत हो गई है। मौत का असली कारण पोस्टमार्टम के बाद पता चल पाएगा।

आईजी एटीएस, आईजी जोन ने सलोन कोतवाली में डाला डेरा

संवाददाता, सलोन, रायबरेली।

सलोन कोतवाली पहुंचे पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार। थाने में बैठकर लोगों की काबलियत पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करने वाले कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह कितने काबिल है। गुरुवार को पुलिस की किरकिरी कराकर उन्होंने खुद साबित कर दिया है। पूरे प्रकरण में लापरवाही बरत रहे कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह की कार्यशैली से नाराज एटीएस आईजी नीलाब्जा चौधरी, लखनऊ जोन आईजी अमरेंद्र सेंगर, डीएम हर्षिता माथुर ने सलोन पहुंचकर संवेदनशील प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

दरअसल, आरोपी युवक के विरुद्ध तहरीर मिलने के बाद भी सलोन कोतवाल ने उसका शांति भंग में चालान कर दिया था। जिस पर एसडीएम सलोन ने आरोपी युवक को तुरन्त जमानत दे दी थी। सलोन कोतवाल द्वारा बरती जा रही लापरवाही को देखते वरिष्ठ अधिवक्ता अजय अग्रवाल ने ग्रह मंत्री को पत्र लिखकर सनसनी मचा दी है।

पत्र में लिखा गया है कि जन सुविधा केंद्र संचालक मोहम्मद जीशान खान पुत्र रियाज खान के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की लिए निवेदन किया गया था।जिसमे पुलिस ने शांति भंग की कार्यवाही की थी। प्रकरण में आरोपी जीशान खान को साथ के साथ ही जमानत भी मिल गई है। पत्र में दर्शाया गया है कि फर्जी प्रमाण पत्र तैयार कर

बांग्लादेश तथा रोहिंग्यास को रायबरेली जिले में बसाने की बात कही गई है। इसमें पीएफआई का भी हाथ होने की पूरी आशंका लगती है। रायबरेली जिला आतंकवादियों का गढ़ बन सकता है। बीजेपी नेता के इसी पत्र सनसनी मचगई थी। जिसके बाद केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश शासन ने पूरे प्रकरण को गम्भरीता से लेते हुए आईजी एटीएस और लखनऊ जोन के आईजी को सलोन भेजा गया है। मामले में सलोन पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही नहीं करने से कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह भी संदेह के घेरे में है। कहना गलत नहीं होगा कि उन पर भी कार्यवाही की तलवार लटक सकती है। सूत्रों की माने तो पुलिस की लापरवाह कार्यशैली को देखते हुए बुधवार रात ही एसटीएफ ने दबिश देकर मुख्य आरोपी को दबोच लिया था। इसके बाद एसपी ने गुरुवार कोतवाली पहुचकर कोतवाल को फटकार लगाई थी। मामला संवेदहीन होता चला गया कि दो बड़े विभाग के आईजी को खुद सलोन थाने पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू करनी पड़ी है। इस दौरान डीएम हर्षिता माथुर, एसपी अभिषेक अग्रवाल और एडीएम भी सलोन कोतवाली में मौजूद रहे।

नाराज

▸▸ **अधिकारियों ने की आरोपी युवकों से पूछताछ**

आखिरकार बछरावां कोतवाल हुए लाइन हाजिर

संवाददाता, रायबरेली।

अमृत विचार। विवाहिता का शव जलवाने के आरोप में घिरे बछरावां कोतवाल को आखिरकार तमाम विरोध प्रदर्शन के बाद एसपी ने गुरुवार देर शाम लाइन हाजिर कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी पर तैनाती के बाद से कई प्रकार के आरोप लगते आ रहे हैं, लेकिन अपनी मजबूत पड़कर के कारण अधिकारी उनका तबादला करने से बच रहे थे। लेकिन थाना क्षेत्र के चुरुवा गांव में विवाहिता के पति पर दोस्तों के साथ मिलकर गैंगरेप व हत्या करने के आरोप में पुलिस ने जल्दबाजी में पेट्रोल डीजल मंगवा कर देर रात में शव का अंतिम संस्कार कर दिया था। इसके बाद मामले में तूल पकड़ा और विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ-साथ विभिन्न संगठनों के नेताओं और स्थानीय ग्रामीणों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। गुरुवार को भी करणी सेना और किसान यूनियन के नेताओं ने मिलकर पीड़ित परिजनों से न्याय का भरोसा दिया था। बछरावां थाना क्षेत्र के चुरुवा गांव में बीते दिनों उत्तराखंड की रहने वाली लड़की की हत्या का मामला प्रकाश में आया था। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी विजेंद्र शर्मा को लाइन हाजिर कर दिया है अब ओम प्रकाश तिवारी को नया प्रभारी बनाया है।

▸▸ **महिला के शव को रात में जलवाने का लगा था आरोप**

महंगाई की मार से जनता परेशान

सवांददाता, रायबरेली।

ग्राहक के इंतजार में बैठा सब्जी दुकानदार। अमृत विचार

अमृत विचार। महंगाई की मार इस समय गरीब की थाली पर पूरा असर डाल रही है। गर्मी और उमस के बीच हुई बारिश के बाद आलू, प्याज व टमाटर सहित हरी सब्जियों के भाव आसमान छू रहे है। मंडियों से लेकर गांव की बाजारों तक के दाम में बडा असर देखा जा रहा है। आम से लेकर खास हर तबके के घरों में सबसे ज्यादा उपयोग होने वाली सब्जी आलू के दाम में भी भारी इजाफा हो गया है। जिसकी वजह से लोगों की रसोई का बजट भी बिगड़ गया है। गर्मी में सब्जियों के सूखने की वजह से दुकादारों को नुकसान भी उठाना पड़ता है, जिसकी वजह से अन्य सब्जियों के दाम पूरे करना भी दुकानदार के लिए मुश्किल हो जाता है। बात चाहे जो हो लेकिन इस समय गरीब काफी परेशान है, कभी सौ रुपये में झोला भर सब्जी मिल जाती थी। लेकिन आज इतने पैसे में तो एक पालीथीन भी नहीं भरती है। मंहगाई की पिच पर ज्यादातर सब्जियों ने शतक पूरा कर दिया है, लेकिन कुछ अभी मैदान में डटे हुए हैं। घर की दैनिक उपयोग वाली सब्जियों में आलू, टमाटर, प्याज, हरी मिर्च, धनिया आदि के दामों में भी खूब बढ़ोत्तरी हुई है।

सब्जियों के दाम प्रति किलो में

आलू	40 रुपये
प्याज	50 रुपये
टमाटर	100 रुपये
धनिया	200 रुपये
लौकी	35 रुपये
तोरई	25 रुपये
कद्दू	40 रुपये
अदरक	160 से 190 रुपये

खेती में इनोवेशन से बढ़ेगी आय : सीडीओ

संवाददाता, जौनपुर।

अमृत विचार। जिलाधिकारी रविन्द्र मांदड़ के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आत्मा गवर्निंग बोर्ड की बैठक हुई जहां उप कृषि निदेशक हिमांशु पांडेय ने बोर्ड के सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्रवाई शुरू की।

बैठक की ऐजेंडा बिन्दु के अनुसार सबसे पहले विगत सत्र में आत्मा योजनान्तर्गत कराए गए कार्यों की पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया गया जिसका सभी सदस्यों द्वारा पुस्टि की गई। तत्पश्चात वर्तमान सत्र 2024-25 में कराई जानी वाली ब्लाक कृषि कार्ययोजना एवं जनपद स्तरीय कृषि कार्य योजना प्रस्तुत की गई। सभी सदस्यों द्वारा कार्ययोजना पर चर्चा एवं सुझावों को सम्मलित करते हुए सर्वसम्मति से अनुमोदित की गई। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए खेती में कुछ इनोवेशन कराया जाय। कम से कम 50-50 किसानों का चयन कर ड्रेगन फ्रूट एवं स्ट्रावेरी की खेती कराया जाय। इसके लिए चयनित प्रत्येक किसान को आत्मा योजना से 4—4 हजार रुपये उपलब्ध कराए जाएंगे।

सार-संक्षेप

फर्जी प्रमाण पत्र मामले में विश्व हिंदू परिषद ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

डीएम को ज्ञापन देने जाते वीएचपी नेता। अमृत विचार

रायबरेली, अमृत विचार। ग्राम विकास अधिकारी की आईडी से फर्जी तरीके से सलोन में हजारों फर्जी जन्म प्रमाणपत्र निर्गत कर दिए गए हैं। खास बात यह कि इनमें से ज्यादातर जन्म प्रमाणपत्र हासिल करने वालों का इन गावों से कोई संबंध ही नहीं है। माना जा रहा है कि जन्म प्रमाणपत्र हासिल करने वाले अलग अलग प्रांतों के रहने वाले हैं। यहां पर पिछले कई महीने से ऐसे लोगों के जन्म प्रमाणपत्र निर्गत हो रहे थे जिनका यहां से कभी कोई संबंध ही नहीं रहा है। प्रधानों ने इस बात की सूचना एडीओ पंचायत जितेंद्र सिंह को दी। मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आया तो सीडीओ ने इसकी जांच एडीओ पंचायत को सौंप दी। एडीओ पंचायत की जांच में सामने आया कि ग्राम विकास अधिकारी विजय सिंह यादव समेत राइन सहज जनसेवा केंद्र संचालक जीशान खान रियाज व एक अन्य की मिलीभगत से लगभग 19 हजार से ज्यादा गैर जनपदीय और गैर प्रांतीय लोगों के फर्जी प्रमाण पत्र जारी हो गए। मामले में विश्व हिंदू परिषद ने गुरूवार को राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा है। जिला अध्यक्ष विवेक सिंह ने कहां कि जन्म प्रमाण पत्र बनने के साथ भारत का नागरिक बनना आसान हो जाएगा अगर सलोन तहसील में इतने बड़े पैमाने पर जन्म प्रमाण पत्र बनाये गये है तो इस तरह का जाल पूरे तहसीलों में भी फैला हो सकता है। ये एक राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ मामल है। और इसके दूरगामी परिणाम बड़े घातक हो सकते हैं। इसलिए उच्चस्तरीय एजेंसी से इसकी जाँच करवाई जानी चाहिए, और इसके पीछे कौन सी एजेंसी या कौन से लोग लगे हुए हैं उनका भी पर्दाफाश होना चाहिए।

बड़ौदा यूपी बैंक के कार्यालय में कमलेश ओझा सम्मानित

कमलेश ओझा को सम्मानित करते सेवानिवृत्त कार्मिक समिति के पदाधिकारी।

रायबरेली, अमृत विचार। बड़ौदा यूपी बैंक प्रशासनिक कार्यालय में कार्यरत कमलेश ओझा को 60 वर्ष पूरा होने पर बड़ौदा यूपी बैंक से सेवानिवृत्त कार्मिक समिति के महामंत्री अजीत मल्होत्रा व रीजनल महामंत्री विनोद शुक्ला ने बुके देकर सम्मानित किया। महामंत्री ने केक खिलाते हुए उन्होंने वरिष्ठ नागरिक समिति में शामिल किया। श्री शुक्ला ने कहा कि कमलेश ओझा बैंक को अपने जीवन के महत्वपूर्ण 40 वर्ष दिए है। वरिष्ठ प्रबंधक पद से 31 जुलाई को सेवा निवृत्त होगे। उन्होंने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मूलत: यही के रहने वाले श्री ओझा अब समिति में रह कर मार्ग दर्शक के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस मौके पर गौरव पांडे, अमित मिश्रा, शोहित शुक्ला, अशोक कुमार मौजूद रहे।

चेयरमैन प्रतिनिधि ने लोगों से की पौधरोपण की अपील

महराजगंज में पौधरोपण करते चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू। अमृत विचार

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार। नगर को हरा भरा व सुंदर बनाने के लिए चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू द्वारा वृहद रूप से पौधरोपण अभियान चलाया गया। प्रभात साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप नगर में पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए जामुन, आम, नीम, फाईकस, चितवन, बरगद, पीपल जैसे छायादार एवं फलदार वृक्षों को लगाया गया हैं। प्रभात साहू ने नगर की जनता से अपील करते हुए कहा कि जिन लोगो के पास पौध लगाने की जगह हो वह पौधों को अवश्य लगावें। वहीं गमलों आदि में भी फूल आदि के पौधे लगाकर नगर को हरा भरा व सुंदर बनाने में सहयोग करें। इस दौरान दानेश्वर मंदिर, श्मशान स्थल, मेला ग्रांउड, रायबरेली रोड पुलिस चौकी तिराहा, नगर पंचायत, एमआरएफ सेंटर, कान्हा गौशाला आदि जगहों पर पौधरोपण किया गया। इस दौरान सभासद विनीत वैश्य, ऊषा त्रिपाठी, कमलेश कुशमेष, धर्मेंद्र वर्मा, मो. अलीम, शिवकुमार, नुरुल, मुस्ताक, जमुना पासवान, रामकुमार यादव, लिपिक जमुना मामा, सफाई नायक चंद्रकेश मौर्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

विद्युत विभाग ने नाली के बीच लगा दिया विद्युत पोल

नगर पंचायत शिवगढ़ के वार्ड 4 शिवली में रामहर्ष मौर्य के दरवाजे पर लगा पोल।

शिवगढ़, रायबरेली। विद्युत पोल गाड़ने का काम कर रही कार्यदाई संस्था ने शिवगढ़ नगर पंचायत के वार्ड नम्बर चार शिवली में रामहर्ष मौर्य के घर के पास बनी पक्की नाली में विद्युत पोल गड़वा दिया है। जिसके चलते घरों से निकलने वाला नापदानों का दूषित पानी नाली से बहने के बजाय सीसी रोड के ऊपर से बह रहा है जिसको लेकर मोहल्ले के लोगों में गहरा रोष व्याप्त है। विद्युत उपकेंद्र शिवगढ़ के जेई रवि गौतम ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है दिखवाया जाएगा।

PIPAL TREE VENTURES PVT. LTD.
PIPAL TREE VENTURES
301 A, Jagdamba House, Peru Baugh, Goregaon East, Mumbai - 400063

RECRUITMENT OF VOCATIONAL TRAINER

Pipal Tree Ventures Pvt. Ltd. invites applications from eligible candidates for the post of **Vocational Trainers** in **Construction Sector (Assistant Mason)** on contractual basis in various schools of **Uttar Pradesh** for implementation of centrally sponsored scheme for Vocationalization of School Education in alignment with **NSQF.**

Sector	No. of Posts	Essential Qualification	Desirable Qualification	Age Limit	Districts	Honorarium
Construction (Assistant Mason)	20	B.Tech in civil Engineering from a recognized Institute / University, with at least 1 year work / teaching experience or Diploma in Civil Engineering with 2 year work / teaching experience	Effective communication skills (Oral and written) Basic computing skills.	18-37 years (as on Jan. 01 (year)) Age relaxation to be provided as per Government rules.	Ambedkar Nagar, Banda, Barabanki, Bulandshahar, Etawah, Farrukhabad, Gazipur, Hapur (Panchsheel Nagar), Jalaun, Kushi Nagar, Mathura, MuzaffarNagar, Prayagraj, Rae Bareli, Shahjahanpur, Sitapur	Gross Honorarium 15,000/- all inclusive per month.

Interested candidates may apply through E-mail: asingh@pipaltreeventures.com, rprajapati@pipaltreeventures.com

Date/Venue of Written Test & Interview will be communicated via email to all the candidates applied for the same. Only shortlisted candidates will be invited for Written & Personal Interview.

Last Date of Receipt of Application: 21st Jul. 2024.
Note: All communication for job application to be done through emails. All positions are on contractual basis. This is not a government job. Management reserves the right to accept/reject application without assigning any reasons with so ever.

Mobile No.: +91-9670250008, 9452448797
Website: www.pipaltreeventures.com

अमृत विचार
www.amritvichar.com

न हि कश्चित्क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत् ।
कार्यते ह्यवश : कर्म सर्व : प्रकृतिजैर्गुणै : ॥

नि :संदेह कोई भी मनुष्य किसी भी काल में क्षणमात्र भी बिना कर्म किए नहीं रहता,क्योंकि सारा मनुष्य समुदाय प्रकृति जनित गुणों द्वारा परवश हुआ कर्म करने के लिए बाध्य किया जाता है।

संपादकीय

रेल हादसों के पीछे

देश में लगातार बढ़ रहे रेल हादसों के क्रम में गोंडा जिले में हुई रेल दुर्घटना बेहद दुखद है। गुरुवार को जिले में चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही ट्रेन के आठ डिब्बे मोतीगंज तथा झिलाही रेलवे स्टेशनों के बीच पटरी से उतर गए। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई तथा 20 घायल हो गए। हादसे के कारण कई गाड़ियों को रद किया गया तथा 10 रेलगाड़ियों को मार्ग बदलकर संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशासन को प्रभावित यात्रियों को सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है। भारतीय रेलवे विश्व के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क में से एक है, जहां लाखों लोग प्रतिदिन परिवहन के लिए इस पर निर्भर हैं। आंकड़े बताते हैं कि पिछले दो दशकों में पटरी से गाड़ी उतरने के मामले अधिकांश दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। साथ ही रेलवे से जुड़ी त्रासदियों के पीछे दोषपूर्ण सिग्नलिंग प्रणाली से लेकर मानवीय त्रुटि तक कई कारण होते हैं। मानवीय त्रुटियों के परिणामस्वरूप गलत सिग्नलिंग, दोषपूर्ण संचार, अत्यधिक गति अथवा दोषों या खतरों को अनदेखा करने की स्थिति बन जाती है। पिछले माह 17 जून को सिलीगुड़ी के न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन से 30 किलोमीटर दूर रंगपानी के पास एक मालगाड़ी खड़ी सियालदह जाने वाली कंचनजंगा एक्सप्रेस से टकरा गई। ट्रेन दुर्घटना में मालगाड़ी के लोको पायलट सहित 10 लोगों की मौत हो गई। बाद में रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने कहा कि स्वचालित सिग्नल क्षेत्रों में ट्रेन संचालन के प्रबंधन में कई स्तरों पर खामियां हुईं।

विश्व के सबसे बड़े और व्यस्ततम रेल नेटवर्क में से एक भारतीय रेलवे के लिए सुरक्षा एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। परंतु रेलवे तंत्र धन की कमी, भ्रष्टाचार और अक्षमता से भी ग्रस्त है जो इसके विकास एवं रखरखाव को प्रभावित करती है। कई रूट 100 प्रतिशत से अधिक क्षमता पर संचालित हैं, जिससे भीड़भाड़ और ओवरलोडिंग के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। हालांकि गुरुवार को हुए रेल हादसे की जांच के बाद ही इस बात की पुष्टि हो पाएगी कि क्या ट्रेन या पटरी के नियमित निरीक्षणों में चूक हुई थी। अनियमित रखरखाव के कारण खराबी हुई और ट्रेन पटरी से उतर गई। फिलहाल देश में सुरक्षा की स्थिति और बेहतर सुरक्षा उपायों एवं अवसंरचना की आवश्यकता के संबंध में रेलवे कर्मचारियों को सुरक्षा नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुपालन के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। साथ ही भारत में रेल दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों के समाधान के लिए सरकार व रेलवे प्रशासन को कड़े कदम उठाने होंगे।

अनुशासित जीवनचर्या और पर्यावरण संतुलन

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

क्या हमने कभी विचार किया है कि हम दैनिक जरूरतों के रूप में जिन वस्तुओं का उपयोग करते हैं उनमें से कौन-कौन सी प्राकृतिक संसाधनों से प्राप्त होती हैं? इनमें से कौन सी ऐसी वस्तुएं हैं,जिनका इस्तेमाल गैर जरूरी है?

इस बार जून में सप्ताह-सप्ताह भर के लिए हिमाचल और उत्तराखंड के अलग-अलग पर्वतीय क्षेत्रों में जाना हुआ। कारण था तेज गर्मी से निजात पाना,पर वहां के तापमान में भी कोई विशेष अंतर न था। वहां पर भी लोग इसका जिम्मेदार उन्हीं तौर तरीकों को ठहरा रहे थे,जो हर जगह पर्यावरण असंतुलन का कारण बताए जाते हैं। लोगों के अनुसार मानव की पर्यावरण विरोधी गतिविधियों ने प्राकृतिक असंतुलन पैदा कर दिया है,जो तीव्र गर्मी, वर्षा,भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं के रूप में सामने आ रहा है।

पर्यावरण शिक्षा प्रारंभिक स्तर से ही हर पाठ्यक्रम का अनिवार्य अंग होती है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल तत्संबंधी सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान करना ही नहीं है,बल्कि उन्हें आसपास के पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना होता है,जिससे उनमें पर्यावरण की व्यावहारिक समझ उत्पन्न हो और वे इससे संबंधित समस्याओं को पहचान कर उनके समाधान के प्रति जागरूक हों। वे सिर्फ पर्यावरण की परिभाषा तक ही सीमित न रहें,बल्कि इसके संतुलित-असंतुलित होने के कारण,प्रभाव,दुष्प्रभाव और समाधान के प्रति भी संवेदनशील हों। पर्यावरण शिक्षण में हम प्रमुख रूप से जिस मुद्दे पर बात करते हैं वह है प्रदूषण और प्राकृतिक साधनों जैसे वन संपदा तथा पारिस्थितिकी का संरक्षण। यहां हम इन पर चर्चा करते-करते विज्ञान की प्रगति और विकास को पर्यावरणीय असंतुलन का प्रमुख कारण ठहराने लगते हैं,पर क्या विकास की प्रक्रिया गैर जरूरी है? क्या विकास और पर्यावरण के बीच समुचित संतुलन स्थापित नहीं किया जा सकता? अगर हम इन बिंदुओं पर विचार करें तो पाएंगे कि पर्यावरण संतुलन के आड़े न तो विज्ञान आता है और न ही विकास।

पर्यावरण संतुलन हम सबसे एक अनुशासित जीवनचर्या की मांग भर है। अब क्योंकि पर्यावरण असंतुलन की स्थिति में सर्वाधिक प्रभावित भी मानव ही होता है अतः आवश्यक है कि हम अपनी जरूरतों भर ही प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करें। प्राकृतिक संसाधनों का अनावश्यक और अंधाधुंध दोहन ही क्रमशः असंतुलन की ओर ले जाता है। वैज्ञानिक दृष्टि के चलते नित नए आविष्कारों का होना स्वाभाविक है और उनमें प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग होना भी,पर यदि हम इन संसाधनों के संरक्षण और संवर्धन पर भी संवेदनशील होते हैं तो यह स्थिति संतुलित बनी रहती है। यदि हम आवश्यकता के परिप्रेक्ष्य में किसी वृक्ष पर आरी चलाते हैं तो उसके साथ ही कम से कम दस पौधे रोपने और उनकी परवरिश की जिम्मेदारी भी हमें ही चाहिए और यह बात हर एक प्राकृतिक संसाधन के उपयोग पर समान रूप से लागू होती है।

> पर्यावरण संरक्षण हेतु सराहनीय योगदान दे रहे व्यक्तियों को विद्यालय व समुदाय के स्तर पर पर्यावरण प्रहरी, पर्यावरण मित्र, पर्यावरण संगी के रूप में चिह्नित कर सम्मानित किए जाने से समुदाय में सार्थक संदेश जाएगा। विद्यालय स्तर पर बच्चों के संज्ञानात्मक तथा संज्ञान सहगामी पक्षों का सतत आकलन व मूल्यांकन किया जाता है।

क्या हमने कभी विचार किया है कि हम दैनिक जरूरतों के रूप में जिन वस्तुओं का उपयोग करते हैं उनमें से कौन-कौन सी प्राकृतिक संसाधनों से प्राप्त होती हैं? इनमें से कौन सी ऐसी वस्तुएं हैं,जिनका इस्तेमाल गैर जरूरी है? या हमारी स्वयं की दिनचर्या में ऐसे कौन-कौन से क्रियाकलाप हैं,जिनमें आंशिक सुधार करके ही हम पर्यावरण संरक्षण में बड़ा योगदान दे सकते हैं? यदि हम इन सवालों पर थोड़ा ठहरकर तथा संवेदनशील होकर विचार करें तो पाएंगे कि हवा, पानी, मिट्टी, वनस्पति, जीव जगत, भूगर्भ तथा खगोल से जुड़ी हमारी तमाम ऐसी गतिविधियां हैं जिनको आवश्यकतानुसार कम करके पर्यावरण को पोषित किया जा सकता है। यहां सवाल यह उठता है कि हम क्या करें कि जिससे हमारा पर्यावरण पोषित और संवर्धित हो? इसके लिए व्यक्तिगत व सामूहिक स्तर पर छोटे-छोटे योजनाबद्ध काम जरूरी होंगे। बच्चों में पर्यावरण जागरूकता हेतु दो स्तरों पर काम करना होगा। पहला-पर्यावरण की गहरी व संवेदनशील समझ पैदा करना, दूसरा-भावी खतरों, संभावनाओं को समझते हुए उनके समाधान में अपनी भूमिका निर्धारित करने का कौशल विकसित करना। इसके लिए प्रार्थना स्थल, कक्षा के अंदर तथा कक्षा के बाहर के क्रियाकलापों को नियोजित क्रम में कराना होगा। प्रार्थना स्थल पर प्रकृति के अनिवार्य घटकों के प्रति आदर व कृतज्ञता प्रदर्शित करने वाली रचनाओं को शामिल करना,पर्यावरण संवेदना से संबधित प्रेरक प्रसंग सुनाना,प्रमुख पर्यावरणीय चिंताओं और उनके समाधान के तरीकों पर चर्चा कराना, दैनिक आधार पर स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा पर्यावरणीय जागरूकता से सबंधित क्रियाकलापों का कराया जाना उपयोगी होगा।

कक्षा के अंदर के क्रियाकलापों में पर्यावरण जागरूकता संबंधी पोस्टर बनाना, नारा लेखन, पर्यावरण क्विज, कविता, कहानी व निबंध लेखन,वाद-विवाद प्रतियोगिता,अंत्याक्षरी,रोल-प्ले, पर्यावरण जागरूकता से संबंधित फिल्मों का प्रदर्शन, पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी सफलतामूलक कहानियां जैसे क्रियाकलाप प्रभावी साबित होंगे। कक्षा के बाहर के क्रियाकलापों में परिसर की स्वच्छता, पौधारोपण व संरक्षण,परिसर के जलस्रोतों की स्वच्छता व रखरखाव,सामुदायिक स्तर पर पर्यावरण क्लब की गतिविधियां संचालित करना जैसे कार्य बच्चों को सहज व स्वाभाविक रूप से पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाएंगे। विद्यालय स्तर पर पर्यावरण पत्रिका, पर्यावरण कैलेंडर,दीवार अखबार के जरिए विद्यार्थियों में पर्यावरणीय संवेदना के अंकुर सहज रूप से रोपित किए जा सकते हैं। सामुदायिक स्तर पर पर्यावरणीय यात्राएं, क्रियात्मक शोध,पर्यावरण प्रदर्शनी, पर्यावरण मेले, नुक्कड़ नाटक तथा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे व्यक्तित्वों का साक्षात्कार जैसे क्रियाकलाप पर्यावरणीय जागरूकता का सशक्त माध्यम बन सकते हैं।

पर्यावरण संरक्षण हेतु सराहनीय योगदान दे रहे व्यक्तियों को विद्यालय व समुदाय के स्तर पर पर्यावरण प्रहरी, पर्यावरण मित्र, पर्यावरण संगी के रूप में चिह्नित कर सम्मानित किए जाने से समुदाय में सार्थक संदेश जाएगा। विद्यालय स्तर पर बच्चों के संज्ञानात्मक तथा संज्ञान सहगामी पक्षों का सतत आकलन व मूल्यांकन किया जाता है। विद्यार्थियों में पर्यावरणीय संवेदना संबंधी मूल्य विकसित हो रहे हैं अथवा नहीं इसके लिए सैद्धांतिक पक्ष के साथ-साथ व्यवहारगत परिवर्तनों का भी नियमित अंतराल पर मूल्यांकन हो। इसके लिए परंपरागत मूल्यांकन के बजाय व्यावहारिक तरीकों पर काम करना होगा। इनके अंतर्गत बच्चों को दैनंदिनी में दिए गए कार्य का अवलोकन,तत्क्रम में उनकी दिनचर्या का अवलोकन, दैनिक वर्कशीट के आधार पर कार्य का संपादन, समूह व एकल गतिविधियों में सहभागिता, वीडियो /ऑडियो प्रेजेंटेशन के दौरान चर्चा में प्रतिभागिता, केसलेट डिस्कशन , न्यूजबुक बनवाना, पिक्चर शीट बनवाना जैसे तरीके कारगर साबित होंगे। विद्यार्थियों के समक्ष पर्यावरण मैत्रिक विद्यालय की अवधारणा प्रस्तुत कर तथा उनका सहयोग लेकर हम विद्यालयों को यह स्वरूप प्रदान कर सकते हैं।

विद्यालय पुस्तकालय में प्रमुख पर्यावरणविदों से संबंधित संदर्भ सामग्री,पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु दिए जाने वाले प्रमुख राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार तथा सम्मान, प्रमुख संगठन,सरकार द्वारा इस हेतु संचालित प्रमुख योजनाएं तथा प्रमुख कानूनों की जानकारी से संबंधित संदर्भ सामग्री जुटाकर हम विद्यार्थियों में पर्यावरण विषयक गहरी समझ पैदा कर सकते हैं। प्रमुख पर्यावरणीय संगठनों की वेबसाइट्स,ई-बुक्स,जर्नल्स इस क्षेत्र में बच्चों के ज्ञानवर्धन का महत्वपूर्ण स्रोत हो सकते हैं। इन संसाधनों के जरिए विद्यार्थी पर्यावरण के क्षेत्र में मौजूद करियर संभावनाओं से भी परिचित होंगे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 पर्यावरण शिक्षा को स्कूली पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग बनाने तथा स्कूली पाठ्यक्रम में पर्यावरण जागरूकता और इसके संरक्षण और सतत विकास के प्रति संवेदनशीलता के उचित एकीकरण पर जोर देती है। यह संभव हो इसके लिए आवश्यक होगा कि विद्यार्थियों में प्रारंभिक स्तर से ही पर्यावरणीय संवेदना के मूल्य विकसित किए जाएं ताकि वे भविष्योन्मुखी चिंताओं और चुनौतियों के समुचित समाधान के साथ आगे बढ़े। स्वाभाविक ही है कि पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन हम सभी का सामूहिक दायित्व भी है और कर्तव्य भी। यह भी,कि यह संतुलित रहे इसकी चिंता हमें आज और अभी से करनी होगी। कल शायद बहुत देर हो जाएगी।

प्रसंगवश

हुनर कौन सिखाएगा

बेटा आप बड़े होकर क्या बनोगे? यह सवाल आमतौर पर हर बच्चे से कभी न कभी पूछा जाता है। आपसे भी पूछा गया होगा और संभव है आपने जवाब में डॉक्टर इंजीनियर शिक्षक या हवाई जहाज का पायलट बनने की इच्छा जताई हो। पर सोचिए यदि आप जवाब में कहते-मैं बड़ा होकर एक कारपेंटर बनना चाहता हूं या मकान बनाने वाला मिस्त्री बनना चाहता हूं तब क्या होता? आपने यह जवाब नहीं देकर अपने बड़ों को एक बड़ी मुसीबत से बचा लिया।

> भारत ने इस लापरवाही की कीमत चुकाई है। आज भारत में काम करने वाले आबादी दुनिया में सबसे ज्यादा है। इसे डेमोग्राफिक डिविडेंड कहते हैं,पर इन करोड़ों हाथों के लायक हमारे पास कोई काम नहीं है। उधर उद्योगपति शिकायत कर रहे हैं कि हमें प्रशिक्षित कामगार नहीं मिल रहे।

असल में हमारे यहां पूरी शिक्षा व्यवस्था में बढ़ई, लोहार, दर्जी, मिस्त्री जैसे तमाम हुनर सिखाने के लिए किसी स्कूल में कोई व्यवस्था नहीं है। मजे की बात यह है कि बड़े होकर ज्यादातर बच्चे आज भी इन्हीं हुनर के इस्तेमाल से अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं। आज भी खेती के बाद ज्यादातर लोग जीवनयापन के लिए इसी तरह के छोटे-मोटे हुनर आधारित रोजगार करते हैं। हैरानी की बात है कि आजादी के 77 साल बाद भी किसी ने नहीं सोचा कि ये तमाम छोटे-मोटे रोजगार करने वाले लोग इसके लिए आवश्यक हुनर कहां से सीखेंगे? पहले हमारे पास इसके लिए वर्ण व्यवस्था थी,हम दावा करते हैं कि हमने उस घृणित वर्ण व्यवस्था को खत्म कर दिया,जो कहती थी सुतार का बेटा सुतार ही बनेगा, मगर सुतार बनने की शिक्षा स्कूलों में नहीं देने का सीधा मतलब उसी वर्ण व्यवस्था का समर्थन करना है,जो कहती है लोहार बनने के लिए आपको लोहार के घर में ही पैदा होना होगा। इस तरह हुनर को स्कूली शिक्षा में शामिल नहीं कर के एक तरफ तो हमने वर्ण व्यवस्था को समर्थन दिया,दूसरी तरफ रोजगार के संभावित अवसर खत्म कर दिए।

संजय वर्मा
इंदौर

भारत ने इस लापरवाही की कीमत चुकाई है। आज भारत में काम करने वाले आबादी दुनिया में सबसे ज्यादा है। इसे डेमोग्राफिक डिविडेंड कहते हैं,पर इन करोड़ों हाथों के लायक हमारे पास कोई काम नहीं है। उधर उद्योगपति शिकायत कर रहे हैं कि हमें प्रशिक्षित कामगार नहीं मिल रहे। भारत जिस जवान आबादी को डेमोग्राफिक डिविडेंड कह रहा है वह बेरोजगारों की एक बड़ी फौज बनकर तबाही भी ला सकती है। चीन की तरह की मैन्युफैक्चरिंग इकोनॉमी बनाने का सपना देखना अच्छी बात है,पर इसके लिए प्रशिक्षित कामगार कौन सा स्कूल बना रहा है,यह भी सोचना चाहिए। सोचना चाहिए कि क्यों हमने हुनर को स्कूली शिक्षा में जगह नहीं दी। शायद यह भी वर्ण व्यवस्था की वजह से हुआ,जिसने हमारे समाज में दिमाग का काम करने वालों को ऊंचे स्थान पर और हाथ का काम करने वालों को सबसे नीचे स्थान पर रखा।

इसका परिणाम यह हुआ कि वे लोग जो हाथ का काम करते हैं वह भी अपने बच्चों को इस रोजगार से दूर रखना चाहते हैं,उन्हें ऑफिस का चपरासी बनना मंजूर है,लेकिन एक सफल टेक्नीशियन बनना नहीं,जिसमें चपरासी की नौकरी के मुकाबले कहीं अधिक पैसा है। किसी खास काम को समाज कितना पारिश्रमिक या कितना सम्मान देगा यह एक जटिल प्रश्न है। कभी-कभी इसके पीछे उस काम को करने में लगने वाली मेहनत या योग्यता के अलावा सामाजिक इतिहास के कारण भी होते हैं। हमारे यहां हाथ के काम करने वालों को ज्यादा मेहनत करने के बावजूद हमेशा से कम पैसा दिया जाता है। तमाम विकसित देशों में दिमाग और हाथ का काम करने वालों के बीच तनख्वाह का फर्क अधिकतम तीन गुना होता है,जबकि हमारे यहां यह हजारों गुना है।

वजह जो भी हो अब समय आ गया है कि भारत के स्कूलों में पढ़ाई जाने वाले निरर्थक सूचनाओं को रटवाने के बजाय बच्चों को हाथ के हुनर सिखाए जाएं ताकि वे कम से कम अपने लिए एक छोटा-मोटा रोजगार ढूंढ सकें। वैसे भी साइन थीटा,कॉस थीटा पढ़कर आपने आखिर इसका क्या इस्तेमाल किया?

बजट से मध्यम वर्ग की उम्मीदें

2024 का पूर्ण केंद्रीय बजट 23 जुलाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किया जाना है। भारतीय मध्यम वर्ग उन उपायों को देखने के लिए उत्सुक है, जो सीधे उनकी वित्तीय और जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करेंगे। मध्यम वर्ग अपनी जरूरतों और अपेक्षाओं के बारे में बात कर रहा है। विशेष रूप से कोविड-19 महामारी, बढ़ती मुद्रास्फीति और वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में बदलाव से उत्पन्न आर्थिक चुनौतियों के आलोक में।

रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

> साइबर सुरक्षा उपाय- व्यक्तिगत डेटा और ऑनलाइन लेनदेन की सुरक्षा के लिए उन्नत साइबर सुरक्षा उपाय एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है।

आयकर में राहत : टैक्स स्लैब का संशोधन- सबसे महत्वपूर्ण उम्मीदों में से एक आयकर स्लैब में संशोधन है। मध्यम वर्ग उच्च बुनियादी छूट सीमा की तलाश में है,जो वर्तमान में 60 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों के लिए 2.5 लाख रुपये है। 5 लाख रुपये तक की बढ़ोतरी से पर्याप्त राहत मिलेगी, जिससे करदाताओं के हाथों में अधिक प्रयोज्य आय आएगी। स्टैंडर्ड डिडक्शन में बढ़ोतरी-मानक कटौती, जिसे 2018 में फिर से शुरू किया गया था और वर्तमान में 50,000 रुपये है, एक और क्षेत्र है,जहां मध्यम वर्ग वृद्धि चाहता है। इसे बढ़ाकर 1 लाख रुपये करने से जीवनयापन की बढ़ती लागत और चिकित्सा खर्चों की भरपाई करने में मदद मिलेगी। आवास और रियल एस्टेट: गृह ऋण पर ब्याज कटौती- संपत्ति की कीमतें बढ़ने के साथ, मध्यम वर्ग को धारा 24 (बी) के तहत होम लोन के ब्याज पर कटौती की सीमा 2 लाख से बढ़कर 3 लाख रुपये होने की उम्मीद है। इस बदलाव से घर मालिकों पर वित्तीय बोझ काफी कम हो जाएगा और रियल एस्टेट क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलेगा। शिक्षा एवं कौशल विकास : शिक्षा ऋण पर कर लाभ- मध्यम वर्ग धारा 80 ई के तहत शिक्षा ऋण पर बेहतर कर लाभ का इच्छुक है। कटौती की अवधि बढ़ाने और कटौती योग्य राशि बढ़ाने से उच्च शिक्षा लागत के वित्तीय तनाव को कम किया जा सकता है।

स्वास्थ्य देखभाल : वर्तमान कटौती सीमा व्यक्तियों के लिए 25,000 रुपये और वरिष्ठ नागरिकों के लिए 50,000 रुपये है। इन सीमाओं को क्रमशः 50,000 और 1 लाख रुपये तक बढ़ाने से मध्यम वर्गीय परिवारों को अपनी स्वास्थ्य देखभाल लागत को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में मदद मिलेगी। सामाजिक सुरक्षा और सेवानिवृत्तिः राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस)- एनपीएस के तहत कर लाभ बढ़ाने से अधिक मध्यम वर्ग के व्यक्तियों को अपनी सेवानिवृत्ति में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। ईपीएफ और पीपीएफ लाभ-कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) और सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) पर उच्च ब्याज दरें अपेक्षित हैं। इसके अतिरिक्त, मध्यम वर्ग को इन योजनाओं के लिए अधिकतम योगदान सीमा में बढ़ोतरी की उम्मीद है। उपभोक्ता वस्तुएं और सेवाएं : जीएसटी दर का युक्तिकरण- आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों को तर्कसंगत बनाना एक बड़ी उम्मीद है। घरेलू उपकरणों, व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों और अन्य दैनिक आवश्यकताओं जैसी वस्तुओं पर जीएसटी कम करने से जीवनयापन की कुल लागत कम हो जाएगी। छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप के लिए सहायता : एमएसएमई क्षेत्र का समर्थन- मध्यम वर्ग का एक बड़ा हिस्सा छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप में लगा हुआ है। ऋण तक आसान पहुंचकर प्रोत्साहन और सरलीकृत अनुपालन प्रक्रियाओं सहित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र के लिए बेहतर समर्थन अपेक्षित है। महिला उद्यमियों के लिए सहायता- महिला उद्यमियों के लिए बढ़ा हुआ समर्थन,जिसमें क्रेडिट, मेंटरशिप प्रोग्राम और बिजनेस अनुदान तक पहुंच शामिल है,अधिक मध्यम वर्ग की महिलाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने और बढ़ाने के लिए सशक्त बना सकता है। जलवायु परिवर्तन और सतत जीवन। साइबर सुरक्षा उपाय- व्यक्तिगत डेटा और ऑनलाइन लेनदेन की सुरक्षा के लिए उन्नत साइबर सुरक्षा उपाय एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है। मध्यम वर्ग साइबर खतरों से सुरक्षा के लिए मजबूत नीतियां चाहता है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 2024 के लिए केंद्रीय बजट पेश करने की तैयारी कर रही हैं, मध्यम वर्ग एक ऐसे बजट की प्रतीक्षा कर रहा है,जो उनकी मूल चिंताओं और आकांक्षाओं को संबोधित करता हो। आयकर राहत, किफायती आवास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल में सुधार और मजबूत सामाजिक सुरक्षा उपाय उनकी अपेक्षाओं में सबसे आगे हैं। इन उम्मीदों के अनुरूप बजट न केवल मध्यम वर्ग का उत्थान करेगा, बल्कि राष्ट्र के समग्र विकास में भी योगदान देगा।

सोशल फोरम

कवि के घर चोरी का प्रायश्चित

चोर ने लिखा-पता होता,कवि का घर है तो चोरी नहीं करता-इस घटना पर बहुत से मित्र लिख चुके हैं। फिर भी मुझे जरूरी लगा कि कुछ कहा जाए। मराठियों में जातीय चेतना बंगालियों से कम नहीं है। उद्धत भावना कुछ ज्यादा ही है,लेकिन वह तभी आक्रामक होती है जब उसे उकसाया या मर्माहत किया जाता है।

अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

जातीय चेतना का नतीजा है कि मराठी भाषी राजनीतिज्ञ भी भाषा और साहित्य के सम्मेलनों में अवश्य जाते हैं। किसी समय महाराष्ट्र, खासकर मुंबई, फिल्मों का ही नहीं, नाटक, रंगमंच और साहित्य का बड़ा केंद्र था। यह इप्टा (जन नाट्य संघ) और प्रगतिशील लेखक संघ का युग था। इस आंदोलन ने दो महान काम किए। एक,जनजागरण में महती भूमिका निभाई, दो, जाति-धर्म के बंटवारे से परे सभी कलाकारों को समान महत्व और पहचान दी। जिस मराठी कवि नारायण सुर्वे के घर चोरी हुई,वे प्रगतिशील आंदोलन की देन थे। जैसे शंकर शैलेंद्र थे। वे महाराष्ट्र में इतने लोकप्रिय थे कि उनके काव्यपाठ में डेढ़-दो लाख लोग सुनने आते थे। न बताया जाए तो पता ही न चलेगा कि वे अत्यंत निम्न वर्ण से आते थे, लेकिन उनका सामाजिक सम्मान आज भी कितना है,यह इसी से जाहिर है कि जब चोर को मालूम हुआ कि उसने नारायण सुर्वे के घर पर चोरी की है तो वह सामान लौटा गया। रामविलास शर्मा की दोस्ती नारायण सुर्वे से वैसी ही थी जैसी शैलेंद्र से।

स्टालिन के निधन के बाद सोवियत संघ में उनके खिलाफ प्रचार शुरू हुआ। शैलेंद्र आगरा जाकर रामविलास जी से मिले। मुंबई (तब बंबई) की एक जनसभा में रामविलास जी मौजूद थे। नारायण सुर्वे को कविता पढ़नी थी। पार्टी नेताओं को उसके बाद बोलना था। दो लाख श्रोता उपस्थित थे। उनकी आंखों देखी लोकप्रियता का वर्णन रामविलास जी से मैंने एकाधिक बार सुना था। जातीय चेतना और सांस्कृतिक प्रभाव मनुष्य को अंदर से बदल देते हैं। चोरी तो जीवन की विडंबनाओं और विवशताओं का नतीजा है,लेकिन यह नैतिकता सांस्कृतिक प्रभाव की देन है, जिसके चलते चोर अपनी भाषा के एक महान कवि के घर चोरी का प्रायश्चित करता है।

-फेसबुक वॉल से

निर्णय वापसी से क्या असंतोष मिट गया

उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षकों की स्कूलों में समय से उपस्थिति की अनिवार्यता का आदेश वापस ले लिया गया,क्योंकि यह एक बड़ा राजनैतिक मुद्दा बनने को अग्रसर हो चुका था। समाजवादी पार्टी के मुखिया ने इसका मुखर विरोध करना शुरू कर दिया था। शिक्षकों का एक विशाल वोट बैंक है। सोशल मीडिया पर ऐसी तमाम पोस्ट अपडेट होती रहीं, जिसमें कहीं यह फैसला सरकार वापस न ले ले इसके विरुद्ध वातावरण बनाया जाता रहा। उनका प्रकारांतर से यही मकसद था कि शिक्षकों के असहयोग को निरंतर हवा दी जाए और विधानसभा के आसन्न चुनावों तक मामले को खींचा जाए, जिससे भाजपा को चुनाव में इसकी हानि उठानी पड़े। आखिर उनके मन की नहीं हुई और फिलहाल सरकार को इस निर्णय से पीछे हटना पड़ा,किंतु क्या सरकार के इस निर्णय के वापस ले लेने से भाजपा को जो संभावित हानि होती वह दुर्संभावना टल गई? मेरी और मेरी तरह की सोच रखने वाले बहुत से लोग इस निर्णय से निराश हुए हैं।

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

दरअसल राजनीति में समझौतावादी रवैया या तुष्टिकरण के हानि लाभ दोनों रहे हैं। मगर कभी-कभी ये नुस्खे बैकफायर भी करते हैं और लाभ के बजाय नुकसान कर जाते हैं। भाजपा अपने दृढ़ निश्चयों के कारण जानी जाती रही है। खासकर उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी की उनके कठिन निर्णयों के चलते एक बड़ी फैन फॉलोविंग है। चाहे वह शाहीन बाग पर भाजपा के अनिर्णय का ढुलमुल रवैया रहा हो या किसानों से संबंधित एक प्रगतिगामी अधिनियम को दबाव में आकर वापस लेने का, एक बड़े जन समुदाय (किसान समाहित) को यह रास नहीं आया था। फैसले वापस ही क्यों लिए जाएं यदि वे सोच समझ कर लिए जाएं। एक बार कोई निर्णय लेकर मुकरना तो कमजोरी ही दर्शाता है। भाजपा प्रशंसक इससे निराश ही होते हैं। उन्हें तो एक ऐसे राजनीतिक दल में अपना आदर्श दिखता है, जो आक्रामकता के साथ जनहित और राष्ट्रहित के मुद्दों को अमली जामा पहनाए। ढुलमुल नीति से तो नुकसान ही होता लगता है।

शिक्षकों की समय से डिजिटल उपस्थिति का निर्णय यदि सुचिंतित था तो उसे वापस लेने का क्या औचित्य था? क्या इससे शिक्षकों का नाजायज असंतोष मिट गया? नहीं,वे अब भी इस निर्णय को सरकार की मजबूरी समझकर पूरी उग्रता से राजधानी लखनऊ में इकट्ठा होने को लामबंद हो रहे हैं। भाजपा नीत सरकार ने उनकी समय से उपस्थिति को सुनिश्चित करने की दिशा में एक दृढ़ निश्चय का जो उपक्रम किया था तमाम अभिभावक, आमजन इससे खुश था और यह एक सही कदम था। सही निर्णय था। इसे वापस लेने से सरकार को झुक जाने का ही प्रतिकूल संदेश गया है। जब सभी लोकसेवकों को समय से उपस्थित रहने की अनिवार्यता है तो क्या प्राथमिक शिक्षक लोकसेवक नहीं हैं? उन्हें अपवाद क्यों माना जाए? आखिर जनता के टैक्स से वे भी एक अच्छी खासी सैलरी पाते हैं। सरकारें ऐसे ही झुकती रहीं तो कितने ही जनहित के सही दिशा में लिए गए फैसले खटाई में पड़ते जाएंगे।

रावण का यह रूप भी

लंकापति रावण का सीता हरण वाल रूप ही बहु प्रचलित है और इसके परिणामस्वरूप प्रतिवर्ष उनकी प्रतिमा बनाकर जलाने की परंपरा चल पड़ी है। यह मात्र एक नकारात्मक पहलू है। दरअसल रावण में अनेक गुण भी थे और उन्होंने संसार को काफी कुछ दिया भी है,किंतु इन सकारात्मक पहलुओं को लोग विस्मृत किए हुए हैं। रावण परम विद्वान,उत्तम कुल के ब्राह्मण और पुलस्त्य ऋषि के नाती थे। वे परम शिव भक्त थे,अपने समय के सर्वश्रेष्ठ शैव थे वे। वे चार वेद और छह शास्त्र के ज्ञाता थे, इसीलिए उन्हें दशानन कहा गया। उनका विग्रह बनाते समय दश शीशों के ऊपर एक गधे का शिर भी बनाया जाता है। इसका अर्थ है कि वे पांचवें वेद मान्य आयुर्वेद में भी पारंगत थे। गद का अर्थ है रोग और 'हा' से अभिप्राय है "हरण करने वाला" यानी वैद्य! गदहा का मतलब चिकित्सक से है और इसी को विकृत करके गधे का शिर उनके ऊपर लगा दिया जाता है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

रावण ने प्रसिद्ध "शिव तांडव" स्तोत्र लिखा,जो शिव जी की दो प्रसिद्ध स्तुतियों में से एक है। दूसरी स्तुति है "शिव महिम्न" जिसे आचार्य पुष्पदंत ने प्रणीत किया। रावण ज्योतिष के प्रकांड विद्वान थे और उनकी "रावण संहिता" ज्योतिष, हस्तरेखा आदि पर संसार का मार्गदर्शन कर रही है। उन्होंने 'नाड़ी परीक्षा','कुमार तंत्र','दस पटलात्मक' आदि आयुर्वेद ग्रंथ लिखे,जैसा कि ऊपर बताया गया है। उनका 'दस शतात्मक अर्क प्रकाश' ग्रंथ चिकित्सा और तंत्र दोनों पर है। वे महान तांत

एक नजर

गुमटी के ऊपर से निकली विद्युत लाइन से लगी आग

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : सूरतगंज कस्बा के फूलपुर चौराहा स्थित भवानी पुरवा मजरे मसूरिहा गांव थाना मोहम्मदपुर खाला का रहने वाला सोहनलाल लकड़ी के गुमटी में पान मसाला बेचने का कार्य करते हैं। इसी गुमटी के ऊपर से गुजरी प्राइवेट पीएमसी विद्युत लाइन से निकली चिंगारी से गुमटी में आग लग गई। जिससे करीब 70 हजार का नुकसान हुआ हैं। उधर सोहन लाल ने बताया कि कर्मचारियों की लापरवाही के चलते घटना हुई है। कई बार तार हटाने के लिए कहा भी घटनास्थल पर पहुँचे लेखपाल दिलीप कुमार ने हर संभव मदद दिलाने की बात कही है।

चोरों ने नकदी व जेवरात पर साफ किए हाथ

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : गांव में धावा बोलकर चोरों ने एक घर से हजारों रुपए की नगदी व जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना के तीन दिन बाद पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। कोतवाली हैदरगढ़ के अमिलहरा मजरे बारा गाँव निवासी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार की रात वह अपने परिवार के साथ छत पर लेटे हुए थे। रात्रि किसी समय चोर छत से आंगन में उतरकर कमरे में रखी अलमारी व बक्से का ताला तोड़ दिया और 25 हजार रुपए की नगदी एवं पांच लाख रुपए से अधिक कीमत के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। पीड़ित ने बताया कि घर के लोग सुबह सो कर उठे तो आंगन में सामान बिखरा देख दंग रह गए। पीड़ित ने गांव के ही एक व्यक्ति पर घटना को अंजाम देने की आशंका जताई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस छानबीन कर रही है।

50 लोगों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई

बाराबंकी, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर जनपद के अलग अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने 50 अभियुक्तों के खिलाफ शांति भंग की धाराओं में कार्यवाही की। जबकि पांच वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

पूर्व ब्लॉक प्रमुख की माता का निधन

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के पूर्व ब्लॉक प्रमुख राघवेंद्र प्रताप राजन सिंह की माता का 80 वर्ष की उम्र में बृहस्पतिवार को निधन हो गया। इसकी सूचना फैलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा में विभिन्न दलों के हजारों लोगों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

संदिग्ध हालात में किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जहांगीराबाद, बाराबंकी

अमृत विचार: जहांगीराबाद थाना क्षेत्र निवासी एक किशोरी ने संदिग्ध हालात में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के मंझपुरवा गांव निवासी कमलेश की 17 वर्षीय पुत्री शालू ने गुरुवार को घर की छत में लगे छल्ले में साड़ी बांधकर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक किशोरी के पिता कमलेश ने बताया कि वह मजदूरी का कार्य करता है और वह रोज की भांति सुबह धनोखर के पास एक मकान में मजदूरी करने गया हुआ था और उसकी पत्नी सविता देवी शहर स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी करने गई हुई थी। बेटी के फांसी लगाने की सूचना उन्हें उनके बेटे रोहित 24 ने दी। दादी दिव्यावती ने बताया कि वह खेत गई हुई थी वापस घर पहुंची तो देखा की पोती फांसी के फंदे पर लटक रही है। जिनके रोने चिल्लाने से मौके पर आस-पास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस को सूचना देने से पहले घर वालों ने ग्रामीणों की मदद से शव को नीचे उतार लिया था।

फरीज महफूज से प्रेरणा लेकर पार्टी को करें मजबूत: अखिलेश

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: पूर्व मंत्री फरीद महफूज किदवई ने हमेशा संघर्ष के बल पर समाजवादी आंदोलन व विचारों को मजबूत करने का कार्य किया है। वह लंबे समय तक विधानसभा में रहने के करण विधायी मामलो के अच्छे जानकार हैं। निष्ठा-लगन से उन्होंने हमेशा शोषित वंचित लोगों के लिए कार्य किया। पूरी पार्टी उनकी दीर्घायु व लम्बे जीवन की कामना करती है। यह बातें गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री व सपा मुखिया अखिलेश यादव पूर्व मंत्री विधायक फरीद महफूज किदवई के जन्मदिन पर उनके आवास पर पहुंचकर उन्हे बधाई व केक काटने के बाद उपस्थित कार्यकर्ताओ से कहीं। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने फरीद महफूज किदवई को अपना व पार्टी का सच्चा हितैषी बताया। उन्होंने कहा कि फरीज महफूज किदवई के राजनीतिक जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेकर पार्टी को मजबूत करने में लगना चाहिए।

पूर्व मंत्री फरीद महफूज को जन्मदिन की बधाई देते अखिलेश यादव। अमृत विचार

▸▸ पूर्व मंत्री के जन्मदिन पर आवास पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री ने दी बधाई

इसी क्रम में सफेदाबाद स्थित मातृ-पित सदन में निराश्रित वृधजनों के बीच पूर्व मंत्री फरीद महफूज किदवई व सदर विधायक सुरेश यादव ने केक काटकर जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर सदर विधायक सुरेश यादव ने पूर्व मंत्री फरीद महफूज किदवई के राजनितिक जीवन पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस मौके पर कार्यकर्ताओ द्वारा निराश्रित वृद्धाओं को भोजन, फल वितरण व अंगवस्त्र देकर जन्मदिन को हर्ष उल्लास से मनाया गया। फरीद महफूज किदवई को जन्मदिन पर बधाई देने वालों में पूर्व मंत्री राजेंद्र चौधरी, अरविन्द सिंह गोप, विधायक सुरेश यादव, पूर्व एम एल सी राजेश यादव, जिला अध्यक्ष हाफिज आयाज अहमद, प्रदेश सचिव लल्लन वर्मा, चेयरमैन फतेहपुर इरशाद अहमद कमर, चेयरमैन सतरिख रेहान कामिल, जिला उपाध्यक्ष मो. सबाह, मो. आफाक और जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा साहित भारी संख्या में सपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

उमस भरी गर्मी ने किया बेहाल, परेशान दिखे लोग

पिछले चार दिनों से नहीं हुई बारिश, जिले के बाशिन्दों को रुला रही है विद्युत आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: पिछले चार दिनों से बारिश न होने से एक बार फिर गर्मी और उमस से लोग बेहाल दिख रहे हैं। गुरुवार की सुबह आसमान साफ रहा। 11 बजे के बाद से ही तेज धूप निकल आई। दोपहर के समय गर्म हवाएं चलती रहीं और गर्मी का प्रकोप जारी रहा। गर्मी से बचने के युवतियां और युवक गमछे व दुपट्टे का उपयोग करते नजर आए तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में लोग नलकूपों पर नहाते दिखाई दिए। गर्मी के चलते लोगों का पसीना टपकता रहा। उमस भरी गर्मी से जनजीवन प्रभावित रहा। शाम के समय आसमान में हल्के फुल्के बादल छाए रहे।

पटेल तिराहे पर तेजधूप और उमस के बीच रुपट्टे से चेहरे को ढंककर जातीं युवतियां। अमृत विचार

तेजधूप में छाता लगाकर जातीं युवती। अमृत विचार

बिजली कटौती ने किया परेशान

गर्मी और उमस के बीच जिले भर में बिजली कटौती जारी है। सबसे खराब हालत ग्रामीण अंचलों में देखने को मिल रही है। जहां 15 से 17 घंटे तक कटौती होने से लोग गर्मी से बेहाल दिख रहे हैं। कस्बों में भी टुकड़ों में सप्लाई काट दी जा रही है। वहीं शहर में भी यही आलम है। पावर कारपोरेशन के अधिकारी फॉल्ट के चलते विद्युत कटौती होने की बात कह रहे हैं।

मौसम विभाग के मुताबितक गुरुवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री व न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सुबह से आसमान बिल्कुल साफ रहा। सुबह से ही तेज धूप का आगाज रहा। गुरुवार को सूर्य देव का प्रकोप देखने को मिला। दोपहर के समय गर्म हवाएं चलती रही। गर्म हवा के चलते पैदल व बाइकों पर चलने वाले लोगों को परेशानी रही। गर्मी से बचने के लिए लोग मुंह पर कपड़ा लपेटकर आते जाते नजर आए। बाजारों में ठंडे पेय पदार्थ की दुकानों पर लोगों की भीड़ रही। दोपहर के समय गर्मी से बचने के लिए युवाओं की नहर व नलकूपों पर भीड़ देखने को मिली। महिलाएं छाता लेकर बाहर निकलीं। उमस भरी गर्मी से जन जीवन प्रभावित रहा। गर्मी का यह आलम था कि पसीना नहीं सूख रहा था। लोग पानी की बोतल साथ लेकर जाते दिखाई दिए। कूलर व पंखे भी गर्म हवाएं फेंक रहे थे। सरकारी ऑफिसों पर कार्य करने वाले लोग गर्मी की वजह से परेशान दिखाई दिए। शाम के समय हल्के फुल्के बादल आसमान में छाए रहे। मौसम मे उमस भरी गर्मी रही। गर्मी के चलते लोगों के चेहरे पर पसीना साफ दिखाई दे रहा था। बादलों के चलते बारिश की आशंका बनी रही, लेकिन बारिश नही हुई। मौसम विभाग ने भी आने वाले दिनों में बारिश की आशंका जताई है।

संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए महंत हापुड़ में मिले

संवाददाता, सफदरगंज, बाराबंकी

अमृत विचार: थाना क्षेत्र के मुश्कीनगर गांव स्थित जूना अखाड़ा के कैलाशपुरी आश्रम से लापता महंत कौशलपुरी हापुड़ जिले में नदी किनारे गुमसुम अवस्था में पुलिस को मिले। हापुड़ गई पुलिस टीम महंत को अपने साथ लेकर बाराबंकी वापस पहुंची। शुरुआती पूछताछ में महंत ने केवल इतना बताया कि है कि वह मानसिक रूप से बहुत परेशान हैं। इसलिए थोड़ा आराम करने के बाद ही पुलिस को कुछ बताने की स्थिति में होंगे।

सफदरगंज थाना क्षेत्र के मुश्कीनगर गांव स्थित कैलाशपुरी आश्रम के 50 वर्षीय महंत कौशलपुरी बीती 12 जुलाई की भोर आश्रम से अचानक लापता हो गए थे। पुलिस ने आश्रम के बाहर उनके फटे कपड़े, टूटा मोबाइल, कमंडल आदि बरामद किया था। छानबीन में पुलिस को एक डायरी भी मिली थी, इसमें महंत ने कोई अनहोनी होने पर उत्तराधिकारियों को जिम्मेदार बताया था। सीओ सदर सुमित त्रिपाठी की अनुवाई में तीन पुलिस टीमें लगातार महंत की तलाश में जुटी थी। बीते मंगलवार को महंत की लोकेशन हापुड़ जिले में मिलने के बाद बाराबंकी पुलिस वहां पहुंची थी। बुधवार भोर में महंत गंगा नदी के किनारे गुमसुम अवस्था में पुलिस को मिले। सीओ सदर ने बताया कि महंत से जानकारी जुटाई जा रही है।

आश्रम पहुंचे महंत कौशलपुरी।

▸▸ गायब होने के कारणों की जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

दो स्कूली समेत पांच वाहन अनफिट, काटा चालान

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:

अमृत विचार: यातायात पुलिस के साथ संयुक्त चेकिंग अभियान में उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र लखनऊ के नेतृत्व में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अंकिता शुक्ला, पीटीओ अश्वनी उपाध्याय और रिहाना बानो द्वारा विशेष रूप से विद्यालय में संचालित वाहनों की चेकिंग की गई। जिसमें दो स्कूली वाहन अनफिट पाए गए। इन वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उसका चालान किया गया। इसके साथ ही साथ अनधिकृत संचालित वाहनों के विरुद्ध भी अभियान चलाया गया।

▸▸ स्कूली वाहनों के फिटनेस को लेकर 22 तक चलेगा अभियान

अभियान के अंतर्गत अनधिकृत रूप से संचालित यात्री वाहनों के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई की गई। जिसमें कुल 20 वाहनों को चेक करते हुए परमिट शर्तों के विरुद्ध पाये जाने पर तीन वाहनों को निरुद्ध भी किया गया है। वाहनों की चेकिंग मोहम्मदपुर चौकी से लेकर अहमदपुर टोल प्लाजा के मध्य की गई तथा बड़ेल तिराहे के निकट भी चेकिंग की गई है।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अंकिता शुक्ला ने बताया कि शासन के निर्देश पर अनाधिकृत यात्री वाहनों, फिटनेस व परमिट फेल वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है। जिसको लेकर 8 से 22 जुलाई तक अभियान चलाया जा रहा है। यदि इसके उपरांत भी कोई अनफिट वाहन मिलता है तो संबंधित विद्यालय के विरुद्ध कार्रवाई होगी।

पानी लगाने खेत गए युवक का पेड़ से लटकता मिला शव

संवाददाता, सुबेहा, बाराबंकी,

अमृत विचार: क्षेत्र के किश्तीनगर निवासी 28 वर्षीय श्यामू गुप्ता पुत्र स्व. श्री पाल गुप्ता गुरुवार की भोर घर से धान की फसल में पानी लगाने निकला था। काफी देर तक वापस न आने पर परिजनों ने जब श्यामू की खोज खबर ली तो खेत से कुछ दूरी पर स्थित एक जंगली पेड़ से गमछे के फंदे पर पर उसका शव लटकता नजर आया। परिजनों ने घटना की सूचना सुबेहा पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। वहीं उपनिरीक्षक सुभाष यादव ने बताया कि परिजनों के बयान दर्ज कराए जा रहे हैं। हर तरीके से जांच पड़ताल की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो होगी, बाकी आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

सार-संक्षेप

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को दस साल की कैद

बाराबंकी, अमृत विचार : नाबालिग के साथ बलात्कार करने के आरोपी सुबेहा के अहिरनपुरवा निवासी मो. मुकीम को न्यायालय ने दस साल के कैद और पांच हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई। मामला 28 अगस्त 2020 का है नाबालिग की माँ ने सुबेहा थाने में तहरीर देकर मो. मुकीम के नाम बेटी को शादी का झांसा देकर बहला फुसला कर बलात्कार करने का मुकदमा दर्ज कराया। तत्कालीन विवेचक ने मामले की जांच कर साक्ष्यों व तथ्यों पर आधारित आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जघन्य अपराध व अपराधियों के विरुद्ध तेजी से सजा दिलाने के लिए बनाये गए मानीटरिंग सेल के अधिकारियों व कर्मचारियों ने न्यायालय में शीघ्रता से पैरवी करे हुए ठोस सबूतों गवाहों और साक्ष्यों को न्यायालय में प्रस्तुत किया। मजबूत साक्ष्यों व ठोस गवाहों को आधार बनाते हुए न्यायालय ने मो .मुकीम को नाबालिग के साथ बलात्कार का आरोपी मानते हुए दस साल का कारावास व पांच हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई।

हत्या के लिए उकसाने के आरोपी को जेल

बाराबंकी, अमृत विचार : हत्या के लिए उकसाने के मामले में न्यायालय ने आरोपी को पांच साल के जेल और बाइस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। मामला साल 22 सितम्बर 2022 का है। मोहम्दपुर खाला क्षेत्र की निवासी ने दहेज हत्या के लिए उकसाने के मामले में मौसन्डी निवासी पिन्टू पुत्र बदलूराम, बदलूराम पुत्र स्व. सुरजनलाल रामकली पत्नी बदलूराम के खिलाफ थाने मे तहरीर देकर बेटी के साथ मारपीट करने और दहेज की मांग कर उसे आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कराया। माx की तरफ से बेटी द्वारा आत्महत्या से आहत माँ की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। तत्कालीन विवेचनाधिकारी सीओ योगेन्द्र कुमार ने जांच कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। पुलिस मानीटरिंग सेल ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी करते हुए सबूतों गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत कर मामले की पैरवी तेज की। न्यायालय ने पिंटू पुत्र बदलू पर दोष सिद्ध करते हुए पांच वर्ष की कैद व बाइस हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई।

विशेष समुदाय द्वारा पीपल पेड़ नष्ट करने की कोशिश

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : सांप्रदायिक तनाव एवं शांति सौहार्द बिगड़ने की कोशिश गई। वर्तमान परिवेश में भारत देश के प्रधानमंत्री के द्वारा एक पेड़ मां के नाम को आधार मानते हुए संपूर्ण भारतवर्ष में पौधरोपण का कार्य कराया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के द्वारा मोहर्रम त्योहार को देखते हुए सभी को निर्देशित किया गया था कि बिना दीवार-घर गिरे तथा पीपल आदि के पेड़ों को बिना क्षित पहुंचाए आपसी प्रेम-सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण ढंग से ताजिया जुलूस यात्रा संपन्न की जाए। लेकिन स्थित टिकरा बाजार ग्राम पंचायत टिकरा थाना असंद्रा में विशेष समुदाय के द्वारा बीते गुरुवार को ताजिया जुलूस के दौरान सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने तथा शांति माहौल खराब करने की नीयत से हरे भरे मार्ग से हटकर लगे पीपल के पेड़ को नष्ट करने की कोशिश की गई। जिससे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। वहीं श्रीराम सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डीएनएस त्यागी के द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाते हुए तत्काल दोषियों के विरुद्ध संज्ञान लेकर कार्रवाई की मांग की गई है। जिससे भविष्य में कोई भी किसी प्रकार से सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने व शांति माहौल को बिगड़ने तथा सरकार के आदेश का उल्लंघन करने की कोई कोशिश न कर सके।

मानव के जीवन लिए पर्यावरण संरक्षण आवश्यक

पौधरोपण करतीं बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्चना वर्मा। अमृत विचार

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्चना वर्मा ने आंगनबाड़ी केंद्र औलियालालपुर परिसर में पौधारोपण किया। अर्चना वर्मा ने कहा कि मानव के जीवन लिए पर्यावरण संरक्षण करना अति आवश्यक है। सभी को न केवल पौधारोपण करना चाहिए बल्कि पौध को वृक्ष बनने तक संपूर्ण देखभाल करने का संकल्प भी लेना चाहिए। उन्होंने कार्यकत्रियों से अपील किया कि प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र के आसपास पांच पौध जरूर लगाए तथा पौधों की देख करें। जितना अधिक पौधे लगेंगे उतना ही अच्छा पर्यावरण होगा, जो लोगों के लिए लाभदायक होगा। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री शिमला वर्मा, अध्यापक रिंकी आदि मौजूद रहे।

पत्नी और बेटी पर पति ने किया जानलेवा हमला

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: नगर कोतवाली अंतर्गत अशोक नगर सूत मिल चौराहा निवासी अनुपमा सिंह का पति संदीप सिंह काफी दिनों से बाहर रह रहे हैं। अनुपमा सिंह ने अपने पति द्वारा स्वयं और अपनी बेटी पर हमला किए जाने को लेकर नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया है।

अनुपमा सिंह ने बताया मेरे पति बृहस्पतिवार को प्रातः 7 बजे लगभग घर पर आए और उन्होंने मुझपर व बेटी पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे दोनों चोटिल हो गए। यही नहीं घर की सारी गृहस्थी तोड़ डाली। मारपीट का शोर सुनकर आसपड़ोस के लोगों के आ जाने से संदीप सिंह जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पीड़िता के अनुसार डेढ़ महीने पहले अनुपमा सिंह को मोहरा बनाकर राजनीतिक विरोध के चलते जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अमरेंद्र प्रताप सिंह पर 376 सहित कई धाराओं में मुकदमा लिखाया गया था लेकिन पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ाया तो प्रथम दृष्टया मुकदमा संदिग्ध लगा। जब घर वालों ने जांच बढ़ती देखी तो पीड़िता को जान से मार कर फंसाने की कोशिश की। जब पीड़ित महिला की बेटी ने शोर मचाया तो पति मौके से फरार हो गए। पुलिस के लिए जांच का विषय है कि मात्र डेढ़ महीने पहले क्षेत्र के एक राजनीतिक व्यक्ति पर दुष्कर्म का मुकदमा लिखवाने वाली पीड़िता को जान से मारने की कोशिश क्यों की गई। वहीं कोतवाल अजय त्रिपाठी ने बताया कि जांच की जा रही है।

▸▸ पीड़िता ने कोतवाली में दी नामजद तहरीर

कड़े मुकाबले में शिवबरदान चुने गए अध्यक्ष

संवाददाता, सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

अमृत विचार: तहसील बार एसोसिएशन सिरौलीगौसपुर में वार्षिक चुनाव मतदान व मतगणना सम्पन्न हो गई। इस बार के चुनाव में शिवबरदान सिंह ने अध्यक्ष पद पर 17 मतों से जीत दर्ज की। वहीं दीपक कुमार सिंह ने महामंत्री का चुनाव चार मतों से जीत लिया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अधिवक्तों ने फूल माला पहना कर जीत का बधाई दी।

सिरौलीगौसपुर बार एसोसिएशन का चुनाव बड़े कांटे का रहा। सुबह 11 बजे से शुरु होकर दोपहर तीन बजे तक मतदान हुआ। कुल 118 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु शिव वरदान सिंह को 65 मत मिले। जबकि प्रतिद्वंदी काशीप्रसाद द्विवेदी को 48 मत हासिल हुए। पांच मत अवैध मिले। अध्यक्ष पद पर 17 मतों से शिबरदान सिंह विजयी रहे। इसी प्रकार महामंत्री पद पर महंत दीपक कुमार दास को 60 जबकि प्रतिद्वंद्वी राम हृदय यादव को 56 मत मिले। चार मतों से महंत दीपक कुमार दास ने जीत दर्ज की। जबकि दो मत अवैध निकले।एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन बहोरी प्रसाद शुक्ला, सत्यनाम वर्मा, जगदेव प्रसाद रावत, मुरारी शरण दीक्षित विनोद कुमार सिंह ने मतगणना संपंन कराई। अध्यक्ष व मन्त्री पद पर चुनाव जीते शिव वरदान सिंह व दीपक कुमार दास को जीत की बधाई दी। इस मौके पर कुलदीप सिंह,विक्रम सिंह लवकुश सिंह जितेन्द्र बहादुर सिंह, भूपेन्द्र सिंह यादव गौरव सिंह रामजी यादव सुरेश सिंह राकेश सिंह पूणेन्द्र प्रताप सिंह सितेन्द्र पाल सिंह प्रहलाद वर्मा संजय सिंह ,रानासिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

शिवबरदान सिंह, नवनिर्वाचित अध्यक्ष।

दीपक कुमार, नवनिर्वाचित महामंत्री।

▸▸ महामंत्री पद पर महंत दीपक कुमार सिंह ने दर्ज की जीत

बताते चले कि उपाध्यक्ष प्रथम रामप्रसाद वर्मा, बालचंद द्वितीय, राजीव कुमार वर्मा तृतीय, प्रथम पर पुत्तीलाल प्रजापति, द्वितीय पद पर रमाकांत वर्मा, तृतीय पर बृजेश कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष पद पर अखिलेश कुमार वर्मा, प्रशासनिक सदस्य पद पर कालीप्रसाद यादव, अवधेश कुमार यादव, राजेन्द्र कुमार वर्मा, भूपेन्द्र बहादुर वर्मा, सौरभ सिंह, शेषनरायन वर्मा तथा सामान्य सदस्य पद पर राजीव कुमार, केशवराम, लवकेश रावत, धनपत लाल, धनलाल रावत निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिए गए थे। अध्यक्ष व मंत्री पद पर जीत की बधाई देने वाले लोगों का तांता लगा रहा।

योजना एकलव्य क्रीड़ा कोष से मिलेगी प्रोत्साहन राशि और इसके लिए खिलाड़ी को ऑनलाइन या ऑफलाइन करना होगा आवेदन

खिलाड़ियों की दूर होगी आर्थिक तंगी, खेल विधा के मिलेंगे उपकरण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:

अमृत विचार: खेल के विभिन्न विधाओं में अपना लोहा मनवाने वाले खिलाड़ियों को अब आर्थिक तंगी से नहीं जुझना पड़ेगा। सरकार द्वारा शुरू की गई एकलव्य क्रीड़ा कोष योजना के तहत उन्होंने किट आदि की खरीद के लिए प्रोत्साहन राशि मिलेगी लेकिन इसके लिए खिलाड़ी को ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन करना होगा। खेल निदेशालय की ओर से इस संबंध में दिए गए निर्देशों के बाद इस पर अमल होना शुरू हो गया है। योजना के तहत खिलाड़ियों को अपनी खेल विधा से संबंधित उपकरण खरीदने के लिए पांच लाख रुपये तक अनुदान राशि मुहैया कराई जाएगी। इसके लिए आवेदन मांगे गए हैं।

केडीसिंह बाबू स्टेडियम में फुटबाल खेलतीं महिला खिलाड़ी। (फाइल फोटो)

योजना के तहत राष्ट्रीय चैंपियनशिप में खिलाड़ियों को प्रदर्शन जारी रखने की राह में धन की कमी बाधा न बने, इसके लिए धनराशि उपलब्ध कराई जाती है। योजना के तहत आवेदन करने वाले खिलाड़ियों को अपने खेल विधा से संबंधित आवश्यक उपकरण खरीदने के लिए अधिकतम पांच लाख रुपये की धनराशि अनुदान के रूप में उपलब्ध कराई जाती है। इसके लिए संबंधित खेल संघ की संस्तुति के साथ विभागीय अधिकारियों के जरिए निदेशालय को प्रस्तुत करना होता है। इस पर अंतिम निर्णय निदेशालय की ओर से ही लिया जाता है। खेल निदेशालय द्वारा जारी निर्देशों के बाद स्थानीय क्रीड़ा विभाग ने इसे अमल में लाना शुरू कर दिया है। खिलाड़ियों को योजना का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन के साथ स्थानीय केडी सिंह बाबू स्टेडियम में जाकर ऑफलाइन फार्म भी भर सकते हैं। वहीं क्रीड़ा अधिकारी नरेश चंद्र यादव ने बताया कि एकलव्य क्रीड़ा कोष के जरिए खिलाड़ी को अपने संबंधित खेल के उपकरण के लिए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी ताकि अगर उसे किसी बड़े खेल आयोजन में देश व प्रदेश का नाम रोशन करने में आर्थिक तंगी का सामना न करना पड़े।

योजना के तहत खिलाड़ियों को मिलेगी डाइट मनी

योजना के तहत खिलाड़ियों को खेल संघों की ओर से चार साल के अंतराल में होने वाली एशियन चैंपियनशिप, एशियन गेम्स, वर्ल्डकप, विश्व चैंपियनशिप, एशिया कप, एशियन कप (समस्त सीनियर वर्ग) में पदक विजेता व प्रतिभागी खिलाड़ियों को शारीरिक विकास, संवर्धन व डाइट मनी के लिए तीन लाख रुपये मिलेंगे। जूनियर एशियन, चैंपियनशिप जूनियर विश्व चैंपियनशिप, जूनियर वर्ल्ड कप, यूथ व जूनियर एशिया कप, एशियन कप, यूथ ओलंपिक गेम्स, यूथ वर्ल्ड कप जूनियर, यूथ कॉमनवेल्थ गेम्स, साउथ एशियन गेम्स (सैफ गेम्स) में पदक विजेता व प्रतिभागी खिलाड़ियों को दो लाख रुपये दिए जाएंगे। इनके अलावा मिनी/कैडेट (अंडर-13), सब जूनियर (अंडर-16), यूथ जूनियर (अंडर-19) सीनियर वर्ग की राष्ट्रीय चैंपियनशिप/मिनी/नेशनल गेम्स तथा खेलो इंडिया गेम्स/स्कूल नेशनल प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों को सीनियर वर्ग के लिए एक लाख रुपये, जूनियर व यूथ वर्ग हेतु 75 हजार तथा मिनी/कैडेट सब जूनियर (अंडर-17) आयु वर्ग के लिए 50 हजार रुपये अनुदान दिया जाएगा।

स्टेडियम में अगले साल शुरू होगा तरणताल

शहर के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में स्थापित तरणताल का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इसके चलते इस बार गर्मी के दिनों में नौनिहालों को तरणताल में तैराकी कराने के लिए इसे शुरू नहीं कराया जा सका। क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि तरणताल के जीर्णोद्धार का काम चल रहा है। इसलिए इस बार इसे शुरू नहीं किया गया है। अगले साल गर्मी में इसे नए सिरे से संचालित किया जाएगा। तैराकी कोच के निगरानी में तैराकी के गुण सिखाया जाएगा।

एक नजर

रोस्टर के हिसाब नहीं पहुंच रही बिजली, आदेश बेअसर

निंदूरा, बाराबंकी, अमृत विचार : अमृत विचार : क्षेत्र में बिजली का संकट कम नहीं हो रहा है। पावर कारपोरेशन द्वारा मनमानी कटौती से उपभोक्ता को भारी गर्मी व उमस में जीना मुहाल हो रहा है। जहां एक तरफ ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है कि क्षेत्र के रोस्टर के हिसाब से बिजली सभी उपभोक्ताओं तक पहुंचानी हैं अगर किन्हीं कारणों से विद्युत आपूर्ति में बांधा आतीं हैं तो उतने समय रोस्टर के अतिरिक्त बिजली देनी है। शट-डाउन लेना है तो रोस्टर की कटौती के समय ही लिया जाए। और इसकी सूचना नागरिकों को पूर्व में दी जाए लेकिन पावर कारपोरेशन उपखंड कुर्सी के जिम्मेदार अधिकारियों पर इसका जरा सा भी असर देखने को नहीं मिल रहा है। बाबागंज फीडर से क्षेत्र के लगभग 130 गांव में विद्युत आपूर्ति की जाती है। मंगलवार देर रात लगभग 11 केविल बाक्स जल जाने से अचानक विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई।

25 लोगों ने किया उपकरण के लिए आवेदन

मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार : मसौली ब्लॉक परिसर में दिव्यांगजन शक्ति करण विभाग द्वारा चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया। ट्राई साइकिल, व्यलचियर, वैशाखी, ब्लाइंड स्टिक, श्रवण यंत्र, साधारण छड़ी आदि उपकरण के लिए 25 लोगों ने आवेदन किया। जिसमें विभाग की तरफ से श्रीकांत वर्मा, पंकज यादव, भगौती प्रसाद, अमित मिश्रा, लल्लू प्रसाद, शाकिर मौजूद रहें।

एलएलबी की परीक्षा में धरे गए छह नकलची

अयोध्या, अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एलएलबी, बीएससी-एमएससी एग्रीकल्चर व बीबीए, बीसीए, बीपीएड व एमपीएड की सेमेस्टर परीक्षा गुरुवार को दो पालियों में शुरू हुई। विश्वविद्यालय परीक्षा के प्रथम दिन एलएलबी की प्रथम पाली परीक्षा में छह परीक्षार्थी सचलदल की तलाशी में अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए पकड़े गए। इन परीक्षार्थियों पर कार्यवाही की गई। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने कंट्रोल रूम से केन्द्रों के परीक्षा संचालन को परखा। इसके अलावा उन्होंने द्वितीय पाली में झुनझुनवाला महाविद्यालय केन्द्र का औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

बच्चों के खाने से रायता व सलाद गायब, मिलीं कमियां

पांच सदस्यीय टीम ने प्रशिक्षण केंद्र पर पहुंचकर की जांच, मिशन निदेशक को भेजी गई जांच रिपोर्ट

खबर का असर

▸▸ लघु सिंचाई विभाग में जमकर हो रहा भ्रष्टाचार का खेल

संवाददाता, सतरिख, बाराबंकी

जांच करते आईटीआई के प्रधानाचार्य आशुतोष कुमार सिंह व टीम। अमृत विचार

अमृत विचार: पंडित दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण ले रहे बच्चों को भूखे पेट ही ट्रेनिंग देने के मामले में गुरुवार को पांच सदस्यीय टीम ने प्रशिक्षण केंद्र पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। जांच में खाने के मेन्यू से सलाद व रायता गए मिला और प्रशिक्षण केंद्र में गंभीर अनिमिताएं मिलीं। जिसपर कार्रवाई के लिए जांच रिपोर्ट मिशन निदेशालय को भेजी गई है।

सतरिख स्थिति पंडित दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना के तहत बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रिटेल मार्केटिंग का आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण केंद्र सतरिख थाने के निकट लाइफ केयर स्किल नामक एक संस्था द्वारा इसे संचालित किया जा रहा है। संस्था पर आवास और भोजन की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी है। प्रशिक्षण ले रहे बच्चों ने समय पर भोजन और मेन्यू के अनुसार खाना नहीं देने का आरोप लगाया है। इस बात से नाराज लगभग एक दर्जन बच्चे कई दिनों से छात्रावास से घर खाना खाने के लिए जा रहे थे। जिस वजह से बच्चे काफी परेशान थे और प्रशिक्षण लेने में उनको अड़चन आ रही थी। बच्चो ने कहा था कि भूखे रहने से अच्छा है, हम अपने घर लौट जाएं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगायाथा कि वह लोग जहां रहते हैं वहां पानी की उचित व्यवस्था नहीं है। इस कारण शौचालय की व्यवस्था लचर हो गई है। पानी लेने के लिए काफी दूर जाना पड़ता है। इस मामले को अमृत विचार अखबार ने गुरुवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसके बाद जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने खबर को संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए थे। जिसके बाद राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य आशुतोष कुमार सिंह की पांच सदस्सीय टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। जांच में छात्रावास में जगह-जगह गंदगी मिली। पूरे परिसर में घास उगी हुई मिली। बच्चों को देने वाले खाने में सलाद व रायता गायब मिला। खाने की गुणवत्ता भी ज्यादा ठीक नहीं मिली। बिन प्रार्थना पत्र के बच्चे छात्रावास से गए मिले। हॉस्टल वार्डन की भूमिका संदिग्ध मिली। प्रशिक्षण केंद्र में जो भी कमियां मिलीं, उनमें सुधार करने के निर्देश जांच टीम ने संबंधित को दिए।

> प्रशिक्षण केंद्र के निरीक्षण के दौरान भी कमियां मिलीं हैं, उसकी जांच रिपोर्ट तैयार की गई है। कार्रवाई के लिए जांच रिपोर्ट मिशन निदेशालय भेजी जा रही है। निर्देशों के मुताबक प्रशिक्षण केंद्र के जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।
> **-आशुतोष कुमार सिंह,** प्रधानाचार्य, राजकीय आईटीआई/नोडल अधिकारी।

रील बनाने के चक्कर में बाइक सवारों ने वृद्ध को मारी टक्कर

कार्यालय, रामनगर, बाराबंकी

▸▸ वृद्ध की हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

अमृत विचार: रील बनाने के चक्कर मे बाइक सवारों ने पैदल जा रहे वृद्ध को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में घायल वृद्ध को गंभीर हालत में इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी से जिला अस्पताल भेजा गया।

कस्बा व थाना रामनगर के मोहल्ला रानी एक निवासी 55 वर्षीय वृद्ध रामसेवक गुरुवार की शाम रामनगर बदोसराय मार्ग से पैदल जा रहे थे। जब वह पीजी कॉलेज के निकट पहुंचे, उसी वक्त मोहल्ले के ही रहने वाले तेज रफ्तार बाइक सवार साहबे आलम, चांद आलम और रहीम ने रील बनाने के चक्कर में वृद्ध को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे आरक्षी कुलदीप ने घायल वृद्ध को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां पर हालत गंभीर होने के चलते डाक्टर स्वप्निल ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

किसान की सर्पदंश से मौत

सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार : सतरिख थाना क्षेत्र के जाटा गांव निवासी में दिनेश तिवारी (58) गुरुवार की सुबह खेत में लगी धान की फसल के खेत में मेड़ रखने के लिए गए थे। इस दौरान उनको सांप ने डस लिया, लेकिन वह समझ नहीं पाए। घर वालों ने उनको नजदीक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाटाबरौली पहुंचाया। किसान की हालत गंभीर होने पर वहां से डाक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल की रेफर कर दिया। लेकिन जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में किसान की मौत हो गई।

जनता से किया गया एक-एक वादा किया जाएगा पूरा : तनुज पुनिया

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:

▸▸ कांग्रेस संगठनों ने सांसद तनुज पुनिया का किया स्वागत

अमृत विचार: लोकसभा बाराबंकी की आवाम का कर्जा मैं कभी नहीं उतार सकता। चुनाव के दौरान मेरे दारा जनता से किया गया एक-एक वादा पूरा किया जाएगा। जनता की समस्याओं का समाधान सड़क से सदन तक संघर्ष करके कराया जायेगा। लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी की मिट्टी हमारी राजनीतिक पहचान है और यहां की आवाम हमारा परिवार है। उसकी एक-एक समस्या हमारी निजी समस्या है। उसके लिए धरना प्रदर्शन ही नहीं कोई भी संघर्ष करने से हम कभी पीछे नही हटेंगे। आज कांग्रेस पार्टी के समस्त संगठन मिलकर हमारा स्वागत कांग्रेस कार्यालय पर कर रहे हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है।

इससे पहले सांसद तनुज पुनिया का पटेल तिराहे पर पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष राम कुमार लोधी, सिविल लाइन मोड़ पर विकास खण्ड हरख के अध्यक्ष संतशरण वर्मा व नेलशन अस्पताल सिविल लाइन पर किसान कांग्रेस के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह मोनू, भुलान सिंह, धनन्जय सिंह व कांग्रेस कार्यालय के पास पहुंचने पर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, रामानुज यादव, जंग बहादुर पटेल, इजहार अहमद, फरीद अहमद, अजय रावत और सिंकदर अब्बास रिजवी की अगुवाई में फूल मालाओं से स्वागत किया गया। स्वागत के बाद सांसद तनुज पुनिया को कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन की अगुवाई में स्वागत स्थल कांग्रेस कार्यालय लाया गया। जहां महासचिव केसी श्रीवास्तव, रामहरख रावत, सुशील पासी व धर्मेन्द्र चौधरी ने कांग्रेस अध्यक्ष के साथ माला पहनाकर पुनिया का स्वागत किया।

लखनऊ बस सेवा का संचालन ठप, यात्री परेशान

संवाददाता, हैदरगढ़, बाराबंकी

बस न मिलने से निराश नवोदय विद्यालय की छात्राएं और शिक्षिका। अमृत विचार

▸▸ लोहिया अस्पताल, हाईकोर्ट जाने वाले और छात्र लौट रहे वापस

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के अधिकारियों की लापरवाही के चलते हैदरगढ़ से कैसरबाग के लिए चलने वाली बस सेवाओं का संचालन पूरी तरह से ठप हो चुका है। जिसकी वजह से यात्रियों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विभाग इस मार्ग पर राजस्व घाटा दिखाकर बसों के संचालन में आना-कानी कर रहा है। वहीं क्षेत्रवासियों के सुख-दुख में शामिल रहने के लिए जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों का रवैया भी इसको लेकर गंभीर नहीं है।

हैदरगढ़ भिटरिया मार्ग पर स्थित हैदरगढ़ बस स्टेशन से एक अरसे पहले उपनगरीय डिपो की एक दर्जन बस सेवाओं के माध्यम से आवागमन करने वाले यात्रियों को कैसरबाग की यात्रा कराई जाती थी। हर आधे घंटे पर चलने वाली बसों को सवारियां भी भरपूर मिलती थी, लेकिन फिर धीरे-धीरे विभाग का इस मार्ग पर बसों के संचालन से मोहभंग हो गया और आज हालात ऐसे हैं कि पिछले एक माह से कैसरबाग के लिए एक भी बस सेवा संचालित नहीं हो रहीं हैं। जिससे यहां बस की उम्मीद में आने वाले यात्री निराश होकर लौटने को विवश हैं।

गुरुवार को यहां कैसरबाग जाने के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय से अपनी शिक्षिका के साथ आईं कक्षा 9 की दर्जनों छात्राओं के अलावा उच्च न्यायालय, लोहिया अस्पताल के लिए जाने वाली सवारियों को बस न मिलने से वापस लौटना पड़ा। उक्त छात्राएं खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए लखनऊ जा रहीं थीं।

देर रात पैर फिसलने से तालाब में डूबी युवती

निंदूरा, बाराबंकी, अमृत विचार : लघुशंका के लिए देर रात उठी युवती तालाब में डूब गई। सुबह युवती को न देख परिजनों ने उसकी तलाश की। युवती का शव घर के पास तालाब मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घुंघटेर थाना क्षेत्र के बिठोखर गांव निवासी राजेश मौर्य की 19 वर्षीय पुत्री काजल मौर्य बुधवार रात लघुशंका के लिए उठी थी। नींद में होने के चलते उसका पैर फिसला और वह घर के बाहर स्थित तालाब में चली गई। भोर परिजन युवती को बिस्तर पर न देख तलाश शुरु की। तलाश के दौरान युवती के चप्पल देख अनहोनी की आशंका हुई। स्थानीय गोता खोर की मदद से युवती युवती का शव तालाब से बरामद किया।

महिला पर थूका और आपत्ति पर की पिटाई

मवई, अयोध्या : पटरंगा थाना क्षेत्र के ग्राम पैगंबर नगर में दुकान पर अगरबत्ती लेने जा रही एक महिला के ऊपर एक युवक ने थूक दिया। महिला ने आपत्ति जताई तो मारपीट करने लगा। महिला का पुत्र जब अपनी मां को बचाने दौड़ा तो कुछ लोग उसकी भी पिटाई करने लगे। अरमान अली पुत्र शहजादे ने पटरंगा थाने में दी तहरीर में मारपीट का आरोप लगाया है।

सार-संक्षेप

आम तोड़ रहा अधेड़ पेड़ से गिरा, मौत

रुदौली, अयोध्या, अमृत विचार : थाना बाबा बाजार के ग्राम रतनपुर में आम तोड़ते समय एक अधेड़ की पेड़ से गिरकर मौत हो गई। बाबाबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम रतनपुर के सीताराम पुत्र राम प्रसाद (51) बुधवार देर शाम को आम के पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहे थे, तभी डाल टूट गई और वह नीचे गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सालय ले जाते समय घायल ने दम तोड़ दिया। थानाध्यक्ष बाबा बाजार राजेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

साकेत महाविद्यालय में राष्ट्रीय व्याख्यान कार्यशाला आज से

प्राचार्य प्रो .अभय कुमार सिंह

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से राष्ट्रीय विकास पर चिंतन-मंथन के लिए अयोध्या स्थित साकेत महाविद्यालय में आज 19 जुलाई से दो दिवसीय राष्ट्रीय व्याख्यान कार्यशाला का आयोजन होगा। प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह और आयोजन समन्वयक प्रो. आशुतोष सिंह ने गुरुवार को बताया कि कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी और महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग की ओर से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अपने 64 वर्षों की यात्रा में कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग को पहली बार राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (नासी) के साथ राष्ट्रीय कार्यशाला के आयोजन का मौका मिला है। कार्यशाला का उद्घाटन विज्ञान अकादमी की पूर्व अध्यक्ष और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग की पूर्व सचिव तथा विज्ञान अकादमी के न्यू इनिशिएटिव कार्यक्रम अध्यक्ष पद्मभूषण प्रो. मंजू शर्मा करेंगी। दो दिवसीय राष्ट्रीय व्याख्यान कार्यशाला में देश के अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक प्रो .अनुराग शर्मा, डॉ .मुकुल दास, प्रो .राजेंद्र डोभाल, डॉ. देवाशीष मोहंती, प्रो. प्रतिभा जौली, प्रो .विनय शर्मा, प्रो .अखिलेश त्यागी, डॉ. अलका शर्मा, प्रो .नीलम पाठक,प्रो. राजीव गौड़ और प्रो. अभिषेक सिंह का व्याख्यान होगा।

25 जुलाई को होगा वार मेमोरियल ट्रॉफी का ध्वजारोहण

अयोध्या, अमृत विचार : साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह ने बताया कि स्नातक कक्षाओं में प्रवेश का पहला चरण पूरा कर 16 जुलाई से वर्तमान शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो गई है। प्रो. अशोक कुमार मिश्र- मुख्य नियंता और प्रो. अमूल्य कुमार सिंह नए छात्र कल्याण अधिकारी बनाए गए हैं। सैन्य विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. जगदीश प्रसाद वर्मा और उनकी टीम के प्रयास से पोर्टिको के सामने वार मेमोरियल ट्रॉफी के रूप में 1965 के भारत-पाक युद्ध में प्रयुक्त टी-55 भीम टैंक स्थापित किया गया है। राष्ट्रीय ध्वज लहराने के लिए 108 फ़ीट ऊंचा पोल लगवाया गया है। जिस पर 25 जुलाई को तिरंगे का ध्वजारोहण किया जाएगा।

सीएचसी में वार्ड ब्वॉय के निर्वस्त्र रहने का वीडियो वायरल

पूराबाजार, अयोध्या, अमृत विचार : मया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात एक वार्ड ब्वाय का सीएचसी में निर्वस्त्र होने का वीडियो वायरल हुआ है। घटना चार दिन पहले की बताई जा रही है। हालांकि अधिकारी जांच की बात कह रहे हैं। यह वीडियो एक मरीज के परिजन द्वारा बना कर विभाग से शिकायत की गई है। गत दिनों एक किशोरी को इलाज के लिए लिए लेकर गए भाई को सीएचसी में मौके पर कोई नहीं मिला। जब उसने कमरों में झांकना शुरू किया तो एक कमरे में वार्ड ब्वाय राम प्रकाश निर्वस्त्र मिला। पीड़ित रोहित कुमार ने मुख्यमंत्री पोर्टल और विभाग में शिकायत की। सीएससी अधीक्षक मया अंशुमन यादव ने बताया कि वार्ड ब्वाय रामप्रकाश से स्पष्टीकरण मांगा गया है, दोषी मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

जनसहभागिता से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प होगा पूरा

वीसी पर मुख्यमंत्री से मुखातिब होते ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी।

रामनगर, बाराबंकी : अमृत विचार : वृक्षारोपण अभियान को राजधानी से लेकर गांव तक जनांदोलन बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद रणनीति तय कर रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को सीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 20 जुलाई को होने वाले वृक्षारोपण महाअभियान के लिए रामनगर के ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी से सुझाव लिए। सीएम ने कहा कि जन सहभागिता से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प पूरा होगा। सीएम ने बताया कि इस बार 36 करोड़ 50 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य है। बड़े लक्ष्य में आप सभी की सहभागिता होनी जरूरी है। 20 जुलाई को न सिर्फ विविध प्रकार के पौधे लगाने हैं, बल्कि हर एक पेड़ की सुरक्षा का संकल्प भी लेना है। इस दौरान सीएम ने नदियों के किनारे, प्राइमरी स्कूल, अमृत सरोवर और सरकारी भूमि के साथ-साथ मनरेगा योजना के तहत भी वृक्षारोपण के लिए ब्लॉक प्रमुख को प्रोत्साहित किया। इस दौरान और भी कई जनप्रतिनिधि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री के साथ जुड़े। ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी से वर्चुअल संवाद के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल-चाल में पूछा। प्रमुख जी कैसे हो? इसके जवाब में ब्लॉक प्रमुख ने कहा सब आशीर्वाद है महाराज। मुख्यमंत्री से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद ब्लॉक प्रमुख काफी उत्साहित दिखे।

25 अगस्त से 2 सितंबर तक मनाया जाएगा विहिप स्थापना दिवस

संवाददाता, फतेहपुर, बाराबंकी,

▸▸ विहिप कार्यकर्ताओं ने आगामी कार्यक्रमों की बनाई रणनीति

अमृत विचार: गुरुवार को कस्बा फतेहपुर प्रखंड के एसआर मैरिज लॉन पर संगठन विस्तार व आगामी कार्यक्रम की रणनीति को लेकर विश्व हिंदू परिषद के लोगों ने एक बैठक का आयोजन किया।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रांत प्रमुख अखिलेश प्रताप ने आगाज करते हुए कहा कि विश्व हिंदू परिषद की स्थापना 29 अगस्त 1964 में संदीपनी आश्रम में हुई थी। इसी के उपलक्ष्य में 14 अगस्त को अखंड भारत संकल्प दिवस मनाया जाएगा और 25 अगस्त से 2 सितंबर तक नगर व गांव-गांव में विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस मनाया जाएगा। आगे कहा हम लोगों को संगठन के महत्व को घर-घर पहुंचना चाहिए। आने वाले समय में हिंदुओं को एक होना पड़ेगा तभी हम लोग सुरक्षित रहे सकेंगे। सभी कार्यकर्ताओं को निर्देशित करते हुए कहा प्रत्येक मंगलवार को क्षेत्र के हर मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ करें। और आपस में एक दूसरे को मजबूत करते हुए सामाजिक हित के लिए संवाद करें। और हर हाल में मासिक बैठक का अवश्य आयोजन करें। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष श्री ब्रह्म प्रकाश दीक्षित, मंत्री कृष्ण गोपाल, गौरव जयसवाल, आकाश गुप्ता, राधेश्याम, अशोक कुमार, बजरंग दल संयोजक दुर्गेश, जयप्रकाश, सुमित, हंसराज, छविराज, उत्तम सिंह, राहुल, रामपाल, रामसनेही समेत बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराई।

वहीं प्रखंड में रिक्त पड़े दायित्व मातृशक्ति संयोग का श्यामा सौरभ, पवन, के दायित्वों की घोषणा की गई और सभी लोगों से दायित्व का ईमानदारी से निर्वहन करने की भी बात कही गई। प्रखंड अध्यक्ष ने बैठक में पहुंचे लोगों का हृदय से आभार प्रकट किया।

जन्मदिन व विवाह के अवसर पर लगाएं पौधे

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार: रामनगर पीजी कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य प्रो. कौशलेंद्र विक्रम मिश्र व केंद्राध्यक्ष प्रो. ऋषिकेश मिश्र मुख्य नियंता डॉ. रामकुमार सिंह सहित प्राध्यापकों ने आम, नीम इत्यादि पौधरोपण करके देखरेख एवं संपूर्ण संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान प्रचार्य ने लोगों से अपील की कि अपने जन्मदिन व विवाह के अवसर पर एक पौधा जरूर लगाएं। इस मौके पर प्राचार्य ने कहा कि सभी लोग पौधे लगाकर उनकी देखरेख कर पशु-पक्षियों के साथ-साथ मनुष्य के जीवन को बचाएं। हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रो. डॉ. विश्वेश कुमार मिश्र ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी है कि हम पक्षियों को बचाने के लिए कदम बढ़ाएं। हम पेड़-पौधे लगाएं और अपने बच्चों की तरह इनकी देखरेख एवं सुरक्षा करें।मुख्य नियंता सिंह ने कहा कि मनुष्य का जीवन तब तक संभव है जब तक इस धरा पर पेड़-पौधे उपलब्ध हैं।

जल संचयन में पेड़-पौधों की भूमिका अहम

संवाददाता, रामनगर, बाराबंकी

पौधा रोपित करते भूगर्भ जल निदेशक। अमृत विचार

▸▸ एनसीसी कैडेटों ने निकाली पौधों की बारात

अमृत विचार: जल संचयन में पेड़-पौधों की अहम भूमिका होती है। पेड़-पौधों के बिना पानी को नहीं बचाया जा सकता। यह बात मुख्य अतिथि भूगर्भ जल विभाग उत्तर प्रदेश निदेशक डॉ. राजेश कुमार प्रजापति ने जनहित कल्याण सेवा समिति के द्वारा यूनियन इंटर कॉलेज रामनगर में प्रधानाचार्य कमलेश सिंह के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में कही।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जल का संचयन करना आवश्यक हो गया है। सभी को इस दिशा में आगे आना होगा। अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने के साथ-साथ जंगलों की रक्षा भी करनी होगी। वहीं भाजपा किसान मोर्चा के नेता रामबाबू द्विवेदी ने पौध रोपड़ के माध्यम से जल संरक्षण के बारे में जागरुक करते हुए छात्र-छात्राओं को संकल्प दिलाकर एक पेड़ मां के नाम लगाने को कहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र छात्राओं व एनसीसी कैडेटों द्वारा जल की यात्रा एवं पौधों की बारात निकालकर जल संचयन व संरक्षण प्रति लोगों को जागरूक किया। इसके बाद चित्रकला, मेहंदी, रंगोली आदि प्रतियोगिताएं हुईं। जिसमें प्रतिभाग करने वाले विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के समापन में डॉ.राजेश कुमार प्रजापति ने पौधा रोपित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजय तिवारी ने किया। इस मौके विद्यालय के शिक्षक सुधाकर दीक्षित, डॉ. विनोद वर्मा, इसराइल, शिक्षिका संध्या श्रीवास्तव सहित समिति के लोग व शिक्षक तथा भारी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

नाश्ता तो दूर विद्यार्थियों को पानी तक नहीं मिला : भूजल सप्ताह कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए जलपान की कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। सुबह 8 बजे विद्यालय पढ़ाई करने आए कक्षा 6 से 12 तक के सभी छात्र-छत्राओं को 10 बजे कार्यक्रम में शामिल करवा दिया गया। इस दौरान विद्यार्थी 1:30 बजे तक भूख-प्यास से बिलखते रहे। जबकि आए हुए अतिथियों की लगातार खातिरदारी होती रही, लेकिन बच्चों को नाश्ता करवाना तो दूर की बात, समिति के द्वारा उनकी हलक को तर करने तक की भी कोई व्यवस्था नहीं की गई थी।

चार साल तक किया शारीरिक शोषण, जेल

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार: युवती को शादी का झांसा देकर चार साल से शारीरिक शोषण करने वाले युवक को लोनीकटरा पुलिस ने पीडिता की शिकायत पर जेल भेज दिया गया है।

थाना लोनीकटरा अंतर्गत एक ग्राम निवासी दलित लड़की ने अन्नू मिश्रा पर दर्ज कराई गई प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि आरोपी शादी का झांसा देकर पिछले चार वर्षों से उसका शारीरिक शोषण करता रहा था। पीड़िता द्वारा शादी करने के लिए कहने पर युवक गाली गलौज पर उतर आया। वहीं थानाध्यक्ष दौमित्र सेन रावत ने बताया कि युवती की शिकायत पर आरोपी अन्नू मिश्रा पर मुकदमा दर्ज कर जेल रवाना किया गया है। जबकि पीड़िता को मेडिकल परीक्षण हेतु जिला चिकित्सालय भेजा गया है।

खरीफ उत्पादकता गोष्ठी | जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए निर्देश, प्रत्येक सोमवार का दिन करें निर्धारित

कृषक प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर समस्याओं का करें निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

गोष्ठी के दौरान निर्देश देते डीएम सत्येंद्र कुमार। अमृत विचार

अमृत विचार: कलेक्ट्रेट के गांधीसभागार में जिलास्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी एवं किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने की। गोष्ठी का संचालन कृषि विशेषज्ञ अशोक कुमार मिश्र द्वारा किया गया। इस दौरान डीएम ने अधिकारियों को कृषक प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर समस्याओं का निस्तारण करने का निर्देश दिए।

गोष्ठी में उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार द्वारा खरीफ में कृषि निवेशों की उपलब्धता एवं सामयिक कृषि तकनीकी के संबंध में किसानों को अवगत कराया गया। प्रकुल्ल कृषक उत्पादक संगठन के निदेशक पुष्पेंद्र मिश्र द्वारा कार्बन क्रेडिट के बारे में कृषकों को बताया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र, हैदरगढ़ के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. समीर पाण्डेय द्वारा धान की सीधी बुवाई से होने वाले लाभ एवं लागत में कमी के संबंध में किसानों को बताया गया। इसके साथ ही जैविक खाद एवं गौ आधारित खेती के बारे में भी किसानों को बताया गया। फसल बीमा कंपनी इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस के जिला समन्वयक अमित कुमार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को लेकर किसानों को इससे मिलने वाले लाभ के बारे में बताया। अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई द्वारा नहरों के संचालन एवं सफाई के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई गई। अधिशाषी अभियन्ता, नलकूप द्वारा जिले में यांत्रिक एवं विद्युत् दोष से खराब पड़े नलकूपों के बारे में बताया कि इन्हें शीघ्र ही ठीक करा लिया जाएगा। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने सिंचाई एवं विद्युत से संबंधित समस्त खंडों को निर्देशित किया कि प्रत्येक सोमवार को कृषक प्रतिनिधियों के साथ अपने खंड के क्षेत्र में ही बैठक आयोजित कर किसानों की सामयिक समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराएं।

गोष्ठी में सीडीओ ने कृषकों को अवगत कराया गया कि अपनी कृषि से संबंधित सामयिक समस्याएं सीधे संबंधित अधिकारियों को बताएं ताकि उनका शीघ्र निस्तारण हो सके। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। जिसके विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही बंकी, हरख, देवा एवं मसौली के कृषकों को पॉश मशीन के माध्यम से बाजरा, सांवा, कोदों के मिनीकिट का भी वितरण कराया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य डॉ. अवधेश वर्मा, राम बरन वर्मा, सीडीओ अ. सुदन, पद्मश्री राम सरन वर्मा, प्रगतिशील कृषक रामकिशोर पटेल, विक्रान्त सैनी समेत कई विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

मोहर्रम जुलूस बवाल में नौ गिरफ्तार

दूसरे दिन भी लालापुर में तनाव, आगजनी और तोड़फोड़, छावनी में तब्दील हुआ गांव

संवाददाता, बारा/ नैनी

अमृत विचार: मोहर्रम के दिन लालपुर के अमिलिया गांव में ताजिया उठाने के दौरान रास्ते को लेकर हुए विवाद की चिंगारी दूसरे दिन भी धधकती रही। गुरूवार को पड़ोसी गांव के कुछ लोगों ने पुलिस की मौजूदगी में आगजनी और तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया गया। कार के शीशे तोड़े गये, बाईक में आग लगा दी गई। हालांकि घटना में शामिल कोई भी व्यक्ति पकड़ा नही जा सका। जिनका पुलिस पता लगा रही है। एक दिन पहले हुई घटना के मामले में पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना के बाद से गांव में पीएसी बल तैनात किया गया है और अधिकारी भी यहां कैंप कर स्थिति सामान्य करने में लगे हुए हैं।

लालापुर के अमिलिया तरहार में बुधवार को ताजिया निकालने के दौरान रास्ते में अवधेश द्विवेदी की दीवार पर कुछ लोग बैठे थे। इस पर अवधेश के पुत्र शिवम ने मना किया तो वह विवाद करने लगे थे। विवाद के दौरान बवाल बढ़ गया था। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अवधेश द्विवेदी के घर में घुसकर पूरे परिवार को पीटा था। जिसके बाद बवाल थमा नहीं। दूसरे दिन गुरुवार को भी गांव में तनाव बना रहा। बदले की नियत और माहौल को बिगाड़ने के लिए पड़ोसी गांव के कुछ नवयुवक गांव में पहुंचे और मौजूद फोर्स के सामने एक के बाद एक कार व सामानो को गोदना शुरु कर दिया। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो एक बाइक में आग लगा दी और दो पहिया, चार पहिया वाहनों में तोड़फोड़ करते हुए भाग निकले। घटना के बाद मौके तैनात पीएसी तैनात बवाल को काबू में करने का प्रयास करंव लगी। उधर कैंप कर रहे अधिकारी भी अधिकारी भी बवाल को शान्त कराने में लगे रहे।

प्रयागराज के लालापुर आमिलिया गांव में दूसरे दिन भी हुआ बवाल, आगजनी, मौके पर पहुंची डीसीपी यमुनानगर।

क्या था मामला : लालापुर के आमिलिया गांव में ताजिया के जुलूस में शामिल लोगों ने घर में घुसकर पूरे कुनबे को बुरी तरह से पीटा था। अवधेश के घर में बड़ी संख्या में लोगों ने तोड़फोड़ भी की थी। रॉड से हमला कर अवधेश को लहूलुहान कर दिया था। विरोध करने पर अवधेश की बेटी राज द्विवेदी (24) पर भी हमला किया गया। राज द्विवेदी इलाहाबाद हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करती हैं। घटना के बाद गांव वालों की भीड़ भी जुट गई और दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई थी। सूचना पाकर बड़ी संख्या में कई थाना की फोर्स गांव में पहुंच गई है। गांव में तनाव व्याप्त हो गया है। तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच और स्थिति को नियंत्रित किया था। भुक्तभोगी की तहरीर पर पुलिस ने आधा दर्जन एवं अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया था। मामले में अब तक नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

> पहले दिन बवाल शान्त होने के बाद गांव को छावनी में तब्दील किया गया था। गुरूवार को घर से कुछ दूर पर खड़ी एक बाइक में बाहरी एवं अराजकतत्वों ने आग लगा दी। उनकी तलाश की जा रही है। गिरफ्तार लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। अन्य नामजद लोगों की तलाश की जा रही है। गांव में फोर्स बढ़ा दी गई है। घटना की जांच कराई जा रही है।
>
> **श्रद्धा नरेंद्र पाण्डेय, (डीसीपी यमुनानगर)**

मामूली विवाद में जमकर मारपीट, 3 युवक घायल

घटना स्थल का जायजा लेने पहुंचे पुलिसकर्मी। अमृत विचार

संवाददाता, नैनी

अमृत विचार: क्षेत्र के अरैल चौकी अंतर्गत दो पक्षों के बीच गुरुवार की शाम जमकर मारपीट हुई। इस दौरान जमकर ईट, पत्थर और बम भी चले, जिसमें दो युवकों के घायल होने की सूचना है। पुलिस के पहुंचने पर मारपीट करने वाले भाग निकले।

जानकारी के अनुसार मुहर्रम के नौवें दिन मुरादपुर मोहल्ले का एक लड़का करबला मोहल्ले के में रोड पर घोड़ा दौड़ा रहा था। जिसे लोगों ने माना किया तो वह धमकी देता चला गया। बताया जाता है कि मुहर्रम के दिन भी करबला और मुरादपुर के लड़कों के बीच कहासुनी हुई थी। स्थानीय लोगों के अनुसार गुरुवार की शाम मुरादपुर के छह लड़के तीन बाइक पर करबला पहुंचे और एक लड़के को पकड़ कर कब्रिस्तान ले जाकर पीट रहे थे। शोरगुल सुनकर करबला के लोग उसे बचाने पहुंचे तो उन पर पथराव होने लगा। इसके बाद दोनों तरफ से पत्थर बरसने लगे। लोगों के अनुसार पथराव में मुरादपुर का गोपी, फरदीन और कामिल घायल हो गया। इस संबंध में अरैल चौकी इंचार्ज परमानंद ने बताया कि मुहर्रम को ढोल बजाने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। गुरुवार को हुए पथराव में घायल गोपी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मौके पर नैनी थाने की फॉर और एसीपी ने पहुंचकर माहौल को शान्त कराते हुए एक दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर थाने भेजा है।

राजा भैया की पत्नी के ट्वीट से बढ़ी सरगर्मी

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया की पत्नी भानवी कुमारी सिंह ने एक बार फिर अपने चल रहे केस को लेकर एक्स पर तंज किया है।

उन्होंने लिखा कि व्यक्तिगत लड़ाई मैं जरूर लड़ूंगी, लेकिन महिला हितों के लिए बड़ी लड़ाई का भी संकल्प लेकर जल्द मैदान में उतरूंगी। उचित समय का इंतजार कीजिए। उनकी इस पोस्ट को लेकर सियासी गलियारों में भी चर्चा शुरू हो गई है। रघुराज प्रताप सिंह की पत्नी भानवी कुमारी सिंह ने गुरुवार को एक्स पर लिखा.....

कभी-कभी मैं सोचती हूं कि जब रियासत और राजघरानों से संबंधित महिलाओं को अपने सम्मान, गरिमा की रक्षा के लिए इतना संघर्ष करना पड़ता है। सरकार से याचना करनी पड़ती है और एक आईओ भी किसी की शह पर धमकी भरी भाषा में बात कर सकता है, तो आम महिलाओं के साथ क्या होता होगा। अपनी व्यक्तिगत लड़ाई मैं जरूर लड़ूंगी, लेकिन महिला हितों के लिए बड़ी लड़ाई का संकल्प लेकर जल्द मैदान में उतरूंगी। उचित समय का इंतजार कीजिए।

राजनीति में आ सकती हैं राजा भैया की पत्नी भानवी

भानवी कुमारी सिंह के इस पोस्ट के कई मायने निकाले जा रहे हैं कि भानवी कुमारी कोई आंदोलन शुरू करने वाली हैं या राजनीति में भी आ सकती हैं। भानवी ने अपनी कंपनी पर फर्जी तरीके से कब्जा करने का केस रघुराज के करीबी एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी पर केस दर्ज कराया है, जिसको लेकर दोनों पक्षों में तल्खी व आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला चल रहा है।

ये है भानवी और अक्षय प्रताप का मामला

रघुराज प्रताप सिंह की पत्नी भानवी ने फरवरी 2023 में दिल्ली की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) विंग में एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह 'गोपाल जी' के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471, 109 और 120बी के तहत केस दर्ज कराया था। भानवी का आरोप था कि अक्षय प्रताप ने उनके फर्जी हस्ताक्षर कर उनकी कंपनी के शेयर हथिया लिए हैं। इसके लिए उन्होंने भानवी सिंह के फर्जी डिजिटल साइन बनवाए। कंपनी में उन्हें हटाकर खुद डायरेक्टर बन गए। इस मामले में ईओडब्ल्यू ने उत्तर प्रदेश के अमेठी के अक्षय प्रताप सिंह के साथ ही अनिल कुमार सिंह, इंद्र देव पटेल, प्रतापगढ़ के कुंडा के उमेश कुमार निगम, हरि ओम शंकर श्रीवास्तव, लखनऊ के सीए अरुण कुमार रस्तोगी और राम देव यादव व अन्य अज्ञात के खिलाफ के केस दर्ज किया था। पिछले दिनों भानवी कुमार सिंह ने एक्स पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को संदेश लिखकर आरोप लगाया था कि एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह को बचाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने न्याय दिलाने की मांग की थी। भानवी प्राय: एक्स पर संदेश लिखती रहती हैं। उनका सन्देश चर्चा में रहता है।

सुधार लायें अधिकारी, अन्यथा होगी कार्रवाई

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : जिलाधिकारी संजीव रंजन ने विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर कार्यो/योजनाओं के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर राजस्व और विकास की रैंकिंग ठीक नही है, जो विभाग सी एवं डी श्रेणी की रैंकिंग में है वह सुधार लायें अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। निरन्तर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहे, अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें।

समीक्षा के दौरान सीएम डैशबोर्ड पर पंचायती राज विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, पशुपालन विभाग, जल निगम, मत्स्य विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार, प्रोबेशन विभाग, सेतुओं के निर्माण, उपायुक्त उद्योग, सिंचाई विभाग, परिवहन विभाग, श्रम विभाग, मनरेगा विभाग की रैंकिंग ठीक नही पायी गयी। आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा के दौरान डीएम ने निर्देशित किया कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें, शिकायतें डिफाल्टर श्रेणी में कदापि न जाने पाये, निर्धारित समयावधि में उसका निस्तारण करायें। सहायक श्रमायुक्त आर.के. पाठक के अनुपस्थित पाये जाने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुये स्पष्टीकरण हेतु निर्देशित किया। वृक्षारोपण के सम्बन्ध में अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन विभागों को वृक्षारोपण हेतु जो लक्ष्य दिये गये है उसको शत् प्रतिशत लगाया जाये और उसकी निरन्तर देखभाल करते रहे, जब तक बारिश न हो तब तक पौधा को पानी देते रहे, जो भी पेड़ लगे सभी जीवित रहे इसका विशेष ध्यान दें। बैठक में सीडीओ नवनीत सेहारा, सीआरओ राकेश कुमार गुप्ता, डीडीओ कृष्ण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

सीएम डैशबोर्ड पोर्टल के सम्बन्ध में अफसरों के साथ बैठक करते डीएम संजीव रंजन।

सीएम डैशबोर्ड

डीएम संजीव रंजन ने सीएम डैशबोर्ड पोर्टल के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ की समीक्षा

सास के सामने ट्रेन की चपेट में आई बहू, मौत

नैनी, अमृत विचार: यमुना नगर के मेजा रोड रेलवे स्टेशन भी गुरूवार को सास के साथ ट्रेन पकड़ने आई बहू की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मांडा थाना क्षेत्र के माड़ा खास निवासी चंद्रावती (38) अपनी सास के साथ पति के पास गाजियाबाद जाने के लिए गुरूवार को मेजा रोड स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने को पहुंची थी। सास उसे छोड़ने जा रही थी। टिकट लेने के बाद सास को प्लेटफार्म पर बैठाकर चंद्रावती कुछ खाने का सामान लेने चली गई। डीएफसी रेलवे ट्रैक को पार कर रही थी। तभी वह ट्रेन की चपेट में आ गई। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मेजारोड पुलिस चौकी के उप निरीक्षक लल्लन वर्मा मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घायल के दिव्यांग होने पर उम्रकैद तक की सजा

संवाददाता, जौनपुर

पुराने व नये कानून में गम्भीर चोट पहुंचाने वाले को तत्काल जमानत की व्यवस्था विचारणीय

अमृत विचार। पुराने कानून भारतीय दंड संहिता की धारा 325 जमानतीय धारा होने के कारण गंभीर चोट पहुंचाने के आरोपितों को तुरंत जमानत का प्रावधान था। मारपीट कर किसी का हाथ या पैर तोड़ने, आंख फोड़ने इत्यादि अन्य मामलों में जमानत मिल जाती थी। नए कानून भारतीय न्याय संगीता 2023 की धारा 117 की उपधारा 2 में अभी भी पुरानी व्यवस्था ही है लेकिन नये कानून में उपधारा 3 व उपधारा 4 जोड़ी गई है। उपधारा 3 में यह प्रावधान है कि यदि किसी व्यक्ति को ऐसी चोट पहुंचाई जाती है जिससे वह स्थाई रूप से दिव्यांग हो जाता है या कोमा में चला जाता है तो आरोपित को 10 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा होगी।

अपराध अजमानतीय होगा और सेशन न्यायालय द्वारा विचारणीय होगा जबकि पूर्व की धारा 325 आईपीसी एवं नए कानून की धारा 170 की उपधारा दो अभी भी जमानतीय और मजिस्ट्रेट द्वारा विचारणीय है, जिसमें 7 वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। अर्थात अभी भी किसी व्यक्ति की आंख की दृष्टि की स्थाई क्षति, कान की श्रवण शक्ति की स्थाई क्षति, शरीर के किसी अंग या जोड़ का विच्छेद या स्थाई ह्रास, सिर या चेहरे का विद्रूपीकरण इत्यादि मामले में आरोपित की अभी भी तत्काल जमानत का प्रावधान है। हां, यदि चोट से व्यक्ति विकलांग हो जाए या कोमा में चला जाए तो वह धारा 117 की उपधारा 3 की श्रेणी में आएगा और 10 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा से दंडित होगा। नए कानून की धारा 117 के उपधारा 4 में प्रावधान है कि 5 या उससे अधिक व्यक्ति सामान्य सहमति से कार्य करते हुए किसी व्यक्ति को उसके मूलवंश, जाति या समुदाय, लिंग, जन्मस्थान, भाषा, व्यक्तिगत विश्वास या अन्य किसी समान आधार पर गंभीर चोट पहुंचाते हैं तो ऐसे व्यक्ति 7 वर्ष कारावास से दंडित होंगे। यह धारा भी अजमानतीय और सेशन न्यायालय द्वारा विचारणीय बनाई गई है। पहले यह प्रावधान नहीं था। इस संबंध में अधिवक्ता अवधेश तिवारी, प्रशांत पंकज श्रीवास्तव व अवनीश चतुर्वेदी ने बताया कि नए कानून भारतीय न्याय संहिता की धारा 117 की उपधारा 3 में किसी व्यक्ति को गंभीर चोट पहुंचाकर दिव्यांग करने या उसके कोमा में जाने पर कठोर दंड एवं उपधारा 4 में मूलवंश, जाति, लिंग, जन्मस्थान इत्यादि आधार पर गंभीर चोट पहुंचाने वाले को कठोर दंड का प्रावधान स्वागत योग्य है। अपराध पर अंकुश लगाने के लिए कठोर दंड आवश्यक है लेकिन उपधारा 2 में अभी भी किसी का हाथ या पैर तोड़ने, आंख फोड़ने वाले को जमानत का प्रावधान है जिसमें संशोधन अपेक्षित है।

बीडीओ ने विकास कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)

खंड विकास अधिकारी ने तकनीकी सहायक व सचिवों के साथ की बैठक

अमृत विचार। स्थानीय विकास खंड सभागार में खंड विकास अधिकारी डॉ. राजीव कुमार शर्मा ने गुरुवार को तकनीकी सहायक व सचिवों व रोजगार सेवकों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की है। तकनीकी सहायक व सचिवों को विकास कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया है।

खंड विकास अधिकारी डॉ. राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि बारिश के पानी के संरक्षित करने के लिए रैन हार्वेस्टिंग सिस्टम व सिकपीट गड्ढा का कार्य कराएं। पौध रोपण के लिए कल तक शत प्रतिशत पौधों का उठान कर लें। नये आवास की पत्रवाली उपलब्ध कराएं। मनरेगा संबंधित कार्यों में कार्य योजना तैयार कर ली जाए जिससे कि मनरेगा कार्य प्रभावित न हो और जाब कार्ड धारकों को अधिक से अधिक रोजगार मुहैया कराया जा सके। पेयजल समस्या को देखते हुए खराब हैंडपंपों को तत्काल मरम्मत कार्य करा दिया जाए।रिवोर हैंडपंप के फाउंडेशन ल सख्ता गड्ढा बनाया जाये। जिससे लोगों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हो सके। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा। इस मौके पर एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान सिंह, सचिव कौशलेंद्र राय, विजय कुमार, राजेंद्र प्रसाद, बालकृष्ण, चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव, दिनेश पटेल, तकनीकी सहायक भरत दूबे, पसंद, अजीत कुमार, आदि मौजूद रहे।

अतीक के करीबी पूर्व प्रधान जकी के खिलाफ केस दर्ज

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार: माफिया अतीक अहमद के करीबी जकी के खिलाफ पुलिस ने फर्जीवाड़ा और गलत तरीके से जमीन को बैनामा कराने के मामले में एयरपोर्ट थाने में दर्ज किया है।

एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में भीखपुर मेंडवारा निवासी रफैल अहमद ने एयरपोर्ट थाने में तहरीर देते हुए बताया है कि वह मुंबई में रह रहा था। कुछ दबंगों ने पुश्तैनी जमीन भी जबरियन कब्जा करते हुए फर्जी दस्तावेज तैयार कर उस जमीन को बेंच दिया। जिसकी जानकारी तहसील से मिलने के बाद दस्तावेज को देखा गया। जिसमें लिखा गया था कि मेराज अहमद पुत्र स्व. नफीस अहमद। जिन्होंने फर्जी तरीके से सिग्नेचर कराते हुए फोटो चस्पा करा दिया। पीड़ित ने बताया कि गांव के पूर्व प्रधान जकी अहमद खुद गवाह बना और अपने साथी हबीबुद्दीन को भी गवाह बनाते हुए उस जमीन को अभय यादव निवासी मुंडेरा को बैनामा करा दिया। इसके बाद जब भुक्तभोगी अपने जमीन पर खेती करने गया तो अतीक अहमद के करीबियों ने उसे मारने है देना शुरु कर दिया। जिसके बाद मामले में भुक्तभोगी ने थाने पहुंचकर तहरीर दे दी। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु करा दिया है।

महाकुंभ के पहले प्रयागराज पहुंचे 13 अखाड़ों के संत

महाकुंभ 2025 की तैयारियों पर अधिकारियों के साथ की बैठक, सुविधा व सुरक्षा को लेकर चर्चा

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : संगमनगरी में लगने वाले महाकुंभ 2025 की तैयारी को लेकर महाकुंभ-2025 की तैयारियों को लेकर गुरूवार को मेला प्रशासन और 13 अखाड़ों के पदाधिकारियों के साथ मंडलायुक्त कार्यालय के गांधी सभागार में बैठक हुई। पर महत्वपूर्ण बैठक में देश के अलग अलग राज्यों से संत और महंत शामिल हुए है।

उप मेलाधिकारी ने बताया कि अखाड़ों के संतों के साथ एक बैठक पहले की जा चुकी है। यह दूसरी बैठक है। इससे पहले 8 जुलाई को पहली बैठक की थी। दूसरी बैठक में शामिल होने के लिए एक दिन पहले ही संगमनगरी प्रयागराज पहुंचे थे। गुरूवार को महाकुंभ को लेकर मंडलायुक्त कार्यालय के गांधी सभागार में अधिकारियों और अखाड़ा परिषद के संतों के बीच हुई बैठक में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मौजूद संतों ने गंगा की निर्मलता और महाकुंभ को पॉलिथीन से मुक्त कराने पर जोर दिया। मौजूद संतों ने मेले में अखाड़ों की सुविधा और सुरक्षा को लेकर भी चर्चा की। कार्यक्रम से पूर्व सभागार में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री हरि गिरि व अन्य संत महात्माओं का स्वागत भी किया गया। अखाड़ा परिषद के महामंत्री हरि गिरि ने बताया कि महाकुंभ को पॉलिथीन मुक्त बनाने के लिए अधिकारियों से वार्ता की गई है। महाकुंभ में अखाड़ों के संतों को मिलने वाली सुविधाओं पर भी चर्चा की गई है। बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) भानु भास्कर ने कहा कि महाकुंभ मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े इंतजाम किये जा रहे है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का मुख्य और बड़ा योगदान होगा। वहीं मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, महाकुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद समेत जिले के अन्य सभी आला अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी इसमें शामिल हुए हैं।

महाकुंभ को लेकर अखाड़ा परिषद और मेलाधिकारियों के बीच हुई बैठक।

सार-संक्षेप

पंचायत सदस्य पद के लिए नहीं बिका नामांकन पत्र

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचार : स्थानीय विकास खंड के क्षेत्र पंचायत सदस्य के एक पद व ग्राम पंचायत सदस्य के छह रिक्त पदों के लिए नामांकन पत्र की बिक्री के पहले दिन गुरुवार को किसी पद के लिए किसी ने नामांकन पत्र नहीं खरीदा है। नामांकन पत्र बिक्री करने के लिए निर्वाचन अधिकारी एडीओ एसटी मनोहर लाल उम्मीदवार का इंतजार करते रहे हलिया विकास खंड के ग्राम वार्ड संख्या 113 सगरा के क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम पंचायत अहुगी कला वार्ड संख्या 9 अनारक्षित व महोगढ वार्ड संख्या दो अनूसूचित व वार्ड संख्या दस अन्य पिछड़ा वर्ग, ग्राम पंचायत तेंदुई वार्ड संख्या दस अनारक्षित, ग्राम पंचायत महोगढी वार्ड संख्या दस अनूसूचित महिला, ग्राम पंचायत गौरवा वार्ड चार के लिए अनारक्षित पद के लिए नामांकन पत्र की बिक्री के पहले दिन किसी भी पद के लिए किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र नहीं खरीदा गया है। इस संबंध में एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ने बताया कि क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए एक पद व ग्राम पंचायत सदस्य छह पदों के निर्वाचन के लिए नामांकन पत्र की बिक्री ब्लाक मुख्यालय से किया जा रहा है लेकिन पहले दिन किसी भी पद के लिए कोई नामांकन पत्र की बिक्री नहीं हुई है।

जन समस्याओं को लेकर सपा ने सौपा मांग पत्र

संवाददाता, अहरौरा (मिर्जापुर)। अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी चौधरी के आदेशानुसार अहरौरा नगर के विभिन्न वार्डों की समस्याओं को लेकर सपा के नगर अध्यक्ष मुमताज अहमद के नेतृत्व मे पानी, बिजली, सड़क, साफ-सफाई आदि मुद्दों को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी व अधिशासी अधिकारी अमिता सिंह को पत्रक सौंपा गया। जल्द से जल्द निस्तारण करने की मांग किया गया। इसी क्रम में जमालपुर में भी खण्ड विकास अधिकारी को जन समस्याओं के निदान के लिये ब्लाक अध्यक्ष दिनेश यादव के नेतृत्व में मांग पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि जल्द से जल्द समस्याओं का निदान नही हुआ तो सपा सड़क पर उतरने के लिये बाध्य होगी। पत्रक सौपने वालों में चुनार विधानसभा अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, सदानन्द यादव, विरेन्द्र यादव, शोले बियार, श्यामलाल बियार, विजय पटेल, इस्लाम, प्रदीप कसेरा, रजायत खान, रमजान अली, सफीक अहमद, अलीम अली, बरकत अली, मो. अजीम, परवेज आलम आदि शामिल थे।

12 संकुल के सभी शिक्षक संकुल शिक्षकों ने दिया त्यागपत्र

संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार : सदर ब्लॉक के सुखपाल नगर बीआरसी पर गुरुवार को 12 संकुल के सभी शिक्षक एकुजुट हुए। संकुल शिक्षकों ने कहा कि विभिन्न संघो के अनुरोध एवं शिक्षक हित को ध्यान में रखते हुए सामूहिक रूप से त्यागपत्र दिया जा रहा है। खण्ड शिक्षाधिकारी सदर सन्तोष कुमार श्रीवास्तव को संबोधित त्यागपत्र उनके प्रतिनिधि को दिया। संकुल शिक्षकों ने कहा कि ऑनलाइन उपस्थिति के खिलाफ प्रदेश के शिक्षकों को 31 उपार्जित, 15 अर्धआकस्मिक अवकाश प्रतिकर व अध्ययन अवकाश, नि:शुल्क चिकित्सा प्रतिपूर्ति, द्वितीय शनिवार अवकाश जैसी मांगों पर बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा अब तक उचित निर्णय नहीं लिया गया है। संघ के पदाधिकारी से कोई बात भी नहीं की गई है। इस हठधर्मिता से आहत होकर सदर ब्लाक के सभी शिक्षक संकुल अपने संकुल पद से सामूहिक रूप से त्यागपत्र दे रहे हैं।

पुलिस बूथ के पास दो दुकानों में चोरी

संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार : कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के रामपुर मुस्तरका में स्थापित आदर्श पुलिस बूथ के पास दो दुकानों का शटर का ताला तोड़कर चोरी हो गई। चोर नगदी समेत लगभग एक लाख का सामान चुरा ले गए। किराने की दुकान के संचालक धनश्याम की दुकान से करीब 50 हजार रुपए से ज्यादा की वस्तुएं व नगदी तथा उसी के बगल उनके भाई आदेश के जनरल स्टोर के भी पचास हजार से अधिक मूल्य के सामान व नगदी चुरा ले गए। दोनों दुकानदार ने चोरी की सूचना पुलिस को दे दिया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस बूथ महज शोपीस है। दिन में तो कभी पुलिस दिखाई देती है लेकिन रात कोई नहीं रहता। अगर पुलिस रहती तो चोरी की घटना न होती। सूचना पर चौकी प्रभारी कटरा मेदनीगंज मृत्युंजय पाण्डेय ने पहुंच कर जांच पड़ताल की।

घरेलू कलह में महिला ने जहर खाकर दी जान

संवाददाता, गौरा, प्रतापगढ़, अमृत विचार : फतनपुर थाना क्षेत्र के कैलीडीह गांव निवासी रवि पटेल की 24 वर्षीय पत्नी संगीता पटेल का मंगलवार को परिवार में कहासुनी हो गई। इसी बात को लेकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत गंभीर होने पर परिजन उसे बादशाहपुर स्थित एक नर्सिंग होम में ले गए। जहां पर इलाज के दौरान बुधवार को संगीता की मौत हो गई। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

छापेमारी में बंद कराये गए तीन अमान्य विद्यालय

संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार : मानधाता इलाके में आवासीय मदरसा सहित तीन स्कूलों में गुरुवार को बीईओ ने ताला जड़ दिया। ऐसे विद्यालयों में नामांकित छात्र, छात्राओं के अभिभावकों से बच्चों का प्रवेश नजदीकी परिषदीय विद्यालय में कराने की अपील की है। विकास खंड मानधाता के बीईओ प्रभाकर यादव ने गुरुवार को बिना मान्यता संचालित स्कूलों में छापामारी कर बंद करा दिया। बीईओ इलाके के चंघाईपुर, सरायराजा पहुंचे तो वहां एक अगला आवासीय मदरसा बिना मान्यता संचालित किया जा रहा था। उन्होंने संचालक से बातचीत करने के बाद छात्र, छात्राओं का बाहर निकलवाकर ताला बंद दिया। चंघईपुर में बिना मान्यता संचालित एक एजूकेशन सेंटर व शोभीपुर में चल रहे एक एकेडमी में भी बच्चों को बाहर कर ताला बंद करवा दिया। बीईओ ने अभिभावको से अपने बच्चों को प्रवेश नजदीकी परिषदीय अथवा मान्यता प्राप्त स्कूल में कराने की अपील की है। उन्होंने बताया कि शासन से बिना मान्यता वाले स्कूलों की चेकिंग और कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

विद्युत कटौती से नाराज ग्रामीणों ने उपकेंद्र में किया हंगामा

संवाददाता, जेठवारा, प्रतापगढ़, अमृत विचार : बिजली कटौती से नाराज ग्रामीणों ने जेठवारा विद्युत उपकेंद्र पर पहुंचकर जमकर हंगामा किय। इसके बाद तोड़फोड़ शुरू कर दी, इससे उपकेंद्र पर हड़कंप मच गया। सभी कर्मचारी जान बचाकर भाग निकले। ग्रामीणों ने पावर हाउस में जमकर तांडव किया। मेज कुर्सी तोड़ने के साथ ही रजिस्टर फाड़कर फेंक दिया। नगर पंचायत डेरवा के लोग अघोषित विद्युत कटौती से नाराज थे। जब उनके सब्र का बांध टूट गया तो बड़ी संख्या में लोग जेठवारा पावर हाउस पहुंचकर तोड़फोड़ करने लगे। भीड़ को उग्र देख वहां तैनात कर्मचारी जान बचाकर भाग निकले। तोड़फोड़ और हंगामे का वीडियो भी किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। बवाल की सूचना पाकर पुलिस पहुंची तब लोग भाग गए थे।

महिला ने फंदे से लटककर की आत्महत्या

संवाददाता, रामपुर, जौनपुर। अमृत विचार : स्थानीय थाना क्षेत्र के कोदैला गांव में अपने कमरे में गाटर से धोती का फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विवाहिता के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी प्रदीप गौतम की पत्नी शिश कुमारी गौतम ने गुरुवार की सुबह जब उसका परिवार खेती के काम से बाहर चला गया तो अपने कमरे में लगी लकड़ी की बोटे में धोती का फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया। दोपहर 12 बजे जब परिजन खाना खाने के लिए पहुंचे तो कमरे के अंदर विवाहिता फांसी के फंदे से लटक रही थी। इसके बाद परिजनों ने शोर मचाना शुरू किया तो गांव में विवाहिता की मौत पर कोहराम मच गया। विवाहिता के दरवाजे पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पर रामपुर थानाध्यक्ष मनोज पांडेय और नायब तहसीलदार संदीप सिंह फोर्स के साथ मृतका के घर पहुंचे और फांसी के फंदे पर झूल रहे विवाहिता को नीचे उतरवाये। उसके बाद पुलिस ने ही सूचना उसके मायके भदोही जनपद के ज्ञानपुर तहसील स्थित अजयपुर गांव में दिया। मायके वालों ने दहेज में हत्या करने का आरोप लगाते हुए शव को अंतिम संस्कार करने से रुकवा दिया। थोड़ी देर में मौके पर पहुंचने के लिए पुलिस से निवेदन किया। थानाध्यक्ष मनोज पांडेय ने शव को कब्जे में लेकर थाने ले जाकर मायके वालों का इंतजार समाचार लिखे जाने तक कर रही है।

युवक ने एक के विरुद्ध दर्ज कराया मुकदमा

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचार : स्थानीय थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी डा साहिर हुसैन ने गुरुवार को थाने में तहरीर देकर कस्बा निवासी युवक के विरुद्ध गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से मारने पीटने का आरोप लगाते हुए भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। दी गई तहरीर में बताया है कि आपसी विवाद को लेकर गांव निवासी कैफ ने गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया जिससे चोटें आई हैं जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।इस, संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

एक नजर

चार एआरटीओ का तबादला निरस्त

अमृत विचार, लखनऊ : परिवहन विभाग में बीते 30 जून को होने वाले तबादलों में चार सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों के स्थानांतरण तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए गए हैं। प्रमुख सचिव एल वेंकटेश्वर द्वारा गुरुवार को जारी निरस्ती आदेश में वाराणसी में एआटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी को पुन: प्रयागराज में एआरटीओ प्रवर्तन के पद पर भेज दिया गया है। इसके अलावा प्रयागराज के एआरटीओ बनी अलका शुक्ला को वापस सुल्तानपुर में एआरटीओ प्रशासन, सुल्तानपुर के एआरटीओ प्रशासन नंद कुमार को बुलंदशहर में एआरटीओ और बुलंदशहर में एआरटीओ राजीव कुमार बंसल को पुन: एआरटीओ प्रशासन इटावा के पद पर भेज दिया गया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी दंत सर्जन की होगी तैनाती

अमृत विचार, लखनऊ : ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को दांतों के इलाज के लिए शहर या बड़े संस्थान के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्हें समीप स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) पर दांत संबन्धी संपूर्ण इलाज मिलेगा। इसके लिए राज्य सरकार ने प्रदेश की 63 सीएचसी पर दंत सर्जन के पद स्वीकृत कर दिए हैं, दंत चिकित्सक की नियुक्ति होने के साथ मरीजों को इलाज मिलने लगेगा। मालूम हो कि ग्रामीण क्षेत्रों स्वास्थ्य सेवाएं दुरुस्त करने के लिए स्थापित 63 नए सीएचसी में दंत चिकित्सक का पद स्वीकृत न होने की वजह से मरीजों को दांत संबन्धी इलाज नहीं मिल रहा है। मानकनुसार, ग्रेड वेतन 5400 रूपए के आधार पर प्रति सीएचसी एक दंत सर्जन की नियुक्ति के लिए आदेश दिए गए हैं।

अभियुक्त बीमार है तो थाने न लाएं : डीजीपी

अमृत विचार, लखनऊ : डीजीपी प्रशांत कुमार ने विभागीय कार्मिकों को निर्देश देते हुए कहा कि किसी व्यक्ति अथवा अभियुक्त को थाने पर पूछताछ के लिए लाने से पूर्व इस बात की पुष्टि कर ली जाए कि क्या वह पूर्व से किसी गम्भीर रोग से ग्रस्त तो नहीं है। गम्भीर रोग से ग्रस्त व्यक्ति अथवा गिरफ्तार अभियुक्त को थाने पर कदापि न लाया जाए। यदि किन्ही कारणोंवश थाने पर लाया गया व्यक्ति आकस्मिक रूप से बीमार हो जाता है, तो समीप के चिकित्सालय में तत्काल उपचार कराया जाए। उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी के जानकारी के बिना थाने अथवा पुलिस चौकी में किसी व्यक्ति को न तो लाया जाए और ना ही बैठाया जाए।

नहीं जुड़ा आधार, रुक गई तीन लाख महिलाओं की पेंशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पिछले वित्तीय वर्ष तक बैंक खाते में सीधे जाती थी पेंशन
- नए वित्तीय वर्ष से बदल गई है व्यवस्था

अमृत विचार: सरकार की ओर से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को पारदर्शी बनाने और गड़बड़ियां रोकने के लिए मानकों को सख्त किया जा रहा है। प्रदेश में बैंक खाते से आधार लिंक न कराने वाली तीन लाख महिलाओं की पेंशन रोक दी गई है। महिला कल्याण विभाग की ओर से इनको निराश्रित पेंशन योजना का लाभ आधार कार्ड लिंक होने के बाद ही मिलेगा।

महिला कल्याण विभाग की ओर से पति की मृत्यु के बाद निराश्रित महिलाओं को पेंशन दी जाती है। पात्र महिलाओं को प्रतिमाह एक लाख रुपये के हिसाब से दिए जाते हैं। पिछले वित्तीय वर्ष तक पात्र लाभार्थियों के बैंक खाते में तीन माह की धनराशि भेजी जा रही थी।

नए वित्तीय वर्ष में व्यवस्था बदल गई और पेंशन के लिए बैंक खाते से आधार लिंक को आवश्यक कर दिया गया। अप्रैल से जून 2024 तक प्रदेश के 75 जिलों में 26 लाख 12 हजार को पेंशन दी गई। जबकि तीन लाख महिलाएं बैंक खाते से आधार लिंक न होने के कारण पेंशन से वंचित रह गईं।

महिला कल्याण विभाग की निदेशक संदीप कौर ने बताया कि वंचित महिलाओं के आधार कार्ड को बैंक खाते से लिंक कराया जा रहा है। उनको जागरुक किया जा रहा है कि आधार कार्ड लेकर बैंक जाएं और उसे लिंक करा लें। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड खाते से लिंक होने के बाद पेंशन राशि दी जाएगी।

पुराने पेंशनरों को अब स्वयं करना होगा आधार लिंक

अमृत विचार : पेंशन योजनाओं में गड़बड़ी रोकने के लिए समाज कल्याण विभाग ने आधार लिंक को अनिवार्य कर दिया है। पेंशनरों को अब स्वयं आधार लिंक करना होगा। समाज कल्याण विभाग से पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए नए ऑनलाइन आवेदन में आधार प्रमाणीकरण आवेदन के समय ही हो जाता है। आवेदक किसी भी साइबर कैफे जनसेवा केंद्र पर जाकर आधार प्रमाणीकरण करवा सकते हैं। इसके लिए मोबाइल नंबर पर ओटीपी आता है। पुराने डाटा बेस में दर्ज मोबाइल नंबर अगर सेवा में नहीं है तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। लाभार्थी स्वयं आवेदक लॉगिन में जाकर अपना नया मोबाइल नंबर दर्ज कर ओटीपी प्राप्त कर सकता है। ओटीपी आने के बाद आधार प्रमाणीकरण की प्रक्रिया पूरी कर सकता है। लाभार्थी जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में जाकर भी आधार प्रमाणीकरण करा सकते हैं। वहीं दूरस्थ क्षेत्रों में वृद्धजन के लिए जनसेवा केंद्र से आधार लिंक की प्रक्रिया कराना आसान है। आधार लिंक करवाने के लिए विभागीय वेबसाइट पर नोटिफिकेशन भी आ रहा है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि आधार लिंक न करने वालों की पेंशन अटक जाएगी। आधार लिंक करने के लिए लाभार्थियों को जागरुक किया जा रहा है।

अक्टूबर में होंगी नर्सिंग और पैरामेडिकल की मुख्य परीक्षाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सितंबर दूसरे सप्ताह के बाद जारी होंगे प्रवेश पत्र, अक्टूबर के तृतीय सप्ताह में परीक्षाएं

अमृत विचार: नर्सिंग कॉलेज व पैरामेडिकल प्रशिक्षण संस्थानों में अगस्त में प्रस्तावित परीक्षाएं अक्टूबर माह में होंगी। यह सूचना उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.आलोक कुमार ने सभी कॉलेज प्रबन्धकों व प्रधानाचार्यों को प्रेषित की है।

उन्होंने बताया कि, सितंबर माह के प्रथम सप्ताह में स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा जीएनएम, एएनएम व समस्त पैरामेडिकल प्रशिक्षणों की मुख्य परिक्षाओं की समय-सारिणी जारी कर दी जाएगी। इसके बाद सितंबर के दूसरे सप्ताह में छात्र-छात्राओं के प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। सचिव डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि अक्टूबर माह के तृतीय सप्ताह में लिखित परीक्षाएं और अंतिम सप्ताह में मौखिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षाएं संपन्न होंगी।

बहुरेंगे बंद सिनेमाघरों के दिन सरकार देगी प्रोत्साहन : योगी

मुख्यमंत्री ने पुनर्संचालन के लिए योजना तैयार करने का दिया निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

राज्य कर विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

- न्यूनतम सीटों की शर्त में होगा बदलाव
- 39 जिलों में नहीं हैं मल्टीप्लेक्स 10 में सिनेमाघर ही नहीं

अमृत विचार: प्रदेश में बंद चल रहे सिनेमाघरों के दिन बहुरेंगे। राज्य सरकार इन सिनेमाघरों को प्रोत्साहन देगी। न्यूनतम सीटों की शर्त में बदलाव किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्याथ ने बंद सिनेमाघरों के पुनर्संचालन के लिए तैयार करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री गुरुवार को सरकारी आवास पर राज्य कर विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने बंद सिनेमाघरों के पुनर्संचालन, मल्टीप्लेक्स विहीन जिलों में मल्टीप्लेक्स निर्माण व एकल छविगृह निर्माण के लिए अनुदान योजना तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता के मनोरंजन के प्रमुख साधनों में सिनेमा की बड़ी भूमिका है। नए दौर में बदलती तकनीक के साथ प्रदेश में एकल स्क्रीन वाले पुराने सिनेमाघर या तो बंद हो गए हैं या उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। ऐसे सिनेमाघरों के पुनर्जीवन के लिए राज्य सरकार की ओर से प्रोत्साहन योजना लाई जानी चाहिए। इससे लोगों को मनोरंजन के साधन की सहज उपलब्धता तो होगी ही, निवेश और रोजगार सृजन की दृष्टि से भी यह उपयोगी होगा। उन्होंने कहा कि योजना ऐसी हो जिससे बंद या संचालित सिनेमाघरों के स्थान पर व्यवसायिक काम्पलेक्स व कम क्षमता के सिनेमाघरों का निर्माण, बंद सिनेमाघरों को यथास्थिति में पुनः संचालित करने, व्यवसायिक गतिविधि या गैर व्यावसायिक गतिविधि वाले एकल स्क्रीन सिनेमाघर का निर्माण के लिए निवेशकों को प्रोत्साहन मिले। उनके लिए अनुकूल अवसर तैयार हो सके। सिनेमाघरों के लिए निर्धारित न्यूनतम सीटों की संख्या की शर्त में व्यवहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए रियायत दी जानी चाहिए।

मल्टीप्लेक्स सिनेमाघरों के लिए निवेशकों को करें प्रोत्साहित

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के दौर में मल्टीप्लेक्स सिनेमाहॉल की संस्कृति तेजी से बढ़ी है। वर्तमान में प्रदेश के 39 जिलों में मल्टीप्लेक्स नहीं हैं, जबकि 10 जिले ऐसे भी हैं जहां कोई एकल स्क्रीन या मल्टीप्लेक्स सिनेमाघर नहीं है। नई योजना में ऐसे प्रावधान रखें कि मल्टीप्लेक्स निर्माण के लिए भी निवेशक प्रोत्साहित हों। निवेश प्रोत्साहन कार्यक्रमों की तरह सरकार द्वारा इन्हें भी अनुदान दिया जाना चाहिए। जिन जिलों में पहले से मल्टीप्लेक्स संचालित हैं, यदि वहां नए मल्टीप्लेक्स के इच्छुक निवेशक आते हैं तो उनके लिए भी अनुदान का प्रावधान रखा जास। मुख्यमंत्री ने राज्य कर विभाग को सम्बंधित सेक्टर के निवेशकों व अन्य स्टेक होल्डरों से संवाद करते हुए यथाशीघ्र प्रोत्साहन योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

गोला गोकर्णनाथ शिव मंदिर का होगा सौन्दर्यीकरण

अमृत विचार, लखनऊ: लखीमपुर स्थित गोला गोकर्णनाथ के पौराणिक शिव मंदिर व उसके परिसर का सौन्दर्यीकरण किया जाएगा, आकर्षक बनाने के लिए लाइट एण्ड साउण्ड शो की व्यवस्था की जायेगी। मंदिर व परिसर में यात्रियों की सुविधाओं का विस्तार लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से पर्यटन विभाग द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी गुरुवार को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

उन्होंने कहा, पर्यटन विभाग धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सभी प्राचीन मंदिरों को संवारने एवं सजाने का कार्य कर रहा है। अति प्राचीन गोला गोकर्णनाथ मंदिर में सालभर श्रद्धालु दर्शन पूजन के लिए आते रहते हैं। इस प्राचीन शिव मंदिर को छोटा काशी भी कहा जाता है। इस दृष्टिकोण से बुनियादी सुविधाओं में बढ़ोत्तरी की जा रही है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि मंदिर परिसर में लाइट एण्ड शो के माध्यम से श्रद्धालुओं को यहां की पौराणिक मान्यताओं, परम्पराओं तथा मंदिर की महत्ता के बारे में जानकारी दी जाएगी। सावन के महीने और अन्य दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पर्यटन सुविधाओं का सतत विकास किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि यहां आने वाले पर्यटक सुखद स्मृति लेकर लौटें।

आठ जिलों के मुख्य चिकित्साधिकारी बदले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश के आठ जिलों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) बदल गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को आठ सीएमओ समेत 15 चिकित्साधिकारियों की नई तैनाती के दो आदेश जारी किये हैं।

स्वास्थ्य विभाग के सचिव रंजन कुमार ने बताया कि मेरठ के सीएमओ डॉ.अखिलेश मोहन को गाजियाबाद का नया सीएमओ बनाया गया है। वहीं मेरठ जिला अस्पताल के वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ.अशोक कुमार को वहां का सीएमओ बनाया गया है। इसके अलावा बस्ती के सीएमओ डॉ.अच्युत नारायण को प्रतापगढ़, देवरिया के अपर मुख्यचिकित्साधिकारी डॉ.संजय कुमार को कौशाम्बी का सीएमओ नियुक्त किया गया है। प्रयागराज में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.तीरथ लाल को बागपत का सीएमओ, बलिया के एसीएमओ डॉ.अशोक कुमार को आजमगढ़ में सीएमओ, सहारनपुर जिला अस्पताल के वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ.प्रवीन कुमार को उसी जिले में मुख्य चिकित्साधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा अयोध्या में एसीएमओ डॉ.दिलीप सिंह को महाराजगंज का सीएमओ नियुक्त किया गया है। दूसरी सूची में गाजियाबाद के सीएमओ डॉ.भवतोष शंखधर को मुरादाबाद मंडलीय चिकित्सालय में बतौर वरिष्ठ परामर्शदाता बनाया गया है। इसके अलावा प्रतापगढ़ के निवर्तमान सीएमओ डॉ.गिरेन्द्र मोहन शुक्ल को बस्ती के जिला चिकित्सालय, कौशाम्बी के सीएमओ डॉ.सुष्पेन्द्र कुमार को गाजियाबाद जिला चिकित्सालय, बागपत के सीएमओ डॉ.महावीर सिंह को आगरा, आजमगढ़ के सीएमओ डॉ.इंद्र नारायण तिवारी को भदोही जिला अस्पताल, महाराजगंज की सीएमओ डॉ.नीना वर्मा को लखनऊ के परिवार कल्याण महानिदेशालय में संयुक्त निदेशक नियुक्त किया गया है।

एटीएस ग्रुप पर मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ: प्रवर्तन निदेशालय लखनऊ ने एटीएस ग्रुप ऑफ कंपनीज के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। ग्रुप पर कम कीमत में अधिक मुनाफा देने की स्कीम के तहत मकान बेचने में धांधली करने की शिकायत मिली थी। अधिकारियों के मुताबिक पूरा घोटाला 3400 करोड़ रुपए का सामने आ रहा है। कंपनी ने निवेशकों को मनचाहे रिटर्न वापस करने का झांसा दिया।

ईडी अधिकारियों के मुताबिक एटीएस ग्रुप की ओर से बैंक के जरिए अच्छा रिटर्न वापस करने का वादा ग्राहकों और निवेशकों से किया गया था। ग्रुप ने रियल स्टेट मार्केट के जरिए निवेशकों से इन्वेस्टमेंट कराया। निवेश की स्कीम के तहत यह शर्त रखी गई कि 36 महीने के अंदर उनके अपार्टमेंट को प्रीमियम रेट पर कंपनी के द्वारा खुद खरीद लिया जाएगा। अगर वे अपार्टमेंट को बेचना चाहते हैं। इसके लिए सैकड़ों निवेशकों को पोस्ट डेटेड चेक भी कंपनी के द्वारा जारी किए गए, जो कि बाद में बाउंस हो गए। ग्रुप के खिलाफ अब तक ईओडब्ल्यू दिल्ली ने 04 और नोएडा पुलिस द्वारा 10 मामले दर्ज किए गए हैं।

वर्ग पहेली-135

बाएं से दाएं

3. 1. किसी चीज़ को खाने या चबाने की क्रिया, ग्रसन 2. निगलना।
5. आश्चर्य, विस्मय।
6. विशेष रूप से, विशेषत:, ख़ासतौर से।
8. 1. शक्ति, सामर्थ्य 2. घोड़े की लगाम, वल्गा। [मु.] -बाग होना : बहुत ख़ुश होना। (मु.)-मोड़ना : किसी ओर घुमाना या लगाना।

ऊपर से नीचे

1. 1. किसी वस्तु का टूटकर या कट-छँटकर अलग हुआ कोई हिस्सा।
2. निगाह, दृष्टि।
4. नभ में गमन करने वाला, नभ में विचरने वाला।
5. गर्व से भरी चाल, अकड़ जताने वाली चेष्टा या भाव-भंगिमा, हेकड़ी, गरूर।
6. 1. पति, ख़सम, शौहर 2. स्वामी, मालिक।
7. 1. किसी वस्तु के दस अंग 2. दस प्रकार के सुगंधित द्रव्यों का मिश्रण।



वर्ग पहेली -134 का हल

1 जै	क		2 मु		3 क
		4 सो	हा	सि	त
5 ग	ण		फ़ि		र
प			ज़		ना
6 क	लं	7 कि	त		
ना		रा		8 ध	9 म
	10 पि	या	र		य

एप से होगी नस्लवार पशु गणना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केंद्र सरकार ने तैयार किया 21वीं पशुधन जनगणना एप
- घर हो या बाहर सभी बड़े-छोटे पशुओं की होगी गणना

अमृत विचार : प्रदेश में सितंबर से दिसंबर तक बड़े-छोटे सभी पशुओं की गणना पहली बार नस्लवार की जाएगी। चिकित्सक नस्ल की पहचान एप से करेंगे। इसके लिए केंद्र सरकार ने 21वीं पशुधन जनगणना एप बनाया है। जिस पर पशु की फोटो खींचकर अपलोड करते ही गुण के आधार पर नस्ल का पता चलेगा। जो भी विदेशी- देशी पशुओं की नस्ल होगी वह विवरण समेत एप पर फीड की जाएगी। इस बार घर हो या बाहर कोई भी पालतू व निराश्रित पशु गणना से नहीं छूटेगा। उपनिदेशक पशुगणना डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि गणना से कौन सी नस्ल के पशु कम हो रहे या बढ़ रहे यह पता चलेगा। संख्या निर्धारित होने पर विभाग पांच वर्ष की कार्ययोजना बनाएगा।

2019 में हुई थी ऑनलाइन गणना% पशु गणना हर पांच वर्ष में की जाती है। प्रदेश में 20वीं गणना 2019 में ऑनलाइन हुई थी लेकिन, नस्लवार नहीं थी। गणना के दौरान कई बाहरी नस्ल की पहचान मुश्किल रहती है। इस वजह से सही आकलन नहीं हो पाता है। जिसे देखते हुए यह एप बनाया गया है। इससे टीम के लिए नस्ल पहचानना आसान होगा। मौके पर फीडिंग के दौरान विवरण सीधे केंद्र के पोर्टल पर जाएगा। इसमें बदलाव नहीं कर पाएंगे न ही मनमानी चलेगी।

2019 में थे इतने पशु

- गोवंश - 190.20 लाख
- महिषवंश - 330.17 लाख
- भेड़ - 9.85 लाख
- बकरी - 144.80 लाख

नोडल प्रशिक्षित, जिलों पर देंगे प्रशिक्षण

प्रदेश में 21वीं पशु गणना के लिए 16 जुलाई को 75 मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षित किए गए हैं। इसमें उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी अधिकारी व अन्य अधिकारी शामिल हैं। जो अपने जिलों पर चिकित्सकों को एप से गणना करने का प्रशिक्षण देंगे। जिलों पर जो टीम बनेगी उसमें नस्ल की पहचान करने वाले अनुभवी चिकित्सकों को शामिल किया जाएगा।

प्रश्नपत्र लीक मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- चार महीने से तलाश रही थी एसटीएफ

अमृत विचार: एसटीएफ ने सिपाही भर्ती परीक्षा प्रश्नपत्र लीक कराने के मामले में तीन आरोपियों को गोरखपुर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए आरोपी परीक्षा केंद्रों में बायोमैट्रिक के माध्यम से साल्वरों का परीक्षा कक्ष में प्रवेश कराते थे और अभ्यर्थियों की परीक्षा कराते थे। इन तीनों की शिनाख्त पूर्व में गिरफ्तार हुए आरोपियों से पूछताछ में हुई थी, तभी से एसटीएफ इन आरोपियों की तलाश कर रही थी। गिरफ्तार आरोपियों में पंकज कुमार सिन्हा, अमरेंद्र भारती व धनंजय मौर्या शामिल हैं।

डीएसपी डीके शाही ने बताया कि पंकज कुमार सिन्हा एवं अन्य से पूछताछ में पता चला कि पंकज को इनोवेटिव कंपनी से संबंधित सुधीर विश्वाटेक द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक कराने के लिए मैनपावर का टेंडर मिला था। इनके साथियों ने तभी योजना बनाकर यह निश्चित किया था कि जिस भी अभ्यर्थी की जगह साल्वर को बैठायेंगे, उस केन्द्र पर अभ्यर्थी की ही ड्यूटी बायोमेट्रिक में लगा देंगे। जिससे जब साल्वर परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश करेगा तब साल्वर की जगह अभ्यर्थी अपना फिंगर प्रिन्ट लगकार साल्वर को अंदर भेज देगा। इससे परीक्षा के अगले चरणों में फिंगर प्रिन्ट अभ्यर्थी के प्रमाणित हो सके। यह अपने साथियों के साथ मिलकर दिनांक 17 फरवरी 2024 को परीक्षा केन्द्र इस्लामिया कालेज आफ कामर्स, बख्शीपुर, गोरखपुर से मूल अभ्यर्थी के स्थान पर साल्वर अंजनी कुमार उर्फ मनीष सिंह (कुरवा चैनपुर, सिंधियाघाट स्टेशन, पूर्व मध्य रेलवे स्टेशन मास्टर) दुर्गेश यादव उर्फ अंकित के स्थान पर परीक्षा देने के लिए भेजा था।

एनएचएम में संविदा चिकित्सकों की वेतन विसंगति दूर हो : योगेश उपाध्याय

अमृत विचार। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत संविदा पर कार्यरत एमबीबीएस चिकित्सकों में व्याप्त विसंगति दूर करने के लिए संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ, उप्र. संगठन ने मांग उठायी है। प्रदेश महामंत्री योगेश उपाध्याय ने मुख्यमंत्री समेत एनएचएम निदेशक को पत्र लिखकर मांग की है। महामंत्री ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार, किसी भी विभाग में एक ही पद पर पुराने कार्मिकों का वेतन नवीन तैनात कार्मिकों के वेतन से कम नहीं हो सकता है।

सुडोकू-48

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

4		7		2			3	6
2	3			9		1		
		8		3			5	
	4		1				8	
	5						2	
	7				6		4	
	8			6		3		
		3		1			9	7
9	2			5		4		8

सुडोकू-47 का हल

1	8	3	7	4	9	2	6	5
9	6	5	1	2	8	3	4	7
7	2	4	3	6	5	8	9	1
8	7	6	5	3	4	9	1	2
3	1	2	8	9	6	5	7	4
5	4	9	2	1	7	6	8	3
2	3	7	9	8	1	4	5	6
4	5	8	6	7	2	1	3	9
6	9	1	4	5	3	7	2	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 जुलाई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 19.41 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- मूल 20 जुलाई 02.55 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

मेष — आज आपके मन में आत्मसंतोष की भावना रहेगी। दूसरों की जिम्मेदारियां भी आपको उठानी पड़ सकती है। आपकी अपेक्षा के अनुसार सभी काम हो जाएंगे। निजी कंपनियों में जॉब कर रहे लोगों को पदोन्नति मिलने के योग बन रहे हैं।

वृष — आज हित शत्रु आपकी भावनाओं का नाजायज लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। महिलाओं को अपनी सेहत को लेकर जागरूक रहना चाहिए। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव की भावना कम हो सकती है। आवश्यक काम दूसरों के भरोसे कतई न छोड़ें।

मिथुन — आज वाद-विवाद और चर्चाओं में आप दूसरों के ऊपर भारी पड़ेंगे। आपके सामाजिक संबंध और प्रगाढ़ होंगे। दांपत्य जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। पहले की गई मेहनत का आपको सुखद परिणाम प्राप्त होगा। व्यापार में नए सहयोगी जुड़ सकते हैं।

कर्क — आज कानूनी अड़चनों से छुटकारा मिलेगा। बुरी संगत से आपको बचने की आवश्यकता है। अध्यात्मिक चर्चाओं से आपका दृष्टिकोण बदल सकता है। उच्च रक्तचाप के रोगियों को गुस्सा करने से बचना चाहिए। दूसरे लोगों के मामलों को लेकर ज्यादा सोच-विचार न करें।

सिंह — आज आप नव समाचारों को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। प्रेम विवाह के मार्ग में बाधा आ सकती है। कटु भाषा का चयन करने से बचें। शोध क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। लोग आपकी कला व योग्यता को सम्मान देंगे।

कन्या — आज अधिकारियों का विश्वास आपके ऊपर से कुछ कम हो सकता है। शारीरिक और मानसिक ऊर्जा में थोड़ी कमी रहेगी। व्यर्थ की बातों का तनाव न लें। अपने काम व जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। बड़ों के द्वारा दिया गया सुझाव आपके काफी काम आएगा।

तुला — आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। धार्मिक चर्चाओं के लिए दिन सर्वोत्तम रहेगा। आपकी सलाह से लोगों को लाभ होगा। अपने स्वभाव में सकरात्मकता बनाए रखें। अविवाहित महिला जातक के विवाह की चिंता रहेगी।

वृश्चिक — आज जॉब इंटरव्यू में सम्मिलित हो रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। प्रेमी जन से अपने दिल की बातें शेयर करने से मन हल्का होगा। गृह कार्यों में काफी व्यस्त हो सकते हैं। दूरस्थ परिजनों के साथ फोन पर बातें होंगी।

धनु — आज किसी महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हो सकते हैं। नई संपत्ति खरीदने का विचार बनाएंगे। आप अपने आप में ही व्यस्त रहेंगे। अविवाहितों को प्रेम प्रस्ताव मिल सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। व्यापार में जबरदस्त उन्नति होगी।

मकर — आज सेहत के मामले में लापरवाही न करें। पेट में गैस की समस्या हो सकती है। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। कार्यस्थल में आपका दबदबा घट सकता है। कोई नकारात्मक समाचार मिलने की संभावना है।

कुंभ — आज किसी नए काम को लेकर मन में विचार आएंगे। जीवनसाथी के साथ समय बहुत अच्छा रहेगा। संतान के करियर को लेकर समस्या दूर होगी। पुराने अनुभवों का आपको लाभ मिलेगा। व्यवसाय को लेकर नया प्रयोग कर सकते हैं।

मीन — आज मार्केटिंग पर आपको काफी ध्यान देने की आवश्यकता है। जॉब में उच्च पद प्राप्त होगा। निर्माण कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेंगे। टीमवर्क के माध्यम से उलझे मामलों को संभाल लेंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- देवता — दोपहर : 12.30
- परिवार — रात : 07.00
- सीक्रेट सुपरस्टार — सुबह : 10.47
- फराज — रात : 08.00

&pictures

SONY PIX
- घोस्त राइडर — सुबह : 11.12
- अनचार्टेड — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- मिली — सुबह : 09.35
- ऑपरेशन जावा — रात : 08.00

colors CINEPLEX
- कसक — सुबह : 09.36
- कभी अलविदा ना कहना — शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पप्पू - इतना परेशान क्यों है?
गप्पू - अरे यार, मैंने अपनी गर्लफ्रेंड को दो बड़े-बड़े टेडी बियर गिफ्ट किए थे।
पप्पू - तो इसमें परेशान होने की क्या बात है?
गप्पू - उसकी मम्मी ने दोनों की रुई निकलवाकर दो तकिए भरवा लिए।

भिखारी- कुछ दे दो साहब, लाचार हूं।
सिंटू- हट्टे-कट्टे तो दिख रहे हो। लाचार किस चीज से हो?
भिखारी- अपनी आदत से।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	81,343.46	24,800.85
बढ़त	626.91	187.85
प्रतिशत में	0.78	0.76

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, शुक्रवार, 19 जुलाई 2024

एक नजर

वित्तीय प्रौद्योगिकी उद्योग 2029 तक 420 अरब डॉलर का होगा

नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के गैर-कार्यकारी चेयरमैन और स्वतंत्र निदेशक अजय चौधरी ने कहा है कि भारतीय वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) उद्योग का आकार 2024 में 110 अरब डॉलर का होने का अनुमान है। 2029 तक 420 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि सरकार की अनुकूल नीतियों के कारण इस क्षेत्र में वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है। चौधरी ने कहा कि डिजिटल अर्थव्यवस्था की ओर सरकार का कदम, साथ ही युवा और प्रौद्योगिकी-प्रेमी आबादी की वजह से वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र नई ऊंचाइयों पर जा रहा है। उद्योग निकाय एसोचैम ने कहा कि भारतीय वित्तीय प्रौद्योगिकी उद्योग 110 अरब डॉलर का होने का अनुमान है और 2029 तक यह 420 अरब डॉलर पर पहुंच जाएगा।

सोने में लगातार छठे सत्र में तेजी, 700 रुपये और मजबूत

नई दिल्ली। ताजा घरेलू मांग के साथ साथ रुपये में अवमूल्यन के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 700 रुपये की बढ़त के साथ 76,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 75,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। दिल्ली में सोने में लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी रही। सोना 700 रुपये की तेजी के साथ 76,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 750 रुपये बढ़कर 76,100 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी की कीमत पिछले सत्र के 94,400 रुपये प्रति किलो से 400 रुपये घटकर 94,000 रुपये प्रति किलो रह गई।

गांवों में खर्च बढ़ने से मांग की स्थिति हुई बेहतर: आरबीआई

2024-25 की दूसरी तिमाही के दौरान अर्थव्यवस्था में तेजी के संकेत

मुंबई, एजेंसी

चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही (जून-अगस्त) की शुरुआत अर्थव्यवस्था में तेजी के संकेतों के साथ हुई है। ग्रामीण क्षेत्र में खर्च में सुधार से मांग की स्थिति बेहतर हुई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को बुलेटिन में यह कहा।

आरबीआई के बुलेटिन में अर्थव्यवस्था की स्थिति शीर्षक से प्रकाशित एक लेख में कहा गया कि विकसित अर्थव्यवस्थाओं और उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं (ईएमई) में वैश्विक आर्थिक गतिविधियां मजबूत हो रही है। साथ ही वस्तुओं तथा सेवाओं में वैश्विक व्यापार गति पकड़ रहा है।

- सब्जियों और अन्य खाद्य उत्पादों की कीमतें बढ़ने से जून में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 5.08 प्रतिशत पर पहुंची थी
- तीन महीनों की नरमी के बाद जून में उपभोक्ता मुद्रास्फीति में हुई वृद्धि

लेख में कहा गया कि भारत में 2024-25 की दूसरी तिमाही अर्थव्यवस्था में तेजी के संकेतों के साथ शुरू हुई है। कृषि परिदृश्य तथा ग्रामीण व्यय में सुधार, मांग बढ़ाने में प्रमुख बिंदु साबित हुए हैं। इसमें कहा गया कि लगातार तीन महीनों की नरमी के बाद जून 2024 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई है। इसकी मुख्य वजह सब्जियों की कीमतों में वृद्धि है।

उल्लेखनीय है कि सब्जियों और अन्य खाद्य उत्पादों की कीमतें बढ़ने से जून में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर चार महीने के उच्चतम स्तर 5.08 प्रतिशत पर पहुंच गई। इससे पिछले महीने मई में यह खुदरा मुद्रास्फीति 4.8 प्रतिशत पर थी हालांकि, केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट किया कि बुलेटिन में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और भारतीय रिजर्व बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

एल्युमीनियम कबाड़ आयात पर शून्य शुल्क की मांग

नई दिल्ली। बजट से पहले पुनर्चक्रण उद्योग निकाय एआई ने सरकार से एल्युमीनियम कबाड़ पर आयात शुल्क हटाने का आग्रह किया। मैटेरियल रिसाइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमआरएआई) के अनुसार, एल्युमीनियम कबाड़ की पुनर्चक्रण प्रक्रिया से प्रति टन उत्पादन पर केवल 3 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जित होता है, जबकि स्मेल्टर से 1 मीट्रिक टन एल्युमीनियम के उत्पादन पर 14 टन कार्बन उत्सर्जन होता है। एआई ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लिखे पत्र में कहा कि भारतीय एल्युमीनियम पुनर्चक्रण उद्योग के सामने सबसे बड़ी चुनौती 2.5 प्रतिशत आयात शुल्क है। सरकार को इसे तब तक शून्य करना चाहिए जब तक कि घरेलू बाजार में गुणवत्तापूर्ण सामग्री (कबड़ा) पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध न हो जाए।

एफटीए से भारत-रूस व्यापार को मिलेगा बढ़ावा : जीटीआरआई

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्यात में वृद्धि, स्थानीय मुद्रा में व्यापार और यूरेशियन संघ से हुए समझौते

निर्यात बढ़ाने, स्थानीय मुद्रा व्यापार को व्यावहारिक बनाने और यूरेशियन आर्थिक संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) जैसे कदमों से भारत और रूस के बीच व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने गुरुवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि भारत को व्यापार घाटे को लेकर चिंतित नहीं होना चाहिए, क्योंकि उसे रूस से बाजार मूल्य से सस्ते दाम पर कच्चा पेट्रोलियम तेल मिल रहा है। इससे भारत का समग्र तेल आयात बिल भी कम हो रहा है।

2022 में यूक्रेन युद्ध तथा अमेरिका द्वारा रूस पर प्रतिबंध लगाने के बाद से भारत और रूस के बीच व्यापार संबंधों में काफी बदलाव आया है। रूस से आयात में तीव्र वृद्धि हुई है, जिसके परिणामस्वरूप व्यापार असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो गई है। 2020-21 और 2023-24 में निर्यात 59% बढ़ा, वहीं आयात में भी वृद्धि हुई है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि 2023-24 में मौजूदा द्विपक्षीय व्यापार 65.7 अरब डॉलर होने के साथ यह लक्ष्य हासिल हो सकता है। 2023-24 में रूस को भारत का निर्यात 4.3 अरब अमरीकी डॉलर था, जबकि कच्चे तेल से प्रेरित आयात 61.4 अरब अमरीकी डॉलर था।

दक्षिण पूर्वी कोलफील्ड्स के दो ब्लॉक दुनिया की 10 बड़ी खदानों में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

- एसईसीएल के गेवरा और कुसमुंडा ब्लॉक ने दूसरा और चौथा स्थान पाया

दुनिया की 10 सबसे बड़ी कोयला खदानों की सूची में सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के गेवरा और कुसमुंडा ब्लॉक ने क्रमशः दूसरा और चौथा स्थान हासिल किया है। वर्ल्डएटलस डॉट कॉम ने उत्पादन मात्रा के आधार पर कोयले की सबसे बड़ी खदानों की सूची जारी की है।

एसईसीएल ने गुरुवार को कहा कि छत्तीसगढ़ के कोरबा स्थित दोनों खदानें सालाना 10 करोड़ टन से अधिक कोयला उत्पादन करती हैं। यह भारत के कुल कोयला उत्पादन का 10% है। वर्ल्डएटलस डॉट कॉम द्वारा जारी दुनिया की 10 सबसे बड़ी कोयला खदानों की सूची में गेवरा और कुसमुंडा खदानों को क्रमशः दूसरा और चौथा स्थान मिला है। एसईसीएल ने कहा कि गेवरा की वार्षिक उत्पादन क्षमता 7 करोड़ टन है। इस खदान ने 2023-24 में 5.9 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया। जबकि कुसमुंडा ने 5 करोड़ टन से अधिक कोयले का उत्पादन किया। एसईसीएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) प्रेम सागर मिश्रा ने कहा कि यह गर्व की बात है कि दुनिया की पांच सबसे बड़ी कोयला खदानों में से दो छत्तीसगढ़ में हैं।

जीडीपी वृद्धि दर 7 प्रतिशत रहने का अनुमान : फिक्की

नई दिल्ली। उद्योग संगठन फिक्की ने चालू वित्त वर्ष में औसत जीडीपी वृद्धि दर 7.0 प्रतिशत रहने का अनुमान जताते हुए सरकार से आम बजट में कराधान सुधार, रोजगार सृजन, नवाचार और सतत विकास पर ध्यान केंद्रित किये जाने की अपील की है। जुलाई 2024 में किसे गये सर्वेक्षण के आधार पर आज जारी फिक्की के आर्थिक दृष्टिकोण रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है। इसमें कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए औसत वृद्धि दर 2024-25 के लिए 3.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। यह वर्ष 2023-24 में दर्ज की गई लगभग 1.4 प्रतिशत की वृद्धि दर की तुलना में सुधार दर्शाता है। सामान्य दक्षिण-पश्चिम मानसून की उम्मीद के साथ अल नीनो प्रभाव में कमी आने से कृषि उत्पादन के लिए अच्छा संकेत मिलने की संभावना है।

- बजट में रोजगार नवाचार और विकास पर ध्यान केंद्रित करने की अपील

भारत सबसे बड़ा पॉम ऑयल बाजार : गनी

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत में चावल-चीनी जैसे उत्पादों के निर्यात पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने की मलेशियाई मंत्री ने की अपील

मलेशिया के पौधरोपण और कमोडिटी मंत्री वायबी दातुक सेरी जौहरी बिन अब्दुल गनी ने आम चुनाव के दौरान भारत में चावल और चीनी जैसे आवश्यक कृषि उत्पादों के निर्यात पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने की अपील करते हुए गुरुवार को कहा कि भारत उनके लिए बहुत बड़ा पॉम आयॅल बाजार है क्योंकि भारत में बढ़ता मध्यम वर्ग इस सबसे बड़ा खरीददार है।

गनी ने भारतीय वनस्पति-तेल उत्पादक संघ (आईवीपीए) द्वारा आईवीपीए ग्लोबल राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस के तीसरे संस्करण के शुभारंभ पर यह बात कही। कॉन्फ्रेंस की थीम- वेज ऑयल्स विजन 2030: अवसर और चुनौतियां थी। गनी ने कहा कि मलेशिया पर भारत के निर्यात प्रतिबंधों के प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। अगर भारत खुलता है, तो यह मलेशिया के लिए फायदेमंद होगा। भारत को पाम ऑयल का महत्वपूर्ण निर्यातक मलेशिया, भारत के सुरक्षात्मक उपायों से खुद को चुनौतीपूर्ण स्थिति में पाता है। पिछले वर्ष मलेशिया से भारत को पाम ऑयल और पाम ऑयल उत्पादों का निर्यात कुल 33 लाख टन था, जिसका मूल्य 3 अरब डॉलर था, जो मलेशिया के पाम ऑयल निर्यात का 13% था।

उन्होंने कहा कि 2023 में भारत में तेल और वसा की खपत 2.72 करोड़ टन था और इसमें पॉम ऑयल की हिस्सेदारी 36% थी। भारत में खाद्य और अखाद्य क्षेत्रों में पॉम ऑयल की मांग में तेजी आ रही है क्योंकि मध्यम वर्ग में वृद्धि हो रही है। अभी भारत में मध्यम वर्ग की आबादी 31% है, जिसके 2031 तक बढ़कर 38 % होने का अनुमान है और 2047 तक यह आबादी 60% हो जायेगी।

राष्ट्रीय

एक नजर

प. बंगाल में किशोरी से दुष्कर्म, चार नाबालिगों सहित सात गिरफ्तार

जलपाईगुड़ी, (प. बंगाल), प. बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में चाय बागान में 4 नाबालिगों समेत सात लोगों ने किशोरी से कथित तौर पर दुष्कर्म किया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि किशोरी के परिवार ने जिन सात लोगों को नामजद किया है, उन्हें बीते तीन दिन में गिरफ्तार किया जा चुका है। सात आरोपियों में से 4 नाबालिग हैं और तीन वयस्क आरोपियों में से दो को पुलिस व एक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अधिकारी ने कहा कि नाबालिगों को किशोर गृह भेजा गया है। किशोरी एक आरोपी के अनुरोध पर दुआर्स क्षेत्र स्थित चाय बागान में सुनसान जगह गई थी। वह किशोरी का मित्र बताया जा रहा है। रविवार दोपहर बाद जब वह उस जगह पहुंची तो सात लोगों ने उससे दुष्कर्म किया और वीडियो बनाई।

ट्रांसपोर्टर कार्यालय से 3.5 करोड़ लूटने के आरोप में 12 गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली में ट्रांसपोर्टर के कार्यालय से 3.5 करोड़ रुपये लूटने के आरोप में अब तक 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (उत्तरी) मनोज कुमार मीणा ने बताया कि पिछले हफ्ते यहां किशनगंज इलाके में कुछ लोग ट्रांसपोर्टर के कार्यालय में घुस गए थे और बंदूक दिखाकर लूटपाट की थी। उन्होंने कहा कि लूटपाट के सिलसिले में बृहस्पतिवार को आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया जबकि चार लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। अधिकारी ने कहा कि हम जल्द ही (आरोपियों की) पहचान और लूटपाट के उनके तरीके का खुलासा करेंगे।

कांग्रेस विधायक के ठिकानों पर ईडी का छापा

1,392 करोड़ रुपये के कर्ज से जुड़े धन शोधन के मामले की जांच के तहत हुई कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

बैंक धोखाधड़ी मामला

- हरियाणा, दिल्ली और झारखंड समेत 15 स्थानों की ली गई तलाशी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 1,392 करोड़ रुपये के कथित बैंक कर्ज धोखाधड़ी के मामले से जुड़ी धन शोधन जांच के सिलसिले में कार्रवाई करते हुए देश के कई प्रदेशों सहित 15 स्थानों पर छापेमारी की और परिसरों की तलाशी ली। केंद्रीय एजेंसी ने मामले से जुड़े हरियाणा के कांग्रेस विधायक राव दान सिंह, एक धातु निर्माण कंपनी और उसके प्रवर्तकों के ठिकानों पर भी गुरुवार को छापेमारी कर तलाशी अभियान चलाया।

केंद्रीय एजेंसी के गुरुग्राम स्थित कार्यालय के अधिकारियों ने गुरुवार को बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मामले की जांच के तहत हरियाणा के महेंद्रगढ़, बहादुरगढ़, गुरुग्राम तथा दिल्ली और झारखंड के जमशेदपुर समेत 15 स्थानों पर तलाशी ली। कार्रवाई के दौरान ईडी की टीम के साथ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवानों का एक दल भी था।

सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने जिन लोगों के ठिकानों की तलाशी ली, उनमें महेंद्रगढ़ क्षेत्र से 65 वर्षीय विधायक राव दान सिंह, उनका बेटा अक्षत सिंह, एलाइड स्ट्रिप्स लिमिटेड (एएसएल) कंपनी तथा उसके प्रवर्तक मोहिंदर अग्रवाल, गौरव अग्रवाल व अन्य लोग शामिल हैं। केंद्रीय एजेंसी ने राव दान सिंह के रेवाड़ी स्थित फार्म हाउस की भी तलाशी ली है। एएसएल स्टील रोल उत्पादों का निर्माण करती है। इस कंपनी पर 1,392 करोड़ रुपये के बैंक कर्ज धोखाधड़ी मामले में शामिल होने का आरोप है। जिसकी जांच के तहत केंद्रीय एजेंसी ने कार्रवाई की है।

सीबीआई ने 2022 में कंपनी के खिलाफ दर्ज किया था मामला, विधायक ने ली रकम नहीं लौटाई

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 2022 में कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। सूत्रों के मुताबिक, ऐसा आरोप है कि राव दान सिंह के परिवार और उनकी कंपनियों ने एएसएल से कर्ज लिया था, लेकिन कभी कर्ज की राशि को लौटाया नहीं और बाद में इस कर्ज की रकम को बट्टे खाते में डाल दिया गया, जिसकी जांच के तहत ईडी ने विधायक के ठिकानों की तलाशी के लिए और कंपनी से जुड़े कई स्थानों पर छापेमारी की है। सिंह ने कांग्रेस पार्टी के टिकट पर भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से हाल में लोकसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन वह 41,000 से अधिक वोटों के अंतर से भाजपा के धर्मबीर सिंह से हार गए थे।

मोदी के खिलाफ हिंसा भड़काने वाले बयानों का इस्तेमाल करती है कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले- विपक्ष को अपनी गरिमा को बनाए रखना चाहिए
- भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पूर्व आईपीएस के लेख का दिया हवाला

भाजपा ने गुरुवार को कांग्रेस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अक्सर हिंसा भड़काने वाले बयानों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में शब्दों का चयन बेहद महत्वपूर्ण होता है।

उन्होंने कहा कि हिंसा और हत्या जैसे शब्दों से समाज में अनावश्यक तनाव पैदा होता है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पूर्व आईपीएस के लेख का हवाला देते हुए कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए बयानबाजी कई बार हिंसा को उकसाती है। उन्होंने जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या और पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास का जिक्र किया। वैष्णव ने कहा कि विपक्ष को अपनी गरिमा को बनाए रखना चाहिए। त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी ने संसद में हिंसा और हत्या जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया और चुनाव प्रचार के दौरान मोदी के काफिले पर कुछ फेंके जाने की घटना पर कहा था कि अब मोदी से कोई नहीं डरता। पंजाब के कार्यक्रम के लिए गए प्रधानमंत्री की सुरक्षा खतरे में पड़ गई थी जबकि उस समय वहां कांग्रेस की सरकार थी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी जब कश्मीर और मणिपुर जैसे संवेदनशील स्थानों पर गए थे तो उनकी सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

जो अपने पास से सेवा करते हैं, वे बड़े होते हैं : भागवत

रांची, एजेंसी

- झारखंड में ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का संबोधन, लोगों ने भगवान जतरा टाना भगत की मूर्ति देकर किया स्वागत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक मोहन भागवत ने कहा कि विकास लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। अपने पास से जो लोगों की सेवा करते हैं, वे बड़े होते हैं। एकजुट होकर कार्य करने से सफलता पाई जा सकती है। उन्होंने गांव के विकास के लिए एक-दूसरे की मदद के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया।

उन्होंने यह बात गुरुवार को झारखंड के गुमला जिले के विकास भारती बिशुनपुर में ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में कही। कार्यक्रम की शुरुआत में भागवत सहित अन्य अतिथियों का आदिवासी परंपरा के अनुसार पत्ते की टोपी पहनाकर और भगवान जतरा टाना भगत की मूर्ति देकर स्वागत किया गया। भागवत ने कहा कि जिनके पास सब कुछ होता है और वह किसी की सेवा नहीं करते हैं। आदिवासी जनजाति बहुल क्षेत्र का समुचित विकास नहीं हो सका लेकिन एकजुट होकर कार्य करने से सफलता मिलेगी। वर्तमान में विश्वास में सेवा और विकास की आवश्यकता है।

सूरत में 51.4 करोड़ के मादक पदार्थ सहित तीन लोग गिरफ्तार

अहमदाबाद। गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने सूरत के बाहरी इलाके में मेफेड्रोन निर्माण इकाई का भंडाफोड़ कर 51.4 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ और कच्चा माल जब्त किया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि सुनील यादव, विजय गजेरा और हरेश कोराट को गिरफ्तार किया गया है।

जांच में पाया गया कि तीनों ने सूरत जिले के पलसाना तालुका के करेली गांव में 20,000 रुपये मासिक पर औद्योगिक इकाई किराए पर ली हुई थी जहां वे विभिन्न सामग्री का उपयोग करके मेफेड्रोन बनाने थे।

तलोजा जेल से अबू सलेम नासिक के केंद्रीय कारागार स्थानांतरित

मुंबई, एजेंसी

- 17 अन्य हाई प्रोफाइल कैदी भी दूसरी जेलों में भेजे गए, इमारत की मरम्मत के चलते की गई व्यवस्था

तलोजा केंद्रीय कारागार में बंद अबू सलेम तथा 17 अन्य हाई-प्रोफाइल कैदियों को दूसरी जेलों में भेजा गया है या उन्हें सामान्य बैरक में ले जाया गया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

अबू सलेम गैंगस्टर एक्ट तथा 1993 मुंबई बम धमाकों का दोषी है जबकि एंटीलिया आतंकवादी मामले के आरोपी बर्खास्त पुलिस अधिकारी सचिन वाजे के साथ ही एल्गार परिषद मामले के कई आरोपी इनमें शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि सलेम को नासिक सेंट्रल जेल स्थानांतरित किया गया है, जबकि वाजे को ठाणे जेल भेजा गया है और अन्य कैदियों को जेल की सामान्य बैरक में रखा गया है। उच्च सुरक्षा वाले कैदियों को आमतौर पर सुरक्षा उद्देश्यों के लिए अंडा सेल या अलग इमारत में रखा जाता है। तलोजा जेल अधिकारियों ने बताया कि पनवेल में लोक निर्माण विभाग के संरचनात्मक ऑडिट से पता चला है कि उच्च सुरक्षा वाली इमारत उपयोग के लिए असुरक्षित थी।

यूट्यूबर सवुक्कू शंकर को रिहा करने का आदेश

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर (सवुक्कू) शंकर (48) को रिहा करने का आदेश दिया। उसे कोयंबटूर पुलिस ने 4 मई को एक साक्षात्कार में महिला पुलिस कर्मियों पर अपमानजनक बयान देने के आरोप में गुंडा अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया था। वह इस समय कोयंबटूर केंद्रीय कारागार में बंद हैं।

- शंकर की मां ने हिरासत को चुनौती देते हुए दायर की थी याचिका

सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कहा कि पीठ शंकर की मां गुंडा अधिनियम के तहत उसकी हिरासत को चुनौती देने वाली दायर पर सुनवाई कर रही थी। वहीं चेन्नई पुलिस के अनुसार, शंकर के खिलाफ सात मामले लंबित हैं, जिनमें से तीन मामलों की जांच चल रही है। दो में आरोप पत्र दायर किए जा चुके हैं। शेष मामलों में सुनवाई लंबित है।

कर्नाटक सरकार को गिराना चाहती है भाजपा : गौड़ा

बेंगलुरु। कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि भाजपा राज्य सरकार को गिराने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है और कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार लोगों पर वरिष्ठ नेताओं के नाम लेने का दबाव डाल रही है।

- राजस्व मंत्री बोले- केंद्रीय एजेंसियों का कर रही इस्तेमाल

राज्य के राजस्व मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा ने दावा किया कि केंद्र सरकार कर्नाटक सरकार को गिराने का प्रयास कर रही है, जैसा उसने झारखंड, दिल्ली, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में किया था। उन्होंने कहा कि हमारे पास पुख्ता जानकारी है और हम इसे आपके साथ साझा करेंगे।

7 घंटे में स्थानांतरित हुए जगन्नाथ मंदिर के रत्न

पुरी, एजेंसी

- मंदिर के भीतर अस्थायी स्ट्रॉन्ग रूम में रखा गया सामान

पुरी स्थित 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर के प्रतिष्ठित खजाने रत्न भंडार (कोषागार) में रखी गयी मूल्यवान सामग्री और आभूषणों को एक अस्थायी भंडार कक्ष में स्थानांतरित करने का कार्य गुरुवार को सात घंटों के भीतर पूरा हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि रत्न भंडार को इस सप्ताह दूसरी बार खोला गया ताकि बहुमूल्य चीजों को मंदिर परिसर के भीतर एक अस्थायी स्ट्रॉन्ग रूम में रखा जा सके। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के प्रमुख अरविंद पाढ़ी ने बताया कि रत्न भंडार के आंतरिक कक्ष से सभी कीमती सामान को सफलतापूर्वक मंदिर परिसर के भीतर एक अस्थायी स्ट्रांग रूम में स्थानांतरित कर दिया गया है। लकड़ी और स्टील की अलमारियों और संदूकों सहित सात कंटेनरों को स्थानांतरित करने की पूरी प्रक्रिया में सात घंटे लगे। मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के निर्देशों के अनुसार आंतरिक कक्ष और अस्थायी 'स्ट्रांग रूम' दोनों को बंद कर सील कर दिया गया है।

7 कंटेनरों में रखे गए कीमती सामान

पर्यवेक्षण समिति के अध्यक्ष एवं उड़ीसा हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश विश्वनाथ रथ ने कहा कि आंतरिक कक्ष के अंदर आभूषण और कीमती सामान सात कंटेनरों में रखे गए, जिनमें तीन लकड़ी की अलमारियां, दो लकड़ी की पेटियां, एक स्टील की अलमारी और एक लोहे की पेटी है। सभी सामान को नये कंटेनरों में रखा गया और बाद में मंदिर परिसर में अस्थायी स्ट्रांग रूम में स्थानांतरित कर दिया गया। रथ ने कहा कि स्ट्रांग रूम को सील कर चाबियां पुरी जिलाधिकारी को दे दी गई। चाबियां खजाने में रखी जाएंगी। न्यायमूर्ति रथ ने कहा कि आंतरिक कक्ष के अंदर हमने जो देखा उसका विवरण गोपनीय है। इसे सार्वजनिक रूप से उजागर करना अनुचित होगा।

न्यायमूर्ति कोटिश्वर और महादेवन सुप्रीम कोर्ट में बने न्यायाधीश

नई दिल्ली, एजेंसी

जम्मू कश्मीर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एन. कोटिश्वर सिंह ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश पद की शपथ ली और वह मणिपुर से सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नत होने वाले पहले न्यायाधीश बन गए हैं। मद्रास हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश आर. महादेवन ने भी उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने उच्चतम न्यायालय परिसर में हुए एक समारोह में दोनों न्यायाधीशों को पद की शपथ दिलायी। इसके साथ ही अब उच्चतम न्यायालय में सीजेआई समेत न्यायाधीशों की संख्या 34 हो गयी है जो कि पूर्ण है। उच्चतम न्यायालय में एक सितंबर 2024 को न्यायमूर्ति हिमा कोहली के सेवानिवृत्त होने तक 34 न्यायाधीश काम करेंगे। इसके बाद सीजेआई चंद्रचूड़ इस साल 10 नवंबर को सेवानिवृत्त होंगे।

एक नजर

नेपाल का भविष्य उज्ज्वल है: प्रधानमंत्री ओली

काठमांडू। नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने गुरुवार को कहा कि देश का भविष्य उज्ज्वल है, लेकिन लगातार राजनीतिक उथल-पुथल के बीच इसके वर्तमान परिदृश्य को बदलने की जरूरत है। द राइजिंग नेपाल अखबार के अनुसार, चौथी बार नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में सोमवार को शपथ लेने वाले ओली ने कहा कि देश का वर्तमान परिदृश्य अच्छा नहीं है। नेपाल को लगातार राजनीतिक उथल-पुथल का सामना करना पड़ा है क्योंकि गणतंत्र लागू होने के बाद पिछले 16 वर्षों में देश ने 14 सरकारें देखी हैं।

राफा क्रॉसिंग को फिर से खोलने का प्रस्ताव खारिज

रामल्लाह। फिलिस्तीन ने इजरायल की वापसी के बिना राफा क्रॉसिंग को फिर से खोलने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। आधिकारिक सूत्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्र के अनुसार पिछले सप्ताह मिस्र और गाजा पट्टी के बीच राफा सीमा क्रॉसिंग के संचालन की संभावना का पता लगाने के लिए फिलिस्तीन, अमेरिका और इजरायल के प्रतिनिधियों की एक बैठक आयोजित की गई थी।

फ्रांस में आग दुर्घटना में सात लोगों की मौत

पेरिस। फ्रांस के नीस शहर में बुधवार रात लगी आग में सात लोगों की मौत हो गयी, जिसमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। फ्रांस के गृह मंत्री गेराल्ड डर्मेनिन ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर कहा, अग्निशमन विभाग की तत्काल कार्रवाई से कई और लोगों को हताहत होने से बचाया जा सकता था। उन्होंने कहा कि आग लगने के पीछे के कारणों की जांच जारी है। आग बुझाने में कुल 25 दमकल गाड़ियां और 72 दमकलकर्मी शामिल थे।

दक्षिणी म्यांमार में बाढ़ के कारण 19 स्कूल बंद

यांगून। म्यांमार में दक्षिण के बागो क्षेत्र में स्थित पांडुंग टाउनशिप के 19 स्कूलों को अयेयारवाडी नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण बंद कर दिया गया है। सरकारी अखबार म्यांमार एलिन डेली ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अखबार की रिपोर्ट में कहा गया है कि पांडुंग टाउनशिप में हाई स्कूल, मिडिल स्कूल और प्राइमरी स्कूल समेत 160 स्कूल हैं। निचले इलाकों के 19 स्कूलों को 16 जुलाई से नदी में आयी बाढ़ के कारण अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

यूक्रेन की सेना रूस के हमले के बाद पीछे हटी

कीव। यूक्रेन की सेना पूर्वी दोनोत्सक क्षेत्र के उरोझाइन गांव से पीछे हट गई है और उसने एक अन्य अग्रिम मोर्चे पर भी आत्मसमर्पण कर दिया है। वहीं दूसरी ओर रूस की सेना लगातार हमले कर यूक्रेन की सुरक्षा दीवार को ध्वस्त कर रही है। स्थानीय स्तर पर लड़ रही थल सेना के प्रवक्ता नजर वोलोशिन ने एसोसिएटेड प्रेस को एक लिखित संदेश में बताया कि गांव मलबे में तब्दील हो गया है, जिससे वहां मोर्चे पर डटे रहना असंभव हो गया है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि सेना कब पीछे हटी। रूस ने फरवरी 2022 में युद्ध के शुरुआती दिनों में उरोझाइन पर कब्जा कर लिया था।

बाइडन फिर कोविड-19 से हुए संक्रमित : व्हाइट हाउस

मिलवाउकी, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन एक बार फिर कोविड-19 से संक्रमित हो गए हैं। व्हाइट हाउस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इसके साथ, राष्ट्रपति चुनाव प्रचार के महत्वपूर्ण मोड़ पर उन्हें अपना अभियान रोकना पड़ा है। बाइडन (81) ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, मैं बीमार हूं। बाइडन बुधवार को कोविड-19 से संक्रमित हो गए, जिसके कारण लास वेगास में उनका एक महत्वपूर्ण प्रचार अभियान बाधित हो गया।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने एक बयान में कहा, उन्हें कोविड-19 रोधी टीका लगा हुआ है और उन्होंने बूस्टर डोज भी ले रखी है।

● लास वेगास में उनका एक महत्वपूर्ण प्रचार अभियान बीमारी के कारण बाधित हो गया

उनमें हल्के लक्षण नजर आ रहे हैं। बाइडन अपने आवास डेलावेयर लौट आये हैं, जहां वह एकांतवास में रहेंगे। हालांकि, इस दौरान वह अपने सभी दायित्वों का निर्वहन करेंगे। प्रेस सचिव ने कहा कि व्हाइट हाउस राष्ट्रपति की स्थिति के बारे में नियमित जानकारी उपलब्ध कराता रहेगा।

भूस्खलन एक गंभीर प्राकृतिक आपदा

भू-वैज्ञानिक घटना है भूस्खलन

भूस्खलन एक भू-वैज्ञानिक घटना है, जिसमें पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव से चट्टान, मिट्टी या मलबे के एक बड़े हिस्से का अचानक और तेजी से ढलान पर नीचे की ओर खिसकना शामिल होता है। इसमें वृहद् स्तर पर पत्थरों का खिसकना, मिट्टी और हिमनदों का बहाव तथा पहाड़ियों का टूटना आदि को सम्मिलित किया जाता है।

भारत में भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्र

भारत विश्व के शीर्ष पांच भूस्खलन संभावित देशों में से एक है। बर्फ से ढके क्षेत्रों को छोड़कर, भारत का लगभग 12.6 प्रतिशत भौगोलिक भूमि क्षेत्र भूस्खलन की संभावना वाला है। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र भारत के कुल भूस्खलन संभावित क्षेत्रों का लगभग 50 प्रतिशत शामिल है। हिमालय में स्थित उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू और कश्मीर, पश्चिमी घाट के किनारे स्थित महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु और पूर्वी घाट के साथ आंध्र प्रदेश में अरकू क्षेत्र शामिल हैं।

भारत में भूस्खलन एक गंभीर प्राकृतिक आपदा है जिसके भयानक परिणाम होते हैं। पहाड़ी और पर्वतीय क्षेत्रों में आबादी के बढ़ने के साथ ही भूस्खलन को समझना, सतत विकास और आपदा प्रबंधन के लिए महत्त्वपूर्ण हो जाता है। आइए भूस्खलन के विभिन्न पहलुओं को समझने का प्रयास करते हैं।

भूस्खलन के लिए संभावित क्षेत्र

- पहाड़ी और पर्वतीय क्षेत्र जैसी खड़ी ढलानों पर भूस्खलन की घटनाएं होना सामान्य बात है।
- ऐसे स्थान जहां चट्टानों में जोड़ और दरारें हों, वहां भूस्खलन की घटनाओं का खतरा अधिक होता है।
- जहां कमज़ोर और वायुदार मिट्टी मौजूद हो, वो भी भूस्खलन को बढ़ावा देती है।
- वनों में आग लगने से मिट्टी कमज़ोर हो जाती है, जिससे भूस्खलन का खतरा बढ़ जाता है।
- वनों की कटाई और निर्माण कार्य जैसी मानवीय गतिविधियों से भी भूस्खलन हो सकता हैं।
- नदियों और नालों के किनारे भी भूस्खलन-संभावित क्षेत्र होते हैं।
- जहां सतही जल जमा होता है या भूमि, जल से अत्यधिक संतृप्त हो जाती है, वहां भी भूस्खलन की आशंका अधिक होती है।

हिंसक झड़पों में 18 और लोगों की मौत

बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार को लेकर हिंसा

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में गुरुवार को सरकारी नौकरियों के लिए आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान राजधानी ढाका तथा अन्य जगहों पर हिंसा भड़कने से कम से कम 18 और लोगों की मौत हो गई तथा 2,500 से अधिक लोग घायल हो गए। इसके साथ ही विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद से मरने वालों की संख्या 25 हो गई है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने ढाका के रामपुरा इलाके में सरकारी बांग्लादेश टेलीविजन भवन की घेराबंदी कर दी और इसके अगले हिस्से को क्षतिग्रस्त कर दिया और वहां खड़े अनेक वाहनों को आग लगा दी। इससे वहां पत्रकारों सहित कई कर्मचारी फंस गए। ढाका और अन्य शहरों में विश्वविद्यालय के छात्र 1971 में पाकिस्तान से देश की आजादी के लिए लड़ने वाले युद्ध नायकों के रिश्तेदारों के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की कुछ नौकरियों को आरक्षित करने की प्रणाली के खिलाफ कई दिनों से रैलियां कर रहे हैं। समाचारपत्र द डेली स्टार ने कहा, ''प्रदर्शनकारियों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों तथा सत्तारूढ़ पार्टी के लोगों के बीच आज देश भर में हुई झड़पों में कम से कम 18 लोग मारे गए तथा 2,500 से अधिक लोग घायल हो गए। इससे पहले, प्रोथोम अलो अखबार ने अपनी खबर में कहा था, कुल मिलाकर 11 लोगों की मौत की खबर है। इनमें नौ लोगों की मौत ढाका, एक व्यक्ति की मौत राजधानी के बाहरी इलाके सावर तथा एक व्यक्ति की मौत दक्षिण-पश्चिमी मदारीपुर जिले में हुई है।

बांग्लादेश में अनिश्चितकाल बंद के दौरान तैनात सुरक्षाकर्मी।

बांग्लादेश में बाहर न निकलें भारतीय : भारतीय उच्चायोग

ढाका। भारत ने बांग्लादेश में हो रहे विरोध-प्रदर्शन के मद्देनजर यहां रहने वाले अपने नागरिकों के लिए गुरुवार को परामर्श जारी करते हुए कहा कि वे यात्रा करने से बचें और कम से कम बाहर निकलें। सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर जारी विरोध प्रदर्शनों में हिंसा फैलने से देशभर में कम से कम छह लोगों की जान जा चुकी है। हिंसा के कारण सरकार ने मंगलवार देर रात बांग्लादेश में सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों के साथ-साथ स्कूलों और कॉलेजों को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया तथा छात्रों से छात्रावास खाली करने को कहा गया। भारतीय उच्चायोग ने यहां एक बयान में कहा, बांग्लादेश में मौजूदा हालात को देखते हुए बांग्लादेश में रहने वाले भारतीय समुदाय के सदस्यों और भारतीय छात्रों को यात्रा से बचने और अपने निवास स्थान से बाहर कम से कम आवाजाही की सलाह दी जाती है।

सरकार ने विरोधी छात्रों से बातचीत की इच्छा जताई

ढाका। बांग्लादेश सरकार ने गुरुवार को देशभर में फिर से हिंसा भड़कने के बाद नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ बातचीत करने की इच्छा व्यक्त की। आधिकारिक समाचार एजेंसी बीएसएस ने बताया कि अधिकारियों ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजधानी सहित देश भर में बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के जवानों को तैनात किया है। कानून मंत्री अनीसुल हक ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार ने प्रदर्शनकारी छात्रों के साथ बातचीत के लिए बैठक करने का फैसला किया और यह जिम्मेदारी उन्हें तथा शिक्षा मंत्री मोहिबुल हसन चौधरी को सौंपी गई है। उन्होंने कहा, जब भी वे सहमत होंगे, हम बैठक करेंगे। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कानून मंत्री से उच्चतम न्यायालय में लंबित आरक्षण मामले की जल्द सुनवाई के लिए पहल करने को कहा है।

नेपाल में भूस्खलन बस हादसे में अभी तक 19 शव बरामद

काठमांडू। नेपाल के चितवन जिले में पिछले सप्ताह दो बसों के भूस्खलन के मलबे के साथ नदी में बहने के बाद बचावकर्मियों ने अब तक 19 शव बरामद किए हैं, जिनमें चार भारतीय भी शामिल हैं। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

भूस्खलन की यह घटना शुक्रवार को चितवन जिले के नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर सिमलताल इलाके में हुई थी। 54 लोगों में से तीन लोग घटना के तुरंत बाद तैरकर सुरक्षित निकल गए। बीरगंज से काठमांडू जा रही पहली बस में सात भारतीय नागरिकों समेत 24 यात्री थे। काठमांडू से गौर जा रही दूसरी बस में 30 लोग सवार थे। भारी भूस्खलन की वजह से दोनों बसें त्रिशूली नदी में गिर गई थीं। दोनों बसों से जुड़े हादसे में दुर्घटना स्थल से अब तक 19 लोगों के शव बरामद किए गए हैं।

सशस्त्र पुलिस बल (एसएसबी) के सूत्रों के अनुसार, 19 में से चार शव भारतीय नागरिकों के हैं। पांच पुरुष शवों की अभी तक पहचान नहीं हुई है। पुलिस के अनुसार नेपाल के स्थानीय अधिकारी बचाव कार्य के लिए बिहार और उत्तर प्रदेश के भारतीय अधिकारियों के साथ समन्वय बना रहे हैं। खोज और बचाव कार्य गुरुवार को भी जारी रहा।

विदेश में भारत का पहला जन औषधि केंद्र खुला

मॉरीशस में पहले विदेशी जन औषधि केंद्र के उद्घाटन के दौरान मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनौथ (बीच में) के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर।

पोर्ट लुई, एजेंसी

● विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मॉरीशस में उद्घाटन किया

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मॉरीशस में पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया। जयशंकर 16 से 17 जून तक दो दिवसीय यात्रा पर मॉरीशस में थे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ के साथ भारत के पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन दोनों देशों के बीच विशेष रूप से स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण क्षेत्र में घनिष्ठ सहयोग का प्रमाण है। सभी को सस्ती जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए जन औषधि केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री कुमार जगन्नाथ के साथ मॉरीशस में पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन करते हुए प्रसन्नता हो रही है। यह औषधि केंद्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वादे के तहत शुरू किया गया है। उन्होंने कहा, भारत-मॉरीशस स्वास्थ्य साझेदारी परियोजना के तहत सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए किफायती, भारत में निर्मित दवाओं की आपूर्ति की जाएगी।

उर्सुला वॉन डेर लेयेन यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष फिर चुनी गईं

स्ट्रासबर्ग (फ्रांस)। यूरोपीय संसद के सांसदों ने गुरुवार को उर्सुला वॉन डेर लेयेन को दूसरी बार पांच साल के लिए यूरोपीय संघ के कार्यकारी आयोग की अध्यक्ष के रूप में चुना। उर्सुला के फिर से चुने जाने से 27 देशों के इस समूह के नेतृत्व की निरंतरता सुनिश्चित हो गई है क्योंकि यूरोप यूक्रेन युद्ध से लेकर जलवायु परिवर्तन तक विभिन्न संकटों से जूझ रहा है। पिछले महीने 720 सदस्यीय यूरोपीय संसद के चुनाव में धुर दक्षिणपंथियों की संख्या बढ़ने से यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष पद का चुनाव दिलचस्प हो गया था। उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने उन्हें पद पर बनाए रखने के संबंध में यूरोपीय संसद में होने वाले मतदान से पहले संकट और ध्रुवीकरण के समय यूरोप के लिए एक मजबूत नेता बने रहने का संकल्प लिया था।

छात्रा की मौत के बाद हंसने वाला पुलिसकर्मी बर्खास्त

न्यूयॉर्क/सिएटल, एजेंसी

अमेरिका में भारतीय छात्रा की मौत के बाद असंवेदनशील टिप्पणियां करने और हंसने वाले एक पुलिस अधिकारी को बर्खास्त कर दिया गया है। वाशिंगटन के नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी की छात्रा जाह्नवी कंडुला (23) जब 23 जनवरी को सड़क पार कर रही थी, तब पुलिस के एक वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी। इस वाहन को केविन डेव नाम का अधिकारी चला रहा था और वह एक अन्य मामले की जांच के लिए तेजी से वाहन चलाते हुए जा रहा था। वाहन की टक्कर से कंडुला 100 फुट दूर जाकर गिरी थी।

सिएटल पुलिस विभाग द्वारा जारी बॉडीकैम फुटेज में अधिकारी डैनियल ऑडरर भीषण दुर्घटना पर हंसते हुए और यह कहते सुनाई दिया कि ओह, मुझे लगता है कि वह बोनट पर आ गिरी, आगे के शीशे से टकराई और फिर जब उसने (पुलिस वाहन के चालक ने) ब्रेक मारे तो कार से दूर जाकर गिरी... वह मर चुकी है। अनुशासनात्मक कार्रवाई रिपोर्ट में कहा गया कि ये असंवेदनशील टिप्पणियां करने के बाद ऑडरर चार सेकंड तक जोर-जोर से हंसा। सिएटल पुलिस विभाग की कार्यवाहक प्रमुख स्यू राह ने एक ई-मेल में कहा कि कंडुला के परिवार को जो पीड़ा पहुंची उसे दूर नहीं जा सकता।

● वाशिंगटन के नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी की भारतीय छात्रा की सड़क हादसे में मौत का मामला

इमरान की पार्टी पर प्रतिबंध के निर्णय को पीपीपी का समर्थन

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज द्वारा जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पर प्रतिबंध लगाने के फैसले का गुरुवार को गठबंधन की प्रमुख सहयोगी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने समर्थन करने की घोषणा की। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने घोषणा की है कि वह कैबिनेट के सभी फैसलों का समर्थन करेगी। सूचना मंत्री अता तरार ने सोमवार को खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी पर प्रतिबंध लगाने के सरकार के फैसले के बारे में एक महत्वपूर्ण घोषणा की थी, जिसके बाद कई लोगों के मन में यह सवाल उत्पन्न हुआ था कि क्या नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) को इस मामले में अपने गठबंधन सहयोगियों का समर्थन प्राप्त है।

चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ने पूर्व विदेश रक्षा मंत्रियों को शीर्ष निकाय से हटाया

बीजिंग, एजेंसी

चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने गुरुवार को अपनी केंद्रीय समिति से बर्खास्त विदेश मंत्री किन गांग का इस्तीफा स्वीकार कर लिया तथा पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू और दो अन्य शीर्ष जनरलों को पार्टी से निष्कासित करने के निर्णय का समर्थन किया। यह निर्णय गुरुवार को यहां संपन्न हुई पार्टी की केंद्रीय समिति की शीर्ष स्तरीय बैठक के दौरान लिया गया। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के तीसरे पूर्ण अधिवेशन नामक चार दिवसीय सत्र के अंत में जारी विज्ञप्ति के अनुसार, अर्थव्यवस्था में सुधार के उपायों पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई बैठक में कॉमरेड किन गांग का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है।

किन (58) चीन के सबसे कम समय तक विदेश मंत्री रहने के बाद 2023 में अचानक सार्वजनिक तौर पर दिखना बंद हो गये थे। उनके पते-ठिकाने की भी जानकारी नहीं है। उनके इस्तीफे को स्वीकार करते हुए हालांकि केंद्रीय समिति ने अब भी किन को कॉमरेड (साथी) कहा है। इसके बाद किन का स्थान उनके पूर्ववर्ती वांग यी ने ले लिया जो पार्टी के उच्चस्तरीय पोलित ब्यूरो के सदस्य भी हैं।

तीसरे पूर्ण अधिवेशन में जनरल ली शांगफू और पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के दो अन्य वरिष्ठ जनरलों ली यूचाओ और सन जिनमिंग को पार्टी से निष्कासित करने के पोलित ब्यूरो के पहले के फैसले की भी पुष्टि की गई।

चीन में एक मॉल में आग लगने से 16 लोगों की मौत

बीजिंग। चीन के दक्षिण पश्चिम में सिचुआन प्रांत में एक शॉपिंग मॉल में आग लगने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। चीन के सरकारी मीडिया के अनुसार, बुधवार की शाम करीब छह बजे सिचुआन प्रांत के जिगोंग शहर के हाई-टेक जोन में स्थित 14 मंजिला इमारत में आग लग गई। तस्वीरों और वीडियो में इमारत से धुएं का गुबार उठता दिख रहा है, कई लोग बालकनी पर भी दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय अग्निशमन विभाग ने बताया कि बचाव अभियान बृहस्पतिवार को पूरा हो गया। इमारत के अंदर फंसे करीब 75 लोगों को बाहर निकाल लिया गया। खबर में कहा गया है कि प्राथमिक जांच के अनुसार आग निर्माण कार्य के कारण लगी थी।

चंद्रमा पर लैंडर भेजने का नासा का मिशन रद

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कहा कि वह लागत में वृद्धि और प्रक्षेपण में देरी होने के कारण, पानी की खोज के लिए चंद्रमा पर रोवर भेजने के मिशन को रद कर रहा है। अंतरिक्ष एजेंसी ने बुधवार को कहा कि वाइपर रोवर को एस्ट्रोबोटिक टेक्नोलॉजी द्वारा उपलब्ध कराए गए एक लैंडर के जरिये 2023 के अंत तक प्रक्षेपित किया जाना था लेकिन अतिरिक्त परीक्षण और लागत बढ़ने के कारण इस मिशन में देरी होती रही जिससे अन्य परियोजनाओं पर खतरा मंडराने लगा है।

नासा ने बताया कि रोवर का उद्देश्य चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर खोजबीन करना था। इसके विकास पर अभी तक करीब 45 करोड़ डॉलर खर्च किए जा चुके हैं। अपोलो 11 मिशन की 55वीं वर्षगांठ से कुछ दिन पहले यह घोषणा की गयी है। अपोलो 11 नील आर्मस्ट्रांग और बज आल्ड्रिन को लेकर 20 जुलाई 1969 को चंद्रमा पर पहुंचा था। नासा ने बताया कि उसकी योजना अन्य परियोजनाओं के जरिए चंद्रमा पर बर्फ की मौजूदगी का अध्ययन करना है। एस्ट्रोबोटिक की अब भी अगले साल के अंत तक अपने ग्रिफिन चंद्रमा लैंडर को प्रक्षेपित करने की योजना है।

● लागत में वृद्धि और प्रक्षेपण में देरी होने के कारण लिया निर्णय

खगोल विज्ञान | नासा के मून ऑर्बिटर द्वारा पता चली महत्वपूर्ण जानकारी

चांद पर खोजा अंतरिक्ष यात्रियों के ठहरने का ठिकाना

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: चंद्रमा पर एक आश्चर्यजनक सुरंग का पता चला है। यह सुरंग ज्वालामुखी से निकले लावा के बाहर निकलने का मार्ग है। नासा के मून ऑर्बिटर द्वारा वैज्ञानिकों की अंतर्राष्ट्रीय टीम ने ये खोज की है। यह स्थान अंतरिक्ष यात्रियों के ठहरने के लिए उपयुक्त स्थान हो सकता है।

भले ही मानव समेत कई अंतरिक्ष मिशन चंद्रमा पर चलाए गए हों, लेकिन नई खोज बेहद महत्वपूर्ण है। इस खोज से संभावना व्यक्त की जा सकती है कि चांद की सतह हैरतअंगेज कई अन्य रहस्यों का पता चल सकता है। चंद्रमा की सतह पर मिली सुरंग को लेकर शोधकर्ताओं की अंतर्राष्ट्रीय टीम का कहना है कि चंद्रमा पर सुरंगनुमा लावा ट्यूब की पहली बार पुष्टि हुई है। यह लावा ट्यूब चांद के मारे ट्रैंक्विलिटैटिस नामक सतह के नीचे है। यह वही स्थान है, जहां 1969 में अपोलो 11 उतरा था। नासा के लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर के जरिए इसका पता चला है। यह लावा ट्यूब भविष्य की खोज के लिए एक रोमांचक लक्ष्य हो सकता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह सुरंग अंतरिक्ष यात्रियों के आश्रय के लिए उपयोग किया जा सकता है। कई दशक से वैज्ञानिक चंद्रमा पर लावा ट्यूबों के अस्तित्व पर बहस करते आ रहे हैं। इस लावा ट्यूब सतह के नीचे एक प्राकृतिक सुरंग है, जो बहते हुए लावा से बनी हुई है। 15 जुलाई को इटली के ट्रेंटो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय टीम ने इस सुरंग की पहली संभावित पुष्टि की है। शोध दल ने 15 जुलाई को नेचर एस्ट्रोनॉमी जर्नल में निष्कर्ष प्रकाशित किया है।

चांद पर मिली सुरंग की तस्वीर।

मायावी रहे हैं लावा ट्यूब

नैनीताल : वैज्ञानिक पहले से ही जानते थे कि चंद्रमा की सतह पर सुरंगें हैं। जिसके चलते 50 वर्षों पहले चंद्र लावा ट्यूबों के अस्तित्व का सिद्धांत दिया गया था। चंद्रमा पर ज्वालामुखीय गतिविधि का एक सुस्थापित इतिहास माना जाता रहा है। ज्वालामुखी विस्फोट अरबों साल पहले हुए होंगे। मगर अब जाकर पहली बार यह ठोस सबूत मिला है। उम्मीद है कि यह मायावी सुरंगें और भी होंगी।

पाकिस्तान में फेसबुक और इंस्टाग्राम पर बंदिशें

लाहौर, एजेंसी

● सरकार के इस कदम को सोशल मीडिया पर पूर्ण रोक की योजना के तौर पर देखा जा रहा

पाकिस्तान की सरकार ने सोशल मीडिया मंच एक्स को करीब छह महीने तक सफलतापूर्वक प्रतिबंधित रखने के बाद फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे मंचों को भी निशाना बनाया और आम लोगों तक इनकी पहुंच रोक दी है। सरकार के इस कदम को सोशल मीडिया पर पूर्ण रोक की योजना के तौर पर देखा जा रहा है।

पाकिस्तान में बुधवार से फेसबुक और इंस्टाग्राम पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इससे उपयोगकर्ताओं को विभिन्न इंटरनेट सेवा प्रदाताओं (आईएसपी) के सोशल मीडिया मंच तक पहुंच बनाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ उपयोगकर्ताओं को मेटा के स्वामित्व वाले अन्य ऐप, जैसे व्हाट्सऐप के साथ भी समस्याएं आ रही हैं। पाकिस्तान की सरकार ने आम जनता तक फेसबुक और इंस्टाग्राम की पहुंच रोकने के संबंध में अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। यह प्रतिबंध उच्च न्यायपालिका, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान के बीच चल रही खींचतान के बीच लगाया गया है। दूरसंचार कंपनी नयाटेल ने गुरुवार को एक्स पर कहा, पिछले दो दिन से देश भर में सभी सेवा प्रदाताओं द्वारा मुहैया कराई जा रही फेसबुक और इंस्टाग्राम सेवाएं बाधित हैं।